भा० दि० जैनसंघग्रन्थमालायाः प्रथमपुष्पस्य द्वादशो दलः

श्रीयतिवृषभाचार्यरचितचूर्णिसूत्रसमन्वितम्

श्री भगवद्गुणभद्राचार्यप्रणीतम्

कसायपाहुडं

तथोश्च

श्रीवीरसेनाचार्यविरचिता जयधवला टीका

[सप्तमोऽधिकारः उपयोगानुयोगद्वारम्, अष्टमोऽधिकारः चतुःस्थानानुयोगद्वारम्, नवमोऽधिकारः व्यञ्जनानुयोगद्वारम्, दशमोऽधिकारः दर्शनमोहोपशामनानुयोगद्वारम्]

सम्पादकौ

पं० फूलचन्द्र
सिद्धान्तशास्त्री, सिद्धान्ताचार्य
सम्पादक महाबन्ध, सह सम्पादक
धवला आदि

पं० कैलाशचन्द्र
सिद्धान्तरत्न, सिद्धान्ताचार्य,
सिद्धान्तशास्त्री, न्यायतीर्थ
प्रधानाचार्य स्याद्वाद महाविद्यालय
काशी

प्रकाशक
मंत्री, साहित्य विभाग
भा० दि० जैन संघ, चौरासी, मथुरा

वीरनिर्वाणाब्द २४९७

वि० सं० २०२७] मूल्यं रुप्यकषोडशकम् [ई० सं० १९७१

12

प्रकाशकीय

श्री कसायपाहुड सिद्धान्त ग्रन्थका जयधवला टीकाके साथ बारहवाँ भाग स्वाध्याय प्रेमी पाठकोंके हाथोंमें अर्पित करते हुए हमें प्रसन्नता है। अब दो भाग शेष हैं। आशा है कि दोनों भाग जल्द ही प्रकाशित हो जायेंगे और हम इस महान कार्यके उत्तरदायित्वसे मुक्त हो जायेंगे।

इनके प्रकाशनमें एक मुख्य कठिनाई आर्थिक रही है। दिनपर दिन मँहगाई बढ़ती जाती है। फलतः कागज, छपाई आदिका भाव भी बढ़ता जाता है और इस तरह व्यय भार भी अधिक होता जाता है। दूसरी ओर ऐसे महान ग्रन्थोंकी बिक्री बहुत कम होती है। छपते ही कुछ प्रतियाँ बिक जाती हैं फिर धीरे-धीरे बिकती हैं। इस तरह एक भागमें जितना रुपया लगता है तत्काल उसका चतुर्थांश भी प्राप्त नहीं होता। जनतामें तो इस प्रकारके ऊँचे साहित्यको खरीदनेकी भावना कम ही है, मन्दिरोंमें भी उनका संग्रह करनेकी भावना नहीं है। ऐसी स्थितिमें बिक्रीकी समस्या बनी रहती है। फिर भी जिनशासनके महान् प्रभावक ग्रन्थोंका उद्धार तो जिनमन्दिर निर्माण जैसा ही आवश्यक है क्योंकि जिन वाणीसे ही जिन मन्दिरोंकी प्रतिष्ठा है अतः उनकी ओर भी ध्यान देना आवश्यक है।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

गत वर्ष भा० दि० जैन संघका अधिवेशन आचार्य श्री समन्तभद्रजी महाराजकी छत्रछायामें कुम्भोज बाहुबलीमें हुआ था। उस समय महाराजके शुभाशीर्वाद तथा सेठ बालचन्द देवचन्द शाह तथा ब्र० पं० माणिकचन्द्र जी चवरे आदिके सत्प्रयत्नसे इस कार्यके लिये अच्छी सहायता प्राप्त हो गई थी। तथा श्रीचवरे जीने आश्वासन दिया है कि यह कार्य पूरा हो जायगा। इसके लिये हम महाराजश्रीके चरणोंमें विनत होनेके साथ श्रीचवरेजीके विशेषरूपसे कृतज्ञ हैं जिन्होंने इस कार्यमें परिश्रमपूर्वक हार्दिक सहयोग दिया है। सिद्धान्ताचार्य पं० फूलचन्द्रजीके सम्पादकत्वमें यह कार्य शीघ्र पूर्ण होगा ऐसी हम आशा करते हैं।

जयधवला कार्यालय
भदैनी, वाराणसी
वी० नि० सं० २४९७

कैलाशचन्द्र शास्त्री
मंत्री, साहित्य विभाग
भा० दि० जैन संघ

७ उपयोग अर्थाधिकार

जयधवलाका यह बारहवाँ भाग है। इसमें १ उपयोग, २ चतुःस्थान, ३ व्यञ्जन और ४ सम्यक्त्व (दर्शन मोहोपशामना) ये चार अर्थाधिकार संगृहीत हैं। इनमें कसायपाभृतके १५ अर्थाधिकारोंमेंसे उपयोग यह सातवाँ अर्थाधिकार है। इसमें क्रोधादि कषायोंके उपयोगस्वरूपका विस्तारसे विवेचन किया गया है। इस अर्थाधिकारमें कुल ७ सूत्रगाथाएँ आई हैं। उनमेंसे पहली सूत्रगाथा 'केवचिरं उवजोगो' इत्यादि है। इसमें तीन अर्थ संगृहीत हैं। यथा—

१. क्रोधादि कषायोंमेंसे एक-एक कषायमें एक जीवका कितने काल तक उपयोग होता है ?

२. क्रोधादि कषायोंमेंसे किस कषायका उपयोग काल किस कषायके उपयोग कालसे अधिक होता है?

३. नरकादि गतियोंमेंसे किस गतिका जीव किस कषायमें पुनः पुनः उपयोगसे उपयुक्त होता है? अर्थात् नारकी जीव अपनी पर्यायमें क्या क्रोधोपयोगसे बहुत बार परिणमता है या मानोपयोग, मायोपयोग या लोभोपयोगसे बहुत बार परिणमता है ? इसी प्रकार शेष तीन गतियोंमें भी पृच्छा करनी चाहिए।

इस प्रकार इस प्रथम गाथासूत्रमें उक्त तीन अर्थ पृच्छारूपसे निबद्ध हैं। उनका निर्णय चूर्णिसूत्रोंके अनुसार क्रमसे करते हुए बतलाया है—

१. क्रोधादि चारों कषायोंका जघन्य और उत्कृष्ट उपयोगकाल अन्तर्मुहूर्त है, क्योंकि कषाय परिवर्तनके बिना इससे अधिक काल तक एक कषायका अवस्थान नहीं पाया जाता।

यद्यपि जीवस्थान आदिमें क्रोधका मरणकी अपेक्षा और मान, माया तथा लोभका मरण और व्याघात इन दोनोंकी अपेक्षा जघन्य काल एक समय बतलाया है, पर कषायप्राभृतके चूर्णिसूत्रोंमें इस प्रकार चारों कषायोंके जघन्य कालका उल्लेख उपलब्ध नहीं होता। इतना अवश्य है कि यहाँ गतियोंमें निष्क्रमण और प्रवेशकी अपेक्षा जघन्य काल एक समय अवश्य स्वीकार किया गया है। जैसे कोई नारकी नरकमें मरणके समय क्रोध कषायसे एक समय तक उपयुक्त रहा और मरकर दूसरे समयमें क्रोधकषायके साथ तिर्यञ्च या मनुष्य हो गया। इस प्रकार नरक गतिमें क्रोधकषायका निष्क्रमणकी अपेक्षा एक समय काल उपलब्ध हुआ। इसी प्रकार प्रवेशकी अपेक्षा भी क्रोध कषायका एक समय काल घटित कर लेना चाहिए। उदाहरणार्थ कोई तिर्यञ्च या मनुष्य मरणसे अन्तर्मुहूर्त पूर्व क्रोधकषायरूपसे परिणत हुआ और जब क्रोधकषायके कालमें एक समय शेष रहा तब मरकर नारकी हो गया। इस प्रकार प्रवेशकी अपेक्षा भी नरकगतिमें क्रोधकषायका एक समय काल उपलब्ध हो जाता है। इसी प्रकार शेष कषायोंका प्रवेश और निष्क्रमणकी अपेक्षा एक-एक समय काल घटित कर लेना चाहिए।

२. दूसरे अर्थका स्पष्टीकरण करते हुए चूर्णिसूत्रोंमें क्रोधादि चारों कषायोंके जघन्य और उत्कृष्ट कालके अल्पबहुत्वका निर्देश करते हुए बतलाया है कि मानकषायका जघन्य काल सबसे स्तोक है। इससे क्रोध, माया और लोभकषायका जघन्य काल उत्तरोत्तर विशेष अधिक है। पुनः लोभकषायके जघन्य कालसे मानकषायका उत्कृष्ट काल संख्यातगुणा है। तथा इसके उत्कृष्ट कालसे क्रोध, माया और लोभकषायका उत्कृष्ट काल उत्तरोत्तर विशेष अधिक है। यहाँ प्रवाह्यमान उपदेशके अनुसार विशेषका प्रमाण अन्तर्मुहूर्त है जो कि आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। आगे चारों गतियों और चौदह जीवसमासोंमें इसी अल्पबहुत्वको घटित करके बतलाते हुए जयधवलाकारने चूर्णिसूत्र (पृ० २३) के 'तेसिं चेव उवदेसेण' पदको ध्यानमें रखकर भगवान् आर्यमक्षु और नागहस्ति इन दोनोंके एतद्विषयक उपदेशको प्रवाह्यमान बतलाया है।

३. तीसरे अर्थको स्पष्ट करते हुए चूर्णिसूत्रोंमें ओघसे और चारों गतियोंमें चारों कषायोंके पुनः पुनः होनेका क्या क्रम है इसका विस्तारसे खुलासा किया है। पुनः इसके बाद किस गतिमें किस कषायके परिवर्तनवार थोड़े या अधिक किस क्रमसे होते हैं इसका अल्पबहुत्व प्रकरणद्वारा स्पष्टीकरण किया गया है।

दूसरी सूत्रगाथा 'एक्कम्हि भवग्गहणे' इत्यादि है। इसमें दो अर्थ संगृहीत हैं। यथा—

१. एक भवके आश्रयसे एक कषायमें कितने उपयोग होते हैं ?

२. एक कषायसम्बन्धी एक उपयोगमें कितने भव होते हैं ?

१. इनमेंसे प्रथम अर्थको स्पष्ट करते हुए नरकगतिकी अपेक्षा बतलाया है कि एक नरकभवमें क्रोधादि चारोंमेंसे प्रत्येक कषायके उपयोग संख्यात होते हैं अथवा असंख्यात होते हैं। इसी प्रकार शेष गतियोंमें भी जानना चाहिए।

आगे गाथाके उत्तरार्धमें निबद्ध दूसरे अर्थके अनुसार भवोंके अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिये उनके निर्णयका उपाय बतलाते हुए चूर्णिसूत्रमें स्पष्ट किया है कि एक वर्षमें जितने क्रोध कषायके उपयोग काल हों उनसे जघन्य असंख्यात कालको गुणित कर जो लब्ध आवे उतने वर्षके एक भवमें असंख्यात क्रोधोपयोगकाल होंगे। इसी प्रकार मान, माया और लोभ कषायकी अपेक्षा भी जानना चाहिए। तदनुसार आगे इन कषायों-सम्बन्धी असंख्यात और संख्यात उपयोगवाले भवोंके अल्पबहुत्वका प्ररूपण किया गया है।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

२. गाथाके उत्तरार्धमें निबद्ध दूसरे अर्थका दूसरे प्रकारसे स्पष्टीकरण इसप्रकार है कि एक कषाय-सम्बन्धी एक उपयोगमें कमसे कम एक और अधिकसे अधिक दो भव होते हैं। जिन जीवोंकी एक भवसे निष्क्रमणके साथ कषाय बदल जाती है उनके एक कषायसम्बन्धी एक उपयोगमें एक भव होता है। तथा जिन जीवोंकी एक भवसे निष्क्रमणके साथ कषाय नहीं बदलती है। किन्तु मरणके पूर्व पिछले भवमें जो कषाय थी वही उत्तर भवमें जन्मके समय अविच्छिन्नरूपसे पाई जाती है उनके एक कषायसम्बन्धी एक उपयोगमें दो भव होते हैं।

तीसरी गाथा 'उवजोगवग्गणाओ कम्मि' इत्यादि है। इसमें क्रोधादि कषाय विषयक उपयोगवर्गणाओंके प्रमाणका ओघ और आदेशसे विचार किया गया है।

उपयोगवर्गणाएँ दो प्रकारकी हैं—कालोपयोगवर्गणा और भावोपयोगवर्गणा। प्रकृतमें क्रोधादि कषायोंके साथ जीवके संप्रयोग होनेको उपयोग कहते हैं तथा उसके भेदोंका नाम वर्गणा है। जघन्य उपयोगस्थानसे लेकर उत्कृष्ट उपयोगस्थान तक निरन्तररूपसे अवस्थित उनके भेदोंको उपयोगवर्गणा कहते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। ये उपयोगोंके भेद काल और भाव दो प्रकारसे सम्भव हैं। उनमेंसे जघन्य उपयोगकालसे लेकर उत्कृष्ट उपयोगकाल तक निरन्तर रूपसे अवस्थित उनके कालकी अपेक्षा जितने भेद होते हैं उन्हें कालोपयोग-वर्गणा कहते हैं। तथा तीव्र-मन्दादि भावरूपसे परिणत और जघन्य भेदसे लेकर उत्कृष्ट भेद तक छह वृद्धि क्रमसे वृद्धिगत जितने कषाय-उदयस्थान हैं उन्हें भावोपयोगवर्गणा कहते हैं। कालोपयोगवर्गणाओंमें कषायोंके सब भेदोंकी कालकी अपेक्षा विचार किया गया है और भावोपयोगवर्गणाओंमें तीव्र-मन्दादि भेदोंसे युक्त कषाय-उदयस्थानोंका विचार किया गया है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

यहाँ कालकी अपेक्षा भेद प्राप्त करनेके लिये प्रत्येक कषायके उत्कृष्ट कालमेंसे जघन्य कालके घटानेपर जो शेष रहे उसमें एक मिलाना चाहिए। ऐसा करनेसे कालोपयोगवर्गणाओंका सब प्रमाण प्राप्त हो जाता है। तथा भावकी अपेक्षा प्रमाण प्राप्त करनेके लिये प्रत्येक कषायके असंख्यात लोकप्रमाण जो उदयस्थान हैं उन्हें ग्रहण करना चाहिए। इस दृष्टिसे मानकषायमें सबसे स्तोक उदयस्थान हैं। क्रोधकषायमें उनसे विशेष अधिक उदयस्थान हैं। मायाकषायमें उनसे विशेष अधिक उदयस्थान हैं और लोभकषायमें उनसे विशेष अधिक उदय-स्थान हैं। इस प्रकार इस गाथासूत्रमें उक्त दो प्रकारकी वर्गणाओंका तथा उनके स्वस्थान और परस्थान सम्बन्धी अल्पबहुत्वका विचार किया गया है।

चौथी गाथा 'एक्कम्हि य अणुभागे' इत्यादि है। चूर्णिसूत्रकारके समक्ष इस गाथाका दो प्रकारका उपदेश उपलब्ध था—प्रवाह्यमान और अप्रवाह्यमान। सर्व आचार्य सम्मत और चिरकालसे अविच्छिन्न परम्परासे आये हुए उपदेशको प्रवाह्यमान उपदेश कहते हैं तथा जो सर्व आचार्य सम्मत अविच्छिन्न परम्परासे आया हुआ उपदेश नहीं है उसे अप्रवाह्यमान उपदेश कहते हैं। यहाँ 'अथवा' कहकर भगवान् नागहस्तिके उपदेशको प्रवाह्यमान उपदेश बतलाया है और भगवान् आर्यमंक्षुके उपदेशको अप्रवाह्यमान उपदेश बतलाया है।

उनमेंसे अप्रवाह्यमान उपदेशके अनुसार अनुभाग कारण है और कषायपरिणाम उसका कार्य है ऐसा भेद न कर जो कषाय है वही अनुभाग है इसप्रकार दोनोंमें एकत्व स्थापित कर गाथासूत्रका स्पष्टीकरण करते हुए बतलाया है कि नरकादि गतियोंमेंसे नरकगति और देवगति एक कालमें कदाचित् एक कषाय-उपयुक्त, कदाचित् दो कषायउपयुक्त, कदाचित् तीन-कषाय-उपयुक्त और कदाचित् चार-कषाय-उपयुक्त होती हैं। कारण कि नरकगतिमें क्रोधकषायका काल सब से अधिक है, इसलिए कदाचित् सब नारकी जीव यदि एक कषायसे परिणत हों तो वे सब क्रोधकषायरूपसे ही परिणत होंगे। और यदि दो कषायरूपसे परिणत हों तो क्रोधकषायके साथ अन्यतर कोई कषाय होगी। इसी प्रकार तीन और चार कषायोंकी अपेक्षा भी विचार कर लेना चाहिए। तथा देवगतिमें लोभकषायका काल सबसे अधिक है। अतः सब देवोंमें यदि एक कषाय होगी तो लोभकषाय ही होगी। और दो कषाय होंगी तो लोभके साथ अन्यतर कोई कषाय होगी। इसी प्रकार तीन और चार कषायोंके विषयमें जानना चाहिए। अब रहीं तिर्यंचगति और मनुष्यगति सो इनमें सदा ही चारों कषायोंसे परिणत जीव पाये जाते हैं। प्रवाह्यमान उपदेशके अनुसार कषायपरिणाम ही अनुभाग नहीं है, किन्तु जो कषाय-उदयस्थान हैं वही अनुभाग है। इसप्रकार इन दोनोंमें कारण और कार्यकी अपेक्षा भेद है। कषाय-उदयस्थानस्वरूप अनुभाग कारण है और कषायपरिणाम कार्य है।

इसप्रकार प्रवाह्यमान उपदेशके अनुसार कषाय और अनुभागमें भेदका निर्देश कर तथा उक्त गाथासूत्रमें आये हुए 'एक्ककालेण' पदका अर्थ कषायोपयोगाद्धास्थान करके बतलाया है कि इस गाथासूत्रमें एक कषाय-उदयस्थानमें तथा एक कषायोपयोगाद्धास्थानमें कौन गति होती है अथवा अनेक कषाय-उदयस्थानोंमें और अनेक कषाय-उपयोगाद्धास्थानोंमें कौन गति होती है यह पृच्छा की गई है।

आगे इसका समाधान करते हुए बतलाया है कि एक-एक कषाय-उदयस्थानमें अधिकसे अधिक आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण त्रस जीव रहते हैं। इससे ज्ञात होता है कि त्रसजीव नियमसे अनेक कषाय-उदयस्थानोंमें रहते हैं, क्योंकि सब त्रसराशि जगप्रतरके असंख्यातवें भागप्रमाण है अतः उनका एक कालमें अनेक कषाय-उदयस्थानोंमें रहना युक्तिसे सिद्ध होता है।

तथा एक-एक कषायोपयोगाद्धास्थानमें अधिक से अधिक असंख्यात जगश्रेणिप्रमाण त्रस जीव रहते हैं, क्योंकि सब कषायोपयोगाद्धास्थान अन्तर्मुहूर्तके समयप्रमाण है, और त्रसराशि जगप्रतरके असंख्यातवें भागप्रमाण है, इसलिए एक-एक कषाय-उपयोगाद्धास्थानमें असंख्यात जगश्रेणिप्रमाण जीवोंका रहना बन जाता है।

यद्यपि न तो सब कषाय-उदयस्थानोंमें त्रसजीव सदृशरूपसे पाये जाते हैं और न ही सब कषायोपयोगाद्धास्थानोंमें भी त्रसोंका समान विभाग होकर पाया जाना सम्भव है तो भी समीकरण विधानके अनुसार दोनों स्थलों पर यह निर्देश किया है।

उक्त दोनों सूत्रोंसे यह भी स्पष्ट हो जाता है कि नरकादि प्रत्येक गतिमें भी यह प्ररूपणा अविकलरूपसे घटित हो जाती है। इसका विशेष खुलासा अल्पबहुत्वके निर्देशद्वारा मूलमें किया ही है।

'केवडिया उवजुत्ता' यह पाँचवीं सूत्र गाथा है। यह गाथासूत्र कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंका आठ अनुयोग द्वारोंके आलम्बनसे विवेचन करनेकी सूचना देती है। वे आठ अनुयोगद्वार हैं—सत्प्ररूपणा, द्रव्य (संख्या) प्रमाण, क्षेत्रप्रमाण, स्पर्शन, काल, अन्तर, भागाभाग और अल्पबहुत्व। गति आदि जो चौदह मार्गणास्थान हैं उनमेंसे कषायके सिवाय तेरह मार्गणास्थानोंमें उक्त आठ अनुयोगद्वारोंका अवलम्बन लेकर कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंका सर्वांगीण विचार करना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है। विशेष स्पष्टीकरण मूलमें किया ही है, इसलिए वहाँसे जान लेना चाहिए।

'जे जे जम्हि कसाए' यह छठवीं सूत्रगाथा है। वर्तमान समयमें जो अनन्त जीव क्रोधादि कषायोंमें उपयुक्त हैं, अतीत और अनागतकालमें भी वे सब उतने ही जीव उसी प्रकार क्रोधादि कषायोंमें क्या उपयुक्त रहे हैं या उपयुक्त रहेंगे इन सब तथ्योंकी सम्भावना और असम्भावनाका विचार करनेके लिए यह सूत्रगाथा निबद्ध हुई है। अर्थात् इस सूत्रगाथा द्वारा इस बातकी सूचना की गई है कि जो वर्तमान समयमें क्रोधादि कषायोंमें उपयुक्त जीव हैं उनका अतीत और अनागत कालमें मानकाल, नोमानकाल और मिश्रकाल आदिके भेदोंसे सम्बन्ध रखनेवाला प्रमाण कितना है ? आगे चूर्णिसूत्रोंमें इसीका स्पष्टीकरण करते हुए बतलाया है कि जो जीव वर्तमान समयमें मानकषायमें उपयुक्त हैं उनका अतीत समयमें मानकाल, नोमानकाल और मिश्र-काल इसप्रकार तीन प्रकारका काल पाया जाता है और इसी प्रकार क्रोधकी अपेक्षा भी तीन प्रकारका काल पाया जाता है--क्रोधकाल, नोक्रोधकाल और मिश्रकाल। इतना ही नहीं, किन्तु माया और लोभकी अपेक्षा भी इसी प्रकार तीन-तीन प्रकारका काल जान लेना चाहिए। यह कुल काल १२ प्रकारका होता है। यह अतीतकी अपेक्षा विचार है तथा इसी प्रकार भविष्यत् कालकी अपेक्षा भी उक्त काल बारह प्रकारका घटित कर लेना चाहिए।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

जो वर्तमान समयमें मानकषायमें उपयुक्त हैं वे यदि अतीत कालमें भी मानमें उपयुक्त रहे हैं तो वह उनका मानकाल कहलाता है। जो वर्तमान समयमें मानकषायमें उपयुक्त हैं वे यदि अतीत कालमें मानकषाय-में उपयुक्त न होकर अन्य कषायोंमें उपयुक्त रहे हैं तो वह उनका नोमान काल कहा जावेगा और जो जीव वर्तमान समयमें मानकषायमें उपयुक्त रहे हैं, अतीतकालमें उनमेंसे कुछ मानकषायमें और कुछ अन्य कषायोंमें उपयुक्त रहे हैं तो वह उनका मिश्रकाल कहा जायगा। यह अतीतकालीन मानकषायकी अपेक्षा विचार है। अतीतकालीन क्रोधादिकषायोंकी अपेक्षा भी इसी प्रकार विचार कर लेना चाहिए। वर्तमानमें जो मानकषायमें उपयुक्त हैं वे यदि अतीतकालमें क्रोधकषायमें उपयुक्त रहे हैं तो वह उनका क्रोधकाल कहा जायगा। यदि अतीतकालमें मान और क्रोधको छोड़कर अन्य दो कषायोंमें उपयुक्त रहे हैं तो वह उनका नोक्रोधकाल कहा जायगा और यदि अतीतकालमें वे मानके सिवाय कुछ क्रोधकषायमें उपयुक्त रहे हैं और कुछ माया और लोभ कषायमें उपयुक्त रहे हैं तो वह उनका मिश्रकाल कहा जायगा। इसप्रकार वर्तमानमें मानमें उपयुक्त हुए जीवोंका अतीतकालमें क्रोधकषायकी अपेक्षा भी तीन प्रकारका काल होता है। इसी प्रकार वर्तमानमें जो मानकषायमें उपयुक्त हैं उनका अतीतकालमें माया और लोभकषायकी अपेक्षा भी मायाकाल, नोमायाकाल और मिश्रकाल तथा लोभकाल, नोलोभकाल और मिश्रकालके भेदसे तीन-तीन प्रकारका काल जानना चाहिए। यह वर्तमानमें जो मानकषायमें उपयुक्त हैं उनका अतीतकालमें चारों कषायोंकी अपेक्षा १२ प्रकारका काल है।

इसी प्रकार वर्तमान समयमें क्रोध, माया और लोभकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंके अतीत कालमें सब कालोंका योग क्रमसे ११, १० और ९ प्रकारका होता है। विशेष खुलासा मूलसे जान लेना चाहिए। इसीप्रकार भविष्य कालकी अपेक्षा भी विचार कर लेना चाहिए। इतना सब विचार करनेके बाद इन कालोंका अल्पबहुत्व बतलाकर इस गाथाका व्याख्यान समाप्त किया गया है।

सातवीं गाथा 'उवजोगदगणाहि य' है। इसके पूर्वार्धद्वारा कषायउदयस्थान और कषाय-उपयोगाद्धा-स्थान इनमेंसे कितने स्थान जानेके बाद कौन स्थान जीवोंसे रहित होते हैं और किस गतिमें किन जीवोंसे कौन स्थान सहित होते हैं इसका विशेष विचार किया गया है। यहाँ इस बातका विचार त्रसजीवोंकी अपेक्षा किया गया है, क्योंकि स्थावर जीव अनन्त हैं, इसलिये स्थावरोंके योग्य असंख्यात लोकप्रमाण कषाय-उदयस्थानोंमें उनका सदा निरन्तररूपसे सद्भाव बन जाता है। त्रसोंकी अपेक्षा भी विचार करते हुए इन दोनों प्रकारके स्थानों-में जीवोंकी अपेक्षा यवमध्यकी रचना कैसे बनती है इत्यादि विशेष विचार मूलसे जान लेना चाहिए।

उक्त गाथाके उत्तरार्धद्वारा तीन श्रेणियोंका निर्देश किया गया है। वे तीन श्रेणियाँ हैं—द्वितीयादिका, प्रथमादिका और चरमादिका। यहाँ श्रेणिका अर्थ पंक्ति अर्थात् अल्पबहुत्वपरिपाटी है। जिस परिपाटीमें मान कषायमें उपयुक्त हुए जीवोंसे लेकर अल्पबहुत्वकी परीक्षा की जाती है वह द्वितीयादिका परिपाटी कहलाती है।

वह तिर्यञ्चों और मनुष्योंमें होती है, क्योंकि उनमें मानमें उपयुक्त हुए जीव सबसे कम होते हैं। जिस अल्पबहुत्व परिपाटीमें क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंसे लेकर अल्पबहुत्वकी परीक्षा की जाती है वह प्रथमादिका परिपाटी कहलाती है। वह देवगतिमें होती है, क्योंकि वहाँ क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए जीव सबसे थोड़े होते हैं। तथा जिस अल्पबहुत्व परिपाटीमें लोभकषायसंज्ञक अन्तिम कषायमें उपयुक्त हुए जीवोंसे लेकर अल्पबहुत्वकी परीक्षा की जाती है वह चरमादिका परिपाटी कहलाती है। वह नारकियोंमें होती है, क्योंकि वहाँ लोभमें उपयुक्त जीव सबसे थोड़े होते हैं।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

इस प्रकार इस गाथा सूत्रकी व्याख्यामें उक्त तीन परिपाटियोंका निर्देश करनेके बाद अल्पबहुत्व-विधिका निर्देश करते हुए मानकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंके प्रवेशकालसे क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका प्रवेशकाल विशेष अधिक है यह बतलाकर प्रवाह्यमान और अप्रवाह्यमान उपदेशके अनुसार विशेषका प्रमाण कितना है यह निर्देश करके इस विषयका विशेष स्पष्टीकरण जयधवला टीकामें करके इस अर्थाधिकारको समाप्त किया गया है।

८ चतुःस्थान अर्थाधिकार

कषायप्राभृतका आठवाँ अर्थाधिकार चतुःस्थान है। इसमें सब गाथासूत्र १६ हैं। उनमेंसे प्रथम गाथा-सूत्रमें क्रोधादि चारों कषायोंमेंसे प्रत्येकको चार-चार प्रकारका बतलाया गया है। यहाँ प्रत्येक कषायके इन चार भेदोंमें अनन्तानुबन्धी, अप्रत्याख्यानावरण आदिरूप भेद विवक्षित नहीं हैं, क्योंकि उनका निर्देश प्रकृति-विभक्ति आदि अर्थाधिकारोंमें पहले ही कर आये हैं। क्रोध दो प्रकारका है—सामान्य क्रोध और विशेष क्रोध। अपने सब विशेषोंमें व्याप्त होकर रहनेवाला क्रोध सामान्य क्रोध कहलाता है और अनन्तानुबन्धी क्रोध आदि-रूपसे विवक्षित क्रोध विशेष क्रोध कहलाता है। इसी प्रकार मान, माया और लोभको भी दो-दो प्रकारका जानना चाहिए। इनमेंसे यहाँ सामान्य क्रोध, सामान्य मान, सामान्य माया और सामान्य लोभकी अपेक्षा प्रत्येकको अन्य प्रकारसे चार-चार प्रकारका कहा है। यहाँ अनन्तानुबन्धी आदि क्रोध, मान, माया और लोभ विवक्षित नहीं हैं। इसका कारण यह है कि अनन्तानुबन्धी, अप्रत्याख्यान और प्रत्याख्यान क्रोध, मान, माया और लोभमें द्विस्थानीय, त्रिस्थानीय और चतुःस्थानीय अनुभागको छोड़कर एकस्थानीय अनुभाग नहीं पाया जाता है, अतः जिसमें समस्त विशेष लक्षण संगृहीत हैं ऐसे क्रोध, मान, माया और लोभ सामान्यका आलम्बन लेकर यहाँ प्रत्येकको चार-चार प्रकारका बतलाया गया है।

दूसरी सूत्रगाथामें क्रोध और मानकषायके उदाहरणों द्वारा चार-चार भेदोंका निर्देश किया गया है। यथा—क्रोध चार प्रकारका है—पत्थरकी रेखाके समान, पृथिवीकी रेखाके समान, बालूकी रेखाके समान और जलकी रेखाके समान। मान भी चार प्रकारका है—शिलाके स्तम्भके समान, हड्डीके समान, लकड़ीके समान और लताके समान।

इनका अर्थ स्पष्ट है। विशेष खुलासा मूलमें किया ही है। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिए कि क्रोध-कषायके उक्त चार भेदोंके स्वरूपपर प्रकाश डालनेके लिए जो उदाहरण दिये गए हैं वे संस्काररूपसे उनके अवस्थित रहनेके कालको स्पष्ट करनेके लिये ही दिये गये हैं। तथा मानकषायके उक्त चार भेदोंके स्वरूप पर प्रकाश डालनेके लिये जो उदाहरण दिये गये हैं वे मानकषाय सम्बन्धी परिणामोंके तारतम्यको दिखलानेके लिये दिये गये हैं। इसीप्रकार आगे माया और लोभ कषायके भेदोंके स्वरूपका बोध करानेके लिये भी जो उदाहरण दिये गये हैं वे भी माया और लोभ कषायके परिणामोंके तारतम्यको ध्यानमें रख कर ही दिये गये हैं।

तीसरी सूत्रगाथामें उदाहरणों द्वारा मायाके चार भेदोंका निर्देश किया गया है। यथा—माया चार प्रकारकी है—बाँसकी अत्यन्त टेढ़ी गाठोंवाली जड़के समान, मेढ़ेके सींगोंके समान, गायके मूत्रके समान और दतौनके समान।

चौथी सूत्रगाथामें उदाहरणों द्वारा लोभके चार भेदोंको स्पष्ट किया गया है। यथा—कृमिरागके रंगके समान, अक्षमल (ओंगन) के समान, धूलिके लेपके समान और हलदीसे रंगे हुए वस्त्रके समान।

उदाहरणों सहित इन सोलह भेदोंका स्पष्टीकरण मूलमें किया ही है, इसलिये वहांसे जान लेना चाहिए।

पाँचवीं सूत्रगाथा द्वारा चारों कषायोंके उक्त सोलह स्थानोंमें स्थिति, अनुभाग और प्रदेशोंकी अपेक्षा कौन स्थान किस स्थानसे कम होता है और कौन स्थान किस स्थानसे अधिक होता है इसका पृच्छारूपमें निर्देश किया गया है।

जयधवला टीकामें इस सूत्रगाथा की व्याख्या करते हुए स्थितिके विषयमें बतलाया है कि सब स्थितियोंमें एकस्थानीय, द्विस्थानीय, त्रिस्थानीय और चतुःस्थानीय सब प्रकारके कर्मपरमाणु पाये जाते हैं। इसे उदाहरण द्वारा स्पष्ट करते हुए लिखा है कि जैसे किसी जीवने मिथ्यात्वकी सत्तर कोड़ाकोड़ी सागरोपम-प्रमाण स्थितिका बन्ध किया तो जैसे उक्त कर्मकी अन्तिम स्थितिमें एक स्थानीय आदि चारों भेदोंको लिये हुए देशघाति और सर्वघाति कर्मपरमाणु पाये जाते हैं उसीप्रकार आबाधासे ऊपर जघन्य स्थितिमें भी वे सब प्रकारके कर्मपरमाणु पाये जाते हैं।

छठी सूत्रगाथा द्वारा इन स्थानोंमें प्रदेशों और अनुभागकी अपेक्षा क्या व्यवस्था है इसे स्पष्ट करनेके लिये लताके समान मानकषायको विवक्षित करके बतलाया है कि प्रथम स्पर्धककी प्रथम वर्गणा से अन्तिम स्पर्धककी अन्तिम वर्गणा है अर्थात् प्रथम स्पर्धककी प्रथम वर्गणा से उसी अन्तिम (उत्कृष्ट) स्पर्धककी जो अन्तिम वर्गणा है वह प्रदेशोंकी अपेक्षा अनन्तगुणी हीन होती है और अनुभागकी अपेक्षा अनन्तगुणी अधिक होती है। यह लताके समान मानकषायमें प्रदेशों और अनुभागकी व्यवस्था है। इसी प्रकार मानकषायके शेष तीन प्रकारके अनुभागमें तथा क्रोध, माया और लोभकषायसम्बन्धी प्रत्येकके चार-चार प्रकारके अनुभागमें प्रदेशों और अनुभागकी अपेक्षा उक्त प्रकारसे स्वस्थान अल्पबहुत्व घटित कर लेना चाहिए।

सातवीं सूत्रगाथाद्वारा एक स्थानसे दूसरेमें प्रदेशोंकी अपेक्षा क्या व्यवस्था है इस बातको स्पष्ट करते हुए बतलाया है कि लताके समान मानकषायके प्रदेशोंसे दारुके समान मानकषायके प्रदेश नियमसे अनन्तगुणे हीन होते हैं। इसी प्रकार आगे अस्थिके समान और शैलके समान मानकषायमें भी जान लेना चाहिए। अर्थात् दारुके समान मानकषायके प्रदेशोंसे अस्थिके समान मानकषायके प्रदेश अनन्तगुणे हीन होते हैं। तथा अस्थि के समान मानकषायके प्रदेशोंसे शैलके समान मानकषायके प्रदेश अनन्तगुणे हीन होते हैं।

आठवीं गाथा द्वारा इन स्थानोंमें अनुभागकी व्यवस्था की गई है। वहाँ बतलाया है कि लताके समान मानकषायमें जो अनुभाग है उससे दारु, अस्थि और शैलके समान मानकषायमें अनुभाग उत्तरोत्तर अनन्त-गुणा होता है विशेष व्याख्यान मूलसे जानना चाहिए। यहाँ अनुभागाग्रसे फलदान शक्तिके अनुभाग प्रतिच्छेद लिये गये हैं इतना विशेष जानना चाहिए।

नौवीं गाथा द्वारा लतासमान आदि भेदोंकी अन्तिम वर्गणासे दारुसमान आदि भेदोंकी प्रथम वर्गणामें प्रदेशों और अनुभागकी अपेक्षा क्या व्यवस्था है इसका विचार करते हुए बतलाया है कि पिछले भेदकी अंतिम वर्गणासे अगले भेदकी प्रथम वर्गणा प्रदेशोंकी अपेक्षा हीन और अनुभागकी अपेक्षा अधिक होती है। यहाँ अन्तिम वर्गणा और प्रथम वर्गणाकी 'सन्धि' यह संज्ञा रखकर विचार किया गया है।

दसवीं सूत्रगाथा द्वारा यह बतलाया गया है कि लताके समान समस्त मान और दारुके समान मानका प्रारम्भका अनन्तवाँ भाग देशघाति अनुभागरूप है तथा शेष दारुके समान मान और अस्थि तथा शैलरूप मान यह सब सर्वघाति है।

यहाँ छठी गाथासे लेकर दसवीं गाथा तक मानकषायके आलम्बनसे जो प्ररूपणा की गई है वह सब प्ररूपणा क्रोधकषाय, मायाकषाय और लोभकषायके आलम्बनसे भी करनी चाहिए, क्योंकि मानकषायके

अवान्तर भेदोंमें जो विशेषता बतलाई है वह सब क्रोध, माया और लोभकषायके अवान्तर भेदोंमें अविकल घटित हो जाती है इस बातका निर्देश ग्यारहवीं सूत्रगाथामें किया गया है।

बारहवीं सूत्र गाथा द्वारा अनन्तर पूर्व कहे गये सोलह स्थानोंमेंसे किस मार्गणामें कौन स्थान बध्यमान है कौन स्थान उपशान्त है, कौन स्थान उदयरूप है और कौन स्थान सत्तारूप है इस विषयकी पृच्छा की गई है।

आगे तेरहवीं और चौदहवीं गाथा द्वारा संज्ञी मार्गणा, पर्याप्त और अपर्याप्त पदके निर्देश द्वारा काय और योगमार्गणा, सम्यक्त्वमार्गणा, संयममार्गणा, दर्शनमार्गणा, ज्ञानमार्गणा, योगमार्गणा और लेश्यामार्गणाके उल्लेख पूर्वक गाथासूत्रमें आये हुए 'च' शब्द द्वारा शेष सब मार्गणाओंको ग्रहण कर उनमें यथासम्भव स्थित जीव उक्त सोलह स्थानोंमेंसे किस स्थानको वेदन करता हुआ किस स्थानका बन्धक होता है और किस स्थानका वेदन नहीं करता हुआ किस स्थानका अबन्धक होता है इस विषयकी पृच्छा पन्द्रहवीं गाथा द्वारा की गई है।

सोलहवीं गाथा द्वारा संज्ञी मार्गणाको विवक्षित कर यह बतलाया गया है कि असंज्ञी जीव मानकषायके लतासमान और दारुसमान इन दो स्थानोंका ही बन्ध करता है। वह शेष दो स्थानोंका बन्ध नहीं करता, क्योंकि उसमें शेष दो स्थानोंको बाँधनेके हेतुरूप संक्लेश परिणाम नहीं पाये जाते। अर्थात् असंज्ञी जीवोंके स्वभावसे ही अस्थिसमान और शैलसमान मानकषायके बन्धके हेतुरूप परिणाम नहीं होते।

किन्तु संज्ञी जीव एकस्थानीय अनुभागका भी बन्ध करते हैं, द्विस्थानीय अनुभागका भी बन्ध करते हैं, त्रिस्थानीय अनुभागका भी बन्ध करते हैं और चतुःस्थानीय अनुभागका भी बन्ध करते हैं, क्योंकि इनके इन स्थानोंके बन्धके योग्य संक्लेश और विशुद्धिका पाया जाना सम्भव है।

यह संज्ञीमार्गणामें बन्धकी अपेक्षा विचार है। इसी प्रकार उदय, उपशम और सत्त्वकी अपेक्षा समझ लेना चाहिए। यथा--असंज्ञी जीवोंमें उदय द्विस्थानीय ही होता है, क्योंकि इनमें शेष उदयरूप परिणामोंका होना असम्भव है। [illegible] और चतुःस्थानीय, द्विस्थानीय, त्रिस्थानीय और चतुःस्थानीय चारों प्रकारका होता है। इतनी विशेषता है कि असंज्ञियोंमें शुद्ध एकस्थानीय उपशम और सत्त्व सम्भव नहीं है। हाँ संज्ञियोंमें उदय, उपशम और सत्त्व एकस्थानीय, द्विस्थानीय, त्रिस्थानीय और चतुःस्थानीय चारों प्रकारके पाये जाते हैं।

अब किस स्थानका वेदन करता हुआ यह जीव किस स्थानका बन्ध करता है इस विषयका स्पष्टीकरण करते हुए बतलाया है कि असंज्ञी जीव द्विस्थानीय अनुभागका वेदन करता हुआ द्विस्थानीय अनुभागका बन्ध करता है। किन्तु संज्ञी जीव एकस्थानीय अनुभागका वेदन करता हुआ एकस्थानीय अनुभागका ही बन्ध करता है। द्विस्थानीय अनुभागका वेदन करता हुआ द्विस्थानीय, त्रिस्थानीय और चतुःस्थानीय अनुभागका बन्ध करता है। त्रिस्थानीय अनुभागका वेदन करता हुआ त्रिस्थानीय और चतुःस्थानीय अनुभागका बन्ध करता है तथा चतुःस्थानीय अनुभागका वेदन करता हुआ चतुःस्थानीय अनुभागका ही बन्ध करता है।

इस प्रकार जयधवला टीकामें संज्ञी मार्गणाकी अपेक्षा उक्त विशेषताओंका निरूपण करनेके बाद बतलाया है कि इसीके अनुसार शेष तेरह मार्गणाओंमें आगमानुसार उक्त विषयका विशेष विचार कर लेना चाहिए। यहाँ इतना विशेष जान लेना चाहिए कि एकस्थानीय बन्ध और एकस्थानीय उदय मनुष्यगतिमें ही प्राप्त होता है, क्योंकि यह एकस्थानीय बन्ध और उदय श्रेणिमें ही पाया जाता है।

इस अर्थाधिकारमें आई हुई सोलह सूत्रगाथाओंका यह स्वरूप निर्देश है। आचार्य यतिवृषभने इन सोलह सूत्र गाथाओंका अपने चूर्णिसूत्रोंमें 'चउट्ठाणे त्ति अणिओगद्दारे पुव्वं गमणिज्जं सुत्तं' इस चूर्णिसूत्रद्वारा इनको जाननेका उल्लेखकर इन सूत्रगाथाओंके अन्तमें 'एदं सुत्तं' यह चूर्णिसूत्र रचकर उनकी समाप्ति की सूचना की है। पुनः आगे इस विषयका विशेष स्पष्टीकरण करनेके लिए चतुःस्थान इस पदका अर्थविषयक निर्णय करनेके अभिप्रायसे निक्षेप योजना करते हुए उसके एकैकनिक्षेप और स्थाननिक्षेप ये दो प्रकार बतलाये हैं। उनमेंसे एकैकनिक्षेप पदसे क्रोधादि प्रत्येक कषायका ग्रहण किया गया है, अतः उसे पूर्वनिक्षिप्त

और पूर्वप्ररूपित बतलाकर स्थानपदका कितने अर्थोंमें निक्षेप होता है इस विषयका स्पष्टीकरण करते हुए उसका नामस्थान, स्थापनास्थान, द्रव्यस्थान, क्षेत्रस्थान, अद्धास्थान, पलिवीचिस्थान, उच्चस्थान, संयमस्थान प्रयोगस्थान और भावस्थान इन दस प्रकारके स्थानोंमें निक्षेप किया है। इन सब स्थानोंका स्वरूपनिर्देश मूलसे जान लेना चाहिए।

आगे इन स्थानोंमें नययोजना करते हुए बतलाया है कि नैगमनय इन सब स्थानोंको स्वीकार करता है। संग्रहनय और व्यवहारनय पलिवीचिस्थान और उच्चस्थानको स्वीकार नहीं करते। शेष सबको स्वीकार करते हैं। पलिवीचिस्थानके दो अर्थ हैं—स्थितिबन्धवीचारस्थान और सोपानस्थान। सो इनका क्रमसे अद्धास्थान और क्षेत्रस्थानमें अन्तर्भाव हो जानेसे इसे ये दोनों नय पृथक् स्वीकार नहीं करते। इसी प्रकार उच्चस्थानका भी क्षेत्रस्थानमें अन्तर्भाव हो जाता है। अतः उसे भी ये दोनों नय पृथक् स्वीकार नहीं करते। ऋजुसूत्र नय उक्त दो, स्थापनास्थान और अद्धास्थानको स्वीकार नहीं करते। कारण कि इस नयका विषय वर्तमान समयमात्र है, और वर्तमान समयकी विवक्षामें स्थापनास्थान और अद्धास्थान सम्भव नहीं हैं, क्योंकि समय, आवलि आदि कालभेदके बिना उनका निर्देश नहीं किया जा सकता। पलिवीचिस्थान और उच्चस्थान को भी इसी कारण यह नय स्वीकार नहीं करता।

शब्दनय नामस्थान, संयमस्थान, क्षेत्रस्थान और भावस्थानको स्वीकार करता है। अन्य बाह्य अर्थकी अपेक्षा किये बिना नाम संज्ञामात्र शब्दनयका विषय होनेसे यह नय इसे स्वीकार करता है, संयमस्थान भावस्वरूप होनेसे इसे भी यह नय स्वीकार करता है। क्षेत्रस्थान वर्तमान अवगाहना स्वरूप है और भावस्थान वर्तमान पर्यायकी संज्ञा है अतः यह नय इन्हें भी स्वीकार करता है। शेष स्थानोंको यह नय स्वीकार नहीं करता।

इनमेंसे इस अर्थाधिकारमें नोआगम भावनिक्षेपस्वरूप चतुःस्थानकी अपेक्षा क्रोधादि कषायोंके सोलह उत्तर भेदोंकी प्ररूपणा की गई है।

इस प्रकार स्थान पदके आलम्बनसे निक्षेप व्यवस्थाका निर्देश करनेके बाद सोलह सूत्रगाथाओंके आशयको चूर्णिसूत्रोंद्वारा स्पष्ट करते हुए बतलाया है कि प्रारम्भकी चार सूत्रगाथाएँ उक्त सोलह स्थानोंके उदाहरणपूर्वक अर्थसाधनमें आई हैं। यथा—चारों ही क्रोधसम्बन्धी स्थानोंका कालकी मुख्यतासे उदाहरण देकर अर्थसाधन किया गया है, क्योंकि कोई क्रोध आशय (संस्कार) रूपसे चिरकाल तक अवस्थित रहता है और कोई क्रोध संस्काररूपसे अचिरकाल तक अवस्थित रहता है। अचिरकाल तक अवस्थित रहनेवाले क्रोधमें भी कोई तारतम्यको लिए हुए कुछ अधिक समय तक अवस्थित रहता है और कोई क्रोध अति स्वल्प समय तक ही अवस्थित रहता है। इस प्रकार कालकी अपेक्षा क्रोधकषायके अवान्तर भेदोंको स्पष्ट करनेके लिये यहाँ पत्थरकी रेखाके समान क्रोध आदि चार उदाहरण दिये गये हैं। शेष मानादि कषायोंके जो स्थान लताके समान आदिकी अपेक्षा बारह प्रकारके बतलाये हैं वे किस मान, माया और लोभकषायका कैसा भाव है इस बातको स्पष्ट करनेके लिये दिये गये हैं। जैसे मानकषायका भाव स्तब्धतारूप है। अतः प्रकर्ष और अप्रकर्षरूपसे इसी भावको स्पष्ट करनेके लिये पत्थरके स्तम्भके समान आदि चार उदाहरण दिये गये हैं। मायाका भाव वक्रता है। अतः प्रकर्ष और अप्रकर्षरूपसे उसमें तारतम्य दिखलानेके लिये बांसकी गठीली टेढ़ी-मेढ़ी जड़के समान आदि चार उदाहरण देकर मायाके अवान्तर भेदोंको स्पष्ट किया गया है। तथा लोभका भाव असन्तोषजनित संक्लेशपना है। अतः प्रकर्ष और अप्रकर्षरूपसे उसमें तारतम्य दिखलानेके लिये कृमिरागके रंगके समान आदि चार उदाहरणोंद्वारा उसे स्पष्ट किया गया है।

आगे उदाहरणों द्वारा क्रोधकषायके जिन चार भेदोंको स्पष्ट किया है उनमेंसे कौन क्रोधभाव संस्काररूपसे कितने काल तक रहता है इसे स्पष्ट करते हुए बतलाया है कि जो क्रोध अन्तर्मुहूर्तकाल तक रहता है वह जलरेखाके समान क्रोध है। जो क्रोध शल्यरूपसे अर्धमास तक अनुभवमें आता है वह बालुकी रेखाके समान क्रोध है। यहाँ तथा आगे क्रोधभावका जो अन्तर्मुहूर्तसे अधिक काल कहा है वह उस जातिके संस्कारको ध्यान-

में रखकर ही कहा है। जो क्रोधभाव अर्धमासके भी अधिक छह माह तक संस्काररूपसे रहता है वह पृथिवी-की रेखाके समान क्रोध है। और जो क्रोध संस्काररूपसे सब भवोंके द्वारा भी उपशमको नहीं प्राप्त होता है। अर्थात् जिस जीवके आलम्बनसे इसप्रकारका क्रोध हुआ है उसे देखकर जो क्रोध संख्यात, असंख्यात और अनन्त भवोंके बाद भी प्रगट हो जाता है वह पर्वतकी रेखाके समान क्रोध है। इसप्रकार यह क्रोधकषायकी अपेक्षा विचार है। इसी प्रकार शेष कषायोंकी अपेक्षा भी घटित कर लेना चाहिए।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

गोम्मटसार जीवकाण्डमें चारों कषायोंको कुछ फरकके साथ उक्त सोलह उदाहरणों द्वारा स्पष्ट किया गया है। जिन उदाहरणोंको भिन्नरूपसे लिया है उनमें प्रथम उदाहरण मानकषायसम्बन्धी है। कषायप्राभृतमें जिस मानभावको स्पष्ट करनेके लिये 'लताके समान' यह उदाहरण दिया है, गोम्मटसार जीवकाण्डमें उसके स्थानमें 'वेतके समान' यह उदाहरण दिया है। कषायप्राभृतमें जिस मायाभावको स्पष्ट करनेके लिये 'दलौनके समान' उदाहरण दिया है, गोम्मटसार जीवकाण्डमें उसके स्थानमें 'खुरपाके समान' उदाहरण दिया है। तथा कषायप्राभृतमें जिस लोभभावको स्पष्ट करनेके लिये 'धूलिके लेपके समान' उदाहरण दिया है, गोम्मटसार जीवकाण्डमें उसके स्थानमें 'शरीरके मैलके समान' यह उदाहरण दिया है। इस प्रकार कषायप्राभृतसे जीव-काण्डमें कतिपय उदाहरणोंमें फरक होते हुए भी आशय भेद नहीं है। कषायप्राभृतके कथनसे गोम्मट-सार जीवकाण्डमें यह विशेषता अवश्य दृष्टिगोचर होती है कि जहाँ कषायप्राभृतमें इन क्रोधादि चारों कषायोंमें-से प्रत्येकका कौन अवान्तर भाव किस गतिमें उत्पन्न करनेवाला है इस बातका उल्लेख दृष्टिगोचर नहीं होता वहाँ गोम्मटसार जीवकाण्डमें यह निर्देश स्पष्टरूपसे दृष्टिगोचर होता है कि शिलाकी रेखाके समान क्रोध नरकगतिमें उत्पन्न करनेवाला है, पृथिवीकी रेखाके समान क्रोध तिर्यञ्चगतिमें उत्पन्न करनेवाला है, धूलिकी रेखाके समान क्रोध मनुष्यगतिमें उत्पन्न करनेवाला है और जलकी रेखाके समान क्रोध देवगतिमें उत्पन्न करने-वाला है। इसप्रकार जहाँ क्रोधकी अपेक्षा उक्त प्रकारका निर्देश किया है इसी प्रकार मान, माया और लोभ-की अपेक्षा समझ लेना चाहिए।

इसप्रकार उक्त सब विषयका व्याख्यान करनेके बाद चतुःस्थान अर्थाधिकार समाप्त होता है।

९ व्यञ्जन अर्थाधिकार

कषाय प्राभृतका नौवाँ व्यञ्जन अर्थाधिकार है। प्रकृतमें व्यञ्जन यह पद 'शब्द' इस अर्थका सूचक है। तदनुसार इस अर्थाधिकारमें क्रोध, मान, माया और लोभ इन चारों कषायोंके शब्दरूपसे पाँच सूत्र-गाथाओंमें पर्यायवाची नाम दिये हैं। यथा---क्रोधकषायके दस पर्यायवाची नाम---क्रोध, कोप, रोष, अक्षमा, संज्वलन, कलह, वृद्धि, झंझा, द्वेष और विवाद। इन पर्यायनामोंके अर्थको स्पष्ट करते हुए अक्षमाका पर्याय-वाची नाम असह्य दिया है तथा विवादके पर्यायवाची नाम स्पर्द्धा और संघर्ष दिये हैं। पाप, अयश, कलह और वैरकी वृद्धिका हेतु होनेसे क्रोधका पर्यायवाची नाम वृद्धि है। तथा स्पर्धा और संघर्षकी मनोवृत्तिसे दूसरोंसे उलझना विवादरूप क्रोधकी भूमिका ही बनाता है, इसलिये क्रोधका पर्यायवाची नाम विवाद है। शेष कथन सुप्रतीत ही है।

मानकषायके पर्यायवाची नाम हैं---मान, मद, दर्प, स्तम्भ, उत्कर्ष, प्रकर्ष, समुत्कर्ष, आत्मोत्कर्ष, परिभव और उत्सिक्त। परमागममें ज्ञान, पूजा, कुल, जाति, बल, ऋद्धि, तप और शरीर इन आठके आलम्बनसे यह संसारी जीव स्वयंको दूसरोंसे अधिक मानता है, इसलिए ऐसे भावको मान कहा है। इनके कारण सराब पिये हुए मनुष्यके समान यह जीव उन्मत्त हो जाता है, इसलिए मद भी मानका पर्यायवाची नाम है। इसी प्रकार शेष पर्यायवाची नामोंके विषयमें जान लेना चाहिए। अन्य कोई विशेषता न होनेसे यहाँ उनका पृथक्‌से स्पष्टीकरण नहीं किया है।

पहले क्रोधकषायके पर्यायवाची नामोंमें 'विवाद' पदका उल्लेख कर आये हैं। उसका कारण यह है

कि जाति आदिको निमित्तकर स्वयंमें बड़प्पनका परिणाम होना यह मानकषायकी विशेषता है और परके प्रति तिरस्कार या अनादरके भावपूर्वक उसके प्रति संघर्षका भाव होना यह क्रोधकषायकी विशेषता है।

मायाकषायके पर्यायनाम हैं—माया, सातिप्रयोग, निकृति, वञ्चना, अनृजुता, ग्रहण, मनोज्ञमार्गण, कल्क, कुहक, निगूहन और छन्न। मायामें मन, वचन और कायकी प्रवृत्तिमें सरलता नहीं रहती है। अभिप्राय कुछ रखता है, कहता कुछ है और करता कुछ अन्य ही है। इसलिए मायाकषायमें कपटाचारकी मुख्यता है। कुटिल व्यवहार करना, वञ्चना-ठगाईका परिणाम रखना, दूसरेके ठीक अभिप्रायको जानकर उसका अपलाप करना, झूठे मन्त्र-तन्त्र आदि द्वारा अपनी आजीविका करना आदि सब मायाकषायरूप परिणाम है। इसी अभिप्रायको ध्यानमें रखकर यहाँ मायाके ये पर्यायवाची नाम दिये गये हैं। उक्त पर्यायवाची नामोंकी टीका करते हुए ऐसे और भी नाम आये हैं जिनका प्रयोग मायाके अर्थमें होता है। जैसे कपट प्रयोग, कूटव्यवहार, विप्रलम्भन, योगवक्रता, निह्नव, दम्भ, अतिसन्धान, विश्रम्भघात। वैसे लोकमें दम्भ मानकषायका पर्यायवाची माना जाता है, किन्तु यहाँ उसका मायाकषायमें अन्तर्भाव किया है। मानकषायपूर्वक जो ठगनेका परिणाम होता है उसका नाम दम्भ है इस अभिप्रायसे दम्भको मायारूप स्वीकार कर लिया गया है। टीकामें इसे कल्कका पर्यायवाची नाम बतलाया है। मायामें कुटिल व्यवहारकी मुख्यता है। यही कारण है कि मायाके [illegible] क्षुल्लकसागर जी महाराज

लोभकषायके पर्यायवाची नाम हैं—काम, राग, निदान, छन्द सुत, प्रेय, दोष, स्नेह, अनुराग, आशा, इच्छा, मूर्च्छा, गृद्धि, साशता या शाश्वत, प्रार्थना, लालसा, अविरति, तृष्णा, विद्या और जिह्वा। काममें इष्ट स्त्री, पुत्र और परिग्रह आदिकी अभिलाषा मुख्य है, इसलिए कामको लोभका पर्यायवाची कहा है। राग माया और लोभ आदिरूप होते हुए भी यहाँ मनोज्ञ विषयमें अतिध्वंगविशेषको ध्यानमें रखकर रागको लोभका पर्यायवाची कहा है। जो मैं पुण्य कृत्य करता हूँ उसके फलस्वरूप मुझे इष्ट भोगोपभोगकी प्राप्ति हो ऐसे भावका नाम निदान है। इसमें इष्ट विषयकी प्राप्तिकी अभिलाषा बनी रहनेके कारण निदानको लोभका पर्यायवाची बतलाया है। जिसके चित्तमें मिथ्यात्व और मायापरिणामके समान निदानरूप लोभपरिणाम बना रहता है वह व्रती नहीं हो सकता। इसलिए आगममें निदानको भी एक शल्य कहा है। मूल सूत्रगाथाओंमें लोभके पर्यायवाची नामोंमें एक नाम 'सुद' है। उसका अनुवाद जयधवला टीकामें 'सुत' और 'स्वत' किया है। 'सूयतेऽभिषिच्यते' इस व्युत्पत्तिके अनुसार विविध प्रकारकी अभिलाषाओंसे स्वयंको परिसिंचित करना अर्थात् पुष्ट करना सुत है इस भावको ध्यानमें रखकर सुतको लोभका पर्यायवाची कहा है तथा मूल सूत्रगाथामें आये हुए 'सुद' पदका 'स्वत' अर्थ करनेपर 'स्वस्य भावः स्वता ममता' ऐसा करके जो लोभपरिणाम ऐसी ममतारूप हो उसे लोभका पर्यायवाची 'स्वत' कहा है। प्रियका अर्थ प्रेय है। प्रेयरूप जो दोष, उसका नाम प्रेयदोष है। इस प्रकार प्रेयदोषको लोभका पर्यायवाची कहा है। यद्यपि मूल सूत्रगाथामें लोभके पर्यायवाची नाम बीस हैं ऐसा स्पष्ट कहा है, परन्तु जयधवला टीकामें इन दोनोंको समसितरूपसे प्रेय और दोषको लोभका पर्यायवाची कहा गया है। टीकामें प्रेयको दोषरूप क्यों कहा इस प्रश्नका जो समाधान किया है वह हृदयंगम करने लायक है। समाधान करते हुए वहाँ बतलाया है कि यद्यपि परिग्रह आदिकी अभिलाषा आह्लादका हेतु है, परन्तु वह संसारको बढ़ानेवाली है, इसलिये यहाँ प्रेयको दोषरूप कहा है। स्पष्ट है कि राग या अभिलाषा किसी भी प्रकारकी क्यों न हो वह एकमात्र संसारका ही हेतु होता है। आशाके दो अर्थ हैं—एक तो अविद्यमान अर्थकी इच्छा करना और दूसरे 'आश्यतीति आशा' व्युत्पत्तिके अनुसार स्वयंको कृश करना। ये दोनों लोभरूप होनेसे यहाँ आशाको लोभका पर्यायवाची कहा है।

मूल सूत्रगाथामें लोभका पर्यायवाची नाम 'सासद' भी आया है। इसके टीकाकारने दो अर्थ किये हैं—एक साशता और दूसरा शाश्वत। आशा, स्पृहा और तृष्णा इन तीनों पदोंका अर्थ एक है। जो आशा सहित परिणाम है उसका नाम साशता है। यतः यह परिणाम लोभकी अवस्थाविशेषरूप है, अतः इसे लोभका

पर्यायवाची कहा है। दूसरे परिग्रहके ग्रहण करनेका परिणाम संसारी जीवके आगे-पीछे सदा बना रहता है, इसलिए 'सासद' पदका दूसरा अर्थ शाश्वत करके उसे लोभका पर्यायवाची कहा है। बाह्य संयोगके आंशिक त्याग या पूर्ण त्यागका परिणाम लोभविशेषके कारण नहीं होता। जिनकी बुद्धि तत्त्वस्पर्शिनी है, जिनके उपदेश आदिसे जीवादि प्रयोजनभूत पदार्थोंके भेदविज्ञानकी झलक मिलती है ऐसे पुरुष भी आन्तरिक इस लोभपरिणामके कारण आंशिक या पूर्ण विरति करनेमें असमर्थ रहते हैं, इसलिये यहाँ अविरतिको लोभका पर्यायवाची कहा है। 'विद्' धातुसे 'विद्या' शब्द बना है, प्रकृतमें उसका अर्थ वेदन करना है। लोभका जन्म वेदनके अधीन है, इसलिए विद्याको लोभका पर्यायवाची कहा है। अथवा विद्या जिस प्रकार दुराराध्य होती है इसी प्रकार लोभके पीछे लगनेवाले जीवकी स्थिति होती है। इसलिये विद्याको लोभका पर्यायवाची कहा है। इष्ट अन्न-पान आदि जितने भी उपभोगके साधन हैं उनके बार-बार भोगने पर भी जीवनमें असन्तोष बना रहता है और असन्तोष लोभका पर्यायवाची नाम है। मतः इसे जिह्वेन्द्रियकी अतृप्ति मानी जाती है। इसीलिए इस सादृश्यको देखकर जिह्वाको लोभका पर्यायवाची माना गया है। इसीप्रकार लोभके अन्य जितने पर्याय-वाची नाम यहाँ दिये हैं उनका स्पष्टीकरण समझ लेना चाहिए। विशेष वक्तव्य न होनेसे यहाँ उनका अलगसे स्पष्टीकरण नहीं किया है।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

जैसा कि पहले संकेत कर आये हैं इस अर्थाधिकारमें पाँच सूत्रगाथायें हैं। सूत्रगाथाओंके ठीक अनुरूप पाँच आर्याछन्द जयधवला टीकाकारके सामने रहे हैं जो सूत्रगाथाओंके व्याख्याके अन्तमें दिये गये हैं।

१० सम्यक्त्व-अर्थाधिकार

यह सम्यक्त्व नामका महा अर्थाधिकार है। इस महाधिकारमें औपशमिक आदि तीनों प्रकारके सम्यग्दर्शनोंमें से प्रथमोपशम और क्षायिक दोनों प्रकारके सम्यग्दर्शनोंकी उत्पत्तिका विचार किया गया है, इसलिए यह महाधिकार दर्शनमोहोपशामना और दर्शनमोहक्षपणा इन दो उप-अर्थाधिकारों में विभक्त हो जाता है। उनमेंसे सर्वप्रथम दर्शनमोहोपशामना अर्थाधिकारका निरूपण किया गया है। जो सूत्रगाथाएँ मात्र दर्शन-मोहोपशामना नामक अर्थाधिकारसे सम्बन्ध रखती हैं वे कुल १५ हैं। उनका विवेचन चूर्णिसूत्रकार यतिवृषभ आचार्यने अधःप्रवृत्तकरण आदि तीन करणोंका विशद विवेचन करनेके बाद सबके अन्तमें किया है।

इस अधिकारका प्रारम्भ करते हुए सर्वप्रथम चार प्रकारके अवतारका संक्षेपमें उल्लेख किया है। वे चार अवतार हैं—उपक्रम, निक्षेप, नय और अनुगम। उपक्रम पाँच प्रकारका है—आनुपूर्वी, नाम, प्रमाण, वक्तव्यता और यत्र-तत्रानुपूर्वी। पूर्वानुपूर्वीकी अपेक्षा यह दसवाँ अर्थाधिकार है। पश्चादानुपूर्वीकी अपेक्षा छटा और यत्र-तत्रानुपूर्वीकी अपेक्षा अनिर्धारित संख्यावाला यह अर्थाधिकार है। कषायप्राभृत यह गौण्य नामपद है। अक्षरोंकी अपेक्षा इसका प्रमाण संख्यात और अर्थकी अपेक्षा असंख्यात और अनन्त है। वक्तव्यता-स्वसमय और तदुभय वक्तव्यता है, क्योंकि सम्यक्त्वकी प्ररूपणाके अविनाभावस्वरूप है। अर्थाधिकार दो प्रकारका है—दर्शनमोह-उपशामना और दर्शनमोह-क्षपणा। सम्यक्त्व पदका नाम, स्थापना आदि जितने अर्थोंमें निक्षेप होता है उसे करके और उन निक्षेपोंमें कौन निक्षेप किस नयका विषय है यह बतलाकर प्रकृतमें नोआगम भावनिक्षेपसे प्रयोजन है ऐसा समझना चाहिए।

इसके बाद अनुगमका निर्देश करते हुए अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें प्ररूपण करने योग्य 'दंसण-मोह-उवसामगस्स' इत्यादि चार गाथाओंका उल्लेख किया है। इन चार गाथाओंमें जिस विषयकी पृच्छा की गई है उसका निर्देश करनेके पूर्व 'दर्शनमोह-उपशामना' अर्थाधिकारमें प्ररूपित अर्थका सर्वप्रथम उल्लेख कर देना प्रयोजनीय है। यथा—यह तो स्पष्ट है कि प्रथमोपशम सम्यग्दर्शनकी उत्पत्ति मति-श्रुत उपयोगद्वारा ज्ञायक-स्वभाव निज आत्मामें उपयुक्त होनेपर ही होती है, अतः ऐसे जीवको नियमसे संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त होना चाहिए। यही कारण है कि आगममें एकेन्द्रियसे लेकर असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय तक सभी जीव इसके ग्रहणके अयोग्य बतलाये गये हैं। असंज्ञियोंमें तीनों प्रकारके सम्यग्दर्शनोंमें से किसी भी सम्यग्दर्शनकी प्राप्ति नहीं

होती यह भी इससे स्पष्ट है। संज्ञियोंमें भी यदि वे नारकी और देव हैं तो पर्याप्त होनेके अन्तर्मुहूर्त बाद ही वे इसे उत्पन्न करनेके लिए योग्य होते हैं। नारकियोंमें तो सातों नरकोंके नारकी पर्याप्त होनेपर प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न करनेके योग्य हैं और देवोंमें चाहे वे अभियोग्य देव हों, चाहे अनभियोग्य देव हों, भवनवासी, वानव्यन्तर, ज्योतिषी देवोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके विमानवासी देव तथा तीर्थंकर प्रकृतिसम्पन्न भी महाराज सामग्रीके सद्भावमें प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न करनेके लिए अधिकारी हैं।

मनुष्यों और तिर्यञ्चोंमें जो सम्मूर्च्छन जीव हैं वे तो प्रथमोपशमसम्यक्त्वको उत्पन्न करनेके पात्र ही नहीं। गर्भजोंमें भी जो मनुष्य और तिर्यञ्च पर्याप्त हैं वे ही प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न करनेके अधिकारी हैं। उसमें भी कर्मभूमिज मनुष्य पर्याप्त होनेके प्रथम समयसे लेकर आठ वर्षके होने चाहिए तथा भोगभूमिज मनुष्य उनचास दिनके होने चाहिए, तिर्यञ्चोंमें भी वे दिवसपृथक्त्वके होने चाहिए। यहाँ दिवसपृथक्त्व शब्द सात-आठ दिनका वाची न होकर बहुत दिवसपृथक्त्वोंका वाची है।

चारों गतियोंके जीवोंमें प्रथम सम्यक्त्वके ग्रहणके योग्य कौन जीव हैं इसका यह सामान्य विचार है। उसमें भी जो अनादि मिथ्यादृष्टि जीव हैं वे क्षयोपशम आदि चार लब्धियोंसे सम्पन्न होने चाहिए। जो सादि मिथ्यादृष्टि जीव हैं उनका वेदक काल व्यतीत होने पर वे भी चार लब्धियोंसे सम्पन्न होने चाहिए। इस प्रकार इतनी योग्यतावाले भव्य जीव ही काललब्धि आनेपर स्वात्मोन्मुख स्वपुरुषार्थद्वारा प्रथम सम्यक्त्वके ग्रहणके योग्य होते हैं। वे चार लब्धियाँ हैं—क्षयोपशम लब्धि, विशुद्धिलब्धि, देशनालब्धि और प्रायोग्य लब्धि। विशुद्धिके बलसे पूर्वमें, संचित हुए कर्मोंके अनुभाग स्पर्धकोंका प्रतिसमय अनन्तगुणा हीन होकर उदीरित होना क्षयोपशमलब्धि है। प्रतिसमय अनन्तगुणे हीन होकर उदीरित होनेवाले अनुभागस्पर्धकोंके निमित्तसे असाता आदि अशुभ प्रकृतियोंके बन्धके विरुद्ध सातादि शुभ प्रकृतियोंके बन्धके योग्य जीवोंके परिणामोंकी प्राप्ति होना विशुद्धिलब्धि है। छह द्रव्य और नौ पदार्थोंके उपदेशका नाम देशना है। उस देशनासे युक्त आचार्य आदिका मिलना तथा उनके द्वारा उपदिष्ट अर्थके ग्रहण करने, धारण करने और विचार करनेकी शक्तिका प्राप्त होना देशनालब्धि है। तथा सब कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थिति और उत्कृष्ट अनुभागका घात होकर उनका क्रमसे अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण स्थितिमें और द्विस्थानीय अनुभागमें अवस्थान होना प्रायोग्य लब्धि है। यहाँ अनुभागकी अपेक्षा सब कर्मोंमें पुण्यकर्म विवक्षित न होकर शेष सब कर्म लिये गये हैं इतना विशेष जानना चाहिए, क्योंकि उक्त विशुद्धिको निमित्तकर पुण्य कर्मोंका अनुभाग क्षीण न होकर वृद्धिको प्राप्त होता है।

यहाँ देशना लब्धिके प्रसंगसे जो आचार्य आदि पदका ग्रहण किया है सो उससे मोक्षमार्गके अनुरूप उपदेश देते हुए सम्यग्दृष्टियोंका ग्रहण किया है ऐसा यहाँ समझना चाहिए, क्योंकि जीवस्थानकी नौवीं चूलिकामें प्रथमादि तीन नरकोंमें ऋषियोंका गमन न होनेसे वहाँ प्रथमोपशम सम्यक्त्वकी उत्पत्तिका बाह्य साधन धर्मश्रवण नहीं बन सकता? किसी शिष्य द्वारा ऐसी आशंका करनेपर आचार्यदेव वीरसेनस्वामी उक्त शंकाका समाधान करते हुए लिखते हैं कि वहाँ पूर्वभवके सम्बन्धी, धर्मके ग्रहण करानेमें लगे हुए तथा सब प्रकारकी बाधाओंसे रहित ऐसे सम्यग्दृष्टि देवोंका वहाँ गमन देखा जाता है, अतः प्रारम्भके तीन नरकोंमें धर्मश्रवणरूप बाह्य साधन बन जाता है। उल्लेख इस प्रकार है—

कधं तेसिं धम्मसुणणं संभवदि, तत्थ रिसीणं गमणाभावा? ण, सम्माइट्ठिदेवाणं पुव्वभवसंबंधीणं धम्मपडुप्पायणे वावदाणं सयलबाधाविरहियाणं तत्थ गमणदंसणादो। पु. ६, ४३३।

इससे स्पष्ट है कि सम्यग्दृष्टियोंके द्वारा मिला हुआ मोक्षमार्गके अनुरूप उपदेश ही अन्य जीवोंमें प्रथमोपशम सम्यग्दर्शनकी उत्पत्तिका निमित्त होता है, अन्य मिथ्यादृष्टियोंके द्वारा दिया गया उपदेश प्रथमोपशम सम्यग्दर्शनकी उत्पत्तिमें बाह्य साधन नहीं होता।

ये चार लब्धियाँ हैं। इन चार लब्धियोंसे सम्पन्न उक्त योग्यतावाले जीव जब काललब्धिके योगमें स्वपुरुषार्थद्वारा करणलब्धिके सन्मुख होते हैं तब वे जीव सर्वप्रथम अधःप्रवृत्तकरणरूप विशुद्धिको प्राप्त होते

हैं। ऐसे जीवोंके प्रथम समयसे परिणाम कैसे होते हैं, योग व उपयोग आदि कौन-कौन होते हैं इत्यादि बातोंकी पृच्छा उन चार गाथाओंमें की गई है जो सामान्यरूपसे अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें प्ररूपणायोग्य हैं। वे चार हैं–'दंसणमोह-उवसामगस्स' इत्यादि ९१, ९२, ९३ और ९४ क्रमांकवाली सूत्रगाथाएँ। उनमें प्रथम सूत्रगाथाका विशेष स्पष्टीकरण चूर्णिसूत्रोंमें और उनकी जयधवला टीकामें करते हुए बतलाया है कि इन जीवोंका परिणाम विशुद्धतर ही होता है, अविशुद्ध नहीं होता। केवल अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयसे लेकर ही विशुद्धतर परिणाम नहीं होता। किन्तु अधःप्रवृत्तकरणको प्रारम्भ करनेके अन्तर्मुहूर्त पहलेसे ही ऐसे जीवोंका परिणाम आत्मसन्मुख उपयोग होनेसे प्रति समय अनन्तगुणी विशुद्धिको लिये हुए विशुद्धसे विशुद्धतर होता जाता है, क्योंकि जो मिथ्यात्वरूपी महागर्तसे निकलकर अलब्धपूर्व सम्यग्दर्शनरूपी रत्नको प्राप्त करनेके सम्मुख हैं, जिन्होंने क्षयोपशम आदि चार लब्धियोंकी सम्पन्नताके कारण अपनी सामर्थ्यको बढ़ाया है और जो संवेग और निर्वेदभावसे युक्त हैं ऐसे जीवोंके परिणामोंमें प्रति समय सहज ही अनन्तगुणी विशुद्धि होती है इसमें सन्देह नहीं।

कर्मोंके ग्रहणमें निमित्त रूप [illegible] जीव नियमसे पर्याप्त होते हैं, इसलिए इनके ग्यारह पर्याप्त योगोंमेंसे आहारक काययोगको छोड़कर दस पर्याप्त योगोंमेंसे कोई एक पर्याप्त योग होता है। यथा—मनोयोगके चार भेदोंमेंसे कोई एक मनोयोग होता है या वचन योगके चार भेदोंमेंसे कोई एक वचनयोग होता है या औदारिक काययोग या वैक्रियिक काययोग होता है।

क्रोध, मान, माया और लोभके भेदसे कषाय चार प्रकारकी है। उनमेंसे कोई एक कषाय परिणाम होता है। इतनी विशेषता है कि एक तो ऐसे जीवोंका उपयोग परलक्षी न होकर, नियमसे आत्मलक्षी होता है, इसलिए वह कषाय परिणाम उत्तरोत्तर वर्धमान न होकर हीयमान होता है। दूसरे पूर्व संचित पापकर्मोंका अनुभाग द्विस्थानीय तो पहले ही हो गया है। साथही उसमें प्रति समय अनन्तगुणी हानि होती जाती है, इसलिए भी वहाँ होनेवाला कषाय परिणाम उत्तरोत्तर हीयमान ही होता है।

जीवोंका जो अर्थको ग्रहण करने रूप परिणाम होता है उसे उपयोग कहते हैं। वह दो प्रकारका है—साकार और अनाकार। अनाकार उपयोगका नाम दर्शनोपयोग है और साकार उपयोगका नाम ज्ञानोपयोग है। यतः अनाकार उपयोग अविमर्शक होनेसे सामान्यरूपसे पदार्थको ग्रहण करता है, अतः ऐसे उपयोगके कालमें विमर्शक स्वरूप जीवादि तत्त्वार्थोंकी प्रतिपत्ति नहीं हो सकती, अतः यहाँ साकार उपयोग अर्थात् ज्ञानोपयोग ही स्वीकार किया गया है। उसमें भी मिथ्यात्व गुणस्थानमें तीन कुज्ञान ही सम्भव है, अतः उनमें से कोई एक उपयोग यहाँ होता है यह उक्त स्थलपर जयधवला टीकामें स्वीकार किया गया है। इस विषयकी विशेष जानकारीके लिये पृ० २०४ के विशेषार्थ पर दृष्टिपात करना चाहिए।

इन जीवोंके उत्तरोत्तर वर्धमान पीत, पद्म और शुक्ल इन तीनों लेश्याओंमेंसे कोई एक लेश्या होती है। यह कथन तिर्यञ्चों और मनुष्योंकी मुख्यतासे किया है, क्योंकि देवों और नारकियोंमें जहाँ जो लेश्या है वहाँ वह जन्मसे लेकर मरणतक नियमसे बनी रहती है, इसलिए यहाँ नारकियों और देवोंके सम्यग्दर्शनके सन्मुख होने पर कौन लेश्या होती है इसका निर्देश न कर जहाँ एक लेश्या अन्तर्मुहूर्तसे अधिक काल तक नहीं होती ऐसे मनुष्यों और तिर्यञ्चोंकी अपेक्षा ही यहाँ ऐसे जीवोंके कौन लेश्या होती है इसका निर्देश किया है। ऐसे मनुष्यों और तिर्यञ्चोंके अशुभ तीन लेश्याएँ तो होती ही नहीं। शुभ तीन लेश्याओंमें कोई एक लेश्या नियमसे वर्धमान ही होती है। यदि अतिमंद विशुद्धिके साथ उक्त जीव सम्यग्दर्शनके सन्मुख हों तो भी उनके जघन्य पीतलेश्यारूप परिणाम देखा जाता है। नारकियोंमें कृष्ण, नील और कापोतमेंसे जिस नरकमें जो अवस्थित लेश्या हो वह नियमसे हीयमान ही होती है और देवोंमें पीत, पद्म और शुक्लमेंसे जहाँ जो अवस्थित लेश्या हो वह नियमसे वर्धमान ही होती है इतना यहाँ विशेष जानना चाहिए।

तीनों वेदोंमेंसे अन्यतम वेद होता है। करणानुयोगमें चौदह मार्गणाओंका कथन नोआगम भावपर्यायको ध्यानमें रखकर ही किया गया है। इसलिए वेद कौन होता है ऐसी पृच्छाके होने पर जो यह उत्तर दिया

गया है कि तीनों वेदोंमेंसे कोई एक वेद होता है सो इस उत्तर द्वारा भाववेदका ही ग्रहण करना चाहिए। चूँकि प्रारम्भके पाँचवें गुणस्थानतककी प्राप्ति द्रव्यसे पुरुष, स्त्री और नपुंसक संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तक जीवोंको भी हो सकती है, अतः जयधवलाकारने वेदके द्रव्य और भाव ऐसे भेद करके दोनों प्रकारके तीनों वेदवाले जीव प्रथमोपशम सम्यग्दर्शनको उत्पन्न करते हैं उसमें कोई विरोध नहीं है यह निर्देश किया है। परमागम चार अनुयोगोंमें विभक्त है। उनमेंसे चरणानुयोगमें बाह्य आचारकी अपेक्षा विचार किया गया है, इसलिए उसमें द्रव्यवेद विवक्षित है और करणानुयोगमें नोआगम भावरूप जीवोंकी अर्थ-व्यंजन पर्यायें ली गई हैं, इसलिए उसमें भाववेद विवक्षित है इतना यहाँ विशेष समझना चाहिए।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

दूसरी सूत्रगाथा 'काणि वा पुव्ववद्धाणि' इत्यादि है। इसमें आठों कर्मोंके प्रकृति आदिके भेदसे चारों प्रकारके सत्त्व, बन्ध, उदय और उदीरणा विषयक पृच्छाका चूर्णिसूत्रों और जयधवला टीका द्वारा विचार किया गया है। इनमेंसे प्रकृति सत्त्वका विचार करते हुए जो निर्देश किया है उसके अनुसार मोहनीय कर्मकी २६-२७ या २८ प्रकृतियोंकी सत्ता होती है। अनादि मिथ्यादृष्टिके २६ प्रकृतियोंकी सत्ता होती है, सादि मिथ्यादृष्टिके यथासम्भव २६,२७ या २८ प्रकृतियोंकी सत्ता होती है। कारण स्पष्ट है। आयु कर्मकी एक भुज्यमान आयुकी अपेक्षा एककी और यदि परभव सम्बन्धी आयुका बन्ध किया हो तो दोकी सत्ता होती है। नामकर्मकी अपेक्षा आहारकचतुष्क और तीर्थंकर प्रकृतिको छोड़कर ८८ प्रकृतियोंकी सत्ता होती है। ज्ञानावरणादि शेष पाँच कर्मोंके जितने अवान्तर भेद हैं उन सबकी सत्ता होती है।

यहाँ यह प्रश्न किया गया है कि सादि मिथ्यादृष्टिके आहारक चतुष्कका सत्त्व सम्भव है, इसलिए अन्य प्रकृतियोंके साथ उनकी सत्ता भी कहनी चाहिए। इस प्रश्नका समाधान करते हुए बतलाया है कि वेदक सम्यक्त्वके कालसे आहारक शरीरकी उद्वेलनाका काल अल्प है, इसलिए प्रथमोपशम सम्यक्त्वके सन्मुख हुए सादि मिथ्यादृष्टिके आहारक चतुष्कका सत्त्व नहीं पाया जाता।

ऐसे जीवोंके आयुकर्मका स्थितिसत्त्व तत्प्रायोग्य होता है। तथा शेष कर्मोंका स्थितिसत्त्व अन्तःकोड़ाकोड़ीके भीतर होता है।

ऐसे जीवोंके अप्रशस्त कर्मोंका अनुभाग द्विस्थानीय होता है और प्रशस्त कर्मोंका चतुःस्थानीय होता है। वर्णादिचतुष्क अपने उत्तर भेदोंके साथ प्रशस्त भी होते हैं और अप्रशस्त भी होते हैं। तथा प्रदेशसत्कर्म अजघन्य-अनुत्कृष्ट होता है।

उसी दूसरी गाथाका दूसरा चरण है—'के वा अंसे णिबंधदि' तदनुसार उक्त जीव किन प्रकृतियोंके बन्धक होते हैं इसका विचार तीन दण्डकोंके द्वारा किया गया है। उन तीनों दण्डकोंमें समानरूपसे पाई जानेवाली प्रकृतियाँ इस प्रकार हैं—५ ज्ञानावरण, ९ दर्शनावरण, सातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पुरुषवेद, हास्य, रति, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय, जाति, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्णादि चतुष्क, अगुरुलघु आदि चार, प्रशस्त विहायोगति, त्रसादि चतुष्क, स्थिरादि छह, निर्माण और पाँच अन्तराय।

अब यदि अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें स्थित जीव मनुष्य और तिर्यञ्च हैं तो वे उक्त ६६ प्रकृतियोंके साथ देवगति वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आंगोपांग, देवगति प्रायोग्यानुपूर्वी और उच्चगोत्र इन पाँच प्रकृतियोंका भी बन्ध करते हैं।

यदि देव और छह पृथिवियोंके नारकी जीव हैं तो वे उक्त ६६ प्रकृतियोंके साथ मनुष्यगति, औदारिक शरीर, वज्रर्षभनाराच संहनन, औदारिक शरीर आंगोपांग, मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी और उच्चगोत्र इन छह प्रकृतियोंका भी बन्ध करते हैं।

यदि सातवीं पृथिवीके नारकी हैं तो वे उक्त ६६ प्रकृतियोंके साथ तिर्यञ्चगति, औदारिकशरीर, औदारिक आंगोपांग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, कदाचित् उद्योत और नीचगोत्र इन ७ या ६ प्रकृतियोंका भी बन्ध करते हैं।

स्थितिबन्ध तीनों दण्डकोंमें कही गई इन सब प्रकृतियोंका अन्तःकोड़ाकोड़ी प्रमाण होता है। जो अप्रशस्त प्रकृतियां हैं उनका द्विस्थानीय और जो प्रशस्त प्रकृतियाँ है उनका चतुःस्थानीय अनुभागबन्ध होता है।

और भावोपयोगवर्गणाओंके प्रमाणकी प्ररूपणा ओघसे सूचित की गई है। तथा 'कदरिस्से च गदीए०' गाथाके इस उत्तरार्ध द्वारा भी उन्हीं उपयोगवर्गणाओंकी आदेशप्ररूपणा सूचित की गई है। इसलिए इस प्रकारके अर्थ विशेषका कथन करनेके लिए यह गाथा अवतीर्ण हुई है यह सिद्ध हुआ। अब चौथी गाथाका अवतार करेंगे। यथा—

*** एक अनुभागमें और एक कषायमें एक समयमें कौनसी गति सदृशरूपसे उपयुक्त होती है और कौनसी गति विसदृशरूपसे उपयुक्त होती है ॥६६॥**

§ १०. यह चौथी गाथा है। अब इसके अर्थका कथन करने पर दो उपदेशोंके द्वारा इसका व्याख्यान करते हैं—उनमेंसे अप्रवाह्यमान उपदेशके अनुसार कथन करने पर 'एक्कम्मि य अणुभागे एक्ककसायम्मि' ऐसा कहने पर जो कषाय है वही अनुभाग है और जो अनुभाग है वही कषाय है इस प्रकार इस अभिप्रायके अनुसार जो क्रोध, मान, माया और लोभ-परिणाम है वही अनुभाग है ऐसा ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि यहाँ पर उन दोनोंमें एकत्व विवक्षाका अवलम्बन लिया गया है। इसलिए अनुभागसंज्ञावाले एक ही कषायमें एक समयमें उपयुक्त हुई कौनसी गति है? किस गतिमें क्रोधादि कषायोंमेंसे किसी एक कषायमें ही एक समयमें उपयुक्त हुए सब जीव पाये जाते हैं यह यहाँ पर पृच्छा की गई है। 'विसरिस-मुवजुज्जदे का च' ऐसा कहने पर दो, तीन या चार कषायोंमें एक समयमें उपयुक्त हुई कौनसी गति होती है इस प्रकारकी यहाँ पृच्छा की गई है। यहाँ गाथामें 'एक्ककालेण' ऐसा

१. मूलप्रतौ चेवोवजोगवग्गणाण- इत्यत्र 'वजोग' इति पाठः त्रुटितः। ता० प्रतौ अयं पाठः नास्ति।

एगसमएण त्ति अत्थो घेत्तव्वो। जइ णिरुद्धगदीए सव्वो जीवरासी एगसमयम्मि एक्केणेव कसाएण परिणदो होज्ज तो सरिसमुवजुत्ता णाम होइ, अण्णहा विसरिसमुवजुत्तो त्ति भण्णदे, जीवसमूहवदिरित्ताए गदीए अणुवलंभादो।

§ ११. संपहि पवाइज्जंतेणुवएसेणत्थे भण्णमाणे अण्णो कसायो अण्णो च अणुभागो त्ति दोण्हं भेदविवक्खियं काद्ण सुत्तत्थघडावणं कीरदे। तं जहा—'एक्कम्हि अणुभागे' त्ति वुत्ते एगकसायुदयट्ठाणे त्ति घेत्तव्वं। 'एक्ककसायम्हि' त्ति वुत्ते कोहादीणमण्णदरकसायस्स गहणं कायव्वं, अणुभागादो तस्स कथंचि पुधभावोवलंभादो। 'एक्ककालेण' त्ति भणिदे एगकालोवजोगवग्गणाए गहणं कायव्वं। तदो एगस्स कसायस्स एगम्मि कसायोदयट्ठाणे एगकसायोवजोगट्ठाणे च सरिसमुवजुत्ता का च गदी होदि त्ति पुच्छासंबंधो कायव्वो। अयं पुनरत्र वाक्यार्थः—कोहादिकसायाणं मज्झे एक्केक्कस्स कसायस्स असंखेज्जलोगमेत्तकसायुदयट्ठाणाणि संखेज्जावलियमेत्तकसायोवजोगट्ठाणाणि च अत्थि। तत्थेगस्स कसायस्स एगकसायुदयट्ठाणे एगकसायजोगद्धट्ठाणे च एक्कम्मि समये उवजुत्ता का च गदी होदि। किं सव्वेसिं जीवाणमेक्कवारेण तहापरिणामसंभवो अत्थि आहो णत्थि त्ति पुच्छिदं होइ।

§ १२. 'विसरिसमुवजुज्जदे का च' एवं भणिदे दोसु कसायुदयट्ठाणेसु तिसु वा कसायु-उदयट्ठाणेसु एदेण विधिणा गंतूण जाव संखेज्जासंखेज्जकसायुदयट्ठाणेसु वा

कहने पर एक समयमें ऐसा अर्थ ग्रहण करना चाहिए। यदि विवक्षित गतिमें सब जीवराशि एक समयमें एक ही कषायरूपसे परिणत होवे तो सदृश उपयुक्त संज्ञावाली वह जीवराशि कहलाती है, अन्यथा विसदृश उपयुक्त संज्ञावाली कही जाती है, क्योंकि जीवसमूहसे भिन्न गति नहीं पाई जाती है।

§ ११. अब प्रवाह्यमान-उपदेशके अनुसार यहाँ कथन करने पर अन्य कषाय है और अन्य अनुभाग है इस प्रकार दोनोंमें भेदविवक्षा करके सूत्रके अर्थको घटित करते हैं। यथा—'एक्कम्हि अणुभागे' ऐसा कहने पर उसका अर्थ एक कषाय उदयस्थान लेना चाहिए। 'एक्ककसायम्हि' ऐसा कहने पर क्रोधादिमेंसे अन्यतर कषायको ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि अनुभागसे कषायमें कथंचित् भेद पाया जाता है। 'एक्ककालेण' ऐसा कहनेपर एक कालोपयोगवर्गणाका ग्रहण करना चाहिए। इसलिए एक कषायके एक कषाय उदयस्थानमें और एक कषायोपयोगस्थानमें सदृशरूपसे उपयुक्त कौन-सी गति होती है ऐसा यहाँ पृच्छाका सम्बन्ध करना चाहिए। यहाँपर पूरे वाक्यका अर्थ यह है—क्रोधादि कषायोंमेंसे एक-एक कषायके असंख्यात लोकप्रमाण कषाय उदयस्थान और संख्यात आवलिप्रमाण कषाय उपयोगस्थान होते हैं। उनमेंसे एक कषायके एक कषाय उदयस्थानमें और कषायसम्बन्धी कालोपयोगस्थानमें एक समयमें उपयुक्त हुई कौन-सी गति होती है। क्या सब जीवोंका एक साथ उस प्रकारका परिणाम सम्भव है या नहीं है ऐसी पृच्छा की गई है।

§ १२. 'विसरिसमुवजुज्जदे का च' ऐसा कहने पर दो कषाय उदयस्थानोंमें या तीन कषाय उदयस्थानोंमें इस विधिसे संख्यात या असंख्यात कषाय उदयस्थानोंमें एक समयमें

एगकालेणुवजुत्ता का च गदी होदि। तहा दोहि कालोवजोगवग्गणाहि तीहिं वा कालोवजोगवग्गणाहिं एवं गंतूण संखेज्जासंखेज्जकालोवजोगवग्गणाहि वा पुव्वत्तकसायुदयट्ठाणपडिबद्धाहिं एक्कवारेणुवजुत्ता का च गदी होदि त्ति पुच्छा कदा होदि। तदो एवंविहाहिप्पायभेदपडिबद्धेसु दोसु अत्थेसु चउत्थी गाहा पडिबद्धा त्ति सिद्धं। संपहि पंचमीए गाहाए अवयारं कस्सामो। तं जहा—

(१४) केवडिया उवजुत्ता सरिसीसु च वग्गणाकसायेसु।
केवडिया च कसाए के के च विसिस्सदे केण ॥६७॥

§ १३. एसा गाहा कसायोवजुत्ताणमट्ठ अणियोगद्दाराणि सूचेदि। तं कथं? 'केवडिगा उवजुत्ता' त्ति एदेण पढमावयवेण कसायोवजुत्ताणं दव्वपमाणाणुगमो सूचिदो, कोहादिकसाएसु उवजुत्ता जीवा ओघादेसेहिं केत्तिया होंति त्ति सुत्तत्थावलंबणादो। एदेणेव संतपरूवणा वि सूचिदा त्ति घेत्तव्वं, संतपरूवणाए विणा दव्वपमाणाणुगमपवुत्तीए अणुववत्तीदो। खेत्त-पोसणाणं पि एत्थेव संगहो दट्ठव्वो, तेसिं पि दव्वपमाणपुरंगमाणं तप्परूवणाए चेव अंतब्भावाविरोहादो। एवमेदम्मि पढमे सुत्तावयवे चत्तारि अणियोगद्दाराणि णिलीणाणि होंति। तहा 'सरिसीसु च वग्गणाकसायेसु' त्ति एदम्मि विदियसुत्तावयवे कसायोवजुत्ताणं णाणेगजीवाणं कालाणुगमो सूचिदो, सरिसीसु

उपयुक्त हुई कौन-सी गति होती है, उसी प्रकार पूर्वोक्त कषाय उदयस्थानोंसे प्रतिबद्ध दो कालोपयोगवर्गणाओं या तीन कालोपयोगवर्गणाओंसे लेकर संख्यात या असंख्यात कालोपयोगवर्गणाओंमें एक समयमें उपयुक्त हुई कौन-सी गति होती है ऐसी पृच्छा की गई है। इस प्रकार इस प्रकारके अभिप्रायभेदसे सम्बन्ध रखनेवाले दो अर्थोंमें यह चौथी गाथा प्रतिबद्ध है यह सिद्ध हुआ। अब पाँचवी गाथाका अवतार करेंगे। यथा—

*** सदृश कषायोपयोगवर्गणाओंमें कितने जीव उपयुक्त होते हैं तथा चारों कषायोंमेंसे एक एक कषायमें कितने जीव उपयुक्त होते हैं और कषायोंमें उपयुक्त हुए कौन कौन जीव कषायोंमें उपयुक्त हुए अन्य किन जीवोंसे विशेषताको लिये हुए पाये जाते हैं ॥६७॥**

§ १३. यह गाथा कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंके आठ अनुयोगद्वारोंको सूचित करती है। वह कैसे? 'केवडिया उवजुत्ता' गाथाके इस प्रथम अवयव द्वारा कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंके द्रव्यप्रमाणानुगमका सूचन किया गया है, क्योंकि क्रोधादि कषायोंमें उपयुक्त हुए जीव ओघ और आदेशकी अपेक्षा कितने हैं इस प्रकार यहाँ सूत्रार्थका अवलम्बन लिया गया है। तथा इसी वचन द्वारा सत्प्ररूपणा सूचित की गई है ऐसा ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि सत्प्ररूपणाके विना द्रव्यप्रमाणानुगमकी उत्पत्ति नहीं हो सकती। क्षेत्रानुगम और स्पर्शनानुगमका यहीं पर संग्रह करना चाहिए, क्योंकि वे द्रव्यप्रमाणानुगमपूर्वक होते हैं, इसलिए उनका द्रव्यप्रमाणानुगममें अन्तर्भाव होनेमें कोई विरोध नहीं आता। इस प्रकार सूत्रके इस प्रथम अवयवमें चार अनुयोगद्वार अन्तर्भूत हैं। तथा 'सरिसीसु च वग्गणाकसायेसु' इस प्रकार गाथासूत्रके इस दूसरे अवयवमें कषायोंमें उपयुक्त हुए नाना जीव और एक जीवविष-

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

समाणासु कसायोवजोगवग्गणासु केवचिरमुवजुत्ता होंति त्ति अज्झाहारं कादूण सुत्तट्ठवक्खाणादो। पुणो एत्थेव अंतराणुगमस्स वि अंतब्भावो वत्तव्वो, कालंतराणमण्णोण्णाणुगयत्तदंसणादो। 'केवडिगा च कसाये त्ति' एदेण वि सुत्तावयवेण चदुकसायोवजुत्ताणं भागाभागाणुगमो परूविदो, सव्वजीवाणं केवडिया भागा एक्केकम्मि कसाए उवजुत्ता होंति त्ति सुत्तत्थसंबंधावलंबणादो। 'के के च विसिस्सदे केण' एदेण वि कसायोवजोगजुत्ताणमप्पाबहुअपरूवणा सूचिदा। के के कसायोवजुत्तजीवा केण कसायोवजुत्तजीवरासिणा सह सण्णियासिज्जमाणा केण गुणगारेण भागहारेण वा विसिस्संते अहिया होंति त्ति सुत्तत्थावलंबणादो। एवमेदेण गाहासुत्तेण कसायोवजुत्तजीवाणं दव्वपमाणाणुगमो कालाणुगमो भागाभागाणुगमो अप्पाबहुगाणुगमो च मुत्तकंठं परूविदाणि। सेसाणि चत्तारि अणियोगद्दाराणि सूचिदाणि। संपहि छट्ठीए गाहाए पडिबद्धत्थपरूवणट्ठमवयारणं कस्सामो। तं जहा—

(१५) जे जे जम्हि कसाए उवजुत्ता किण्णु भूदपुव्वा ते।
होहिंति च उवजुत्ता एवं सव्वत्थ बोद्धव्वा ॥६८॥

§ १४. एसा गाहा वट्टमाणसमयम्मि कोहादिकसायोवजुत्ताणमणंताणं जीवाणमदीदाणागदकालेसु तेत्तियमेत्ताणं चेव णिरुद्धकसायोवजोगेण परिणमणसंभवासंभव-

यह कालानुगम सूचित किया गया है, क्योंकि 'सरिसीसु' अर्थात् समान जो कषायोपयोगवर्गणाएं हैं उनमें कितने काल तक जीव उपयुक्त होते हैं इस प्रकार अध्याहार करके सूत्रके अर्थका व्याख्यान किया है। पुनः यहींपर अन्तरानुगमका भी अन्तर्भाव कहना चाहिए, क्योंकि कालानुयोगद्वार और अन्तरानुयोगद्वारका परस्पर अनुगतपना देखा जाता है। 'केवडिगा च कसाये' सूत्रके इस अवयवद्वारा चारों कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंके भागाभागानुगमका कथन किया गया है, क्योंकि सब जीवोंका कितना-कितना भाग एक-एक कषायमें उपयुक्त है, इसप्रकार यहाँ सूत्रार्थके सम्बन्धका अवलम्बन लिया गया है। 'के के च विसिस्सदे केण' इस द्वारा भी कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंके अल्पबहुत्वका कथन किया गया है। कषायोंमें उपयुक्त हुए कौन-कौन जीव कषायोंमें उपयुक्त हुई किस जीवराशिके साथ सन्निकर्षको प्राप्त होकर किस गुणकार या भागाहारके द्वारा विशेषताको प्राप्त होते हैं अर्थात् अधिक होते हैं इस प्रकार यहाँ सूत्रार्थका अवलम्बन लिया गया है। इस प्रकार इस गाथासूत्रके द्वारा कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंके द्रव्यप्रमाणानुगम, कालानुगम, भागाभागानुगम और अल्पबहुत्वानुगमका मुक्तकण्ठ कथन किया गया है तथा शेष चार अनुयोगद्वार सूचित किये गये हैं। अब छठी गाथासे सम्बन्ध रखनेवाले अर्थका कथन करनेके लिए अवतार करेंगे। यथा—

*** जो जो जीव जिस कषायमें उपयुक्त हैं वे सब जीव क्या अतीत कालमें उसी कषायमें उपयुक्त रहे हैं तथा क्या आगामी कालमें भी उसी कषायमें उपयुक्त रहेंगे! इसी प्रकार सर्वत्र जानना चाहिए ॥६८॥**

§ १४. वर्तमान समयमें जो अनन्त जीव क्रोधादि कषायोंमें उपयुक्त हैं वे सब उतने ही जीव अतीत और अनागत कालमें भी विवक्षित कषायोंके उपयोगरूपसे परिणमन करते

गवेसणट्ठमोइण्णा। तं कथं ? 'जे जे जम्हि कसाये०' एवं भणिदे जे जे जीवा जम्हि कसायम्मि कोहादीणमण्णदरे वट्टमाणसमयम्मि उवजुत्ता दीसंति, 'किण्णु भूदपुव्वा ते' ते जीवा अणूणाहिया संता विवक्खियकसायोवजोगेण किण्णु भूदपुव्वा संजादा, अदीदकाले तेणेव कसायोवजोगेण एक्कम्मि चेव समए तेत्तियमेत्ता चेव होदूण किण्णाम परिणदा त्ति पुच्छा कदा होइ। 'होहिंति च उवजुत्ता' एदेण अणागदकालविसयो पुच्छाणिद्देसो कओ। एत्थ जइ वि उवरिमचुण्णिसुत्ते अणागयकालविसया परूवणा णत्थि तो वि एसो अत्थो एदम्मि गाहासुत्तपच्छिमद्धे पडिबद्धो त्ति गहेयव्वं, मुत्तकंठमेव णिद्दिट्ठत्तादो। चुण्णिसुत्ते पुण तदपरूवणा अदीदकालपरूवणादो चेव गयत्थत्तपदुप्पायणट्ठमिदि ण किं चि विरुद्धं। एवमेसो ओघपरूणाविसयो पुच्छाणिद्देसो। पुणो आदेसेण वि गदियादिमग्गणासु एसो अत्थो अणुगंतव्वो त्ति अदुलुत्तमणट्ठमिदमाह [illegible] 'एवं सव्वत्थ बोद्धव्वा' त्ति। एवमेदस्स छट्ठगाहासुत्तस्स पडिबद्धत्थपरूवणं कादूण संपहि सत्तमगाहासुत्तस्स पडिबद्धत्थपरूवणट्ठमवयारो कीरदे—

(१६) उवजोगवग्गणाहि य अविरहिदं काहि विरहिदं चावि।
पढमसमयोवजुत्तेहिं चरिमसमए च बोद्धव्वा ॥७–६९॥

रहे हैं या करते रहेंगे इस बातकी सम्भावना और असम्भावनाका अनुसन्धान करनेके लिए यह गाथा अवतीर्ण हुई है।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—'जे जे जम्हि कसाए०' ऐसा कहनेपर जो जो जीव वर्तमान समयमें क्रोधादिमेंसे अन्यतर जिस कषायमें उपयुक्त दिखलाई देते हैं, 'किण्णु भूदपुव्वा ते' न्यूनाधिकतासे रहित वे सब जीव क्या अतीत कालमें विवक्षित कषायमें उपयुक्त थे अर्थात् अतीत कालमें एक ही समयमें उतने ही वे सब जीव क्या उसी कषायके उपयोगसे परिणत रहे हैं यह पृच्छा की गई है। 'होहिंति च उवजुत्ता' इस वचन द्वारा अनागत काल विषयक पृच्छाका निर्देश किया गया है। यहाँ यद्यपि आगे चूर्णिसूत्रमें अनागत काल विषयक प्ररूपणा नहीं की गई है तो भी यह अर्थ इस गाथासूत्रके उत्तरार्धमें निबद्ध है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि मुक्तकण्ठ होकर इसका गाथासूत्रमें निर्देश उपलब्ध होता है। चूर्णिसूत्रमें तो अतीत कालविषयक प्ररूपणासे ही वह गतार्थ है, इसलिए उसका निर्देश नहीं किया है, अतः इसमें कुछ भी विरुद्ध नहीं है। इस प्रकार यह ओघप्ररूपणाविषयक पृच्छाका निर्देश है। पुनः आदेशसे भी गति आदि मार्गणाओंमें इस अर्थका अनुसन्धान कर लेना चाहिए इस प्रकार इस बातका कथन करनेके लिए यह वचन कहा है—'एवं सव्वत्थ बोद्धव्वा'। इस प्रकार इस छठे गाथासूत्रमें निबद्ध अर्थका कथन करके अब सातवें गाथासूत्रमें निबद्ध अर्थका कथन करनेके लिए अवतार करते हैं—

*** कितनी उपयोगवर्गणाओंसे कौन स्थान युक्त पाया जाता है और कौन स्थान रहित पाया जाता है। तथा प्रथम समयमें उपयुक्त जीवोंसे लेकर अन्तिम समय तक जानना चाहिए ॥७–६९॥**

§ १५. एसा सत्तमी गाहा पुव्वद्धेण चउण्हं कसायाणं कालोवजोगवग्गणासु भावोवजोगवग्गणासु च जीवेहिं विरहिदाविरहिदट्ठाणाणमोघादेसेहि विसेसियूण परूवणट्ठमोइण्णा। पच्छद्धेण वि चदुकसायोवजुत्तजीवाणं चदुगदिसंबंधेण तीहिं सेढीहिं अप्पाबहुअपरूवणट्ठमवइण्णा। एवमेदेसु दोसु अत्थेसु एसा गाहा पडिबद्धा। संपहि एदिस्से पदच्छेदमुहेण ~~गाहाए अत्थविसमं करिस्सामो। तं जहा~~ 'उवजोगवग्गणाहि य' एत्थुवजोगवग्गणागहणेण दुविहोवजोगवग्गणासहचरिदाणं जीवाणं गहणं कायव्वं, 'साहचर्यात्तच्छब्दमिति' न्यायात्। तेण उवजोगवग्गणाहि 'काहि' केत्तियमेत्ताहिं 'अविरहिदं' असुण्णं कं ठाणमुवलब्भइ ? 'विरहिदं चावि' सुण्णं वा होदूण कं ठाणमुवलब्भइ त्ति सुत्तत्थसंबंधो कायव्वो। अत एतदुक्तं भवति—दुविहाओ उवजोगवग्गणाओ कसायउदयट्ठाणाणि च उवजोगद्धट्ठाणाणि च। एदेसु केत्तिएहिं कालोवजोगवग्गणाजीवेहिं भावोवजोगवग्गणाजीवेहिं वा कं ठाणमसुण्णं होदूण लब्भइ, कं वा ठाणं तेहिं चेव दुविहोवजोगवग्गणासहचरिदजीवेहिं सुण्णं होदूण लब्भइ त्ति एवंविहसुण्णासुण्णट्ठाणाणमोघादेसेहिं विसेसियूण परूवणट्ठमेसो गाहापुव्वद्धो समोइण्णो। तहा 'पढमसमयोवजुत्तेहिं०' एदेण वि गाहापच्छिमद्धेण गदीओ अस्सियूण कोहादिकसायोवजोगजुत्ताणं तिविहाए सेढीए थोवबहुत्तपरूवणं सूचिदं। ण च अट्ठसु अणियोगद्दारेसु पुव्वं परूविदप्पाबहुएणेदस्स पुणरुत्तभावो आसंकणिज्जो, तत्थ सामण्णेण परूविदप्पाबहुअस्स

§ १५. यह सातवीं गाथा पूर्वार्धके द्वारा चार कषायोंके कालोपयोगवर्गणाओंमें और भावोपयोगवर्गणाओंमें जीवोंसे रहित और सहित स्थानोंका ओघ और आदेशकी उपेक्षा कथन करनेके लिए आई है। तथा उत्तरार्धके द्वारा भी चार कषायोंसे उपयुक्त जीवोंके चारों गतियोंके सम्बन्धसे तीन श्रेणियोंके द्वारा अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिए आई है। इस प्रकार इन दो अर्थोंमें यह गाथा निबद्ध है। अब इसके पदच्छेदद्वारा कुछ अर्थका विवरण करते हैं। यथा—'उवजोगवग्गणाहि य' यहाँ उपयोगवर्गणा पदके ग्रहण करनेसे दो प्रकारकी उपयोगवर्गणाओंसे युक्त जीवोंका ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि साहचर्यसे उस शब्द द्वारा प्रकृत अर्थका ग्रहण हो जाता है ऐसा न्याय है। इसलिए 'काहिं' कितनी ही उपयोगवर्गणाओंसे 'अविरहिदं' युक्त कौन स्थान प्राप्त होता है तथा 'विरहिदं चावि' उपयोगवर्गणाओंसे रहित कौन स्थान प्राप्त होता है इस प्रकार सूत्रार्थका सम्बन्ध करना चाहिए। इसलिए यह तात्पर्य हुआ कि उपयोगवर्गणाएँ जो दो प्रकारकी हैं—कषाय उदयस्थान और उपयोगाध्वस्थान। इनमें कितने कालोपयोगवर्गणाजीवोंसे और भावोपयोगवर्गणाजीवोंसे कौन स्थान युक्त प्राप्त होता है और कौन स्थान उन दो प्रकारकी वर्गणाओंसे युक्त जीवोंसे रहित प्राप्त होता है इस प्रकार शून्य और अशून्य स्थानोंका ओघ और आदेशकी अपेक्षा कथन करनेके लिए यह गाथाका पूर्वार्ध आया है। तथा 'पढमसमयोवजुत्तेहिं' गाथाके इस उत्तरार्ध द्वारा भी गतियोंका आलम्बनकर क्रोधादि कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंके तीन प्रकारकी श्रेणिके माध्यमसे अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा सूचित की गई है। आठ अनुयोगद्वारोंमें पूर्वमें कहे गये अल्पबहुत्वके साथ इसका पुनरुक्तपना हो जायगा ऐसी आशंका भी नहीं करनी चाहिए, क्योंकि यहाँ पर सामान्यरूपसे कहे गये अल्पबहुत्वका तीन प्रकारकी श्रेणियोंको विशेषण

तिविहाए सेढीए विसेसियूण पुणो वि परूवणे कीरमाणे पुणरुत्तदोसासंभवादो। अधवा तत्थ परूविदसंचयप्पाबहुअस्स साहणभावेण पवेसप्पाबहुअपरूवणट्ठमेदमोइण्णमिदि ण को त्थि दोसो।

§ १६. एत्थ पुण गाहापच्छद्धे पदसंबंधो एवं कायव्वो—णिरयादिगदीसु पढमसमयोवजुत्तेहिं आदत्ता जाव चरिमसमयोवजुत्ता त्ति ताव जीवा 'बोद्धव्वा' अणुगंतव्वा त्ति। तत्थ 'पढमसमयोवजुत्तेहिं' ति भणिदे अयं वयणविसेसो सव्वत्थोवा हवंदि एदमादिपदमवेक्खदे[1], समयसद्दस्स पदवाचयस्स गहणादो। चरिमसमए च बोद्धव्वा' त्ति एदं पि वयणमंते पढमाणसव्वबहुअरासिमवेक्खदे[2]। तदो एक्किस्से गदीए कसायोवजोगजुत्ताणं जीवाणं थोवपदं बहुअपदं च जाणियूण जीवप्पाबहुअं कायव्वमिदि एसो एत्थ भावत्थो। तत्थ णिरयगदीए पढमसमयोवजुत्ता लोभकसायिजीवा चरिमसमयोवजुत्ता च कोधजीवा, देवगदीए कोहोवजुत्ता पढमा लोभोवजुत्ता चरिमा, तिरिक्ख-मणुस्सेसु माणोवजुत्ता पढमसमयप्पहुडि जाव चरिमसमयो त्ति लोभोवजुत्तजीवा वत्तव्वा। एत्थ गाहासुत्तपरिसमत्तीए सत्तण्हमंकविण्णासो किमट्ठं कदो? एदाओ सत्त चेव गाहाओ उवजोगाणि-

---

बना कर फिर भी कथन करने पर पुनरुक्त दोष सम्भव नहीं है। अथवा वहाँ कहे गये संचय अल्पबहुत्वके साधनरूपसे प्रवेश अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिए यह वचन आया है, इसलिए कोई दोष नहीं है।

§ १६. यहाँ गाथाके उत्तरार्धमें इसप्रकार पदसम्बन्ध करना चाहिए—नरकादि गतियोंमें प्रथम समयमें उपयुक्त हुए जीवोंसे लेकर अन्तिम समयमें उपयुक्त हुए जीवों तक जीव 'बोद्धव्वा' अर्थात् जानने चाहिए। यहाँ 'पढमसमयोवजुत्तेहिं' ऐसा कहने पर यह वचनविशेष 'सव्वत्थोवा' इस प्रकार इस प्रथम पदकी अपेक्षा करता है, क्योंकि समय शब्द पदका वाची ग्रहण किया गया है। 'चरिमसमए च बोद्धव्वा' इस प्रकार यह वचन भी अन्तमें कही गई सबसे बहुत राशिकी अपेक्षा करता है। इसलिए एक गतिमें कषायमें उपयुक्त हुए जीवोंके स्तोकपद और बहुत पदको जान कर जीवविषयक अल्पबहुत्व करना चाहिए इस प्रकार यह यहाँ पर भावार्थ है। वहाँ नरकगतिमें प्रथम समयमें उपयुक्त हुए लोभकषायवाले जीव और अन्तिम समयमें उपयुक्त हुए क्रोधकषायवाले जीव, देवगतिमें क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए जीव प्रथम और लोभकषायमें उपयुक्त हुए जीव अन्तमें तथा तिर्यञ्च और मनुष्यगतिमें मानकषायमें उपयुक्त हुए जीव प्रथम कहने चाहिए तथा सबसे अन्तमें लोभकषायमें उपयुक्त हुए जीव कहने चाहिए।

शंका—यहाँ पर गाथासूत्रोंके समाप्त होने पर सातका अंकविन्यास किसलिए किया है?

समाधान—ये सात ही गाथाएँ उपयोग अनुयोगद्वारमें निबद्ध हैं, अन्य नहीं इस

---

१. प्रतिषु –मुवेक्खदे इति पाठः।

२. प्रतिषु –मुवेक्खदे इति पाठः।

ओगद्दारे पडिबद्धाओ, णाण्णाओ त्ति जाणावणट्ठं। संपहि एदस्सेव फुडीकरणट्ठ-मिदमाह—

*** एदाहो सत्त गाहाओ ।**

§ १७. उवजोगाणिओगद्दारे पडिबद्धाओ त्ति भणिदं होइ। संपहि जहाकम-मेदेसिं गाहासुत्ताणमत्थविहासणं कुणमाणो चुण्णिसुत्तयारो उवरिमं पबंधमाह—

*** एदासिं विहासा कायव्वा ।**

। १८. का विहासा णाम ? गाहासुत्तसूचिदस्स अत्थस्स विसेसियूण भासणं विहासा विवरणमिदि वुत्तं होइ ।

*** 'केवचिरं उवजोगो कम्हि कसायम्हि' त्ति एदस्स पदस्स अत्थो अद्धापरिमाणं ।**

§ १९. अद्धा कालो, तस्स परिमाणं पमाणावच्छेदो एदस्स पदस्स अत्थो होइ। किं कारणं ? कियच्चिरमुपयोगः कस्मिन् कषाये भवत्येकस्य जीवस्येति प्रश्नार्थाव-लंबनात् ।

*** तं जहा ।**

§ २०. तमद्धापरिमाणं 'जहा' कथं होदि त्ति पुच्छा कदा भवदि। एवं पुच्छा-विसयीकयस्स अद्धापरिमाणस्स ओघणिद्देसो ताव कीरदे—

बातका ज्ञान करानेके लिए गाथासूत्रोंके अन्तमें सात संख्याका विन्यास किया है। अब इसीका स्पष्टीकरण करनेके लिए यह चूर्णिसूत्र कहा है—

*** ये सात गाथाएं हैं ।**

§ १७. उपयोग अनुयोगद्वारमें प्रतिबद्ध हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब यथाक्रम इन गाथासूत्रोंके अर्थका विशेष व्याख्यान करते हुए चूर्णिसूत्रकारने आगेका प्रबन्ध कहा—

*** इनकी विभाषा करनी चाहिए ।**

§ १८. **शंका**—विभाषा किसे कहते हैं ?

समाधान—गाथासूत्रोंके द्वारा सूचित हुए अर्थका विशेषरूपसे भाषण करनेको विभाषा कहते हैं। विभाषाका अर्थ विवरण है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** किस कषायमें कितने काल तक उपयोग रहता है इस पदका अर्थ अद्धा-परिमाण है ।**

§ १९. अद्धा शब्द कालवाची है। उसका परिमाण अर्थात् प्रमाणावच्छेद इस पदका अर्थ है, क्योंकि किस कषायमें एक जीवका कितने काल तक उपयोग रहता है इस प्रश्नके अर्थका अवलम्बन लिया गया है।

*** वह कैसे ?**

§ २०. वह अद्धापरिमाण 'जहा' कैसे होता है इस प्रकार पृच्छा की गई है। इस प्रकार पृच्छाके विषय हुए अद्धापरिमाणका ओघसे निर्देश सर्व प्रथम करते हैं—

*** कोधद्धा माणद्धा मायद्धा लोहद्धा जहण्णियाओ वि उक्कस्सियाओ वि अंतोमुहुत्तं ।**

§ २१. कोह-माण-माया-लोभाणमुवजोगकालो जहण्णओ वि उक्कस्सओ वि अंतोमुहुत्तपरिमाणो त्ति भणिदं होइ । अंतोमुहुत्तादो अब्भहियपमाणो[1] कोहादीणमुवजोगकालो किण्णोवलब्भदे ? ण, तत्तो परं कसायपरावत्तीए विणा अवट्ठाणासंभवादो[2] । कुदो एदं णव्वदे ? एदम्हादो चेव सुत्तादो । कोहादिकसायोवजोगजुत्ताणं जहण्णकालो मरण-वाघादेहिं एगसमयमेत्तो त्ति जीवट्ठाणादिसु परूविदो सो एत्थ किण्ण इच्छिज्जदे ? ण, चुण्णिसुत्ताहिप्पाएण तहासंभवाणुवलंभादो । एवमोघेण कोहादिकसायोवजोगजुत्ताणं जहण्णुक्कस्सकालणिद्देसो कओ । संपहि आदेसगयविसेसपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

*** क्रोधकषायका काल, मानकषायका काल, मायाकषायका काल और लोभ कषायका काल जघन्य भी और उत्कृष्ट भी अन्तर्मुहूर्त है ।**

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ २१. क्रोध, मान, माया और लोभका उपयोगकाल जघन्य भी और उत्कृष्ट भी अन्तर्मुहूर्तप्रमाण है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

शंका—क्रोधादि कषायोंका उपयोगकाल अन्तर्मुहूर्तसे अधिक प्रमाणवाला क्यों उपलब्ध नहीं होता ?

समाधान—नहीं, क्योंकि कषायोंके परावर्तनके विना उससे अधिक कालतक उनका अवस्थान असम्भव है ।

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान—इसी सूत्रसे जाना जाता है ।

शंका—क्रोधादि कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंका मरण और व्याघातसे जघन्य काल एक समयमात्र जीवस्थान आदिमें कहा है वह यहाँ पर क्यों स्वीकार नहीं किया जाता है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि चूर्णिसूत्रोंके अभिप्रायानुसार उस प्रकार कालको स्वीकार करना सम्भव नहीं है ।

विशेषार्थ—खुदाबन्धमें एक जीवकी अपेक्षा क्रोधकषायका मरणसे तथा मान, माया और लोभ कषायका मरण और व्याघात दोनों प्रकारसे जघन्य काल एक समय बतलाया है । जीवस्थानमें भी यह प्ररूपणा इसी प्रकारसे की गई है । किन्तु चूर्णिसूत्रोंमें इसे स्वीकार नहीं किया गया है यह उक्त शंका-समाधानका तात्पर्य है ।

इस प्रकार ओघसे क्रोधादि कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंके जघन्य और उत्कृष्ट कालका निर्देश किया । अब आदेशगत विशेषका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

---

१. ता०प्रतौ अहियपमाणो इति पाठः ।

२. ता०प्रतौ अवट्ठाणसंभवो इति पाठः ।

मार्गदर्शक :- आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

*** गदीसु णिक्खमण-पवेसणेण एगसमयो होज्ज ।**

§ २२. णिक्खमणेण ताव एगसमयो वुच्चदे—एगो णेरइयो माणादिअण्णदरकसायोवजुत्तो होदूण ट्ठिदो एगसमयमाउगमत्थि त्ति कोहोवजोगपरिणदो एगसमयमच्छिदूण णिक्खंतो तिरिक्खो मणुस्सो वा जादो, लद्धो कोहोवजोगस्स णिक्खमणमस्सियूण जहण्णकालो एगसमयमेत्तो । संपहि पवेसणेण वुच्चदे—एक्को तिरिक्खो मणुस्सो वा कोधकसाएण ट्ठिदो कोधद्धाए एगसमयो अत्थि त्ति कालं कादूण णेरइएसुववण्णो पढमसमए कोहोवजोगेण दिट्ठो, विदियसमए अण्णकसाई जादो । एवं पवेसणमस्सियूणेगसमयो लद्धो होइ । एवं सेसकसायाणं पि[1] जोजेयव्वं । एवं सेसासु वि गदीसु णिक्खमण-पवेसणेहि एगसमयपरूवणा कायव्वा । तदो पढमगाहाए पुव्वद्धम्मि एक्को अत्थो विहासिदो होदि । संपहि तत्थेव पडिबद्धस्स विदियस्स अत्थस्स विहासणट्ठमाह—

*** 'को व केणहिओ त्ति' एदस्स पदस्स अत्थो अद्धाणमप्पाबहुअं ।**

§ २३. पुव्वपरूवणादो अंतोमुहुत्तपमाणत्तेण सुणिच्छिदाणं कोहादिकसायपडिबद्धजहण्णुक्कस्सद्धाणमोघादेसेहि जमप्पाबहुअविहाणं तमेदस्स पदस्स अत्थो त्ति भणिदं होइ ।

*** गतियोंमें निष्क्रमण और प्रवेशकी अपेक्षा जघन्य काल एक समय होता है ।**

§ २२. सर्वप्रथम निष्क्रमणकी अपेक्षा एक समय कालका कथन करते हैं—एक नारकी मानादि अन्यतर कषायमें उपयुक्त होकर स्थित है, एक समय आयुमें शेष है तब क्रोधकषायके उपयोगसे परिणत हो गया तथा एक समयतक रहकर वहाँसे निकला और तिर्यञ्च या मनुष्य हो गया, इसप्रकार क्रोधकषायमें उपयुक्त होनेका निष्क्रमणकी अपेक्षा जघन्य काल एक समयमात्र प्राप्त हो गया । अब प्रवेशकी अपेक्षा कहते हैं—एक तिर्यञ्च या मनुष्य क्रोधकषायके साथ स्थित है, क्रोधकषायके कालमें एक समय शेष है तब मरकर नारकियोंमें उत्पन्न हुआ, प्रथम समयमें क्रोधमें उपयुक्त होकर स्थित रहा तथा दूसरे समयमें अन्य कषायरूप से परिणत हो गया । इस प्रकार प्रवेशका आश्रयकर एक समय काल प्राप्त हुआ । इसी प्रकार शेष कषायोंके एक समयमात्र कालकी योजना कर लेनी चाहिए । इसी प्रकार शेष गतियोंमें भी निष्क्रमण और प्रवेशकी अपेक्षा एक समयप्रमाण कालकी प्ररूपणा करनी चाहिए । तब प्रथम गाथाके पूर्वार्धमें कहे गये एक अर्थका व्याख्यान होता है । अब वहीं पर निबद्ध हुए दूसरे अर्थका व्याख्यान करनेके लिए कहते हैं—

*** किस कषायका काल किस कषायके कालसे अधिक है इस पदका अर्थ कषायोंके कालका अल्पबहुत्व है ।**

§ २३. पूर्वमें की गई प्ररूपणा द्वारा अन्तर्मुहूर्तप्रमाणरूपसे सुनिश्चित क्रोधादि कषायोंसम्बन्धी जघन्य और उत्कृष्ट कालोंका ओघ और आदेशकी अपेक्षा जो अल्पबहुत्वका कथन है वह 'को व केणहिओ' इस पदका अर्थ है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

---

१. ता०प्रतौ पि इति पाठो नास्ति ।

*** तं जहा ।**

§ २४. तमप्पाबहुअविहाणं कथं होदि त्ति पुच्छाणिद्देसो कदो भवदि ।

*** ओघेण माणद्धा जहण्णिया थोवा ।**

§ २५. एत्थ 'माणद्धा जहण्णिगा' त्ति वुत्ते तिरिक्ख-मणुसाणं णिव्वाघादेण माणोवजोगजहण्णकालो अंतोमुहुत्तपमाणो घेत्तव्वो, अण्णत्थ घेप्पमाणे[1] माणजहण्णद्धाए सव्वत्थोवत्ताणुववत्तीदो । तदो जहण्णिया माणद्धा संखेज्जावलियमेत्ता होदूण सव्वत्थोवा त्ति सिद्धं ।

*** कोधद्धा जहण्णिया विसेसाहिया ।**

§ २६. एत्थ विसेसपमाणं सुगमं, पवाइज्जंतेणुवएसेणद्धाणं विसेसो अंतोमुहुत्तमिदि उवरि सुत्तणिबद्धत्तादो ।

*** मायद्धा जहण्णिया विसेसाहिया ।**

*** लोभद्धा जहण्णिया विसेसाहिया ।**

§ २७. एदाणि दो वि सुत्ताणि सुगमाणि ।

*** माणद्धा उक्कस्सिया संखेज्जगुणा ।**

§ २८. एत्थ गुणगारो तप्पाओग्गसंखेज्जरूवाणि ।

*** वह कैसे ?**

§ २४. वह अल्पबहुत्वका विधान किस प्रकार है इस प्रकार इस सूत्रद्वारा पृच्छाका निर्देश किया गया है ।

*** ओघसे मानका जघन्य काल सबसे स्तोक है ।**

§ २५. इस सूत्रमें 'माणद्धा जहण्णिगा' ऐसा कहनेपर तिर्यञ्च और मनुष्योंके निर्व्याघातरूपसे मानका जघन्य उपयोगकाल अन्तर्मुहूर्तप्रमाण लेना चाहिए, क्योंकि अन्य जीवोंमें ग्रहण करनेपर मानका जघन्य काल सबसे स्तोक नहीं बन सकता । इसलिए मानका जघन्यकाल संख्यात आवलिप्रमाण होकर सबसे स्तोक है यह सिद्ध हुआ ।

*** उससे क्रोधका जघन्य काल विशेष अधिक है ।**

§ २६. यहाँ पर विशेषका प्रमाण सुगम है, क्योंकि प्रवाह्यमान उपदेशके अनुसार कालोंका परस्पर विशेष अन्तर्मुहूर्तप्रमाण है यह बात आगे सूत्रमें निबद्ध की गई है ।

*** उससे मायाका जघन्य काल विशेष अधिक है ।**

*** उससे लोभका जघन्य काल विशेष अधिक है ।**

§ २७. ये दोनों ही सूत्र सुगम हैं ।

*** उससे मानका उत्कृष्ट काल संख्यातगुणा है ।**

§ २८. यहाँ पर गुणकार तत्प्रायोग्य संख्यात अंक हैं ।

---

१. ता०प्रतौ घेप्पमाणो इति पाठः ।

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** कोधद्धा उक्कस्सिया विसेसाहिया ।**

§ २९. केत्तियमेत्तो विसेसो ? अंतोमुहुत्तमेत्तो ।

*** मायद्धा उक्कस्सिया विसेसाहिया ।**

§ ३०. केत्तियमेत्तेण ? अंतोमुहुत्तमेत्तेण ।

*** लोभद्धा उक्कस्सिया विसेसाहिया ।**

§ ३१. सुगमं । संपहि एत्थ विसेसाहियपमाणमेत्तियं होदि त्ति जाणावणट्ठ-मुवरिमं सुत्तपबंधमाह—

*** पवाइज्जंतेण उवदेसेण अद्धाणं विसेसो अंतोमुहुत्तं ।**

§ ३२. एदेणेगसमयमेत्तो विसमयमेत्तो[1] एवं गंतूण संखेज्जसमयमेत्तो वा विसेसो ण होदि, किंतु अंतोमुहुत्तमेत्तो चेव त्ति जाणाविदं । तं च अंतोमुहुत्तमणेय-मेयभिण्णं—संखेज्जावलियाओ आवलि० संखे०भागो तदसंखेज्जदिभागो चेदि । तत्थ 'वक्खाणादो विसेसपडिवत्ती' इदि णायादो आवलि० असंखे०भागमेत्तो अद्धाविसेसो त्ति गेण्हियव्वो, पुव्वाइरियसंपदायस्स तहाविहत्तादो । एवमोघेण तिरिक्ख-मणुसगईणं पहाणभावेणप्पाबहुअं कदं ।

*** उससे क्रोधका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।**

§ २९. शंका—विशेषका प्रमाण क्या है ?

समाधान—अन्तर्मुहूर्तमात्र है ।

*** उससे मायाका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।**

§ ३०. शंका—विशेषका प्रमाण क्या है ?

समाधान—अन्तर्मुहूर्तमात्र है ।

*** उससे लोभका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।**

§ ३१. यह सूत्र सुगम है । अब यहाँ विशेष अधिकका प्रमाण इतना है इस बातका ज्ञान करानेके लिए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** प्रवाह्यमान उपदेशके अनुसार कालोंका परस्पर विशेष अन्तर्मुहूर्त है ।**

§ ३२. इस वचनसे एक समयमात्र, दो समयमात्र इस प्रकार जाकर संख्यात समय मात्र विशेष नहीं है, किन्तु अन्तर्मुहूर्तप्रमाण ही है इस बातका ज्ञान कराया गया है । वह अन्तर्मुहूर्त अनेक प्रकारका है—संख्यात आवलिप्रमाण, आवलिके संख्यातवें भागप्रमाण तथा आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण । उसमें भी 'व्याख्यानसे विशेषका ज्ञान होता है' इस न्यायके अनुसार आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण परस्पर कषायोंके कालोंका विशेष है ऐसा ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि पूर्वाचार्योंका सम्प्रदाय उसीप्रकारका पाया जाता है । इस प्रकार ओघसे तिर्यञ्चगति और मनुष्यगतिकी प्रधानतासे अल्पबहुत्व कहा ।

---

१. ता०प्रतौ विस(म)यमेत्तो इति पाठः ।

§ ३३. संपहि आदेसपरूवणाए कीरमाणाए तिरिक्ख-मणुसगदीसु णत्थि णाणत्तं। णिरयगदीए जहण्णिया लोभद्धा थोवा, जहण्णिया मायद्धा संखेज्जगुणा, जहण्णिया माणद्धा संखेज्जगुणा, जहण्णिया कोधद्धा संखेज्जगुणा, उक्कस्सिया लोभद्धा संखेज्जगुणा, उक्कस्सिया मायद्धा संखेज्जगुणा, उक्कस्सिया माणद्धा संखेज्जगुणा, उक्कस्सिया कोधद्धा संखेज्जगुणा। एवं देवगदीए वि। णवरि विलोमेण णेदव्वं जाव उक्कस्सिया लोभद्धा संखेज्जगुणा त्ति। एसो चदुगदीसु पादेक्कमप्पाबहुअणिद्देसो सुत्तयारेण किण्ण कओ? ण, उवरिमचउगइसमासप्पाबहुएणेव जाणिज्जदि त्ति तद्-परूवणादो।

मार्गदर्शक आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** तेणेव उवदेसेण चउगइसमासेण अप्पाबहुअं भणिहिदि।**

§ ३४. तेणेव पवाइज्जंतेण उवदेसेण चदुगदीओ सपिंडिऊणप्पाबहुअं कीरदि त्ति भणिदं होदि। तं पुण चउगइसमासप्पाबहुअं तिविहं—जहण्णपदे उक्कस्सपदे जहण्णुक्कस्सपदे चेदि। तत्थ आदिल्लदुगं जहण्णुक्कस्सपदप्पाबहुअपरूवणेणेव जाणिज्जदि त्ति तमेव परूवेमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

*** चदुगदिसमासेण जहण्णुक्कस्सपदेण णिरयगदीए जहण्णिया**

---

§ ३३. अब आदेशकी अपेक्षा कथन करने पर तिर्यञ्चगति और मनुष्यगतिमें कषायोंके कालकी अपेक्षा कोई भेद नहीं है। नरकगतिमें लोभका जघन्य काल सबसे स्तोक है। उससे मायाका जघन्य काल संख्यातगुणा है। उससे मानका जघन्य काल संख्यातगुणा है। उससे क्रोधका जघन्य काल संख्यातगुणा है। उससे लोभका उत्कृष्ट काल संख्यात संख्यातगुणा है। उससे मायाका उत्कृष्ट काल संख्यातगुणा है। उससे मानका उत्कृष्ट काल संख्यातगुणा है। उससे क्रोधका उत्कृष्ट काल संख्यातगुणा है। इसी प्रकार देवगतिमें भी जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि लोभका उत्कृष्ट काल संख्यातगुणा है इस स्थानके प्राप्त होनेतक विलोमक्रमसे जानना चाहिए।

शंका—चारों गतियोंमें पृथक्-पृथक् अल्पबहुतत्वका निर्देश सूत्रकारने क्यों नहीं किया?

समाधान—नहीं, क्योंकि आगे कहे जानेवाले चारों गतियोंके समुच्चयरूप अल्प-बहुत्वके कथनसे ही उसका ज्ञान हो जाता है, इसलिए सूत्रकारने चारों गतियोंमें पृथक्-पृथक् अल्पबहुत्वका निर्देश नहीं किया।

*** उसी उपदेशके अनुसार चारों गतियोंमें समुच्चयरूपसे अल्पबहुत्वका कथन करेंगे।**

§ ३४. उसी प्रवाह्यमान उपदेशके अनुसार चारों गतियोंमें एक साथ अल्पबहुत्वका कथन करते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। परन्तु चारों गतियोंमें समुच्चयरूप वह अल्प-बहुत्व तीन प्रकारका है—जघन्यपद, उत्कृष्टपद और जघन्योत्कृष्टपद। उनमेंसे जघन्योत्कृष्ट-पदरूप अल्पबहुत्वसे आदिके दो अल्पबहुत्वोंका ज्ञान हो जाता है, इसलिए उसीका कथन करते हुए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** चारों गतियोंमें समुच्चयरूपसे कथन करनेपर जघन्योत्कृष्ट पदकी अपेक्षा**

लोभद्धा थोवा ।

§ ३५. कुदो ? णेरइएसु जादिविसेसवसेणेव दोसबहुलेसु पेज्जसरूवलोभपरिणामस्स चिरकालमवट्ठाणासंभवादो ।

*** देवगदीए जहण्णिया कोधद्धा विसेसाहिया ।**

§ ३६. जइ वि एसा कोधद्धा देवेसु पेज्जबहुलेसु[1] सुट्ठु थोवा होदि तो वि णेरइयाणं जहण्णलोभद्धादो जादिविसेसेणेव विसेसाहिया त्ति पडिवज्जेदव्वं । केत्तियमेत्तो विसेसो ? आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तो ।

मार्गदर्शक : आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** देवगदीए जहण्णिया माणद्धा संखेज्जगुणा ।**

§ ३७. किं कारणं ? देवेसु कोहोवजोगकालादो माणोवजोगकालस्स सव्वद्धं तहाभावेणावट्ठाणणियमदंसणादो । को गुणगारो ? तप्पाओग्गसंखेज्जरूवाणि ।

*** णिरयगदीए जहण्णिया मायद्धा विसेसाहिया ।**

§ ३८. एत्थ विसेसपमाणं सुगमं, अणंतरमेव परूविदत्तादो ।

*** णिरयगदीए जहण्णिया माणद्धा संखेज्जगुणा ।**

नरकगतिमें लोभका जघन्य काल सबसे स्तोक है ।

§ ३५. क्योंकि जातिविशेषके कारण ही नारकी दोषबहुल होते हैं, इसलिए उनमें पेज्ज (प्रेम) स्वरूप लोभपरिणामका चिरकाल तक रहना सम्भव नहीं है ।

*** उससे देवगतिमें क्रोधका जघन्य काल विशेष अधिक है ।**

§ ३६. पेज्जबहुल देवोंमें यद्यपि क्रोधका यह काल बहुत थोड़ा होता है तो भी नारकियोंके लोभके जघन्य कालसे जातिविशेषवश विशेष अधिक होता है ऐसा जानना चाहिए ।

शंका—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है ।

*** देवगतिमें मानका जघन्य काल संख्यातगुणा है ।**

§ ३७. क्योंकि देवोंमें क्रोधके उपयोग कालसे मानके उपयोग कालके सर्वदा उस प्रकारसे रहनेका नियम देखा जाता है ।

शंका—गुणकार क्या है ?

समाधान—तत्प्रायोग्य संख्यात अंक गुणकार है ।

*** उससे नरकगतिमें मायाका जघन्य काल विशेष अधिक है ।**

§ ३८. यहाँ विशेषके प्रमाणका कथन सुगम है, क्योंकि उसका कथन अनन्तर पूर्व ही कर आये हैं ।

*** उससे नरकगतिमें मानका जघन्य काल संख्यातगुणा है ।**

---

१. ता०प्रतौ –प्प(पे)ज्जबहुलेसु इति पाठः ।

§ ३९. एत्थ गुणगारपमाणं सुगमं ।

*** देवगदीए जहण्णिया मायद्धा विसेसाहिया ।**

§ ४०. केत्तियमेत्तो विसेसो ? आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तो ।

*** मणुस-तिरिक्खजोणियाणं जहण्णिया माणद्धा संखेज्जगुणा ।**

§ ४१. मणुस-तिरिक्खजोणियाणं जहण्णिया माणोवजोगद्धा उहयत्थ सरिसी होदूण पुव्विल्लादो संखेज्जगुणा त्ति वुत्तं होइ । एत्थ गुणगारो तप्पाओग्गसंखेज्ज-रूवमेत्तो ।

*** मणुस-तिरिक्खजोणियाणं जहण्णिया कोधद्धा विसेसाहिया ।**

*** मणुस-तिरिक्खजोणियाणं जहण्णिया मायद्धा विसेसाहिया ।**

*** मणुस-तिरिक्खजोणियाणं जहण्णिया लोहद्धा विसेसाहिया ।**

§ ४२. एदाणि सुत्ताणि सुगमाणि, ओघम्मि परूविदकारणत्तादो ।

*** णिरयगदीए जहण्णिया कोधद्धा संखेज्जगुणा ।**

§ ४३. किं कारणं ? सुट्ठु जहण्णस्स वि णेरइयाणं कोहोवजोगकालस्स मणुस-

---

§ ३९. यहाँ पर गुणकारके प्रमाणका कथन सुगम है ।

*** उससे देवगतिमें मायाका जघन्य काल विशेष अधिक है ।**

§ ४०. शंका—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है ।

*** उससे मनुष्यों और तिर्यञ्चयोनि जीवोंमें मानका जघन्य काल संख्यात-गुणा है ।**

§ ४१. मनुष्यों और तिर्यञ्चयोनि जीवोंमें मानका जघन्य उपयोग काल दोनोंमें समान होकर भी पूर्वमें कहे गये कालसे संख्यातगुणा है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । यहाँ पर गुणकार तत्प्रायोग्य संख्यात अंक है ।

*** उससे मनुष्यों और तिर्यञ्चयोनि जीवोंमें क्रोधका जघन्य काल विशेष अधिक है ।**

*** उससे मनुष्यों और तिर्यञ्चयोनि जीवोंमें मायाका जघन्य काल विशेष अधिक है ।**

*** उससे मनुष्यों और तिर्यञ्चयोनि जीवोंमें लोभका जघन्य काल विशेष अधिक है ।**

§ ४२. ये सूत्र सुगम हैं, क्योंकि कारणका कथन ओघप्ररूपणाके समय कर आये हैं ।

*** उससे नरकगतिमें क्रोधका जघन्य काल संख्यातगुणा है ।**

§ ४३. क्योंकि नारकियोंमें क्रोधका सबसे जघन्य भी उपयोग काल मनुष्यों और

तिरिक्खजोणियाणं जहण्णलोभोवजोगद्धादो संखेज्जगुणभावेण सव्वकालमवट्ठाण-णियमदंसणादो।

*** देवगदीए जहण्णिया लोभद्धा विसेसाहिया।**

§ ४४. एत्थ विसेसपमाणं सुगमं।

*** णिरयगदीए उक्कस्सिया लोभद्धा संखेज्जगुणा।**

§ ४५. किं कारणं ? जहण्णकालादो पुव्विल्लादो उक्कस्सकालस्सेदस्स तहाभाव-सिद्धीए पडिबंधाभावादो। एत्थ गुणगारो तप्पाओग्गसंखेज्जरूवमेत्तो।

*** देवगदीए उक्कस्सिया कोधद्धा विसेसाहिया।**

§ ४६. केत्तियमेत्तो विसेसो ? आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तो।

*** देवगदीए उक्कस्सिया माणद्धा संखेज्जगुणा।**

मार्गदर्शक : आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** णिरयगदीए उक्कस्सिया मायद्धा विसेसाहिया।**

*** णिरयगदीए उक्कस्सिया माणद्धा संखेज्जगुणा।**

*** देवगदीए उक्कस्सिया मायद्धा विसेसाहिया।**

§ ४७. एदाणि सुत्ताणि सुगमाणि, जहण्णद्धासु परूविदकारणत्तादो।

*** मणुस-तिरिक्खजोणियाणमुक्कस्सिया माणद्धा संखेज्जगुणा।**

तिर्यञ्चयोनि जीवोंमें लोभके जघन्य उपयोग कालसे संख्यातगुणा पाया जाता है इस प्रकार उसके रहनेका सर्वदा नियम देखा जाता है।

*** उससे देवगतिमें लोभका जघन्य काल विशेष अधिक है।**

§ ४४. यहाँ पर विशेषके प्रमाणका कथन सुगम है।

*** उससे नरकगतिमें लोभका उत्कृष्ट काल संख्यातगुणा है।**

§ ४५. क्योंकि पूर्वमें कहे गये जघन्य कालसे इस उत्कृष्ट कालके उस प्रकारसे सिद्ध होनेमें कोई प्रतिबन्ध नहीं पाया जाता। यहाँ गुणकार तत्प्रायोग्य संख्यात अंकप्रमाण है।

*** उससे देवगतिमें क्रोधका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।**

§ ४६. शंका—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

*** उससे देवगतिमें मानका उत्कृष्ट काल संख्यातगुणा है।**

*** उससे नरकगतिमें मायाका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।**

*** उससे नरकगतिमें मानका उत्कृष्ट काल संख्यातगुणा है।**

*** उससे देवगतिमें मायाका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।**

§ ४७. ये सूत्र सुगम हैं, क्योंकि इसके कारणका कथन जघन्य कालोंका कथन करते समय कर आये हैं।

*** उससे मनुष्यों और तिर्यञ्चयोनि जीवोंमें मानका उत्कृष्ट काल संख्यात-गुणा है।**

*** तेसिं चेव उक्कस्सिया कोधद्धा विसेसाहिया ।**

*** तेसिं चेव उक्कस्सिया मायद्धा विसेसाहिया ।**

*** तेसिं चेव उक्कस्सिया लोभद्धा विसेसाहिया ।**

§ ४८. एदाणि सुत्ताणि सुगमाणि ।

पागदसंक्रम :- अनुवादक श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** णिरयगदीए उक्कस्सिया कोधद्धा संखेज्जगुणा ।**

§ ४९. किं कारणं ? णेरइएसु सहावपडिबद्धमच्छरेसु कोहोवजोगकालस्स सुट्ठु बहुत्तोवएसादो ।

*** देवगदीए उक्कस्सिया लोभद्धा विसेसाहिया ।**

§ ५०. विसेसपमाणमेत्थ सुगमं, बहुसो परूविदत्तादो । एवं चदुगदिसमासप्पाबहुअं समाणिय संपहि चोद्दस जीवसमासे अस्सियूण पयदप्पाबहुअगवेसणट्ठमुवरिमं पबंधमाह—

*** तेसिं चेव उवदेसेण चोद्दस-जीवसमासेहिं दंडगो भणिहिदि ।**

§ ५१. तेसिं चेव भयवंताणमज्जमंखु-णागहत्थीणं पवाइज्जंतेणुवएसेण चोद्दस-जीवसमासेसु जहण्णुक्कस्सपदविसेसिदो अप्पाबहुअदंडओ एत्तो भणिहिदि भणिष्यत इत्यर्थः ।

*** उससे उन्हींमें क्रोधका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।**

*** उससे उन्हींमें मायाका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।**

*** उससे उन्हींमें लोभका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।**

§ ४८. ये सूत्र सुगम हैं ।

*** उससे नरकगतिमें क्रोधका उत्कृष्ट काल संख्यातगुणा है ।**

§ ४९. क्योंकि स्वभावसे मत्सरवृत्तिवाले नारकियोंमें क्रोधके उपयोग कालके अति बहुत होनेका उपदेश पाया जाता है ।

*** उससे देवगतिमें लोभका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।**

§ ५०. यहाँ पर विशेषका प्रमाण सुगम है, क्योंकि अनेकबार उसका कथन कर आये हैं । इस प्रकार चारों गतियोंमें समासरूपसे अल्पबहुत्वके कथनको समाप्त करके चौदह जीवसमासोंका आश्रयकर प्रकृत अल्पबहुत्वका अनुसन्धान करनेके लिए आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

*** अब परम्परासे आये हुए उन्हीं आचार्योंके उपदेशके अनुसार चौदह जीव-समासोंमें दण्डकका कथन करेंगे ।**

§ ५१. उन्हीं भगवान् आर्यमंक्षु और नागहस्तिके प्रवाहक्रमसे आये हुए उपदेशके अनुसार चौदह जीवसमासोंमें आगे जघन्य और उत्कृष्टपदयुक्त अल्पबहुत्वदण्डकको कहेंगे यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

*** चोद्दसण्हं जीवसमासाणं देव-णेरइयवज्जाणं जहण्णिया माणद्धा तुल्ला थोवा ।**

§ ५२. एत्थ 'चोद्दसण्हं जीवसमासाणं' इदि वयणेण देव-णेरइयाणं पि सण्णि-पंचिंदियपज्जत्तापज्जत्तजीवसमासंतब्भूदाणं गहणे पसत्ते तव्वुदासकरणट्ठं 'देव-णेरइय-वज्जाणं' इदि भणिदं । किमट्ठं तेसिं परिवज्जणं कीरदे ? ण, सेसजीवसमासेहिं सह तेसिं माणादि-जहण्णोवजोगद्धासारिच्छणिबंधणपच्चासत्तीए अभावपदुप्पायणट्ठं तहा-करणादो । तदो देव-णेरइए मोत्तूण सेससेसजीवसमासाणं जहण्णिया माणद्धा सरिसी होदूण सव्वत्थोवा त्ति गहेयव्वं ।

*** जहण्णिया कोधद्धा विसेसाहिया ।**

§ ५३. एत्थाहियारवसेण चोद्दसण्हं जीवससासाणं देव-णेरइयवज्जाणं जहण्णिया कोधद्धा तुल्ला होदूण विसेसाहिया त्ति सुत्तत्थसंबंधो कायव्वो । केत्तियमेत्तो विसेसो ? आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तो ।

*** जहण्णिया मायद्धा विसेसाहिया ।**

*** जहण्णिया लोभद्धा विसेसाहिया ।**

*** सुहुमस्स अपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया माणद्धा संखेज्जगुणा ।**

*** देव और नारकियोंको छोड़कर चौदह जीवसमासोंमें मानका जघन्य काल परस्पर तुल्य होकर सबसे थोड़ा है ।**

§ ५२. यहाँपर 'चोद्दसण्हं जीवसमासाणं' इस वचनसे संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त और संज्ञी पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त जीवसमासोंमें अन्तर्भूत हुए देव और नारकियोंका ग्रहण प्राप्त होने पर उनका निराकरण करनेके लिए 'देव-णेरइयवज्जाणं' यह वचन कहा है ।

शंका—उनका निषेध किस लिए करते हैं ।

समाधान—नहीं, क्योंकि शेष जीवसमासोंके साथ उनके मानादि सम्बन्धी जघन्य उपयोग कालके सदृश होनेके कारणकी प्रत्यासत्तिका अभाव है यह कहनेके लिए उस प्रकारसे सूत्रवचन निर्दिष्ट किया है। इसलिए देव और नारकियोंको छोड़कर शेष समस्त जीवसमासोंमें मानका जघन्य काल परस्पर सदृश होकर सबसे थोड़ा है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए।

*** उससे क्रोधका जघन्य काल विशेष अधिक है ।**

§ ५३. यहाँ अधिकारवश देव और नारकियोंको छोड़कर चौदह जीवसमासोंमें क्रोधका जघन्य काल परस्पर तुल्य होकर विशेष अधिक है ऐसा सूत्रका अर्थके साथ सम्बन्ध करना चाहिये ।

शंका—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है ।

*** उससे मायाका जघन्य काल विशेष अधिक है ।**

*** उससे लोभका जघन्य काल विशेष अधिक है ।**

*** उससे सूक्ष्म अपर्याप्तकके मानका उत्कृष्ट काल संख्यातगुणा है ।**

* उक्कस्सिया कोधद्धा विसेसाहिया ।
* उक्कस्सिया मायद्धा विसेसाहिया ।
* उक्कस्सिया लोभद्धा विसेसाहिया ।
* बादरेइंदिय-अपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया माणद्धा संखेज्जगुणा ।
* उक्कस्सिया कोधद्धा विसेसाहिया ।
* उक्कस्सिया मायद्धा विसेसाहिया ।
* उक्कस्सिया लोभद्धा विसेसाहिया ।
* सुहुमपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया माणद्धा संखेज्जगुणा ।
* उक्कस्सिया कोधद्धा विसेसाहिया ।
* उक्कस्सिया मायद्धा विसेसाहिया ।
* उक्कस्सिया लोभद्धा विसेसाहिया ।
* बादरेइंदियपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया माणद्धा संखेज्जगुणा ।
* उक्कस्सिया कोधद्धा विसेसाहिया ।
* उक्कस्सिया मायद्धा विसेसाहिया ।
* उक्कस्सिया लोभद्धा विसेसाहिया ।
* बेइंदियअपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया माणद्धा संखेज्जगुणा ।

प्रतीक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

---

* उससे क्रोधका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।
* उससे मायाका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।
* उससे लोभका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।
* उससे बादर एकेन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें मानका उत्कृष्ट काल संख्यातगुणा है ।
* उससे क्रोधका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।
* उससे मायाका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।
* उससे लोभका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।
* उससे सूक्ष्म एकेन्द्रिय पर्याप्तकोंमें मानका उत्कृष्ट काल संख्यातगुणा है ।
* उससे क्रोधका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।
* उससे मायाका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।
* उससे लोभका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।
* उससे बादर एकेन्द्रिय पर्याप्तकोंमें मानका उत्कृष्ट काल संख्यातगुणा है ।
* उससे क्रोधका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।
* उससे मायाका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।
* उससे लोभका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।
* उससे द्वीन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें मानका उत्कृष्ट काल संख्यातगुणा है ।

* तेइंदियअपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया माणद्धा विसेसाहिया।
* चउरिंदियअपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया माणद्धा विसेसाहिया।
* बेइंदियअपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया कोधद्धा विसेसाहिया।
* तेइंदियअपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया कोधद्धा विसेसाहिया।
* चउरिंदियअपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया कोधद्धा विसेसाहिया।
* बेइंदियअपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया मायद्धा विसेसाहिया।
* तेइंदियअपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया मायद्धा विसेसाहिया।
* चउरिंदियअपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया मायद्धा विसेसाहिया।
* बेइंदियअपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया लोभद्धा विसेसाहिया।
* तेइंदियअपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया लोभद्धा विसेसाहिया।
* चउरिंदियअपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया लोभद्धा विसेसाहिया।
* बेइंदियपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया माणद्धा संखेज्जगुणा।
* तेइंदियपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया माणद्धा विसेसाहिया।
* चउरिंदियपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया माणद्धा विसेसाहिया।
* बेइंदियपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया कोधद्धा विसेसाहिया।
* तेइंदियपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया कोधद्धा विसेसाहिया।

मार्गदर्शक

* उससे त्रीन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें मानका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे चतुरिन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें मानका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे द्वीन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें क्रोधका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे त्रीन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें क्रोधका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे चतुरिन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें क्रोधका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे द्वीन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें मायाका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे त्रीन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें मायाका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे चतुरिन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें मायाका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे द्वीन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें लोभका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे त्रीन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें लोभका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे चतुरिन्द्रिय अपर्याप्तकोंमें लोभका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे द्वीन्द्रिय पर्याप्तकोंमें मानका उत्कृष्ट काल संख्यातगुणा है।
* उससे त्रीन्द्रिय पर्याप्तकोंमें मानका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे चतुरिन्द्रिय पर्याप्तकोंमें मानका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे द्वीन्द्रिय पर्याप्तकोंमें क्रोधका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे त्रीन्द्रिय पर्याप्तकोंमें क्रोधका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।

* चउरिंदियपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया कोधद्धा विसेसाहिया।
* बेइंदियपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया मायद्धा विसेसाहिया।
* तेइंदियपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया मायद्धा विसेसाहिया।
* चउरिंदियपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया मायद्धा विसेसाहिया।
* बेइंदियपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया लोभद्धा विसेसाहिया।
* तेइंदियपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया लोभद्धा विसेसाहिया।
मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज
* चउरिंदियपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया लोभद्धा विसेसाहिया।
* असण्णिअपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया माणद्धा संखेज्जगुणा।
* तस्सेव उक्कस्सिया कोधद्धा विसेसाहिया।
* तस्सेव उक्कस्सिया मायद्धा विसेसाहिया।
* तस्सेव उक्कस्सिया लोभद्धा विसेसाहिया।
* असण्णिपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया माणद्धा संखेज्जगुणा।
* तस्सेव उक्कस्सिया कोधद्धा विसेसाहिया।
* तस्सेव उक्कस्सिया मायद्धा विसेसाहिया।
* तस्सेव उक्कस्सिया लोभद्धा विसेसाहिया।
* सण्णिअपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया माणद्धा संखेज्जगुणा।

---

* उससे चतुरिन्द्रिय पर्याप्तकोंमें क्रोधका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे द्वीन्द्रिय पर्याप्तकोंमें मायाका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे त्रीन्द्रिय पर्याप्तकोंमें मायाका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे चतुरिन्द्रिय पर्याप्तकोंमें मायाका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे द्वीन्द्रिय पर्याप्तकोंमें लोभका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे त्रीन्द्रिय पर्याप्तकोंमें लोभका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे चतुरिन्द्रिय पर्याप्तकोंमें लोभका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे असंज्ञी अपर्याप्तकोंमें मानका उत्कृष्ट काल संख्यातगुणा है।
* उससे उन्हींमें क्रोधका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे उन्हींमें मायाका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे उन्हींमें लोभका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे असंज्ञी पर्याप्तकोंमें मानका उत्कृष्ट काल संख्यातगुणा है।
* उससे उन्हींमें क्रोधका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे उन्हींमें मायाका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे उन्हींमें लोभका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है।
* उससे संज्ञी अपर्याप्तकोंमें मानका उत्कृष्ट काल संख्यातगुणा है।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** तस्सेव उक्कस्सिया कोधद्धा विसेसाहिया ।**
*** तस्सेव उक्कस्सिया मायद्धा विसेसाहिया ।**
*** तस्सेव उक्कस्सिया लोभद्धा विसेसाहिया ।**
*** सण्णिपज्जत्तयस्स उक्कस्सिया माणद्धा संखेज्जगुणा ।**
*** तस्सेव उक्कस्सिया कोधद्धा विसेसाहिया ।**
*** तस्सेव उक्कस्सिया मायद्धा विसेसाहिया ।**
*** तस्सेव उक्कसिया लोभद्धा विसेसाहिया ।**

§ ५४. सुगमो च एसो सव्वो वि अप्पाबहुअपबंधो । तदो पढमगाहाए पुव्वद्धस्स अत्थविहासा समत्ता ।

*** 'को वा कम्हि कसाये अभिक्खमुवजोगमुवजुत्तो' त्ति एत्थ अभिक्खमुवजोगपरूवणा कायव्वा ।**

§ ५५. एत्तो गाहापच्छिमद्धस्स जहावसरपत्तस्स अत्थविहासा कायव्वा त्ति पदुप्पायणट्ठमेदं सुत्तमोइण्णं । एत्थ य गाहापच्छद्धे अभिक्खमुवजोगपरूवणा कायव्वा, अभीक्ष्णमुपयोगो मुहुर्मुहुरुपयोग इत्यर्थः । एकस्य जीवस्यैकस्मिन् कषाये पौनःपुन्येनोपयोग इति यावत् । तत्थोघेण ताव कसायाणमभिक्खमुवजोगपरिणामक्कमपदंसणट्ठमुवरिमं पबंधमाह—

*** उससे उन्हींमें क्रोधका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।**
*** उससे उन्हींमें मायाका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।**
*** उससे उन्हींमें लोभका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।**
*** उससे संज्ञी पर्याप्तकोंमें मानका उत्कृष्ट काल संख्यातगुणा है ।**
*** उससे उन्हींमें क्रोधका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।**
*** उससे उन्हींमें मायाका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।**
*** उससे उन्हींमें लोभका उत्कृष्ट काल विशेष अधिक है ।**

§ ५४. यह सब अल्पबहुत्वका प्रबन्ध सुगम है । इस प्रकार प्रथम गाथाके पूर्वार्धके अर्थका व्याख्यान समाप्त हुआ ।

*** 'कौन जीव किस कषायमें निरन्तर उपयोगसे उपयुक्त रहता है' इस प्रकार इस विषयमें निरन्तर होनेवाले उपयोगकी प्ररूपणा करनी चाहिए ।**

§ ५५. आगे यथावसरप्राप्त गाथाके उत्तरार्धका विशेष व्याख्यान करना चाहिए इस बातका कथन करनेके लिए यह सूत्र अवतीर्ण हुआ है । यहाँ गाथाके उत्तरार्धके अनुसार पुनः पुनः उपयोगकी प्ररूपणा करनी चाहिए । अभीक्ष्ण उपयोगका अर्थ है पुनः पुनः उपयोगका होना। एक जीवके एक कषायमें बार-बार उपयोगका होना यह इसका आशय है । उसमें सर्वप्रथम ओघसे कषायोंके पुनः पुनः उपयोग परिणामक्रमके दिखलानेके लिए आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

*** ओघेण ताव लोभो माया कोधो माणो त्ति असंखेज्जेसु आगरिसेसु गदेसु सइं लोभागरिसा आदिरेगा भवदि ।**

§ ५६. एदस्स सुत्तस्सत्थो वुच्चदे—ओघेण ताव इमस्स कसायस्स अभिक्खमुवजोगवारा थोवा, इमस्स च कसायस्स अभिक्खमुवजोगवारा बहुगा त्ति परूवणं कस्सामो त्ति जाणावणट्ठमोघणिद्देसो एत्थ कओ । तत्थ वि तिरिक्ख-मणुसगईओ चेव पहाणभावेणावलंबिय पयदपरूवणा कीरदे । तं जहा—तत्थ लोभो माया कोधो माणो त्ति एदीए परिवाडीए अवट्ठिदसरूवाए असंखेज्जेसु आगरिसेसु गदेसु तदो एगवारं लोभागरिसा अदिरित्ता भवदि । कुदो एवं ? सहावदो । एत्थागरिसा त्ति वुत्ते परियट्टणवारो त्ति गहेयव्वं । एवमेसो सुत्तस्स अवयवत्थो परूविदो । संपहि एदस्सेवत्थस्स फुडीकरणट्ठमिमा संदिट्ठिमुहेण समुदायत्थपरूवणा कीरदे । तं कथं ? लोभो माया कोधो माणो १ १ १ १ । पुणो वि लोभो माया कोधो माणो त्ति १ १ १ १ । एदेण विहिणा असंखेज्जेसु परियट्टणवारेसु गदेसु तदो लोहो माया कोधो माणो होदूण पुणो लोभो माया त्ति मायाए ट्ठिदजीवो कोधमगंतूण पुणो पडिणियत्तिय लोभमेव गदो । लोहेण सह अंतोमुहुत्तमच्छिय पुणो मायमुल्लंघियूण कोधं गदो । पच्छा माणं गदो । तदो चउहिं कसाएहिं अवट्ठिदपरिवाडीए असंखेज्जेसु वारेसु गदेसु एगवारं लोभागरिसो

*** ओघसे लोभ, माया, क्रोध, मान इस परिपाटीसे असंख्यात परिवर्तनवारोंके हो जाने पर एक बार लोभकषायका परिवर्तनवार अधिक होता है ।**

§ ५६. इस सूत्रका अर्थ कहते हैं—सर्व प्रथम ओघसे इस कषायके पुनः पुनः उपयोगवार थोड़े होते हैं और इस कषायके पुनः पुनः उपयोगवार बहुत होते है इसका कथन करेंगे इस बातका ज्ञान करानेके लिए सूत्रमें ओघपदका निर्देश किया है । उसमें भी तिर्यञ्चगति और मनुष्यगतिका ही प्रधानरूपसे अवलम्बन लेकर प्रकृत प्ररूपणा करते हैं । यथा—लोभ, माया, क्रोध, मान इस अवस्थितस्वरूप पारिपाटीसे असंख्यात परिवर्तनवारोंके होनेपर उसके बाद एक बार लोभका परिवर्तनवार अतिरिक्त होता है, क्योंकि ऐसा स्वभाव है । यहाँपर आगरिसा ऐसा कहनेपर परिवर्तनवार ऐसा ग्रहण करना चाहिए । इस प्रकार यह सूत्रका अवयवार्थ कहा । अब इसी अर्थको स्पष्ट करनेके लिए संदृष्टिद्वारा यह समुदायार्थप्ररूपणा करते हैं ।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—लोभ, माया, क्रोध, मान १ १ १ १ । पुनः लोभ, माया, क्रोध, मान १ १ १ १ । इस प्रकार इस विधिसे असंख्यात परिवर्तनवारोंके हो जानेपर उसके बाद लोभ, माया, क्रोध, मान होकर पुनः लोभ और मायाके होनेपर मायामें स्थित हुआ जीव क्रोधको प्राप्त हुए बिना पुनः लौटकर लोभको ही प्राप्त हुआ । तब लोभके साथ अन्तर्मुहूर्त काल तक रह कर पुनः मायाको उल्लंघन कर क्रोधको प्राप्त हुआ । इसके बाद मानको प्राप्त हुआ । इस प्रकार चारों कषायोंके साथ अवस्थित परिपाटीद्वारा असंख्यात परिवर्तनवार होनेपर एकबार लोभका परिवर्तनवार अतिरिक्त होता है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए । उसकी यह

अदिरित्तो होदि त्ति घेत्तव्वं । एवमेसा पढमपरिवाडी सुत्ते परूविदा ।

§ ५७. संपहि एदेणेव सूचिदाओ असंखेज्जाओ परिवाडीओ वत्तइस्सामो । तं जहा—एगवारं लोभागरिसे अहिये जादे पुणो वि पुव्वविहाणेण लोभो माया कोधो माणो त्ति होदूण १ १ १ १ पुणो वि तहा चेव होदूण १ १ १ १ एवमेदेण विहिणा असंखेज्जवारे गंतूण तदो पच्छिमवियप्पे पुव्वुत्तविहिणा चेव लोभो माया च होदूण तदो जइ लोभं चेव णियत्तिदूण पडिवज्जइ, तो लोभादो मायमुल्लंघियूण[1] कोधो होदूण पुणो माणो होदि त्ति लोभागरिसो विदियवारमदिरित्तो लब्भदे ३ २ २ २ । अह जइ लोभो माया कोधो त्ति होदूण तत्तो पडिणियत्तिय लोभं पडिवज्जदि तो पुव्वं व लोभादो मायं कोधं च वोलेयूण पुणो माणं पडिवज्जदि त्ति । एवं पि लोभागरिसो विदियवारमदिरित्तो समुवलब्भदे । एवमेदेण विधिणा पुणो-पुणो भण्णमाणे असंखेज्जाओ लोभपरिवाडीओ अदिरित्ता लब्भंति । ताधे सव्वपरिवाडीणमेसा संदिट्ठी ९ ६ ६ ६ ।

संदृष्टि है ३ २ २ २ । अथवा पहले असंख्यातवार अवस्थित परिपाटीसे जाकर पुनः अन्तिम वारके समय लोभ, माया और क्रोध होकर पुनः लौटकर लोभको ही प्राप्त होकर उसके बाद माया और क्रोधको उल्लंघन कर मानको प्राप्त हुआ । इस प्रकार लोभका परिवर्तनवार अधिक होता है ऐसा यहाँ कहना चाहिए । इस प्रकार यह प्रथम पारिपाटी सूत्रमें कही गई है ।

§ ५७. अब इसी द्वारा सूचित हुई असंख्यात परिपाटियोंको बतलाते हैं । यथा—एक बार लोभपरिवर्तनवारके अधिक होनेपर फिर भी पूर्वविधिसे लोभ, माया, क्रोध, मान १ १ १ १ इस प्रकार होकर फिर भी उसी प्रकार होकर १ १ १ १ इस प्रकार इस विधिसे असंख्यातवार जाकर उसके बाद अन्तिम विकल्प पूर्वोक्त विधिसे ही लोभ और माया होकर उसके बाद यदि निवृत्त होकर लोभको ही प्राप्त होता है तो लोभके बाद मायाको उल्लंघन कर क्रोध होकर पुनः मान होता है । इस प्रकार लोभका परिवर्तनवार दूसरी बार अतिरिक्त प्राप्त होता है—३ २ २ २ । और यदि लोभ, माया, क्रोध इस प्रकार होकर उसके बाद लौटकर लोभको प्राप्त होता है तो पहलेके समान लोभके बाद माया और क्रोधको उल्लंघनकर पुनः मानको प्राप्त होता है । इस प्रकार भी लोभका परिवर्तनवार दूसरीबार अतिरिक्त प्राप्त होता है । इस प्रकार इस विधिसे पुनः पुनः कथन करनेपर असंख्यात लोभ परिपाटियाँ अतिरिक्त प्राप्त होती हैं । तब सब परिपाटियोंकी यह संदृष्टि ९ ६ ६ ६ होती है ।

विशेषार्थ—संसारमें सकषायी तिर्यञ्चों और मनुष्योंके क्रोधादि कषायोंके परिवर्तनक्रमका यहाँ निर्देश करते हुए बतलाया है कि लोभ, माया, क्रोध, मान इस क्रमसे कषायोंका स्वभावसे परिणमन होता है । ऐसा चारों कषायोंका एकबार परिणमन हुआ इसे संदृष्टिद्वारा १ १ १ १ इस प्रकार बतलाया गया है । इस प्रकार कषायोंके परिवर्तनका यह क्रम जब असंख्यातबार

---

१. प्रतिषु –मुल्लंविय इति पाठः ।

§ ५८. एवमेदासु समत्तासु तदो अण्णारिसी परिवाडी पारभदि त्ति जाणावणट्ठ-मुत्तरसुत्तमोइण्णं—

*** असंखेज्जेसु लोभागरिसेसु अदिरेगेसु गदेसु कोधागरिसेहिं मायागरिसा अदिरेगा होइ ।**

§ ५९. एदस्स सुत्तस्स अवयवत्थपरूवणा सुगमा । संपहि समुदायत्थो वुच्चदे—तं जहा—पुव्वुत्तलोभपरिवाडीसु णिट्ठिदासु तदो लोभो माया कोधो माणो १ १ १ १ । पुणो वि लोभो माया कोहो माणो त्ति एदीए अवट्ठिदपरिवाडीए असंखेज्जेसु वारेसु गदेसु तदो लोभो माया कोधो त्ति होदूण पुणो मायाए णियत्तिय तत्थंतोमुहुत्तमच्छिय पुणो कोधमुल्लंघिय माणं गदो । एवं गदे कोधागरिसेहिंतो मायागरिसो एगवारमदिरित्तो लद्धो । तस्स संदिट्ठी २ ३ २ २ । पुणो ९ ६ ६ ६ एदेण विहिणा असंखेज्जाओ लोभपरिवाडीओ समाणिय तदो एगवारमणंतरपरूविदकमेण कोधागरिसेहिंतो मायागरिसो विदियवारमदिरित्तो लब्भदे २ ३ २ २ । पुणो वि ताए चेव परिवाडीए एदाओ

हो लेता है तब अन्तिम परिवर्तनके समय लोभ और माया होकर क्रोधको प्राप्त हुए बिना पुनः लोभको प्राप्त होता है । तथा अन्तर्मुहूर्त काल तक लोभके साथ रह कर मायाको उल्लंघनकर क्रमसे क्रोध और मानको प्राप्त होता है । इस प्रकार चारों कषायों द्वारा अवस्थित परिपाटीके क्रमसे असंख्यातवारोंके व्यतीत होनेपर लोभका एक परिवर्तनवार अधिक होता है । अवस्थित परिपाटीक्रमसे चारों कषायोंके असंख्यात परिवर्तनवार हुए और अन्तिम परिवर्तनवारके समय लोभका एक अतिरिक्त परिवर्तनवार हुआ इसे संदृष्टि द्वारा इस प्रकार दिखलाया गया है—३ २ २ २ । यह एक क्रम है । दूसरे क्रमके अनुसार असंख्यात परिवर्तनवारोंके होनेके बाद अन्तिम परिवर्तनवार होते समय लोभ, माया और क्रोध होकर पुनः लौटकर लोभ हुआ तथा माया और क्रोधको उल्लंघनकर मानको प्राप्त हुआ । इस प्रकार पूर्वोक्त विधिसे बार-बार परिवर्तनवार होकर असंख्यात लोभ परिपाटियाँ अतिरिक्त प्राप्त होती हैं । यहाँ सब मिलाकर जितनी परिपाटियाँ हुई हैं उन्हें संदृष्टि द्वारा इस प्रकार दिखलाया गया है—९ ६ ६ ६ ।

§ ५८. इस प्रकार इन परिपाटियोंके समाप्त होनेपर अन्य प्रकारकी परिपाटी प्रारम्भ होती है इसका ज्ञान करानेके लिए आगेका सूत्र आया है—

*** इस प्रकार लोभसम्बन्धी असंख्यात परिवर्तनवारोंके अतिरिक्त हो जाने पर क्रोधसम्बन्धी परिवर्तनवारोंसे मायासम्बन्धी परिवर्तनवार अतिरिक्त होता है ।**

§ ५९. इस सूत्रके अवयवोंकी अर्थ प्ररूपणा सुगम है । अब समुच्चय अर्थ कहते हैं । यथा—पूर्वोक्त लोभपरिपाटियोंके समाप्त हो जानेपर उसके बाद लोभ, माया, क्रोध, मान १ १ १ १ होकर फिर भी लोभ, माया, क्रोध, मान इस अवस्थित परिपाटीके अनुसार असंख्यातवार हो जानेपर फिर लोभ, माया, क्रोध होकर पुनः मायामें लौटकर और उसरूप अन्तर्मुहूर्त काल तक रहकर पुनः क्रोधको उल्लंघनकर मानको प्राप्त हुआ । ऐसा होनेपर क्रोधसम्बन्धी परिवर्तनवारोंसे मायासम्बन्धी परिवर्तनवार एकबार अतिरिक्त प्राप्त हुआ । उसकी संदृष्टि—२ ३ २ २ है । पुनः पूर्वोक्त ९ ६ ६ ६ इस विधिसे असंख्यात लोभ परिपाटियोंको समाप्त कर उसके बाद एकबार अनन्तर प्ररूपितक्रमसे क्रोधसम्बन्धी परिवर्तनवारोंसे मायासम्बन्धी परिवर्तनवार दूसरी बार अतिरिक्त प्राप्त होता है । उसकी संदृष्टि—

९ ६ ६ ६ लोभागरिसाणमदिरेयपरिवाडीओ समाणिय पुणो लोभो माया कोधो माणो त्ति एवमसंखेज्जवारे गंतूण तदो मायासण्णिदो एक्कारसविदो लब्भदे २ ३ २ २। एवमणेण विहाणेण मायागरिसा वि असंखेज्जवारमहिया लद्धा हवंति। एवमेसा विदिय-परिवाडी एदेण सुत्तेण परूविदा।

§ ६०. संपहि एदीए परिवाडीए असंखेज्जेसु मायागरिसेसु अहिएसु समइक्कंतेसु तदो अण्णाए परिवाडीए पारंभो होदि त्ति जाणावणट्ठमुवरिमसुत्तमोइण्णं—

*** असंखेज्जेहि मायागरिसेहिं अदिरेगेहिं गदेहिं माणागरिसेहिं कोधागरिसा अदिरेगा होदि।**

§ ६१. एत्थ वि अवयवत्थपरूवणा सुगमा त्ति तमुज्झियूण समुदायत्थं चेव वत्तइस्सामो। तं जहा—मायागरिसेसु असंखेज्जेसु अदिरित्तेसु गदेसु लोभो माया कोधो माणो त्ति ताए चेवावट्ठिदपरिवाडीए ९ ६ ६ ६ एदाओ लोभागरिसाणमदिरेय-परिवाडीओ समाणिय पुणो लोभो माया कोधो माणो त्ति असंखेज्जवारे गंतूण तत्थ

---

२ ३ २ २ है। फिर भी उसी परिपाटीके अनुसार इन ९ ६ ६ ६ लोभसम्बन्धी परिवर्तन-वारोंकी अतिरिक्त परिपाटियोंको समाप्त कर पुनः लोभ, माया, क्रोध, मान इस विधिसे असंख्यातवार जाकर तदनन्तर मायासम्बन्धी परिवर्तनवार एक वार अतिरिक्त प्राप्त होता है। उसकी संदृष्टि २ ३ २ २ है। इस प्रकार इस विधिसे मायासम्बन्धी परिवर्तनवार भी असंख्यातवार अधिक प्राप्त होते हैं। इस प्रकार यह दूसरी परिपाटी इस सूत्र द्वारा कही गई है।

विशेषार्थ—पूर्वमें लोभसम्बन्धी परिवर्तनवार अन्य कषायोंसम्बन्धी परिवर्तनवारोंसे अतिरिक्त किस विधिसे प्राप्त होते हैं यह बतला आये हैं। यहाँ मायासम्बन्धी परिवर्तनवार क्रोधसम्बन्धी परिवर्तनवारोंसे अतिरिक्त कैसे प्राप्त होते हैं यह बतलाया गया है। टीकामें इसका जो स्पष्टीकरण किया है उससे मालूम होता है कि जब सब परिपाटियोंके अनुसार लोभसम्बन्धी असंख्यात परिवर्तनवार अतिरिक्त हो लेते हैं तब एकबार मायासम्बन्धी परिवर्तन-वार अधिक होता है और यह क्रम मायासम्बन्धी असंख्यात परिवर्तनवारोंके अतिरिक्त होने तक चलता रहता है। यह दूसरी परिपाटी है जो इस सूत्रद्वारा सूचित की गई है।

§ ६०. अब इस परिपाटीके अनुसार असंख्यात मायासम्बन्धी परिवर्तनवारोंके व्यतीत हो जानेपर उसके बाद अन्य परिपाटीका प्रारम्भ होता है इस बातका ज्ञान करानेके लिए आगेका सूत्र आया है—

*** इस प्रकार मायासम्बन्धी असंख्यात परिवर्तनवारोंके अतिरिक्त हो जानेके बाद मानसम्बन्धी परिवर्तनवारोंसे क्रोधसम्बन्धी परिवर्तनवार अतिरिक्त होता है।**

§ ६१. यहाँ पर भी अवयवार्थ प्ररूपणा सुगम है, इसलिए उसे छोड़कर समुच्चयरूप अर्थको ही बतलावेंगे। यथा—मायासम्बन्धी असंख्यात परिवर्तनवारोंके अतिरिक्त हो जाने-पर लोभ, माया, क्रोध, मान इस प्रकार उसी अवस्थित परिपाटीके अनुसार ९ ६ ६ ६ इन लोभसम्बन्धी परिवर्तनवारोंकी अतिरिक्त परिपाटियोंको समाप्त कर पुनः लोभ, माया

---

१. ता०प्रतौ परिणामिदत्तादी इति पाठः।

मायागरिसाणमदिरेगपाओग्गविसए तहा अहोदूण माणागरिसेहिंतो कोहागरिसा एगवार-महिया होइ २ २ ३ २, माणादो कोहमागंतूण पुणो लोभादिसु जहाकमं परिणमिदत्तादो[1]। एवं पुणो-पुणो कीरमाणे मायागरिसेहिंतो कोधागरिसा वि असंखेज्जवारमदिरित्ता समुव-लद्धा हवंति। तदो एवंविहमेगं परिवत्तं कादूण पुणो वि णेदव्वं जाव णिरुद्धकालो समत्तो त्ति। असंखेज्जवस्समेत्तो एत्थ णिरुद्धकालो त्ति घेत्तव्वं। एत्थ णिरुद्धकालब्भं-तरे लोभागरिसाणं सव्वसमासो संदिट्ठीए एसो ४४। एदे मायागरिसा ३५। कोधा-गरिसा एदे ३३। माणागरिसा च एदे ३२। अहवा लोहादीणं परिवत्तणसंदिट्ठी एवं वा ठवेयव्वा—

३	२	२	२	३	२	२	२	३	२	२	२	३	२	२	२
३	२	२	२	३	२	२	२	३	२	२	२	३	२	२	२
३	२	२	२	३	२	२	२	३	२	२	२	३	२	२	२
२	३	२	२	२	३	२	२	२	३	२	२	२	२	३	२

आगमोद्धारक श्रुतसेवाभावी आचार्य श्री सुदर्शनसागर जी महाराज

एदं सव्वं पि असंखेज्जवस्साउअतिरिक्ख-मणुसे अस्सियूण परूविदं। संपहि संखेज्जवस्साउअतिरिक्ख-मणुस्से अस्सियूण जइ वुच्चइ तो कोह-माण-माया-लोहाण-मागरिसा अण्णोण्णं पेक्खियूण सरिसा चेव हवंति। किं कारणं? असंखेज्जपरिवत्तणवारा

क्रोध, मान इस विधिसे असंख्यातवार जाकर वहाँ मायासम्बन्धी परिवर्तनवारके अतिरिक्त प्राप्त होनेके स्थानपर उस प्रकार न होकर अर्थात् मायासम्बन्धी अतिरिक्त परिवर्तनवार न प्राप्त होकर मानसम्बन्धी परिवर्तनवारोंसे क्रोधसम्बन्धी परिवर्तनवार एकबार अधिक प्राप्त होता है। उसकी संदृष्टि २ २ ३ २ है, क्योंकि तब मानके बाद (दूसरी बार) क्रोधको प्राप्त कर पुनः क्रमानुसार लोभादिरूपसे परिणमन करता है। इस प्रकार पुनः पुनः करनेपर मायाके परिवर्तनवारोंसे क्रोधके परिवर्तनवार भी असंख्यातवार अधिक प्राप्त होते हैं। तदनन्तर इस प्रकार एक परिवर्तन करके फिर भी विवक्षित कालके समाप्त होने तक फिर भी उक्त विधिसे परिवर्तन कराना चाहिए। यहाँ विवक्षित काल असंख्यात वर्षप्रमाण ग्रहण करना चाहिए। यहाँ पर विवक्षित कालके भीतर लोभके परिवर्तनवारोंका कुल जोड़ संदृष्टिके अनुसार ४४ है। संदृष्टिके अनुसार ये ३५ मायाके परिवर्तनवार हैं। संदृष्टिके अनुसार ये ३३ क्रोधके परिवर्तनवार हैं। तथा संदृष्टिके अनुसार ये ३२ मानके परिवर्तनवार हैं। अथवा लोभादिककी परिवर्तनसंदृष्टि इस प्रकार स्थापित करनी चाहिए—

लो०	मा०	क्रो०	मा०	लो०	मा०	क्रो०	मा०	लो०	मा०	क्रो०	मा०	लो०	मा०	क्रो०	मा०
३	२	२	२	३	२	२	२	३	२	२	२	३	२	२	२
३	२	२	२	३	२	२	२	३	२	२	२	३	२	२	२
३	२	२	२	३	२	२	२	३	२	२	२	३	२	२	२
२	३	२	२	२	३	२	२	२	३	२	२	२	२	३	२

यह सभी असंख्यात वर्षकी आयुवाले तिर्यञ्चों और मनुष्योंको मुख्यकर कहा है। अब संख्यात वर्षकी आयुवाले तिर्यञ्चों और मनुष्योंकी मुख्यतासे यदि कहते हैं तो क्रोध मान, माया, लोभके परिवर्तनवार एक-दूसरेको देखते हुए सदृश ही होते हैं, क्योंकि

१. ता०प्रतौ परिणामिदत्तादी इति पाठः।

सरिसा होदूण जाव ण गदा ताव लोभादीणमागरिसा अहिया ण होंति त्ति सुत्त-वयणादो।

*** एवमोघेण।**

§ ६२. एवमेसा ओघेण चउण्हं कसायाणमभिक्खमुवजोगपरूवणा कया। एत्तो आदेशपरूवणं वत्तइस्सामो। तत्थ वि तिरिक्ख-मणुसगदीसु ओघपरूवणादो णत्थि णाणत्तमिदि तप्पदुप्पायणट्ठमप्पणासुत्तमाह—

*** एवं तिरिक्खजोणिगदीए मणुसगदीए च।**

§ ६३. सुगममेदमप्पणासुत्तं, विसेसाभावणिबंधणत्तादो। संपहि णिरयगदीए अभिक्खमुवजोगविसेसपदुप्पायणट्ठमुवरिमं पबंधमाह—

*** णिरयगईए कोहो माणो कोहो माणो त्ति बारसहस्साणि परियत्तिदूण सइं माया परिवत्तदि।**

असंख्यात परिवर्तनवार सदृश होकर जब तक व्यतीत नहीं होते तब तक लोभादिकके अधिक परिवर्तनवार नहीं होते ऐसा यह सूत्रवचन है।

विशेषार्थ—पहले यह बतला आये हैं कि जब अपनी-अपनी परिपाटियोंके अनुसार लोभके एक-एक कर परिवर्तनवार असंख्यात हो जाते हैं तब एक बार मायाका परिवर्तनवार अधिक होता है। यहाँ क्रोधका परिवर्तनवार एकबार अधिक कैसे होता है यह बतलाया गया है। क्रम यह है कि जब लोभके परिवर्तनवार असंख्यातबार अधिक हो जाते हैं तब मायाका परिवर्तनवार एकबार अधिक होता है और इस विधिसे जब मायाके परिवर्तनवार असंख्यात अधिक हो जाते हैं तब एकबार क्रोधका परिवर्तनवार अधिक होता है। आगे भी यही क्रम है। इस अन्तिम संदृष्टिके पूर्व चारों कषायोंके परिवर्तनवारोंको सूचित करनेके लिए जो संदृष्टि दी है उसमें जो विधि स्वीकार की गई है उसका खुलासा यहाँ पूर्वमें अंक संदृष्टि द्वारा किया ही है। उसके अनुसार अंक संदृष्टिकी अपेक्षा लोभके परिवर्तनवार ४४, मायाके परिवर्तनवार ३५, क्रोधके परिवर्तनवार ३३ और मानके परिवर्तनवार ३२ प्राप्त होते हैं।

*** यहाँ प्ररूपणा ओघसे की गई है।**

§ ६२. इस प्रकार चारों कषायोंके पुनः पुनः उपयुक्त होनेकी यह प्ररूपणा ओघसे की गई है। इससे आगे आदेशप्ररूपणाको बतलावेंगे। उसमें भी तिर्यञ्चगति और मनुष्यगतिमें ओघप्ररूपणासे आदेशप्ररूपणामें भेद नहीं है, इसलिए उसका कथन करनेके लिए अर्पणा सूत्रको कहते हैं—

*** इसी प्रकार तिर्यञ्चयोनिगतिमें और मनुष्यगतिमें जानना चाहिए।**

§ ६३. यह अर्पणासूत्र सुगम है, ओघसे इन दोनों गतियोंमें विशेषताका अभाव इसका कारण है। अब नरकगतिमें पुनः पुनः उपयोगविशेषका कथन करनेके लिए आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

*** नरकगतिमें क्रोध-मान पुनः क्रोध-मान इस प्रकार हजारोंबार परिवर्तन होकर एकबार मायारूप परिवर्तन होता है।**

§ ६४. जहा ओघपरूवणाए लोभो माया कोधो माणो त्ति एदीए अवट्ठिदपरिवाडीए असंज्जेसु आगरिसेसु गदेसु तदो अण्णारिसी परिवाडी होदि तहा एत्थ णत्थि, किंतु एत्थ णिरयगदीए कोधो माणो कोधो माणो त्ति एसा अवट्ठिदपरिवाडी। एदीए परिवाडीए वारसहस्साणि परियट्टिदूण तदो सइं मायापरिवत्ती होइ। किं कारणं? णेरइएसु अच्चंतदोसबहुलेसु कोह-माणाणं चेव पउरं संभवादो। एवं पुणो-पुणो परिवत्तमाणे मायापरिवत्ता वि संखेज्जसहस्समेत्ता जादा। तदो अण्णो विसरिसपरिवाडीए वियप्पो होदि त्ति पदुप्पायणट्ठमाह—

*** मायापरिवत्तेहिं संखेज्जेहिं गदेहिं सइं लोहो परिवत्तदि।**

§ ६५. संखेज्जसहस्सेहिं मायापरिवत्तेहिं पादेक्कं कोह-माणाणं संखेज्जपरिवत्तणसहस्साविणाभावीहिं गदेहिं तदो सइं लोभेण परिणमदि त्ति भणिदं होदि। कुदो एवं चेव? णिरयगदीए अच्चंतपापबहुलाए पेज्जसरूवलोहपरिणामस्स सुट्ठु दुल्लहत्तादो। एवमेस कमो ताव जाव अप्पणो णिरुद्धभवट्ठिदीए चरिमसमयो त्ति। संपहि दोण्हं एदेसिं सुत्ताणं संदिट्ठिमुहेण समुदायत्थपरूवणं कस्सामो। तं जहा—णिरयगदीए संखेज्जवस्साउअभवे असंखेज्जवस्साउअभवे वा कोहो माणो १ १ ० ० पुणो वि कोहो माणो त्ति २ २ ० ० एवंविहेसु संखेज्जसहस्सपरिवत्तणवारेसु गदेसु तदो अंतिमवारे

§ ६४. जिस प्रकार ओघप्ररूपणाकी अपेक्षा लोभ माया, क्रोध, मान इस प्रकार अवस्थित परिपाटीके अनुसार असंख्यात परिवर्तनवारोंके होनेपर तदनन्तर अन्य प्रकारकी परिपाटी होती है उस प्रकार यहाँ नहीं है, किन्तु यहाँ नरकगतिमें क्रोध-मान पुनः क्रोध-मान यह अवस्थित परिपाटी है। इस परिपाटीसे हजारों बार परिवर्तन करके तदनन्तर एक बार मायारूप परिवर्तन होता है, क्योंकि नारकी जीव अत्यन्त दोषबहुल होते हैं, इसलिए उनमें क्रोध और मानकी ही प्रचुरता पाई जाती है। इस प्रकार पुनः-पुनः परिवर्तन होनेपर मायारूप परिवर्तन भी संख्यात हजार बार हो जाते हैं। तब विसदृश परिपाटीके अनुसार अन्य विकल्प होता है इस बातका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** मायासम्बन्धी संख्यात हजार परिवर्तनवारोंके होनेपर एकबार लोभसम्बन्धी परिवर्तनवार होता है।**

§ ६५. मायासम्बन्धी प्रत्येक परिवर्तनवार क्रोध और मानके संख्यात हजार परिवर्तनवारोंका अविनाभावी है और इस प्रकार मायासम्बन्धी संख्यात हजार परिवर्तनवारोंके होनेके पश्चात् एक बार लोभरूपसे परिणमता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

शंका—ऐसा किस कारणसे होता है?

समाधान—अत्यन्त पापबहुल नरकगतिमें प्रेयस्वरूप लोभपरिणाम अत्यन्त दुर्लभ है।

इस प्रकार यह क्रम अपनी विवक्षित स्थितिके अन्तिम समय तक चलता रहता है। अब इन दोनों सूत्रोंके समुच्चयरूप अर्थकी संदृष्टि द्वारा प्ररूपणा करेंगे। यथा—नरकगतिमें संख्यात वर्षकी आयुवाले भवमें या असंख्यात वर्षकी आयुवाले भवमें क्रोध-मान १ १ ० ० पुनः क्रोध-मान २ २ ० ० इस प्रकारके संख्यात हजार परिवर्तनवारोंके हो जानेपर अन्तिम

कोहो होदूण माणमुल्लंघिय माया एगवारं परिवत्तदि ३ २ १ ०। पुणो वि पुव्वुत्त-विहिणा चेव कोहो माणो त्ति संखेज्जपरियट्टणवारे गंतूण पुणो पच्छिमे वारे कोहो होदूण माणमुल्लंघिय मायाए एगवारं परिवत्तदि ३ २ १ ०। पुणो वि एदेणेव विहिणा मायागरिसाणं पि संखेज्जसहस्सवारेसु समत्तेसु तदो तदणंतरपरिवाडीए कोहो होदूण माणं मायं च समुल्लंघिय सइं लोभेण परिणमइ ३ २ ० १। पुणो वि एदेण विहिणा ३ २ १ ०
३ २ १ ० मायागरिसेसु संखेज्जसहस्सवारं परिवत्तिदेसु पुणो कोहो होदूण माणं मायं च वोलिय एगवारं लोभेण परिणमइ ३ २ ० १। पुणो वि एदेणेव कमेण ३ २ १ ०
३ २ १ ० संखेज्जसहस्समेत्तमायापरिवत्तेसु गदेसु एगवारं लोभो परिवत्तदि। ३ २ ० १। एवं णेदव्वं जाव पुव्वणिरुद्धाउट्ठिदिचरिमसमयो त्ति। एत्थ सव्वसमासेण संदिट्ठी एसा—

३ २ १ ०	३ २ १ ०	३ २ १ ०	एत्थ कोह-माण-माया-लोभा-
३ २ १ ०	३ २ १ ०	३ २ १ ०	गरिसाणं जहाकमं सव्वपिंडो एसो २७
३ २ ० १	३ २ ० १	३ २ ० १	१८ ६ ३। एदेसिमप्पाबहुअं पुरदो

वत्तइस्सामो।

वारमें क्रोध होकर मानको उल्लंघन कर एक वार मायारूप परिवर्तन होता है। उसकी संदृष्टि है— ३ २ १ ०। फिर भी पूर्वोक्त विधिसे ही क्रोध, मान इस प्रकार संख्यात हजार परिवर्तनवारोंके हो जानेपर पुनः अन्तिम वारमें क्रोध होकर मानको उल्लंघन कर मायारूपसे एक वार परिवर्तन होता है। इसकी संदृष्टि है— ३ २ १ ०। फिर भी इसी पूर्वोक्त विधिसे संख्यात हजार मायासम्बन्धी परिवर्तनवारोंके भी समाप्त हो जानेपर उसके अनन्तर जो परिपाटी होती है उसमें क्रोध होकर तथा मान और मायाको उल्लंघन कर एक वार लोभ रूपसे परिणमता है। उसकी संदृष्टि ३ २ ० १ है। फिर भी इसी विधिसे ३ २ १ ०
३ २ १ ० माया परिवर्तनवारोंके संख्यात हजार वार परिवर्तित होनेपर पुनः क्रोध होकर तथा मान और मायाको उल्लंघन कर एक वार लोभरूपसे परिणमता है। उसकी संदृष्टि ३ २ ० १ है। फिर भी इसी क्रमसे ३ २ १ ०
३ २ १ ० मायाके परिवर्तनवारोंके संख्यात हजार वार हो जाने पर एक वार लोभरूप परिणमता है। उसकी संदृष्टि ३ २ ० १ है। इस प्रकार पहले प्राप्त हुई आयुस्थितिके अन्तिम समय तक जानना चाहिए। यहाँ सबकी समुच्चयरूप संदृष्टि यह है—

३ २ १ ०	३ २ १ ०	३ २ १ ०	यहाँ क्रोध, मान, माया और लोभके
३ २ १ ०	३ २ १ ०	३ २ १ ०	परिवर्तनवारोंका पूरा योग यह है—
३ २ ० १	३ २ ० १	३ २ ० १	क्रो० २७ मा० १८ मा० ६ लोभ ३।

इनका अल्पबहुत्व आगे कहेंगे।

विशेषार्थ—नरकगतिमें कषायोंके परिवर्तनका क्रम क्या है इसका विस्तृत रूपसे विचार यहाँ पर किया गया है। नारकी जीव अत्यन्त पापबहुल होते हैं, इसलिए उनमें क्रोध और मानकी बहुलता होती है। हजारों बार जब क्रोध, मान पुनः क्रोध, मान रूप परिणाम हो लेते हैं तब क्रोधके बाद मानरूप परिणाम न होकर एक बार मायारूप परि-

§ ६६. एवं णिरयगदीए अभिक्खमुवजोगसरूवणिरूवणं कादूण संपहि देवगदीए तप्परूवणट्ठमुवरिमं पबंधमाह—

*** देवगदीए लोभो माया लोभो माया त्ति वारसहस्साणि गंतूण तदो सइं माणो परिवत्तदि ।**

§ ६७. तं जहा—देवगदीए लोभो माया लोभो माया त्ति एदेसिं दोण्हं कसायाणं वारसहस्साणि गंतूण तदो सइं माणकसायो परिवत्तदि । कुदो एवं ? पेज्जसरूवाणं लोभ-मायाणं तत्थ बहुलं संभवदंसणादो । तदो लोभ-मायाहि संखेज्जवारसहस्साणि गंतूण तदो लोभेण परिणमिय मायापाओग्गविसये तमुल्लंघिय सइं माणेण परिवत्तदि त्ति सिद्धं । एवमेदेण कमेण पुणो-पुणो कीरमाणे माणपरिवत्ता वि संखेज्जसहस्समेत्ता जादा । तदो अण्णारिसो परिवत्तो होदि त्ति जाणावणट्ठमाह—

णाम होता है । पुनः इसी क्रमसे हजारों वार क्रोध,मान पुनः क्रोध, मान इस रूप परिणाम होनेके बाद क्रोधरूप परिणाम होकर मानके स्थानमें मायारूप परिणाम होता है और इस विधिसे जब हजारों वार मायारूप परिणाम हो लेते हैं तब क्रोधरूप परिणामके बाद मान और मायारूप परिणाम न होकर एक वार लोभरूप परिणाम होता है । नारकियोंके जीवनके अन्त तक यही क्रम चलता रहता है । यहाँ अंकसंदृष्टि द्वारा इसी तथ्यको समझाया गया है । अंकसंदृष्टिमें ३ यह संख्या संख्यात हजारकी, २ यह संख्या दो वार की और १ यह संख्या एक वारकी सूचक है । अंकसंदृष्टिमें ० शून्यसे यह सूचित किया गया है कि जब क्रोधके बाद लोभरूप परिणाम होता है तब उस वार मायारूप परिणाम नहीं होता । यद्यपि उस वार मानरूप भी परिणाम नहीं होता । परन्तु मानके स्थानमें मात्र २ यह संख्या रहनेसे यह बात सुतरां ख्यालमें आ जाती है ।

§ ६६. इस प्रकार नरकगतिमें पुनः पुनः कषायोंके उपयोगस्वरूपका कथन करके अब देवगतिमें उसका कथन करनेके लिए आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

*** देवगतिमें लोभ-माया पुनः लोभ-माया इस प्रकार संख्यात हजार वार जाकर तदनन्तर एक वार मानरूप परिवर्तन होता है ।**

§ ६७. यथा—देवगतिमें लोभ-माया पुनः लोभ-माया इस प्रकार इन दोनों कषायोंके संख्यात हजार वारोंको प्राप्त होकर तदनन्तर एकवार मानकषायरूपसे परिवर्तन करता है ।

शंका—ऐसा किस कारणसे होता है ?

समाधान—प्रेयस्वरूप लोभ और मायाकी वहाँ बहुलतासे उत्पत्ति देखी जाती है । इसलिए लोभ और मायाके द्वारा संख्यात हजार वारोंको प्राप्त होकर उसके बाद लोभरूपसे परिणमनकर मायाके योग्य स्थानमें मायाको उल्लंघनकर एकवार मानरूपसे परिवर्तित होता है यह सिद्ध हुआ । इस प्रकार इस क्रमसे पुनः पुनः करनेपर मानके परिवर्तित वार भी संख्यात हजार हो जाते हैं । तदनन्तर अन्य प्रकारका परिवर्तनवार होता है इसका ज्ञान करानेके लिए कहते हैं—

---

१. ता०प्रतौ माणकसायो इति पाठः ।

*** माणस्स संखेज्जेसु आगरिसेसु गदेसु तदो सइं कोधो परिवत्तदि ।**

§ ६८. माणागरिसेसु पादेक्कं लोभ-मायाणमागरिससहस्सावि णाभावीसु गदेसु सइं कोहेण परिवत्तदि, देवगदीए अप्पसत्थयरकोहपरिणामस्स पाएण संभवाणुवलंभादो । एवमेसो परिवत्तणक्कमो ताव जाव णिरुद्धाउट्ठिदिचरिमसमयो त्ति । एत्थ संदिट्ठिमुहेण समुदायत्थपरूवणाए णिरयगइभंगो । णवरि विवज्जासेण कायव्वमिदि । लोभसव्वसमासो एसो २७ । मायासव्वसमासो १८ । माणसव्वसमासो ६ । कोहसव्वसमासो ३ ।

माणुद्दिट्ठे ... एवमेसो णिरयगइभंगो ... को वा कम्हि कसाए अभिक्खमुवजोगमुवजुत्तो' त्ति एदम्मि गाहापच्छिमद्धे पडिबद्धमभिक्खमुवजोगपरूवणं कादूण संपहि तव्विसयमेवमप्पाबहुअं परूवेमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

*** एदीए परूवणाए एक्कम्हि भवग्गहणे णिरयगदीए संखेज्जवासिगे वा असंखेज्जवासिगे वा भवे लोभागरिसा थोवा ।**

§ ७०. एदीए अणंतरपरूविदाए अभिक्खमुवजोगपरूवणाए अप्पाबहुअं वत्तइस्सामो त्ति भणिदं होदि । एक्कम्हि भवग्गहणे एगभवग्गहणमहिरणं कादूणे त्ति वुत्तं

---

* मानके संख्यात हजार परिवर्तनवारोंके होने पर एक वार क्रोधरूप परिवर्तन होता है ।

§ ६८. प्रत्येक मानकषायका परिवर्तनवार लोभ और मायाके संख्यात हजार परिवर्तन वारोंका अविनाभावी है, इस क्रमसे मानकषायके संख्यात हजार परिवर्तनवारोंके हो जानेपर एकवार क्रोधरूपसे परिवर्तित होता है, क्योंकि देवगतिमें अप्रशस्ततर क्रोधपरिणामकी प्रायः उत्पत्ति नहीं है । इस प्रकार प्राप्त हुई आयुके अन्तिम समय तक यह परिवर्तनक्रम होता रहता है । यहाँ पर संदृष्टि द्वारा प्ररूपणा नरकगतिके समान है । इतनी विशेषता है कि विपर्यासरूपसे प्ररूपणा करनी चाहिए । संदृष्टिमें लोभ कषायका कुल योग २७ अंकप्रमाण है, मायाकषायका कुल योग १८ अंकप्रमाण है, मानकषायका कुल योग ६ अंकप्रमाण है और क्रोधकषायका कुल योग ३ अंकप्रमाण है ।

विशेषार्थ—जिस प्रकार पहले नरकगतिमें क्रोधादि कषायोंके परिवर्तनवारोंका स्पष्टीकरण कर आये हैं, यहाँ देवगतिमें भी उसी प्रकार जान लेना चाहिए । इतनी विशेषता है कि वहाँ क्रोध, मान, माया और लोभ इस क्रमको स्वीकार कर स्पष्टीकरण किया है । किन्तु यहाँ लोभ, माया, मान और क्रोध इस क्रमको स्वीकार कर विवेचन करना चाहिए ।

§ ६९. इस प्रकार इस प्रबन्ध द्वारा गाथाके 'को वा कम्हि कसाए अभिक्खमुवजोगमुवजुत्तो' इस उत्तरार्धसे सम्बन्ध रखनेवाले पुनः पुनः उपयोगका कथन कर अब उसीके विषयभूत अल्पबहुत्वका कथन करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** इस प्ररूपणाके अनुसार एक भवग्रहणमें नरकगतिमें संख्यात वर्षवाले भवमें या असंख्यात वर्षवाले भवमें लोभके परिवर्तनवार सबसे स्तोक हैं ।**

§ ७०. अनन्तर पूर्व कही गई इस पुनः-पुनः होनेवाली उपयोगप्ररूपणाके अनुसार अल्पबहुत्वको बतलावेंगे यह उक्त कथनका तात्पर्य है । 'एक्कम्हि भवग्गहणे' अर्थात् एक भवग्रहण-

होइ। णिरयगदीए ताव पयदपरूवणं कस्सामो, पच्छा सेसगदीणमिदि जाणावणट्ठं 'णिरयगदीए' त्ति वुत्तं। तत्थ वि संखेज्जवस्सिगे असंखेज्जवस्सिगे वा भवग्गहणे सरिसी एसा परूवणा त्ति पदुप्पायणट्ठं 'संखेज्जवस्सिगे वा असंखेज्जवस्सिगे वा' त्ति णिद्देसो कओ। 'लोभागरिसा थोवा' लोभपरिवत्तणवारा सव्वत्थोवा त्ति भणिदं होदि। कुदो एदेसिं थोवत्तमिदि चे? णिरयगदीए लोभपरियट्टणवाराणं सुट्ठु विरलाणमुवलंभादो।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** मायागरिसा संखेज्जगुणा।**

§ ७१. कुदो? एक्केक्कम्मि लोभपरिवत्ते संखेज्जसहस्साणं मायापरिवत्तणवाराणमुवलंभादो। को गुणगारो? तप्पाओग्गसंखेज्जसहस्सरूवाणि।

*** माणागरिसा संखेज्जगुणा।**

§ ७२. एत्थ वि कारणमणंतरपरूविदत्तादो सुगमं। गुणगारो च तप्पाओग्गसंखेज्जरूवमेत्तो।

*** कोहागरिसा विसेसाहिया।**

§ ७३. केत्तियमेत्तो विसेसो? सगसंखेज्जदिभागमेत्तो। लोभ-मायागरिसमेत्तेण

को आधार बनाकर यह उक्त कथनका तात्पर्य है। सर्व प्रथम नरकगतिमें प्रकृत प्ररूपणा करेंगे, तदनन्तर शेष गतियोंकी अपेक्षा यह प्ररूपणा करेंगे इस बातका ज्ञान करानेके लिए सूत्रमें 'णिरयगदीए' यह वचन कहा है। उसमें भी संख्यात वर्षकी आयुवाले और असंख्यात वर्षकी आयुवाले भवमें यह प्ररूपणा समान है इस बातका कथन करनेके लिए सूत्रमें 'संखेज्जवस्सिगे वा असंखेज्जवस्सिगे वा' यह निर्देश किया है। 'लोभागरिसा थोवा' लोभके परिवर्तनवार सबसे स्तोक हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

शंका—इसका स्तोकपना किस प्रमाणसे जाना जाता है?

समाधान—क्योंकि नरकगतिमें लोभके परिवर्तनवार अत्यन्त विरल पाये जाते हैं, इससे जानते हैं कि वहाँ लोभके परिवर्तनवार सबसे स्तोक हैं।

*** उनसे मायाकषायके परिवर्तनवार संख्यातगुणे हैं।**

§ ७१. क्योंकि लोभके एक-एक परिवर्तनवारमें मायाके परिवर्तनवार संख्यात हजार पाये जाते हैं।

शंका—गुणकार क्या है?

समाधान—तत्प्रायोग्य संख्यात हजार अंक गुणकार है।

*** उनसे मानकषायके परिवर्तनवार संख्यातगुणे हैं।**

§ ७२. यहाँ पर भी कारणका कथन सुगम है, क्योंकि उसका अनन्तर पूर्व कथन कर आये हैं। और गुणकार तत्प्रायोग्य संख्यात हजार अंकप्रमाण है।

*** उनसे क्रोधकषायके परिवर्तनवार विशेष अधिक हैं।**

§ ७३. **शंका**—विशेषका प्रमाण कितना है?

समाधान—अपना संख्यातवाँ भागप्रमाण है। मानके परिवर्तनवारोंसे लोभ और

माणागरिसहिंतो कोहागरिसा विसेसाहिया त्ति वुत्तं होइ ।

§ ७४. एवं णिरयोघो परूविदो । एवं सव्वासु पुढवीसु । णवरि पढमपुढवीदो अण्णत्थ संखेज्जवस्सियभवग्गहणालावो ण कायव्वो । संपहि देवगदीए पयदप्पाबहुअ-गवेसणट्ठमाह—

*** देवगदीए कोधागरिसा थोवा ।**

§ ७५. ३ । णिरयगदीए लोभागरिसाणं थोवत्ते परूविदकारणमेत्थ वि परूवेयव्वं, विसेसाभावादो ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** माणागरिसा संखेज्जगुणा ।**

§ ७६. ६ । एत्थ वि कारणं सुगमं, णिरयगइमायागरिसेहिं वक्खाणिदत्थादो ।

*** मायागरिसा संखेज्जगुणा ।**

§ ७७. १८ । सुगममेदं पि सुत्तं, णिरयगदिमाणागरिसेहिं समाणपरूवणत्तादो ।

मायाके परिवर्तनवार मात्र क्रोधके परिवर्तनवार विशेष अधिक हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अर्थात् मानकषायके परिवर्तनवारोंमें लोभ और मायाके परिवर्तनवारोंको मिला देने पर क्रोधके परिवर्तनवार आ जाते हैं जो अपने अर्थात् क्रोधकषायके समस्त परिवर्तनवारोंके संख्यातवें भागप्रमाण हैं। इसे अंकसंदृष्टिसे अच्छी तरह समझा जा सकता है। अंकसंदृष्टि पहले दे ही आये हैं।

§ ७४. इस प्रकार ओघसे नारकियोंमें प्ररूपणा की। इसी प्रकार सब पृथिवियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि पहली पृथिवीके सिवाय अन्य पृथिवियोंमें संख्यात वर्षवाले भवग्रहणरूप आलाप नहीं कहना चाहिए। अब देवगतिमें प्रकृत अल्पबहुत्वका अनुसन्धान करनेके लिए कहते हैं—

*** देवगतिमें क्रोधकषायके परिवर्तनवार सबसे थोड़े हैं ।**

§ ७५. ३ । नरकगतिमें लोभकषायके परिवर्तनवारोंके स्तोकपनेका जो कारण कह आये हैं उससे यहाँ भी कहना चाहिए, क्योंकि उससे इसमें कोई विशेषता नहीं है। तात्पर्य यह है कि देवगति प्रेयबहुल गति है, इसलिए वहाँ पर क्रोधकषायके परिवर्तनवार सबसे थोड़े पाये जाते हैं। यहाँ अंकसंदृष्टिमें उनकी संख्या ३ प्राप्त होती है।

*** उनसे मानकषायके परिवर्तनवार संख्यातगुणे हैं ।**

§ ७६. ६ । यहाँ पर भी कारणका कथन सुगम है, क्योंकि नरकगतिमें मायाकषायके परिवर्तनोंके कथनके साथ उस अर्थका व्याख्यान कर आये हैं। तात्पर्य यह है कि देवोंमें क्रोधकषायका एक-एक परिवर्तनवार तब होता है जब मानकषायके संख्यात हजार परिवर्तनवार हो लेते हैं। पिछले चूर्णिसूत्रके प्रसंगसे अंकसंदृष्टि द्वारा क्रोधकषायके परिवर्तनवारोंकी संख्या ३ कल्पित की गई है। यहाँ मानकषायके परिवर्तनवारोंकी संख्या ६ कल्पित की है।

*** उनसे मायाकषायके परिवर्तनवार संख्यातगुणे हैं ।**

§ ७७. १८। यह सूत्र भी सुगम है, क्योंकि नरकगतिमें मानकषायके परिवर्तनवारोंके समान इसकी प्ररूपणा है।

विशेषार्थ—यहाँ अंकसंदृष्टिकी अपेक्षा संख्यात हजारकी सहनानी ३ है। पूर्वमें मान-

*** लोभभागरिसा विसेसाहिया ।**

§ ७८. २७ । केत्तियमेत्तो विसेसो ? सगसंखे०भागभूदकोह-माणागरिसमेत्तो ।

§ ७९. एवं भवणादि जाव सव्वट्ठसिद्धि त्ति वत्तव्वं, विसेसाभावादो । संपहि तिरिक्ख-मणुसगदीसु पयदप्पाबहुअविहासणट्ठमाह—

*** तिरिक्ख-मणुसगदीए असंखेज्जवस्सिगे भवग्गहणे माणागरिसा थोवा ।**

§ ८० एत्थासंखेज्जवस्सियभवग्गहणविसेसणं संखेज्जवस्सियभवग्गहणे पयदप्पाबहुअसंभवो णत्थि त्ति जाणावणफलं दट्ठव्वं, तत्थ चदुण्हं कसायाणं परिवत्तणवाराणं सरिसत्तदंसणादो । एत्थ संदिट्ठीए माणागरिसाणं पमाणमेदं ३२ ।

*** कोहागरिसा विसेसाहिया ।**

परिवर्तनवारोंकी संख्या अंकसंदृष्टिमें ६ बतला आये हैं । इसे ३ से गुणा करने पर १८ प्राप्त होते हैं । इसे ध्यानमें रख कर वास्तविक अर्थ जान लेना चाहिए ।

*** उनसे लोभकषायके परिवर्तनवार विशेष अधिक हैं ।**

शंका—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—अपने संख्यातवें भागप्रमाण जो क्रोध और मानकषायके परिवर्तनवार हैं उतना विशेषका प्रमाण है ।

विशेषार्थ—यहाँ टीकामें 'सगसंखे०भागभूद' पद आया है । उसका तात्पर्य है कि लोभकषायके जितने परिवर्तनवार हैं उनके संख्यातवें भागप्रमाण । वह संख्यातवाँ भाग कितना होगा ऐसा प्रश्न होने पर बतलाया है कि क्रोध और मानकषायके जितने परिवर्तनवार हैं उतना है । अंकसंदृष्टिमें यहाँ अपने संख्यातवें भागकी सहनानी ९ का अंक है । पूर्व सूत्रके प्रसंगसे अंक संदृष्टिमें मायाकषायके परिवर्तनवारोंकी संख्या १८ दे आये हैं । उसका ९ संख्या संख्यातवां भाग है । यह क्रोध और मानके परिवर्तनवारोंकी जितनी संख्या है उतनी है । इन दोनोंका योग २७ है । इसलिए यहाँ अंकसंदृष्टिमें लोभकषायके परिवर्तनवार २७ बतलाये हैं ।

§ ७९. इसी प्रकार अर्थात् देवगतिकी ओघप्ररूपणाके समान भवनवासियोंसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें कथन करना चाहिए, क्योंकि उक्त प्ररूपणासे इसके कथनमें कोई अन्तर नहीं है । अब तिर्यञ्चगति और मनुष्यगतिमें प्रकृत अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** तिर्यञ्चगति और मनुष्यगतिमें असंख्यात वर्षवाले भवग्रहणके भीतर मानकषायके परिवर्तनवार सबसे थोड़े हैं ।**

§ ८०. संख्यात वर्षवाले भवग्रहणके भीतर प्रकृत अल्पबहुत्व सम्भव नहीं है इस बातका ज्ञान करानेके लिए सूत्रमें 'असंखेज्जवस्सियभवग्गहणे' यह विशेषण जानना चाहिए, क्योंकि संख्यात वर्षकी आयुवाले भवमें चारों कषायोंके परिवर्तनवार समान देखे जाते हैं । यहाँ पर अंकसंदृष्टिमें मानकषायके परिवर्तनवारोंका प्रमाण यह ३२ है ।

*** उनसे क्रोधकषायके परिवर्तनवार विशेष अधिक हैं ?**

§ ८१. केत्तिममेत्तो विसेसो ? तप्पाओग्गासंखेज्जरूवमेत्तो। किं कारणं ? असंखेज्जासु परिवाडीसु कोह-माणागरिसाणमवट्ठिदसरूवेण गदासु तदो सइं माणागरिसेहिंतो कोहागरिसाणमदिरेयभावो होदि त्ति समणंतरमेव परूविदत्तादो। तदो माणागरिसाणमसंखे०भागमेत्तो एत्थ विसेसो त्ति घेत्तव्वं ३३।

*** मायागरिसा विसेसाहिया।**

§ ८२. केत्तियमेत्तो विसेसो ? कोहागरिसाणमसंखे०भागमेत्तो ३५।

*** लोभागरिसा विसेसाहिया।**

§ ८३. केत्तियमेत्तेण ? मायागरिसाणमसंखे०भागमेत्तेण ४४।

एवं गाहापच्छद्धस्स अत्थे विहासिय समत्ते पढमगाहा समत्ता भवदि।

---

§ ८१. शंका—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—तत्प्रायोग्य असंख्यातवें भागमात्र है, क्योंकि क्रोध और मानकषायके परिवर्तनवारोंकी अवस्थितरूपसे असंख्यात परिपाटियोंके जानेपर तदनन्तर मानके परिवर्तनवारोंसे क्रोधके परिवर्तनवारोंकी एक बार अधिकता होती है यह भले प्रकार पहले ही कथन कर आये हैं। इसलिए मानकषायके परिवर्तनवारोंका असंख्यातवां भाग यहाँ पर विशेष ग्रहण करना चाहिए ३३।

विशेषार्थ—अंक संदृष्टिमें विशेषका प्रमाण १ अंक स्वीकार करने पर क्रोध कषायके कुल परिवर्तनवार ३३ हुए, क्योंकि पूर्वमें मानकषायके परिवर्तनवारोंकी संख्या ३२ दे आये हैं।

*** उनसे मायाकषायके परिवतनवार विशेष अधिक हैं।**

§ ८२. शंका—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—क्रोधकषायके परिवर्तनवारोंका असंख्यातवां भाग विशेषका प्रमाण है ३५।

विशेषार्थ—पूर्वमें अंकसंदृष्टिकी अपेक्षा क्रोधकषायके परिवर्तनवार ३३ बतला आये हैं। उनका असंख्यातवाँ भाग २ अंक प्रमाण स्वीकार कर लेनेपर मायाकषायके परिवर्तनवारोंकी कुल संख्या ३५ प्राप्त होती है।

*** उनसे लोभकषायके परिवर्तनवार विशेष अधिक हैं।**

§ ८३. शंका—कितने मात्रसे अधिक हैं ?

समाधान—मायाकषायके परिवर्तनवारोंके असंख्यातवें भागमात्रसे अधिक हैं ४४।

विशेषार्थ—पूर्वमें अंकसंदृष्टिमें मायाकषायके परिवर्तनवार ३५ बतला आये हैं। उनका असंख्यातवां भाग ९ अंक प्रमाण स्वीकार करनेपर लोभकषायके कुल परिवर्तनवारोंकी संख्या ४४ प्राप्त होती है।

इस प्रकार प्रथम गाथाके उत्तरार्धका व्याख्यान समाप्त
होने पर प्रथम गाथाका व्याख्यान समाप्त हुआ।

*** एत्तो विदियगाहाए विभासा ।**

§ ८४. एत्तो पढमगाहाविहासणादो अणंतरमिदाणिं विदियगाहाए विहासा अहिकीरदि त्ति भणिदं होइ ।

*** तं जहा ।**

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ८५. सुगममेदं पुच्छावक्कं ।

*** एकम्मि भवग्गहणे एक्ककसायम्मि कदि च उवजोगा त्ति ।**

§ ८६. एदस्स ताव गाहापुव्वद्धस्स अत्थविहासणं[1] कस्सामो त्ति भणिदं होइ । एदम्मि गाहापुव्वद्धे णिरयादिगदीसु संखेज्जवस्सियमसंखेज्जवस्सियं वा भवग्गहणमाहारं कादूण तत्थेगेगस्स कसायस्स केत्तिया उवजोगा होंति, किं संखेज्जा असंखेज्जा वा त्ति पुच्छाणिद्देसेण उवरिमसव्वपरूवणा संगहिया त्ति गहेयव्वं । संपहि एवंविहत्थविसेसपडिबद्धस्सेदस्स गाहापुव्वद्धस्स णिरयगइसंबंधेणत्थविहासणं कुणमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

*** एकम्मि णेरइयभवग्गहणे कोहोवजोगा संखेज्जा वा असंखेज्जा वा ।**

§ ८७. एकम्मि णेरइयभवग्गहणे णिरुद्धे तत्थ कोहोवजोगा केत्तिया होंति त्ति संखेज्जा वा असंखेज्जा वा होंति त्ति भणिदं । तं जहा—दसवस्ससहस्सप्पहुडि कोहोव-

---

* इससे आगे अब दूसरी गाथाकी विभाषा करते हैं ।

§ ८४. 'एत्तो' अर्थात् प्रथम गाथाका विशेष विवेचन करनेके बाद अब दूसरी गाथाका विशेष विवेचन अधिकृत है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

*** वह कैसे ?**

§ ८५. यह पृच्छावाक्य सुगम है ।

*** एक भवग्रहणके भीतर एक कषायके कितने उपयोग होते हैं ।**

§ ८६. सर्व प्रथम इस गाथाके पूर्वार्धका विशेष विवेचन करेंगे यह उक्त कथनका तात्पर्य है । नरकादि गतियोंमें संख्यात वर्षवाले और असंख्यात वर्षवाले भवग्रहणको आधार बना कर वहाँ एक-एक कषायके कितने उपयोग होते हैं—क्या संख्यात उपयोग होते हैं या असंख्यात उपयोग होते हैं इस प्रकार इस गाथाके पूर्वार्धमें पृच्छाके निर्देश द्वारा आगेकी समस्त प्ररूपणा संगृहीत की गई है ऐसा यहाँ पर ग्रहण करना चाहिए । अब इस प्रकारके अर्थविशेषसे सम्बन्ध रखनेवाले गाथाके इस पूर्वार्धके अर्थका नरकगतिके सम्बन्धसे विशेष व्याख्यान करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** नारकियोंके एक भवग्रहणके भीतर क्रोधकषायके उपयोग संख्यात अथवा असंख्यात होते हैं ।**

§ ८७. नरकियोंके एक भवग्रहणके विवक्षित होनेपर उसमें क्रोधसम्बन्धी उपयोग कितने होते हैं ऐसी पृच्छा होने पर संख्यात अथवा असंख्यात होते हैं यह कहा है । यथा—

---

१. ता०प्रतौ अ [अ] विहासणं आ०प्रतौ अविहासणं इति पाठः ।

जोगा संखेज्जा होदूण लब्भंति जाव तप्पाओग्गसंखेज्जवस्सियभवग्गहणं ति। पुणो तत्थुक्कस्ससंखेज्जमेत्ता कोहोवजोगा होदूण तत्तो प्पहुडि उवरिमसव्वभवविय्पेसु संखेज्ज-वस्सिएसु असंखेज्जवस्सिएसु च असंखेज्जा चेव होंति। किं कारणं ? तप्पाओग्ग-संखेज्जवस्साणं सव्वोवजोगे एगपुंजं कादूण पुणो सरिस-बेभागे करिय तत्थेगभागं घेत्तूणुक्कस्ससंखेज्जमेत्ता कोहोवजोगा लब्भंति। सेसेगभागो वि माणादिउवजोगा होंति। एदेण कारणेण एदं भवग्गहणं संखेज्जोवजोगाणं पज्जवसाणत्तेण गहियं। एदस्स तप्पाओग्गसंखेज्जवस्समेत्तभवग्गहणस्स पमाणणिण्णयमुवरि कस्सामो। एवमेसा कोहोवजोगाणं परूवणा कया। संपहि माणोवजोगाणं पयदत्थगवेसणट्ठमाह।

*** माणोवजोगा संखेज्जा वा असंखेज्जा वा।**

§ ८८. 'एक्कम्मि णेरइयभवग्गहणे' इदि अहियारसंबंधो एत्थ कायव्वो। सेसं सुगमं।

*** एवं सेसाणं पि।**

§ ८९. जहा कोह-माणाणं पयदपरूवणा कया एवं माया-लोभाणं पि वत्तव्वं, विसेसाभावादो। एवं णिरयगदीए पयदपरूवणं कादूण सेसासु वि गदीसु एसो चेव कमो अणुगंतव्वो त्ति पदुप्पायणट्ठमप्पणासुत्तमाह—

दस हजार वर्षसे लेकर तत्प्रायोग्य संख्यात वर्षप्रमाण आयुवाले भवमें क्रोधकषायके उपयोग संख्यात ही प्राप्त होते हैं। पुनः वहाँ क्रोधकषायके उपयोग उत्कृष्ट संख्यातप्रमाण प्राप्त होकर तदनन्तर आगेके सब संख्यात वर्षप्रमाण आयुवाले और असंख्यात वर्षप्रमाण आयुवाले भवके भेदोंमें असंख्यात ही क्रोधसम्बन्धी उपयोग होते हैं।

शंका—इसका क्या कारण है ?

समाधान—तात्प्रायोग्य संख्यात वर्षोंके भीतर प्राप्त हुए सब कषायोंसम्बन्धी उपयोगोंका एक पुञ्ज करके पुनः उसके परस्पर समान दो भाग करके उनमेंसे एक भागको ग्रहण कर उत्कृष्ट संख्यातप्रमाण क्रोधकषायसम्बन्धी उपयोग होते हैं। शेष एक भागप्रमाण उपयोग भी मानादिकषायसम्बन्धी होते हैं। इस कारणसे इस भवको, संख्यात उपयोगोंकी यहाँ परिसमाप्ति हो जाती है, यह बतलानेके लिए ग्रहण किया है। इस तात्प्रायोग्य संख्यात वर्ष-प्रमाण भवके प्रमाणका निर्णय आगे करेंगे। इस प्रकार यह क्रोधके उपयोगोंका कथन किया। अब मानसम्बन्धी उपयोगोंके प्रकृत अर्थका अनुसन्धान करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** मानकषायके उपयोग संख्यात भी होते हैं और असंख्यात भी होते हैं।**

§ ८८. नारियोंके एक भवका अधिकार होनेसे 'एक्कम्मि भवग्गहणे' इस पदका यहाँ पर सम्बन्ध कर लेना चाहिए। शेष कथन सुगम है।

*** इसी प्रकार शेष कषायोंकी अपेक्षा भी जानना चाहिए।**

§ ८९. जिस प्रकार क्रोध और मानकषायकी प्रकृत प्ररूपणा की है उसी प्रकार माया और लोभ कषायोंकी भी करनी चाहिए। इस प्रकार नरकगतिमें प्रकृत विषयकी प्ररूपणा करके शेष गतियोंमें यही क्रम जानना चाहिए इस तथ्यका कथन करनेके लिए अर्पणासूत्रको

* एवं सेसासु वि गदीसु ।

§ ९०. सुगममेदमप्पणासुत्तं, एक्कम्हि भवग्गहणे कोहादीणमुवजोगा संखेज्जा असंखेज्जा वा त्ति एदेण भेदाभावादो। संपहि एत्थेव सण्णियासविसेसपरूवणं कुणमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

* णिरयगदीए जम्हि कोहोवजोगा संखेज्जा तम्हि माणोवजोगा णियमा संखेज्जा ।

§ ९१. एदेण सुत्तेण णिरयगदीए कोहस्स संखेज्जोवजोगाणं णिरुंभणं कादूण तत्थ माणोवजोगा किं संखेज्जा असंखेज्जा वा त्ति मग्गणा कीरदे। तं कथं ? जम्हि णेरइय-भवग्गहणे कोहोवजोगा संखेज्जा तत्थ माणोवजोगा णियमा संखेज्जा चेव भवंति, कोहोवजोगेसु संखेज्जेसु संतेसु तत्तो विसेसहीणाणं माणोवजोगाणं तहाभावसिद्धीए बाहाणुवलंभादो ।

* एवं माया-लोभोवजोगा ।

§ ९२. जहा कोहोवजोगेसु संखेज्जेसु माणोवजोगा णियमा संखेज्जा जादा एवं माया-लोभोवजोगा च णियमा संखेज्जा त्ति वत्तव्वं, तेसु संखेज्जेसु संतेसु तत्तो संखेज्ज-

---

कहते हैं—

* इसी प्रकार शेष गतियोंमें भी कथन करना चाहिए ।

§ ९०. यह अर्पणासूत्र सुगम है, क्योंकि एक भवमें क्रोधादि कषायोंके उपयोग संख्यात या असंख्यात होते हैं इस प्रकार इस कथनसे यहाँके कथनमें कोई अन्तर नहीं है। अब इसी गतिमें सन्निकर्ष विशेषका कथन करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** नरकगतिमें जिस भवमें क्रोधकषायके उपयोग संख्यात होते हैं उस भवमें मानकषायके उपयोग नियमसे संख्यात होते हैं ।**

९१. इस सूत्र द्वारा नरकगतिमें क्रोधकषायके संख्यात उपयोगोंको विवक्षित कर वहाँ मानकषायके उपयोग क्या संख्यात होते हैं या असंख्यात होते हैं इस विषयका अनुसन्धान किया गया है ।

शंका—वह कैसे ?

समाधान— नारकियोंके जिस भवमें क्रोधके उपयोग संख्यात होते हैं वहाँ मानकषायके उपयोग नियमसे संख्यात होते हैं, क्योंकि क्रोधकषायके उपयोगोंके संख्यात होने पर उनसे विशेष हीन मानकषायके उपयोगोंके संख्यात सिद्ध होनेमें कोई बाधा नहीं पाई जाती ।

*** इसी प्रकार मायाकषाय और लोभ कषायके उपयोग जानने चाहिए ।**

§ ९२. जिस प्रकार क्रोधकषायके उपयोगोंके संख्यात होने पर मानकषायके उपयोग नियमसे संख्यात होते हैं उसी प्रकार माया और लोभकषायके उपयोग नियमसे संख्यात होते हैं ऐसा कहना चाहिए, क्योंकि उनके संख्यात होने पर उनसे संख्यातगुणे हीन इन उपयोगों-

गुणहीणाणमेदेसिं तहाभावसिद्धीए णिव्वाहमुवलंभादो।

*** जम्हि माणोवजोगा संखेज्जा तम्हि कोहोवजोगा संखेज्जा वा असंखेज्जा वा।**

§ ९३. जम्हि णेरइयभवग्गहणे माणोवजोगा संखेज्जा तम्हि कोहोवजोगा संखेज्जा चेवे त्ति णत्थि णियमो, किंतु संखेज्जा वा असंखेज्जा वा होंति। किं कारणं? उक्कस्स-संखेज्जमेत्तेसु माणोवजोगेसु जादेसु तत्तो विसेसाहियाणं कोहोवजोगाणमसंखेज्जत्त-दंसणादो। उक्कस्ससंखेज्जादो पुण हेट्ठा तप्पाओग्गसंखेज्जमेत्तेसु जादेसु दोण्हं पि अप्पप्पणो पडिभागेण संखेज्जाणमुवजोगाणमुवलंभादो।

*** मायोवजोगा लोहोवजोगा णियमा संखेज्जा।**

§ ९४. कुदो? माणोवजोगेसु संखेज्जेसु संतेसु तत्तो संखेज्जगुणहीणाणमेदेसिं तहाभावसिद्धीए णाइयत्तादो।

*** जम्हि मायोवजोगा संखेज्जा तम्हि कोहोवजोगा माणोवजोगा संखेज्जा वा असंखेज्जा वा।**

§ ९५. कुदो मायोवजोगेसु उक्कस्ससंखेज्जमेत्तेसु जादेसु तत्तो संखेज्जगुणाणं कोह-माणोवजोगाणमसंखेज्जत्तुवलंभादो, तत्तो संखेज्जगुणहीणमद्धाणमोदरिय हेट्ठा

के संख्यातरूप होनेकी सिद्धि निर्बाधरूपसे पाई जाती है।

*** नारकियोंके जिस भवमें मानकषायके उपयोग संख्यात होते हैं उस भवमें क्रोधकषायके उपयोग संख्यात अथवा असंख्यात होते हैं।**

§ ९३. नारकियोंके जिस भवमें मानकषायके उपयोग संख्यात होते हैं उस भवमें क्रोधकषायके उपयोग संख्यात ही होते हैं यह नियम नहीं है। किन्तु संख्यात या असंख्यात होते हैं

शंका—इसका क्या कारण है?

समाधान—मानकषायके उपयोग उत्कृष्ट संख्यात प्रमाण हो जाने पर उनसे विशेष अधिक क्रोधकषायके उपयोग असंख्यात देखे जाते हैं। परन्तु उत्कृष्ट संख्यातसे नीचे तत्प्रायोग्य संख्यातप्रमाण उपयोगोंके होनेपर दोनोंके ही अपने-अपने प्रतिभागके अनुसार संख्यात उपयोग पाये जाते हैं।

*** मायाकषायके उपयोग और लोभकषायके उपयोग नियमसे संख्यात होते हैं।**

§ ९४. क्योंकि मानकषायके उपयोगोंके संख्यात होनेपर उनसे संख्यातगुणे हीन उक्त दोनों कषायोंके उपयोगोंका संख्यात सिद्ध होना न्यायप्राप्त है।

*** नारकियोंके जिस भवमें मायाकषायके उपयोग संख्यात होते हैं उस भवमें क्रोधकषायके उपयोग और मानकषायके उपयोग संख्यात अथवा असंख्यात होते हैं।**

§ ९५. क्योंकि मायाकषायके उपयोगोंके उत्कृष्ट संख्यातप्रमाण होनेपर उनसे संख्यात-गुणे क्रोध और मानकषायके उपयोग असंख्यात पाये जाते हैं। तथा वहाँसे संख्यातगुणे हीन

सव्वत्थ मायोवजोगेहिं सह कोह-माणोवजोगाणं संखेज्जपमाणत्तुवलंभादो च ।

*** लोभोवजोगा णियमा संखेज्जा ।**

§ ९६. कुदो ? मायोवजोगेसु संखेज्जेसु संतेसु तत्तो संखेज्जगुणहीणाणमेदेसिं तहाभावसिद्धीए णिप्पडिबंधमुवलंभादो ।

*** जत्थ लोभोवजोगा संखेज्जा तत्थ कोहोवजोगा माणोवजोगा मायोवजोगा भजियव्वा ।**

? ९७. लोभस्स संखेज्जोवजोगेसु णिरुद्धेसु कोहादिकसायाणमुवजोगा संखेज्जा वा असंखेज्जा वा होंति त्ति भजियव्वा । किं कारणं ? आदीदो प्पहुडि सव्वेसिं संखेज्जोवजोगेसु गच्छमाणेसु पुव्वमेव कोधस्स असंखेज्जोवजोगा जादा, तदो माणस्स, तदो मायाए, सव्वपच्छा लोभस्स । एदेण कारणेण लोहोवजोगेसु संखेज्जेसु संतेसु सेसकसायाणमुवजोगा संखेज्जासंखेज्जवियप्पेहिं भयणिज्जा त्ति णत्थि संदेहो । एवं ताव कोहादिकसायाणं संखेज्जोवजोगणिरुंभणं कादूण तत्थ सेसकसायोवजोगाणं संखेज्जासंखेज्जभागविचारं कादूण संपहि तेसिं चेवासंखेज्जोवजोगणिरुंभणमुहेण सण्णियासविहाणट्ठमुवरिमं पबंधमाह—

*** जत्थ णिरयभवग्गहणे कोहोवजोगा असंखेज्जा तत्थ सेसा**

स्थान उतरकर नीचे सर्वत्र मायाकषायके उपयोगोंके साथ क्रोध और मानकषायके उपयोग संख्यातप्रमाण हो पाये जाते हैं ।

*** लोभकषायके उपयोग नियमसे संख्यात होते हैं ।**

§ ९६. क्योंकि मायाकषायके उपयोगोंके संख्यात होने पर उनसे संख्यातगुणे हीन इनकी उक्त प्रकारसे सिद्धि बिना किसी बाधाके हो जाती है ।

*** नारकियोंके जिस भवमें लोभकषायके उपयोग संख्यात होते हैं वहाँ क्रोधकषायके उपयोग, मानकषायके उपयोग और मायाकषायके उपयोग भजनीय होते हैं ।**

§ ९७. लोभकषायके संख्यात उपयोगोंके होनेपर क्रोधादि कषायोंके उपयोग संख्यात या असंख्यात होते हैं, इसलिए ये भजनीय हैं, क्योंकि प्रारम्भसे लेकर सभी कषायोंके संख्यात उपयोग हो जानेपर सबसे पहले क्रोधकषायके असंख्यात उपयोग प्रारम्भ होते हैं, उसके बाद मानके और उसके बाद मायाके तथा सबके अन्तमें लोभके असंख्यात संख्याको लिये हुए उपयोग प्रारम्भ होते हैं । इस कारणसे लोभके उपयोगोंके संख्यात होने पर शेष कषायोंके उपयोग संख्यात और असंख्यातरूप विकल्पोंके द्वारा भजनीय होते हैं इसमें सन्देह नहीं है । इस प्रकार सर्वप्रथम क्रोधादिकषायोंके संख्यात उपयोगोंको विवक्षित कर वहाँ शेष कषायोंके उपयोग संख्यात या असंख्यात कहाँ कितने होते हैं इसका विचार कर अब उन्हीं कषायोंके असंख्यात उपयोगोंको विवक्षित कर सन्निकर्षका कथन करनेके लिए आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

*** नारकियोंके जिस भवमें क्रोधकषायके उपयोग असंख्यात होते हैं वहाँ शेष**

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

सिया संखेज्जा सिया असंखेज्जा।

§ ९८. कुदो एवं ? कोहस्स जहण्णपरित्तासंखेज्जमेत्तेसु उवजोगेसु जादेसु तदो विसेसाहियमद्धाणं गंतूण माणस्स असंखेज्जोवजोगाणं पारंभदंसणादो। माया-लोभाणं पि तत्तो संखेज्जगुणमद्धाणमप्पप्पणो पडिभागेण गंतूण तदो असंखेज्जोवजोगविसय-समुप्पत्तिदंसणादो। तम्हा जत्थ कोहोवजोगा असंखेज्जा तत्थ सेसोवजोगा सिया संखेज्जा सिया असंखेज्जा त्ति सिद्धमविरुद्धं।

*** जत्थ माणोवजोगा असंखेज्जा तत्थ कोहोवजोगा णियमा असंखेज्जा।**

§ ९९. कुदो ? कोहस्स असंखेज्जोवजोगेसु पारद्धेसु तत्तो विसेसाहियमद्धाणं गंतूण माणस्सासंखेज्जोवजोगाणं पारंभदंसणादो।

*** सेसा भजियव्वा।**

§ १००. कुदो ? मायालोभोवजोगाणं णिरुद्धविसयसंखेज्जाणमसंखेज्जाणं च संभवे बाहाणुवलंभादो।

*** जत्थ मायोवजोगा असंखेज्जा तत्थ कोहोवजोगा माणोवजोगा णियमा असंखेज्जा।**

कषायोंके उपयोग संख्यात भी होते हैं और असंख्यात भी होते हैं।

§ ९८. **शंका**—ऐसा किस कारणसे है ?

समाधान—क्रोधकषायके जघन्य परीतासंख्यातप्रमाण उपयोगोंके होने पर उससे विशेष अधिक स्थान जाकर मानकषायके असंख्यात उपयोगोंका प्रारम्भ देखा जाता है। माया और लोभोंके भी उससे अपने-अपने प्रतिभागके अनुसार संख्यातगुणे स्थान जाकर असंख्यात उपयोगोंके विषयकी उत्पत्ति देखी जाती है। इसलिए जहाँ क्रोधकषायके उपयोग असंख्यात हैं वहाँ शेष कषायोंके उपयोग संख्यात भी हैं और असंख्यात भी हैं यह बिना विरोधके सिद्ध हुआ।

*** जिस भवमें मानकषायके उपयोग असंख्यात होते हैं वहाँ क्रोधकषायके उपयोग नियमसे असंख्यात होते हैं।**

§ ९९. क्योंकि क्रोधकषायके असंख्यात उपयोगोंका प्रारम्भ होनेपर वहाँसे विशेष अधिक स्थान जाकर मानकषायके असंख्यात उपयोगोंका प्रारम्भ देखा जाता है।

*** शेष कषायोंके उपयोग भजनीय हैं।**

§ १००. क्योंकि वहाँ पर मायाकषाय और लोभकषायके उपयोगोंके संख्यात या असंख्यात होनेमें कोई बाधा नहीं पाई जाती।

*** जिस भवमें मायाकषायके उपयोग असंख्यात होते हैं वहाँ क्रोध और मानकषायके उपयोग नियमसे असंख्यात होते हैं।**

§ १०१. कुदो ? तेसिं तण्णांतरीयत्तादो ।

पूर्वाचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

* लोभोवजोगा भजियव्वा ।

§ १०२. किं कारणं ? मायोवजोगेसु जहण्णपरित्तासंखेज्जमेत्तेसु जादेसु तत्तो संखेज्जगुणमद्धाणमुवरि गंतूण लोभस्सासंखेज्जोवजोगाणमुप्पत्तिदंसणादो ।

*** जत्थ लोहोवजोगा असंखेज्जा तत्थ कोह-माण-मायोवजोगा णियमा असंखेज्जा ।**

§ १०३. जत्थ णिरयभवग्गहणे लोभोवजोगा असंखेज्जा जादा तम्मि णिरुद्धे सेसकसायोवजोगा णियमा असंखेज्जा होंति, तेसिमसंखेज्जत्ताभावे णिरुद्धलोभकसायस्स वि असंखेज्जोवजोगाणमणुप्पत्तीदो । एवं ताव णिरयगदीए सव्वेसिं कसायाणं संखेज्जा-संखेज्जोवजोगाणं पादेक्कं णिरुंभणं कादूण सण्णियासविही परूविदो । संपहि एसो चेव सण्णियासविसेसो देवगदीए विवज्जासरूवेण जोजेयव्वो त्ति पदुप्पायणट्ठमिदमाह—

*** जहा णेरइयाणं कोहोवजोगाणं वियप्पा तहा देवाणं लोभोव-जोगाणं वियप्पा ।**

*** जहा णेरइयाणं माणोवजोगाणं वियप्पा तहा देवाणं मायोव-जोगाणं वियप्पा ।**

---

§ १०१. क्योंकि वे उनके अविनाभावी हैं । अर्थात् क्रोध और मानके उपयोग असंख्यात होनेपर तत्प्रायोग्य स्थान जाकर ही मायाके उपयोग असंख्यात होते हैं, इसलिए मायाके उपयोग असंख्यात होने पर क्रोध और मानके उपयोग असंख्यात होंगे ही यह नियम है ऐसा इनमें अविनाभाव है ।

*** लोभकषायके उपयोग भजनीय हैं ।**

§ १०२. क्योंकि मायाकषायके उपयोगोंके जघन्य परीतासंख्यातप्रमाण होनेपर वहाँसे संख्यातगुणे स्थान आगे जाकर लोभकषायके असंख्यात उपयोगोंकी उत्पत्ति देखी जाती है ।

*** जिस भवमें लोभकषायके उपयोग असंख्यात होते हैं वहाँ क्रोध, मान और मायाकषायके उपयोग नियमसे असंख्यात होते हैं ।**

§ १०३. नारकियोंके जिस भवमें लोभकषायके उपयोग असंख्यात हो जाते हैं वहाँ शेष कषायोंके उपयोग नियमसे असंख्यात होते हैं, क्योंकि यदि वे असंख्यात न हों तो विवक्षित लोभकषायके भी असंख्यात उपयोगोंकी उत्पत्ति नहीं हो सकती । इस प्रकार नरकगतिमें सभी कषायोंके संख्यात और असंख्यात उपयोगोंमेंसे प्रत्येकको विवक्षित कर सन्निकर्षविधि कही । अब इसी सन्निकर्षविशेषको देवगतिमें विपरीतरूपसे लगा लेना चाहिए इस बातका कथन करनेके लिए इस प्रबन्धको कहते हैं—

*** जिस प्रकार नारकियोंके क्रोधकषायके उपयोगोंके सन्निकर्षविकल्प होते हैं उसी प्रकार देवोंके लोभकषायके उपयोगोंके सन्निकर्षविकल्प होते हैं ।**

*** जिस प्रकार नारकियोंके मानकषायके उपयोगोंके सन्निकर्षविकल्प होते हैं उसी प्रकार देवोंके मायाकषायके उपयोगोंके सन्निकर्षविकल्प होते हैं ।**

*** जहा णेरइयाणं मायोवजोगाणं वियप्पा तहा देवाणं माणोवजोगाणं वियप्पा ।**

*** जहा णेरइयाणं लोभोवजोगाणं वियप्पा तहा देवाणं कोहोवजोगाणं वियप्पा ।**

§ १०४. एदेसिं सुत्ताणमत्थपरूवणा सुगमा । संपहि तिरिक्ख-मणुसगदीसु णत्थि एसो सण्णियासभेदो, तत्थ संखेज्जवस्सिये भवग्गहणे सव्वेसिमविसेसेण संखेज्जोवजोगणियमदंसणादो । असंखेज्जवस्सिये वि सव्वेसिमसंखेज्जोवजोगत्तेण णाणत्ताभावादो । किं कारणं ? अवट्ठिदपरिवाडीए सव्वेसिमसंखेज्जेसु आगरिसेसु लोभ-मायादिकमेण गदेसु सइं विसरिसपरिवाडीए तत्थुप्पत्तिणियमदंसणादो ।

§ १०५. एवमेत्तिएण पबंधेण गाहापुव्वद्धस्स अत्थविहासणं कादूण संपहि गाहापच्छिमद्धमवलंबिय अदीदकालसंबंधेण भवप्पाबहुअं परूवेमाणो तदवसरकरणट्ठमाह—

*** जेसु णेरइयभवेसु असंखेज्जा कोहोवजोगा माण-माया-लोभोव-**

---

* जिस प्रकार नारकियोंके मायाकषायके उपयोगोंके सन्निकर्ष विकल्प होते हैं उसी प्रकार देवोंके मानकषायके उपयोगोंके सन्निकर्षविकल्प होते हैं ।

* जिस प्रकार नारकियोंके लोभकषायके उपयोगोंके सन्निकर्षविकल्प होते हैं उसी प्रकार देवोंके क्रोधकषायके उपयोगोंके सन्निकर्षविकल्प होते हैं ।

§ १०४. इन सूत्रोंके अर्थका कथन सुगम है । अब तिर्यञ्चगति और मनुष्यगतिमें यह सन्निकर्षभेद नहीं है, क्योंकि वहाँ संख्यात वर्षकी आयुवाले भवग्रहणके भीतर सभी कषायोंके समानरूपसे संख्यात उपयोगोंका नियम देखा जाता है । असंख्यात वर्षकी आयुवाले भवमें भी सभी कषायोंके असंख्यात उपयोगरूपसे नानात्वका अभाव है, क्योंकि अवस्थित परिपाटीके द्वारा लोभ, माया आदिके क्रमसे सभी कषायोंके असंख्यात परिवर्तनवारोंके होने पर एकवार विसदृश परिपाटीके आश्रयसे वहाँ नानापनेकी उत्पत्तिका नियम देखा जाता है ।

विशेषार्थ—तिर्यञ्चगति और मनुष्यगतिमें लोभ, माया, क्रोध और मान इस क्रमसे यह जीव चारों कषायोंमें असंख्यात बार तक पुनः-पुनः उपयुक्त होता रहता है, इसलिए तो संख्यात वर्षकी आयुवाले भवमें चारों कषायोंके संख्यात सदृश उपभोगभेद बतला कर वहाँ नानात्वका निषेध किया है । तथा असंख्यात वर्षकी आयुवाले भवमें भी चारों कषायोंके असंख्यातवार सदृश उपयोग परिवर्तनोंके बाद ही एक बार विसदृश परिपाटीसे उपयोग परिवर्तन होना सम्भव है । इसलिए वहाँ भी चारों कषायोंके असंख्यात सदृश उपयोगोंको ख्यालमें रखकर नानापनेका निषेध किया है ।

§ १०५. इस प्रकार इतने प्रबन्धके द्वारा गाथाके पूर्वार्धके अर्थका स्पष्टीकरण करके अब गाथाके उत्तरार्धका अवलम्बन लेकर अतीत कालके सम्बन्धसे भवके अल्पबहुत्वको कहते हुए उसका अवसर करनेके लिए कहते हैं—

*** नारकियोंके जिन भवोंमें क्रोधकषायके उपयोग तथा मान, माया और**

जोगा वा, जेसु वा संखेज्जा, एदेसिमट्ठण्हं पदाणमप्पाबहुअं ।

§ १०६. एत्थ णिरयगदीए ताव पयदपरूवणं वत्तइस्सामो त्ति जाणावणट्ठं णेरइयभवाणमहियरणभावेण णिद्देसो कओ 'जेसु णेरइयभवेसु' त्ति । ते च अट्ठभेदभिण्णा । तं जहा—कोहस्स असंखेज्जोवजोगिगा, माणस्सासंखेज्जोवजोगिगा, मायाए असंखेज्जोवजोगिगा, लोभस्स असंखेज्जोवजोगिगा, कोहस्स संखेज्जोवजोगिगा, माणस्स संखेज्जोवजोगिगा, मायाए संखेज्जोवजोगिगा, लोभस्स संखेज्जोवजोगिगा चेदि । एदेसिमट्ठण्हं पदाणमदीदकालसंबंधेणप्पाबहुअं कायव्वमिदि सुत्तस्स समुच्चयत्थो ।

*** तत्थ उवसंदरिसणाए करणं ।**

§ १०७. किमुवसंदरिसणाकरणं णाम ? उवसंदरिसणाकरणं णिदरिसणकरणं णिण्णयकरणमिदि एयट्ठो । कोहादिकसायाणं संखेज्जोवजोगिगाणमसंखेज्जोवजोगिगाणं च भवाणं विसयविभागजाणावणट्ठमुवसंदरिसणामुहेण किं पि अट्ठपदं पयदप्पाबहुअसाहणं वत्तइस्सामो त्ति एसो एदस्स सुत्तस्स भावत्थो ।

*** एक्कम्मि वस्से जत्तियाओ कोहोवजोगद्धाओ तत्तिएण जहण्णासंखेज्जयस्स भागो जं भागलद्धमेत्तियाणि वस्साणि जो भवो तम्हि**

लोभकषायके उपयोग असंख्यात होते हैं अथवा जिन भवोंमें ये सब उपयोग संख्यात होते हैं, उन आठों पदोंका अल्पबहुत्व इस प्रकार है ।

§ १०६. यहाँ नरकगतिमें सर्व प्रथम प्रकृत प्ररूपणाको बतलाते हैं इस बातका ज्ञान करानेके लिए नारकियोंके भवोंका 'जेसु णेरइयभवेसु' इस प्रकार अधिकरणरूपसे निर्देश किया है । और वे भव आठ प्रकारके हैं । यथा—क्रोध कषायके असंख्यात उपयोगवाले भव, मानकषायके असंख्यात उपयोगवाले भव, मायाकषायके असंख्यात उपयोगवाले भव, लोभ कषायके असंख्यात उपयोगवाले भव, क्रोध कषायके संख्यात उपयोगवाले भव, मान कषायके संख्यात उपयोगवाले भव, माया कषायके संख्यात उपयोगवाले भव और लोभ कषायके संख्यात उपयोगवाले भव । इन आठों पदोंका अतीत कालके सम्बन्धसे अल्पबहुत्व करना चाहिए इस प्रकार सूत्रका समुच्चयरूप अर्थ है ।

*** प्रकृतमें अब उनका निर्णय करते हैं ।**

§ १०७. **शंका**—उपसंदर्शनाकरण पदका क्या अर्थ है ?

समाधान—उपसंदर्शनाकरण, निदर्शनकरण और निर्णयकरण ये तीनों एक अर्थके वाची शब्द हैं ।

क्रोधादि कषायोंके संख्यात उपयोगवाले और असंख्यात उपयोगवाले भवोंके विषयविभागका ज्ञान करानेके लिए उपसंदर्शनाद्वारा प्रकृत अल्पबहुत्वकी सिद्धि करनेवाले कुछ अर्थपदको कहेंगे यह इस सूत्रका भावार्थ है ।

*** एक वर्षके भीतर क्रोध कषायके जितने उपयोगकाल होते हैं उनके द्वारा जघन्य असंख्यातको भाजित किया, जो भाग उपलब्ध आया उतने वर्षप्रमाण जो**

असंखेज्जाओ कोहोवजोगद्धाओ ।

§ १०८. एदेण सुत्तेण कोहस्स संखेज्जोवजोगिगाणमसंखेज्जोवजोगिगाणं च भवग्गहणाणमुवसंदरिसणं कयं होइ । तं कथं ? एगवस्सब्भंतरे संखेज्जसहस्समेत्तीओ कोहोवजोगद्धाओ होंति । अंतोमुहुत्तब्भंतरे जइ एगा कोहोवजोगद्धा लब्भइ तो एगवस्सब्भंतरे केत्तियमेत्तीयो लहामो त्ति तेरासियकमेण तासिमुप्पत्तिदंसणादो । पुणो एदाहिं एगवस्सब्भंतर-कोहोवजोगद्धाहिं जहण्णासंखेज्जयस्स भागो घेत्तव्वो । संखेज्जसहस्समेत्ताणमुवजोगाणं जइ एगवस्सपमाणं लब्भइ तो जहण्णपरित्तासंखेज्जमेत्ताणमुवजोगाणं केत्तियमेत्ताणि वस्साणि लहामो त्ति एवं तेरासियं कादूण पमाणेण फलगुणिदिच्छाए ओवट्टिदाए जहण्णपरित्तासंखेज्जयस्स संखेज्जदिभागमेत्ताणि रूवाणि आगच्छंति । पुणो एत्तियाणि वस्साणि जो भवो भागलद्धमेत्ताणि वस्साणि घेत्तूण जो भवो त्ति भणिदं होदि । तम्हि असंखेज्जाओ कोहोवजोगद्धाओ । किं कारणं ? एगवस्सब्भंतरे जइ संखेज्जसहस्समेत्तीओ कोहोवजोगद्धाओ लब्भंति तो अणंतरणिद्दिट्ठभागलद्धमेत्तवस्सेसु केत्तियमेत्तीओ लहामो त्ति तेरासियं कादूण जोइदे जहण्णपरित्तासंखेज्जमेत्तीणं कोहोवजोगद्धाणमेत्थुवलंभादो । एवमेदेण सुत्तेण कोहस्स संखेज्जासंखेज्जो-

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

भव होता है उसमें क्रोधके असंख्यात उपयोगकाल होते हैं ।

§ १०८. इस सूत्र द्वारा क्रोधकषायके संख्यात उपयोगवाले और असंख्यात उपयोगवाले भवोंका निर्णय किया गया है ।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—एक वर्षके भीतर क्रोध कषायके संख्यात हजारप्रमाण उपयोगकाल होते हैं, क्योंकि अन्तर्मुहूर्त कालके भीतर यदि क्रोधकषायका एक उपयोगकाल प्राप्त होता है तो एक वर्षके भीतर कितने उपयोगकाल प्राप्त होंगे इस प्रकार त्रैराशिक विधिसे संख्यात हजारप्रमाण उपयोगकालोंकी उत्पत्ति देखी जाती है । फिर एक वर्षके भीतर प्राप्त हुए क्रोधकषायके इन उपयोगकालोंके द्वारा जघन्य परीतासंख्यातको भाजित करना चाहिए—संख्यात हजार उपयोगोंका यदि एक वर्षप्रमाण काल प्राप्त होता है तो जघन्य परीतासंख्यातप्रमाण उपयोगोंके कितने वर्ष प्राप्त होंगे इस प्रकार त्रैराशिक कर फलराशिसे गुणित इच्छाराशिमें प्रमाणराशिसे भाजित करने पर जघन्य परीतासंख्यातके संख्यातवें भाग प्रमाण अंक प्राप्त होते हैं । पुनः इतने वर्षोंका जो भव है अर्थात् पूर्वोक्त त्रैराशिक करने पर जो भाग लब्ध आया उतने वर्षोंका जो भव है यह उक्त कथनका तात्पर्य है, उस भवमें क्रोध कषायके असंख्यात उपयोगकाल होते हैं, क्योंकि एक वर्षके भीतर क्रोधकषायके यदि संख्यात हजारप्रमाण उपयोगकाल प्राप्त होते हैं तो अनन्तर प्राप्त हुए जिस भागका निर्देश कर आये हैं तत्प्रमाण वर्षोंके भीतर क्रोधकषायके कितने उपयोगकाल प्राप्त होंगे इस प्रकार त्रैराशिक करके देखने पर क्रोधकषायके जघन्य परीतासंख्यातप्रमाण उपयोगकाल प्राप्त होते हैं । इस प्रकार इस सूत्रके द्वारा क्रोधकषायके संख्यात उपयोगवाले और असंख्यात उपयोगवाले भवोंके विषयविभागका सम्यक् प्रकारसे निर्णय कर दिया गया है, क्योंकि

वजोगिगाणं भवाणं विसयविभागो सम्ममुवसंदरिसिदो होदि, सुत्तुद्दिट्ठविसयादो उवरिमाणं सव्वेसिमेवासंखेज्जोवजोगियत्तदंसणादो। तत्तो हेट्ठिमाणं च सव्वेसिं संखेज्जोवजोगियत्तुवलंभादो।

§ १०९. संपहि सेसकसायाणं पि एवं चेव संखेज्जासंखेज्जोवजोगिगाणं भवाणं विसयविभागो उवसंदरिसियव्वो त्ति पदुप्पायणट्ठमुवरिमसुत्तमाह—

प्रतिबन्धक : आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** एवं माण-माया-लोभोवजोगाणं।**

§ ११०. जहा कोहस्स जहण्णपरित्तासंखेज्जमेत्तोवजोगाणं विसओ परूविदो एवमेदेसिं पि कसायाणं कायव्वं, अप्पप्पणो एगवस्सोवजोगेहिं जहण्णपरित्तासंखेज्जयस्स भागं घेत्तूण तत्थ भागलद्धमेत्तवस्सेहि तदुप्पत्ति पडि विसेसाभावादो। संपहि एदस्सेवत्थस्स सुहावबोहणट्ठमेत्थ संदिट्ठिमुहेण किं चि परूवणं कस्सामो। तं कथं? तत्थ कोहस्स एगवस्सोवजोगा एदे २७, माणस्स एगवस्सोवजोगा एदे १८, मायाए एग-

---

सूत्रमें निर्दिष्ट किये गये भवसे आगेके सभी भव असंख्यात उपयोगवाले देखे जाते हैं। तथा उससे पूर्वके सभी भव संख्यात उपयोगवाले उपलब्ध होते हैं।

विशेषार्थ—नारकियोंकी कितनी आयुके किस भव तक क्यों तो क्रोध कषायके संख्यात उपयोगकाल होते हैं और आगेके सब भवोंमें क्यों असंख्यात उपयोगकाल होते हैं इस बातका इस सूत्र द्वारा सम्यक् प्रकारसे निर्णय किया गया है। सामान्य नियम यह है कि एक अन्तर्मुहूर्तके भीतर क्रोधादि कषायोंका एक उपयोगकाल होता है, इसलिए एक वर्षके भीतर संख्यात हजार उपयोगकाल हुए। इस नियमके अनुसार इन उपयोगकालोंका जघन्य परीतासंख्यातमें भाग देने पर जितने वर्ष प्राप्त होंगे उतने वर्षका जो भव होता है उसमें नियमसे असंख्यात उपयोगकाल सुघटित हो जाते हैं। स्पष्ट है कि इस भवसे कम आयुवाले नारकियोंके जितने भव होते हैं उनमें क्रोध कषायके संख्यात उपयोगकाल ही प्राप्त होते हैं और पूर्वोक्त भव सहित आगेके जितने भव होते हैं उनमें क्रोध कषायके असंख्यात उपयोगकाल ही होते हैं।

§ १०९. अब शेष कषायोंके संख्यात उपयोगवाले और असंख्यात उपयोगवाले भवोंका विषय विभाग इसी प्रकार निर्णीत करना चाहिए इस बातका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** इसी प्रकार मान, माया और लोभकषायके उपयोगवाले भवोंका विषय-विभाग जानना चाहिए।**


*** इस प्रकार उक्त कथन करके नौ पदों द्वारा अल्पबहुत्व करना चाहिए।**

§ १६५. इस प्रकार कषाय-उदयस्थानोंमें और उपयोगाद्धास्थानोंमें जीवोंके अवस्थान-क्रमका कथन करके तदनन्तर प्रकृत विषयमें इस समय त्रसजीवोंका अल्पबहुत्व करते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। वह कैसे किया जाता है ऐसी पृच्छा होनेपर नौ पदोंके द्वारा करना चाहिए यह निर्देश किया है।

शंका—वे नौ पद कौन हैं?

---

१ आ०प्रतौ णिव्वाहणुवलंभादो इति पाठः।

मार्गणाओंमें यथासम्भव विवक्षित [illegible] जहण्णुक्कस्साजहण्णाणुक्कस्समेयभिण्णकसायुदयट्ठाण-पडिबद्धाणं तिण्हं पदाणं कसायोवजोगद्धट्ठाणेहिं तहा चेव तिहाविहत्तेहिं संजोगेण समुप्पण्णाणि णवपदाणि होंति। तं जहा—कोहादीणमुक्कस्सकसायुदयट्ठाणे कसायोव-जोगद्धाए च पडिबद्धमेक्कं पदं। तेसिं चेवुक्कस्सकसायुदयट्ठाणे जहण्णकसायोवजोगद्धाए च विदियं। उक्कस्सकसायुदयट्ठाणे अजहण्णाणुक्कस्सकसायोवजोगद्धासु च तदियं। जहण्णकसायुदयट्ठाणे उक्कस्सकसायोवजोगद्धाए च चउत्थं। जहण्णकसायुदयट्ठाणे जहण्णकसायोवजोगद्धाए च पंचमं। जहण्णकसायुदयट्ठाणे अजहण्णाणुक्कस्सकसायोव-जोगद्धट्ठाणेसु च छट्ठं। अजहण्णाणुक्कस्सकसायुदयट्ठाणेसु उक्कस्सकसायोवजोगद्धाए च सत्तमं। अजहण्णाणुक्कस्सकसायुदयट्ठाणेसु जहण्णकसायोवजोगद्धाए च अट्ठमं। अजहण्णाणुक्कस्सकसायुदयट्ठाणेसु अजहण्णाणुक्कस्सकसायोवजोगद्धट्ठाणेसु च णवमंमिदि। एवमेदेहिं णवहि पदेहिं तसजीवाणं थोवबहुत्तमेत्तो अहिकीरदि त्ति सुत्तत्थसब्भावो।

*** तं जहा।**

§ १६६. सुगममेदं पुच्छावक्कं। एवं च पुच्छाविसईकयस्स अप्पाबहुअस्स माणादिकसायपरिवाडीए एसो णिद्देसो।

*** उक्कस्सए कसायुदयट्ठाणे उक्कस्सियाए माणोवजोगद्धाए जीवा थोवा।**

समाधान—मानादि कषायोंमेंसे एक-एक कषायके जघन्य, उत्कृष्ट और अजघन्यानुत्कृष्ट इस प्रकारसे भेदरूप कषाय-उदयस्थानोंसे सम्बन्ध रखनेवाले तीन पदोंके तथा उसी प्रकार तीन रूपसे विभक्त हुए कषाय-उपयोगाद्धास्थानोंके संयोगसे उत्पन्न हुए नौ पद होते हैं। यथा—क्रोधादिके उत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानमें और कषाय-उपयोगकालस्थानमें प्रतिबद्ध एक पद है। उन्हींके उत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानमें और जघन्य कषाय उपयोगकालस्थानमें प्रतिबद्ध दूसरा पद है। उत्कृष्ट कषाय उदयस्थानमें और अजघन्यानुत्कृष्ट कषाय-उपयोगकालस्थानोंमें प्रतिबद्ध तीसरा पद है। जघन्य कषाय-उदयस्थानमें और उत्कृष्ट कषाय उपयोगकालस्थानमें प्रतिबद्ध चौथा पद है। जघन्य कषाय उदयस्थानमें और जघन्य कषाय-उपयोगकालस्थानमें प्रतिबद्ध पाँचवाँ पद है। जघन्य कषाय-उदयस्थानमें और अजघन्यानुत्कृष्ट कषाय-उपयोग-कालस्थानोंमें प्रतिबद्ध छठा पद है। अजघन्यानुत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानोंमें और उत्कृष्ट कषाय-उपयोगकालस्थानमें प्रतिबद्ध सातवाँ पद है। अजघन्यानुत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानोंमें और जघन्य कषाय-उपयोगकालस्थानमें प्रतिबद्ध आठवाँ स्थान है। अजघन्यानुत्कृष्ट कषाय-उदय-स्थानोंमें और अजघन्यानुत्कृष्ट कषाय-उपयोगकालस्थानोंमें प्रतिबद्ध नौवाँ स्थान है। इस प्रकार इन नौ पदोंके द्वारा आगे त्रसजीवोंका अल्पबहुत्व अधिकृत है यह इस सूत्रके अर्थका आशय है।

*** वह कैसे ?**

§ १६६. यह पृच्छावाक्य सुगम है। इस प्रकार पृच्छाके विषयभूत हुए अल्पबहुत्वका मानादि कषायोंके क्रमसे यह निर्देश है।

*** उत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानोंमें और उत्कृष्ट मानोपयोगकालमें जीव सबसे थोड़े हैं।**

§ १६७. उक्कस्सकसायोदयट्ठाणं णाम उक्कस्साणुभागोदयजणिदो कसायपरिणामो असंखेज्जलोयमेयमिण्णाणमज्झवसाणट्ठाणाणं चरिमज्झवसाणट्ठाणमिदि वुत्तं होदि। 'उक्कस्समाणोवजोगद्धाए' त्ति वुत्ते माणकसायस्स उक्कस्सकालोवजोगवग्गणाए गहणं कायव्वं। तदो एदेहिं दोहिं उक्कस्सपदेहिं माणकसायपडिबद्धेहिं अण्णोण्णसंजुत्तेहिं परिणदा तसजीवा थोवा त्ति सुत्तत्थसंबंधो। कुदो एदेसिं थोवत्तमवगम्मदे ? ण, दोण्हं पि उक्कस्सभावेण परिणमंताणं जीवाणं सुट्ठु विरलाणमुवएसादो। किं माणमेदेसिं ? आवलियाए असंखेज्जदिभागो। जइ वि उक्कस्समाणोवजोगद्धाए असंखेज्जसेढिमेत्तजीवाणमवट्ठाणसंभवो तो वि उक्कस्सकसायुदयट्ठाणे णिरुद्धे तत्थावलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तो चेव जीवरासी होदि, पयारंतरासंभवादो।

*** जहण्णियाए माणोवजोगद्धाए जीवा असंखेज्जगुणा।**

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री [illegible] कसायुदयट्ठाणे त्ति अहियारसंबंधो कायव्वो। तेण उक्कस्सए कसायुदयट्ठाणे जहण्णियाए माणोवजोगद्धाए च परिणदा जीवा पुव्वि-

---

§ १६७. उत्कृष्ट अनुभागके उदयसे उत्पन्न हुए तथा असंख्यात लोकप्रमाण अध्यवसान स्थानोंमेंसे अन्तिम अध्यवसानस्थानरूप कषाय परिणामकी उत्कृष्ट कषाय-उदयस्थान संज्ञा है। 'उत्कृष्ट मानोपयोगाद्धामें' ऐसा कहनेपर मानकषायकी उत्कृष्ट कालोपयोगवर्गणाका ग्रहण करना चाहिए। इसलिए मानकषायसे सम्बन्ध रखनेवाले और परस्पर संयुक्त हुए इन दोनों उत्कृष्ट पदरूपसे परिणत हुए त्रसजीव सबसे थोड़े हैं ऐसा सूत्रके अर्थका सम्बन्ध करना चाहिए।

शंका—इसका स्तोकपना किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि दोनों ही पदोंके उत्कृष्टभावसे परिणत हुए जीव बहुत विरल होते हैं ऐसा परमागमका उपदेश है

शंका—इनका प्रमाण क्या है ?

समाधान—इनका प्रमाण आवलिके असंख्यातवें भागमात्र है। यद्यपि मानकषायके उत्कृष्ट उपयोगकालमें असंख्यात जगश्रेणिप्रमाण त्रसजीवोंका अवस्थान सम्भव है तो भी उत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानसे युक्त उसमें आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण ही जीवराशि होती है, क्योंकि यहाँ अन्य प्रकार सम्भव नहीं है।

विशेषार्थ—यहाँ उदयस्थानका अर्थ कषायपरिणाम और उपयोगाद्धाका अर्थ कषाय-परिणामका काल लिया है। ये दोनों जिन जीवोंके उत्कृष्ट होते है उनकी संख्या आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाणसे अधिक नहीं पाई जाती यह उक्त कथनका तात्पर्य है। आगे भी इसी प्रकार तात्पर्य घटित कर लेना चाहिए।

*** उनसे जघन्य मानकषायसम्बन्धी उपयोगकालमें स्थित हुए जीव असंख्यात गुणे हैं।**

§ १६८. इस सूत्रमें 'उत्कृष्ट कषाय उदयस्थानमें' अधिकारवश इस पदका सम्बन्ध कर लेना चाहिए। इससे उत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानमें और मानकषायके जघन्य उपयोगकालमें

ल्लेहितो असंखेज्जगुणा त्ति सुत्तत्थो। एसो वि रासी आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तो चेव। किंतु उक्कस्समाणोवजोगद्धाए परिणममाणजीवेहिंतो जहण्णमाणोवजोगद्धाए परिणममाणजीवा बहुआ होंति, जहण्णकालस्स पउरं संभवादो। तदो सिद्धमसंखेज्ज-गुणत्तं। को गुणगारो ? आवलियाए असंखेज्जदिभागो।

*** अणुक्कस्समजहण्णासु माणोवजोगद्धासु जीवा असंखेज्जगुणा।**

§ १६९. एत्थ वि पुव्वं व अहियारसंबंधो कायव्वो। तदो एसो वि जीवरासी आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तो चेव होइ। होंतो वि पुव्विल्लरासीदो एसो असंखेज्ज-गुणो। किं कारणं ? जहण्णिया माणोवजोगद्धा एयवियप्पा चेव, अजहण्णाणुक्कस्स-माणोवजोगद्धाओ पुण अणेयवियप्पाओ। तेणेत्थ बहुवियप्पसंभवादो बहुओ जीवरासी परिणमदि त्ति सिद्धमसंखेज्जगुणत्तं। गुणगारो च आवलियाए असंखेज्जदिभागो।

मानकषायरूपसे परिणत हुए जीव पूर्वोक्त जीवोंसे असंख्यातगुणे होते हैं इस प्रकार सूत्रका अर्थ फलित हो जाता है। यह राशि भी आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण ही है। किन्तु उत्कृष्ट मानोपयोगकालमें परिणमन करते हुए जीवोंसे जघन्य मनोपयोगकालमें परिणमन करनेवाले जीव बहुत होते हैं, क्योंकि जघन्य काल प्रचुररूपसे पाया जाता है, इसलिये ये जीव असंख्यातगुणे हैं यह सिद्ध हुआ।

शंका—गुणकार क्या है ?

समाधान—गुणकार आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

*** उनसे अनुत्कृष्ट-अजघन्य मानकषायसम्बन्धी उपयोगकालोंमें जीव असंख्यात-गुणे हैं।**

§ १६९. यहाँपर भी पहलेके समान अधिकारका सम्बन्ध करना चाहिए। इसलिए यह जीवराशि भी आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण ही होती है। उतनी होती हुई भी पिछली राशिसे यह राशि असंख्यातगुणी है, क्योंकि मानोपयोगका जघन्य काल एक ही प्रकारका है, किन्तु अजघन्य-अनुत्कृष्ट मानोपयोगकाल अनेक भेदोंको लिये हुए है। इसलिए यहाँपर बहुत विकल्प सम्भव होनेसे बहुत जीवराशि मानकषायरूपसे परिणमन करती है, इसलिए पूर्वोक्त जीवराशिसे यह राशि असंख्यातगुणी है यह सिद्ध हुआ। यहाँ गुणकार आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

विशेषार्थ—मानकषायके उत्कृष्टकाल और जघन्यकालको छोड़कर शेष समस्त काल अजघन्य-अनुत्कृष्टकालमें परिगृहीत हो जाता है। यतः इस कालके भीतर मानकषायरूपसे परिणत सब त्रसजीवराशि नहीं ली गई है। किन्तु उत्कृष्ट मानकषायरूपसे परिणत त्रसजीव-राशि ही ली गई है, इसलिए वह आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण होकर भी पूर्वोक्त जीवराशिसे असंख्यातगुणी बन जाती है, क्योंकि मानकषायके जघन्यकालका प्रमाण एक समय मात्र है और अजघन्य-अनुत्कृष्टकाल असंख्यात समयप्रमाण है, इसलिए उक्तरूपसे जीवराशि बन जाती है। यहाँ सर्वत्र त्रस जीवराशिकी अपेक्षा यह अल्पबहुत्व बतलाया जा रहा है यह ध्यान रहे।

*** जहण्णए कसायुदयट्ठाणे उक्कस्सियाए माणोवजोगद्धाए जीवा असंखेज्जगुणा ।**

§ १७०. सव्वजहण्णयमणुभागोदयट्ठाणं तसजीवपाओग्गमेत्थ जहण्णकसायुदयट्ठाणमिदि विवक्खियं । तेण जहण्णए कसायुदयट्ठाणे उक्कस्समाणोवजोगद्धापडिबद्धे वट्टमाणो जीवरासी असंखेज्जगुणो त्ति सुत्तत्थसंबंधो । एसो वि आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तो चेव, एक्केक्कम्मि कसायुदयट्ठाणे णिरुद्धे आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तो चेव तस जीवरासी होदि त्ति पुव्वमेव णिण्णीयत्तादो । णवरि उक्कस्सकसायुदयट्ठाणादो जहण्णकसायुदयट्ठाणस्स सुलहत्तेण पुव्विल्लरासीदो एसो असंखेज्जगुणो जादो । एत्थ गुणगारो आवलियाए असंखेज्जदिभागो ।

*** जहण्णियाए माणोवजोगद्धाए जीवा असंखेज्जगुणा ।**

§ १७१. एत्थ जहण्णकसायुदयट्ठाणग्गहणमणुवट्टदे, तेणेवमहिसंबंधो कायव्वो—जहण्णए कसायुदयट्ठाणे जहण्णियाए माणोवजोगद्धाए च अक्कमेण परिणदा जीवा पुव्विल्लेहिंतो असंखेज्जगुणा त्ति । एत्थ कारणं सुगमं । गुणगारो च आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तो ।

*** अणुक्कस्समजहण्णासु माणोवजोगद्धासु जीवा असंखेज्जगुणा ।**

§ १७२. एसो वि जीवरासी आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तो होदूण पुव्विल्लादो असंखेज्जगुणो होइ । कारणं सुगमं ।

*** उनसे जघन्यकषाय उदयस्थानमें और उत्कृष्ट मानकषायसम्बन्धी उपयोगकालमें जीव असंख्यातगुणे हैं ।**

§ १७०. सबसे जघन्य अनुभागोदयस्थान त्रसजीवोंके योग्य जघन्य कषाय-उदयस्थान है ऐसी यहाँपर विवक्षा की गई है । तदनुसार उत्कृष्ट मानोपयोगकालसे सम्बन्ध रखनेवाले जघन्य कषायोदयस्थानमें विद्यमान जीवराशि असंख्यगुणी है ऐसा यहाँ सूत्रका अर्थके साथ सम्बन्ध करना चाहिए । यह जीवराशि भी आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण ही है, क्योंकि एक-एक कषाय-उदयस्थानमें आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण ही त्रसराशि होती है, इस बातका पहले ही निर्णय कर आये हैं । इतनी विशेषता है कि उत्कृष्ट कषायोदयस्थानसे जघन्य कषायोदयस्थान सुलभ है, इसलिए पूर्वोक्त राशिसे यह राशि असंख्यातगुणी हो जाती है । यहाँपर गुणकार आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है ।

*** उनसे जघन्य मानकषायोपयोगकालमें जीव असंख्यातगुणे हैं ।**

§ १७१. यहाँपर 'जघन्य कषाय-उदयस्थान' पदकी अनुवृत्ति होती है । इसलिए ऐसा सम्बन्ध करना चाहिए । जघन्य कषाय उदयस्थानमें और जघन्य मानोपयोगकालमें युगपत् परिणत हुए जीव पिछले जीवोंसे असंख्यातगुणे हैं । यहाँपर कारणका कथन सुगम है । गुणकार आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है ।

*** उनसे अनुत्कृष्ट-अजघन्य मानोपयोगकालोंमें जीव असंख्यातगुणे हैं ।**

§ १७२. यह भी जीवराशि आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण होकर पिछली राशिसे असंख्यातगुणी है । कारणका कथन सुगम है ।

*** अणुक्कस्समजहण्णेसु अणुभागट्ठाणेसु उक्कस्सियाए माणोवजोगद्धाए जीवा असंखेज्जगुणा ।**

§ १७३. पुव्विल्लरासी आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तो, एसो पुण असंखेज्जसेढिमेत्तो, अजहण्णाणुक्कस्सकसायुदयट्ठाणेसु णिरुद्धेसु तदुवलंभसंभवादो। तम्हा पुव्विल्लादो असंखेज्जगुणो जादो। गुणगारो वि असंखेज्जाओ सेढीओ।

*** जहण्णियाए माणोवजोगद्धाए जीवा असंखेज्जगुणा ।**

§ १७४. 'अणुक्कस्समजहण्णेसु अणुभागट्ठाणेसु' त्ति पुव्वसुत्तादो अणुवट्टदे। तेणेसो वि रासी असंखेज्जसेढिमेत्तो होदूण पुव्विल्लादो असंखेज्जगुणो जादो, उक्कस्समाणोवजोगद्धापरिणदजीवेहिंतो जहण्णमाणोवजोगद्धापरिणदजीवाणं सरिसकसायुदयट्ठाणविसयाणं तहाभावसिद्धीए बाहाणुवलंभादो।

*** अणुक्कस्समजहण्णासु माणोवजोगद्धासु जीवा असंखेज्जगुणा ।**

§ १७५. एत्थ वि 'अणुक्कस्समजहण्णेसु' त्ति अहियारसंबंधो। सेसं सुगमं।

*** एवं सेसाणं कसायाणं ।**

§ १७६. जहा माणकसायस्स णवहिं पदेहिं पयदप्पाबहुअविणिण्णयो कओ तहा कोह-माया-लोभाणं पि कायव्वो, विसेसाभावादो। संपहि एदेणेव परत्थाणप्पा-

*** उनसे अनुत्कृष्ट-अजघन्य अनुभागस्थानोंमें और उत्कृष्ट मानोपयोगकालमें जीव असंख्यातगुणे हैं ।**

§ १७३. पिछली राशि आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है, किन्तु यह राशि असंख्यात जगश्रेणिप्रमाण है, क्योंकि अजघन्य-अनुत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानोंमें उनकी उपलब्धि सम्भव है। इसलिए पिछली राशिसे यह राशि असंख्यातगुणी है। गुणकार भी असंख्यात जगश्रेणिप्रमाण है।

*** उनसे जघन्य मानोपयोगकालमें जीव असंख्यातगुणे हैं ।**

§ १७४. 'अनुत्कृष्ट-अजघन्य अनुभागस्थानोंमें' इस पदकी पूर्व सूत्रसे अनुवृत्ति होती है। इसलिए यह राशि भी असंख्यात जगश्रेणिप्रमाण होकर पिछली राशिसे असंख्यातगुणी बन जाती है, क्योंकि उत्कृष्ट मानोपयोगकालसे युक्त जीवोंसे उक्त जीवोंके समान कषाय-उदयस्थानके विषयभूत ऐसे जघन्य मानोपयोगकालसे युक्त जीवोंके असंख्यातगुणे सिद्ध होनेमें कोई बाधा नहीं आती।

*** उनसे अनुत्कृष्ट-अजघन्य मानकषायसम्बन्धी उपयोगकालोंमें स्थित जीव असंख्यातगुणे हैं ।**

§ १७५. यहाँपर भी 'अनुत्कृष्ट-अजघन्य अनुभागस्थानोंमें' इस पदका अधिकारवश सम्बन्ध कर लेना चाहिए। शेष कथन सुगम है।

*** इसी प्रकार शेष कषायोंकी अपेक्षा अल्पबहुत्व जानना चाहिए ।**

§ १७६. जिस प्रकार नौ पदोंके आश्रयसे मानकषायके प्रकृत अल्पबहुत्वका निर्णय किया उसी प्रकार क्रोध, माया और लोभकषायकी अपेक्षा भी करना चाहिए, क्योंकि उससे

बहुअं पि साहेयव्वमिदि पदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

* एत्तो छत्तीसपदेहिं अप्पाबहुअं कायव्वं ।

§ १७७. एदम्हादो चेव सत्थाणप्पाबहुआदो साहेयूण परत्थाणप्पाबहुअं पि छत्तीसपदेहिं पडिबद्धं कायव्वमिदि वुत्तं होइ । तं जहा—उक्कस्सए कसायुदयट्ठाणे उक्कस्सियाए माणोवजोगद्धाए उवजुत्तजीवा थोवा । उक्कस्सए कसायुदयट्ठाणे उक्कस्सियाए कोधोवजोगद्धाए परिणदजीवा विसेसाहिया । एत्थ कारणं माणद्धादो कोधद्धा विसेसाहिया, तेण रासी वि तप्पडिभागो चेव होइ त्ति वत्तव्वं । विसेसो पुण पवाइज्जंतोवएसेणावलियाए असंखेज्जदिभागपडिभागिओ । एवमुवरिमपदेसु वि विसेसाहियपमाणमणुगंतव्वं । उक्कस्सए कसायुदयट्ठाणे उक्कस्सियाए मायोवजोगद्धाए परिणदजीवा विसेसाहिया । उक्कस्सए कसायुदयट्ठाणे उक्कस्सियाए लोहोवजोगद्धाए जीवा विसेसाहिया । उक्कस्सए कसायुदयट्ठाणे जहण्णियाए माणोवजोगद्धाए जीवा असंखेज्जगुणा । को गुणगारो ? आवलियाए असंखेज्जदिभागो । उक्कस्सए कसायुदयट्ठाणे जहण्णियाए कोहोवजोगद्धाए जीवा विसेसाहिया । उक्कस्सए कसायुदयट्ठाणे जहण्णियाए मायोवजोगद्धाए जीवा विसेसाहिया । उक्कस्सए कसायुदयट्ठाणे जहण्णियाए लोभोवजोगद्धाए जीवा विसेसाहिया । उक्कस्सए कसायुदयट्ठाणे अजहण्णमणुक्कस्सियासु माणोवजोगद्धासु

प्रायोगिक ओ आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

इन तीनों कषायोंके अल्पबहुत्वके कथनमें कोई भेद नहीं है । अब इसी अल्पबहुत्वके आश्रयसे परस्थान अल्पबहुत्वकी भी सिद्धि कर लेनी चाहिए इस बातका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** अब इससे आगे छत्तीस पदोंके द्वारा अल्पबहुत्व करना चाहिए ।**

§ १७७. इसी स्वस्थानअल्पबहुत्वसे साधकर छत्तीस पदोंसे सम्बन्ध रखनेवाला परस्थान अल्पबहुत्व करना चाहिये यह उक्त कथनका तात्पर्य है । यथा—उत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानमें और उत्कृष्ट मानोपयोगकालमें उपयुक्त हुए जीव सबसे स्तोक हैं । उनसे उत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानमें और उत्कृष्ट क्रोधोपयोगकालमें स्थित जीव विशेष अधिक हैं । यहाँपर मानके कालसे क्रोधके कालका विशेष अधिक होना इसका कारण है, इसलिए जीवराशि भी उसी प्रतिभागके हिसाबसे अधिक है ऐसा यहाँ कहना चाहिए । किन्तु विशेषका प्रमाण प्रवाह्यमान उपदेशके अनुसार आवलिके असंख्यातवें भागका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना है । इसी प्रकार आगेके पदोंमें भी विशेष अधिकका प्रमाण जान लेना चाहिए । उनसे उत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानमें और उत्कृष्ट मायोपयोगकालमें स्थित जीव विशेष अधिक हैं । उनसे उत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानमें और उत्कृष्ट लोभोपयोगकालमें स्थित जीव विशेष अधिक हैं । उनसे उत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानमें और जघन्य मानोपयोगकालमें स्थित जीव असंख्यातगुणे हैं । गुणकार क्या है ? आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण गुणकार है । उनसे उत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानमें और जघन्य क्रोधोपयोगकालमें जीव विशेष अधिक हैं । उनसे उत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानमें और जघन्य मायोपयोगकालमें जीव विशेष अधिक हैं । उनसे उत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानमें और जघन्य लोभोपयोगकालमें जीव विशेष अधिक हैं । उनसे उत्कृष्ट कषाय उदयस्थानमें और अजघन्य-अनुत्कृष्ट मानोपयोगकालोंमें जीव असंख्यातगुणे

जीवा असंखेज्जगुणा। गुणगारो पुव्वुत्तो चेव वत्तव्वो। उक्कस्सए कसायुदयट्ठाणे अजण्णमणुक्कस्सियासु कोधोवजोगद्धासु जीवा विसेसाहिया। उक्कस्सए कसायुदयट्ठाणे अजहण्णमणुक्कस्सियासु मायोवजोगद्धासु जीवा विसेसाहिया। उक्कस्सए कसायुदयट्ठाणे अजहण्णमणुक्कस्सियासु लोभोवजोगद्धासु जीवा विसेसाहिया। जहण्णए कसायुदयट्ठाणे उक्कस्सियाए माणोवजोगद्धाए जीवा असंखेज्जगुणा। को गुणगारो? आवलियाए असंखेज्जदिभागो। जहण्णए कसायुदयट्ठाणे उक्कस्सिया० कोहोवजोगद्धा० जीवा विसेसाहिया। जहण्णए कसायुदयट्ठाणे उक्कस्सिया० मायोवजोगद्धा० जीवा विसेसाहिया। जहण्णए कसायुदयट्ठाणे उक्कस्सिया० लोभोवजोगद्धा० जीवा विसेसाहिया। जहण्णए कसायुदयट्ठाणे जहण्णिया० माणोवजोगद्धा० जीवा असंखेज्ज-गुणा। गुणगारो पुव्वं व वत्तव्वो। जहण्णए कसायुदयट्ठाणे जहण्णिया० कोहोव-जोगद्धा० जीवा विसेसाहिया। जहण्णए कसायुदयट्ठाणे जहण्णिया० मायोवजोगद्धा० जीवा विसेसाहिया। जहण्णए कसायुदयट्ठाणे जहण्णिया० लोहोवजोगद्धा० जीवा विसेसाहिया। जहण्णए कसायुदयट्ठाणे अजहण्णमणुक्कस्सिया० माणोवजोगद्धा० जीवा असंखेज्जगुणा। एत्थ वि सो चेव गुणगारो। जहण्णए कसायुदयट्ठाणे अजहण्ण-मणुक्कस्सियासु कोहोवजोगद्धासु जीवा विसेसाहिया। जहण्णए कसायुदयट्ठाणे अजहण्ण-मणुक्कस्सियासु मायोवजोगद्धासु जीवा विसेसाहिया। जहण्णए कसायुदयट्ठाणे अजहण्ण-मणुक्क० लोभोवजोगद्धासु जीवा विसेसाहिया। अजहण्णमणुक्क० कसायुदयट्ठाणे०

हैं। गुणकार पूर्वोक्त ही कहना चाहिए। उनसे उत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानमें और अजघन्य-अनुत्कृष्ट क्रोधोपयोगकालोंमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे उत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानमें और अजघन्य-अनुत्कृष्ट मायोपयोगकालोंमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे उत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानमें और अजघन्य-अनुत्कृष्ट लोभोपयोगकालोंमें स्थित जीव विशेष अधिक हैं। उनसे जघन्य कषाय-उदयस्थानमें और उत्कृष्ट मानोपयोगकालमें जीव असंख्यातगुणे हैं। गुणकार क्या हैं? आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण गुणकार है। उनसे जघन्य कषाय-उदयस्थानमें और उत्कृष्ट क्रोधोपयोगकालमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे जघन्य कषाय-उदयस्थानमें और उत्कृष्ट मायोपयोगकालमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे जघन्य कषाय-उदयस्थानमें और उत्कृष्ट लोभोपयोगकालमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे जघन्य कषाय उदयस्थानमें और जघन्य मानोपयोगकालमें जीव असंख्यातगुणे हैं। गुणकार पहलेके समान कहना चाहिए। उनसे जघन्य कषाय-उदयस्थानमें और जघन्य क्रोधोपयोगकालमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे जघन्य कषाय-उदयस्थानमें और जघन्य मायोपयोगकालमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे जघन्य कषाय-उदयस्थानमें और जघन्य लोभोपयोगकालमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे जघन्य कषाय-उदयस्थानमें और अजघन्य अनुत्कृष्ट मानोपयोगकालोंमें जीव असंख्यातगुणे हैं। यहाँपर भी वही गुणकार है। उनसे जघन्य कषाय-उदयस्थानमें और अजघन्य-अनुत्कृष्ट क्रोधोपयोगकालोंमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे जघन्य कषाय-उदयस्थान-में और अजघन्य-अनुत्कृष्ट मायोपयोगकालोंमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे जघन्य कषाय-उदयस्थानमें और अजघन्य-अनुत्कृष्ट लोभोपयोगकालोंमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे अजघन्य-अनुत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानोंमें और उत्कृष्ट मानोपयोगकालमें जीव असंख्यातगुणे हैं।

उक्कस्सिया० माणोवजोगद्धा० जीवा असंखेज्जगुणा। को गुणगारो? असंखेज्जाओ सेढीओ। अजहण्णमणुक्क० कसायुदयट्ठाणे० उक्कस्सिया० कोहोवजोगद्धा० जीवा विसेसाहिया। अजहण्णमणुक्क० कसायुदयट्ठाणे० उक्कस्सिया० मायोवजोगद्धा० जीवा विसेसाहिया। अजहण्णमणुक्क० कसायुदयट्ठाणे० उक्क० लोभोव० जीवा विसे०। अजहण्णमणुक्कस्सए० कसायुदयट्ठाणे० जहण्णिया० माणोवजोगद्धा० जीवा असंखेज्जगुणा। अजहण्णमणुक्कस्स० कसायुदयट्ठा० जहण्णिया० कोहोवजोगद्धा० जीवा विसेसाहिया। अजहण्णमणुक्कस्स० कसायुदयट्ठा० जहण्णिया० मायोवजोगद्धा० जीवा विसेसाहिया। अजहण्णमणुक्कस्स० कसायुदयट्ठा० जहण्णिया० लोभोवजोगद्धा० जीवा विसेसाहिया। अजहण्णमणुक्कस्स० कसायुदयट्ठा० अजहण्णमणुक्कस्सियासु माणोवजोगद्धासु जीवा असंखेज्जगुणा। अजहण्णमणुक्कस्स० कसायुदयट्ठा० अजहण्णमणुक्कस्सियासु कोहोवजोगद्धासु जीवा विसेसाहिया। अजहण्णमणुक्कस्स० कसायुदयट्ठा० अजहण्णमणुक्कस्सियासु मायोवजोगद्धासु जीवा विसेसाहिया। अजहण्णमणुक्कस्स० कसायुदयट्ठाणेसु अजहण्णमणुक्कस्सियासु लोभोवजोगद्धासु जीवा विसेसाहिया। एवमोघेण परत्थाणप्पाबहुअमेदं परूविदं। एवं चेव तिरिक्खमणुसगदीसु वि वत्तव्वं, विसेसाभावादो। णिरयगदीसु परत्थाणप्पाबहुअं चिंतिय णेदव्वं। तदो चउत्थीए गाहाए अत्थविहासा समप्पदि त्ति उवसंहारवक्कमाह—

*** एवं चउत्थीए गाहाए विहासा समत्ता।**

गुणकार क्या है? असंख्यात जगच्छ्रेणिप्रमाण गुणकार है। उनसे अजघन्य-अनुत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानोंमें और उत्कृष्ट क्रोधोपयोगकालमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे अजघन्य-अनुत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानोंमें और उत्कृष्ट मायोपयोगकालमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे अजघन्य-अनुत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानोंमें और उत्कृष्ट लोभोपयोगकालमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे अजघन्य-अनुत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानोंमें और जघन्य मानोपयोगकालमें जीव असंख्यातगुणे हैं। उनसे अजघन्य-अनुत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानोंमें और जघन्य क्रोधोपयोगकालमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे अजघन्य-अनुत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानोंमें और जघन्य मानोपयोगकालमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे अजघन्य-अनुत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानोंमें और जघन्य लोभोपयोगकालमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे अजघन्य-अनुत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानोंमें और अजघन्य-अनुत्कृष्ट मानोपयोगकालोंमें जीव असंख्यातगुणे हैं। उनसे अजघन्य-अनुत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानोंमें और अजघन्य-अनुत्कृष्ट क्रोधोपयोगकालोंमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे अजघन्य-अनुत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानोंमें और अजघन्य-अनुत्कृष्ट मायोपयोगकालोंमें जीव विशेष अधिक हैं। उनसे अजघन्य-अनुत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानोंमें और अजघन्य-अनुत्कृष्ट लोभोपयोगकालोंमें जीव विशेष अधिक हैं। इस प्रकार ओघसे परस्थान अल्पबहुत्वका कथन किया। इसी प्रकार तिर्यञ्चगति और मनुष्यगतिमें भी कहना चाहिए, क्योंकि ओघकथनसे इनके कथनमें कोई भेद नहीं है। नरकगति और देवगतिमें परस्थान अल्पबहुत्वको विचारकर जानना चाहिए। इसके बाद चौथी गाथाके अर्थका विशेष व्याख्यान समाप्त होता है इस आशयके उपसंहार वाक्यको कहते हैं—

*** इस प्रकार चौथी गाथाके अर्थका विशेष व्याख्यान समाप्त हुआ।**

§ १७८. सुगममेदं पयदत्थोवसंहारवक्कं । एवमेदं समाणिय संपहि पंचमगाहासुत्तस्स जहावसरपत्तमत्थविहासणं कुणमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

*** केवडिगा उवजुत्ता सरिसीसु च वग्गणाकसाएसु चेति एदिस्से गाहाए अत्थविहासा ।**

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ १७९. सुगममेदं, एदिस्से पंचमीए गाहाए अत्थविहासा एत्तो अहिकीरदि त्ति पदुप्पायणफलदाओ । णवरि गाहाए पुव्वद्धमिदि सद्दपरमुच्चारिय तेण देसामासयेण सव्विस्से चेव गाहाए सपुव्वपच्छद्धाए परामरसो एत्थ कओ दट्ठव्वो । एसा च गाहा कोहादिकसायोवजुत्ताणं परूवणट्ठदाए अट्ठण्हमणियोगद्दाराणं सूचणट्ठमागया । तदो सूचणासुत्तमेदमिति पदुप्पायणट्ठमाह—

*** एसा गाहा सूचणासुत्तं ।**

§ १८०. सुगमं । संपहि किमेदेण सूचिज्जमाणमत्थजादमिच्चासंकाए उत्तरमाह—

*** एदीए सूचिदाणि अट्ठ अणिओगद्दाराणि ।**

§ १८१. एदीए गाहाए कोहादिकसायोवजोगजुत्तजीवाणं परूवणट्ठदाए अट्ठ अणियोगद्दाराणि सूचिदाणि त्ति भणिदं होइ । संपहि काणि ताणि अट्ठ अणिओगद्दाराणि त्ति आसंकिय पुच्छासुत्तमाह—

---

§ १७८. प्रकृत अर्थका उपसंहार करनेवाला यह वचन सुगम है । इस प्रकार इसको समाप्त कर अब पाँचवीं सूत्रगाथाके अवसरप्राप्त अर्थका विशेष व्याख्यान करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** 'सदृश कषायोपयोगवर्गणाओंमें कितने जीव उपयुक्त हैं' इस गाथाके अर्थका विशेष व्याख्यान करते हैं ।**

§ १७९. यह वचन सुगम है, क्योंकि इस पाँचवीं गाथाके अर्थका विशेष व्याख्यान अधिकार प्राप्त है इस बातका कथन करना इसका फल है । इतनी विशेषता है कि गाथाके पूर्वार्धका शब्दपरक उच्चारण करके उससे देशामर्षकभावसे पूर्वार्ध और उत्तरार्ध सहित पूरी गाथाका परामर्श यहाँपर किया गया जानना चाहिए । यह गाथा क्रोधादि कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंका कथन करनेके लिए आठों अनुयोगद्वारोंका सूचन करनेके लिए आई है । इसलिए यह सूचनासूत्र है इस बातका कथन करनेके लिए कहते हैं—

*** यह गाथा सूचनासूत्र है ।**

§ १८०. यह वचन सुगम है । अब इसके द्वारा क्या अर्थसमूह सूचित किया जानेवाला है इस आशंकाका उत्तर देते हैं—

*** इसके द्वारा आठ अनुयोगद्वार सूचित किये गये हैं ।**

§ १८१. क्रोधादि कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंका कथन करनेके लिए इस गाथा द्वारा आठ अनुयोगद्वार सूचित किये गये हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है । अब वे आठ अनुयोगद्वार कौनसे हैं ऐसी आशंका कर पृच्छासूत्र कहते हैं—

* तं जहा ।

§ १८२. सुगमं ।

गणिनी आर्यिका श्री सुविधिसागर जी महाराज

* संतपरूवणा दव्वपमाणं खेत्तपमाणं फोसणं कालो अंतरं भागाभागो अप्पाबहुगं च ।

§ १८३. एवमेदाणि अट्ठ अणिओगद्दाराणि एदीए गाहाए सूचिदाणि त्ति वुत्तं होइ । संपहि एदस्स गाहासुत्तस्स कदमम्मि अवयवे कदममणिओगद्दारं पडिबद्धमिदि एदस्स जाणावणट्ठमुवरिमं पबंधमाह—

* केवडिगा उवजुत्ता त्ति दव्वपमाणाणुगमो ।

§ १८४. एदम्मि गाहापढमावयवे दव्वपमाणाणुगमो पडिबद्धो त्ति भणिदं होइ, कोहादिकसायेसु उवजुत्ता जीवा केवडिया होंति त्ति पुच्छामुहेणेत्थ तस्स पडिबद्धत्तदंसणादो ।

* सरिसीसु च वग्गणा-कसाएसु त्ति कालाणुगमो ।

§ १८५. एदम्मि गाहासुत्तविदियावयवे कालाणुगमो णिबद्धो त्ति भणिदं होदि । कथमेत्थ कालाणुगमस्स णिबद्धत्तमिदि चे ? वुच्चदे—सरिसीसु च एगकसायपडिबद्धासु

---

* ये जैसे ।

§ १८२. यह वचन सुगम है ।

* सत्प्ररूपणा, द्रव्यप्रमाण, क्षेत्रप्रमाण, स्पर्शन, काल, अन्तर, भागाभाग और अल्पबहुत्व ।

§ १८३. इस प्रकार ये आठ अनुयोगद्वार इस गाथा द्वारा सूचित किये गये हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है । अब इस गाथासूत्रके किस अवयवमें कौनसा अनुयोद्वार प्रतिबद्ध है इस प्रकार इस बातका ज्ञान करानेके लिए आगेका प्रबन्ध कहते हैं—

* 'कितने जीव उपयुक्त हैं' इस वचन द्वारा द्रव्यप्रमाणानुगम सूचित किया गया है ।

§ १८४. गाथाके इस प्रथम पादमें द्रव्यप्रमाणानुगम प्रतिबद्ध है यह उक्त कथनका तात्पर्य है, क्योंकि 'क्रोधादि कषायोंमें उपयुक्त हुए जीव कितने हैं' इस पृच्छा द्वारा यहाँपर उक्त गाथावचन प्रतिबद्ध देखा जाता है ।

* 'सदृश कषायोपयोगवर्गणाओंमें' इस वचन द्वारा कालानुगम सूचित किया गया है ।

§ १८५. गाथासूत्रके इस दूसरे पादमें कालानुगम निबद्ध है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

शंका—इसमें कालानुगमका निबद्धपना कैसे है ?

समाधान—'सरिसीसु च' अर्थात् एक कषायसे सम्बन्ध रखनेवाली 'वग्गणाकसाएसु'

---

१ ता०प्रतौ भणिदं इति पाठः ।

वग्गणाकसायेसु कसायोवजोगवग्गणासु केवचिरमुवजुत्ता होंति त्ति सुत्तत्थावलंबणादो कालागुणमस्स पडिबद्धत्तमेत्थ दट्ठव्वं ।

*** 'केवडिगा च कसाए' त्ति भागाभागो ।**

§ १८६. एदम्मि तदियावयवे भागाभागाणुगमो णिबद्धो त्ति गहेयव्वो, कम्हि कसाये कसायोवजुत्तसव्वजीवाणं केवडिया भागा उवजुत्ता होंति त्ति पदसंबंधावलंबणादो ।

*** 'के के च विसिस्सदे केण' त्ति अप्पाबहुअं ।**

§ १८७. एदम्मि गाहासुत्तचरिमावयवे अप्पाबहुआणुगमो णिबद्धो, के कसायोवजुत्ता जीवा कत्तो कसायोवजुत्तजीवरासीदो केत्तियमेत्तेण विसिस्सदे अहिया होंति त्ति पदसंबंधं कादूण सुत्तत्थावलंबणादो ।

*** एवमेदाणि चत्तारि अणिओगद्दाराणि सुत्तणिबद्धाणि ।**

§ १८८. कुदो ? चदुण्हमेदेसिं णामणिद्देसं कादूणेदम्मि गाहासुत्ते णिद्दिट्ठत्तादो ।

*** सेसाणि सूचणाणुमाणेण काय्व्वाणि ।**

मार्गदर्शक आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ १८९. सेसाणि पुण संतपरूवणादीणि चत्तारि अणिओगद्दाराणि सूचणाणुमाणेणेत्थ गहेयव्वाणि, सुत्तणिद्दिट्ठाणं चउण्हमणियोगद्दाराणं देसामासयभावेणावट्ठाणदंसणादो त्ति भणिदं होइ । तम्हा एदाणि अट्ठ अणिओगद्दाराणि एदीए गाहाए सूचिदाणि

अर्थात् कषायोपयोगवर्गणाओंमें जीव कितने काल तक उपयुक्त होते हैं इस प्रकार सूत्रके अर्थका अवलम्बन करनेसे प्रकृतमें कालानुगम प्रतिबद्ध है ऐसा जानना चाहिए ।

*** 'किस कषायमें कौन कितनेवाँ भाग उपयुक्त हैं' इस वचन द्वारा भागाभागानुगम सूचित किया गया है ।**

§ १८६. गाथाके इस तृतीय पादमें भागाभागानुगम निबद्ध है ऐसा ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि किस कषायमें कषायसे उपयुक्त हुए सब जीवोंके कितनेवें भाग जीव उपयुक्त होते हैं इस प्रकार पदके सम्बन्धका अवलम्बन लिया गया है ।

*** 'कौन-कौन कषायवाले जीव किस कषायवाले जीवोंसे अधिक होते हैं' इस वचन द्वारा अल्पबहुत्व सूचित किया गया है ।**

§ १८७. गाथासूत्रके इस अन्तिम पादमें अल्पबहुत्वानुगम निबद्ध है, क्योंकि कषायसे उपयुक्त हुए कौन जीव कषायसे उपयुक्त हुई किस जीवराशिसे कितने 'विसिस्सदे' अर्थात् अधिक होते हैं इस प्रकार पद सम्बन्ध करके सूत्रके अर्थका अवलम्बन लिया गया है ।

*** इस प्रकार ये चार अनुयोगद्वार सूत्रनिबद्ध हैं ।**

§ १८८. क्योंकि इन चारका नामनिर्देश करके ये इस गाथासूत्रमें निर्दिष्ट किये गये हैं ।

*** शेष अनुयोगद्वार सूचनावश अनुमानद्वारा ग्रहण कर लेने चाहिए ।**

§ १८९. किन्तु शेष सत्प्ररूपणा आदि चार अनुयोगद्वार सूचनावश अनुमानद्वारा यहाँपर ग्रहण कर लेने चाहिए, क्योंकि सूत्रमें निर्दिष्ट किये गये चार अनुयोगद्वारोंका देशामर्षकभावसे अवस्थान देखा जाता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । इसलिए ये आठ अनु-

त्ति सिद्धं । संपहि एदेहिं अट्ठहिं अणिओगद्दारेहिं कसायोवजुत्ताणं मग्गणट्ठदाए तत्थ इमाणि मग्गणट्ठाणाणि होंति त्ति जाणावणट्ठमिदमाह—

*** कसायोवजुत्ते अट्ठहिं अणिओगद्दारेहिं गदि-इंदिय-काय-जोग-वेद-णाण-संजम-दंसण-लेस्स-भविय-सम्मत्त-सण्णि-आहारा त्ति एदेसु तेरससु अणुगमेसु मग्गियूण ।**

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ १९०. एदेसु गदियादितेरसमग्गणट्ठाणेसु कसायोवजुत्ता जीवा अणंतरणिद्दिट्ठेहिं अट्ठहिं अणिओगद्दारेहिं अणुगंतव्वा त्ति वुत्तं होइ । साम्प्रतं यथोक्तेषु मार्गणास्थानेषु यथोक्तैरनुयोगद्वारैः सदादिभिर्विशेषितान् कषायोपयुक्तानन्वेषयिष्यामः । तद्यथा—तत्थ संतपरूवणाए दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण अत्थि कोह-माण-माया-लोभोवजुत्ता जीवा । एवं सव्वमग्गणासु णेदव्वं ।

§ १९१. दव्वपमाणाणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण कोह-माण-माया-लोभोवजुत्ता दव्वपमाणेण केवडिया ? अणंता । एवं तिरिक्खा० । आदेसेण णिरयगदीए णेरइया दव्वपमाणेण केवडिया ? असंखेज्जा । एवं सव्वणेरइय-सव्वपंचिंदियतिरिक्ख-सव्वमणुस-सव्वदेवा त्ति । णवरि मणुसपज्जत्त-मणुसिणी-सव्वट्ठ-देवा चदुकसायोवजुत्ता दव्वपमाणेण केवडिया ? संखेज्जा । एवं जाव अणाहारि त्ति ।

योगद्वार इस गाथाद्वारा सूचित किये गये हैं यह सिद्ध हुआ । अब इन आठ अनुयोगद्वारोंके अवलम्बनसे कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंका अनुसन्धान करनेपर वहाँ ये मार्गणास्थान होते हैं इस बातका ज्ञान करानेके लिए कहते हैं—

*** कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंका आठ अनुयोगद्वारोंका आश्रय लेकर गति, इन्द्रिय, काय, योग, वेद, ज्ञान, संयम, दर्शन, लेश्या, भव्यत्व, सम्यक्त्व, संज्ञित्व और आहार इन तेरह अनुगमोंमें मार्गण करके ।**

§ १९०. इन गति आदि तेरह मार्गणास्थानोंमें कषायोंसे उपयुक्त हुए जीव अनन्तर पूर्व कहे गये आठ अनुयोगद्वारोंके आश्रयसे जानना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है । अब यथोक्त मार्गणास्थानोंमें सत् आदि यथोक्त अनुयोगद्वारोंसे विशेषताको प्राप्त हुए कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंका अन्वेषण करते हैं । यथा—उनमेंसे सत्प्ररूपणाकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे क्रोध, मान, माया और लोभ कषायमें उपयुक्त जीव हैं । इसी प्रकार सब मार्गणाओंमें कथन करना चाहिए ।

§ १९१. द्रव्यप्रमाणानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे क्रोध, मान, माया और लोभ कषायमें उपयुक्त जीव द्रव्यप्रमाणकी अपेक्षा कितने हैं ? अनन्त हैं । इसी प्रकार तिर्यञ्च जीव जानने चाहिये । आदेशसे नरकगतिमें नारकी जीव द्रव्यप्रमाणकी अपेक्षा कितने हैं ? असंख्यात हैं । इसी प्रकार सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, सब मनुष्य और सब देव जानने चाहिए । इतनी विशेषता है कि चारों कषायोंमें उपयुक्त हुए मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यिनी और सर्वार्थसिद्धिके देव द्रव्यप्रमाणकी अपेक्षा कितने

खेत्त-पोसणं जाणियूण णेदव्वं ।

§ १९२. कालाणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण कोहादिकसायोवजुत्ता केवचिरं कालादो होंति ? णाणाजीवे पडुच्च सव्वद्धा । एगजीवं पडुच्च जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं । एवं गदियादिसव्वमग्गणासु णेयव्वं ।

§ १९३. अंतराणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण कोहादिकसायोवजुत्ताणं णाणाजीवे पडुच्च णत्थि अंतरं । एगजीवं पडुच्च जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं । एवं गदियादिसु णेदव्वं ।

§ १९४. भागाभागाणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण कोहोवजुत्ता सव्वजीवा० केवडिओ भागो ? चदुब्भागो देसूणो । एवं माण-मायोवजुत्ताणं पि वत्तव्वं । लोभोवजुत्ता सव्वजीवा० केवडिओ भागो ? चदुब्भागो सादिरेओ । एवं तिरिक्ख-मणुस्सेसु । आदेसेण णेरइया कोहोवजुत्ता सव्वजीवा० केवडिओ भागो ? संखेज्जा भागा । सेसं संखेज्जदिभागो । एवं सव्वणेरइय० । देवगदीए लोभोवजुत्ता सव्वजीवा० केवडिओ भागो ? संखेज्जा भागा । मायादिकसायोवजुत्ता जीवा संखेज्जदिभागो । एवं णेदव्वं जाव अणाहारि त्ति ।

हैं ? संख्यात हैं । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए । क्षेत्र और स्पर्शनका जानकर कथन करना चाहिए ।

§ १९२. कालानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे क्रोधादि कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंका कितना काल है ? नाना जीवोंकी अपेक्षा सर्वदा काल है । एक जीवकी अपेक्षा जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । इसी प्रकार गति आदि सब मार्गणाओंमें जानना चाहिए ।

§ १९३. अन्तरानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे क्रोधादि कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंका नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तरकाल नहीं है । एक जीवकी अपेक्षा जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है । इसी प्रकार गति आदि मार्गणाओंमें जानना चाहिए ।

§ १९४. भागाभागानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे क्रोधमें उपयुक्त हुए जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं ? कुछ कम चतुर्थ भागप्रमाण हैं । इसी प्रकार मान और माया कषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका भी कथन करना चाहिए । लोभकषायमें उपयुक्त हुए जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं ? साधिक चतुर्थ भाग-प्रमाण हैं । इसी प्रकार तिर्यञ्च और मनुष्योंमें जान लेना चाहिए । आदेशसे क्रोध कषायमें उपयुक्त हुए नारकी जीव सब नारकी जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं ? संख्यात बहुभागप्रमाण हैं । शेष कषायोंमें उपयुक्त हुए जीव संख्यातवें भागप्रमाण हैं । इसी प्रकार सब नारकियोंमें जानना चाहिए । देवगतिमें लोभकषायमें उपयुक्त हुए जीव सब देव जीवोंके कितने भाग-प्रमाण हैं ? संख्यात बहुभागप्रमाण हैं । माया आदि कषायोंमें उपयुक्त हुए जीव संख्यातवें भागप्रमाण हैं । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

§ १९५. अप्पाबहुआणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण सव्वत्थोवा माणकसायोवजुत्ता जीवा। कोहकसायोवजुत्ता जीवा विसेसाहिया। मायकसायोवजुत्ता विसेसाहिया। लोभकसायोवजुत्ता विसेसाहिया। एवं तिरिक्ख-मणुस्सेसु। णिरयगदीए सव्वत्थोवा लोभोवजुत्ता जीवा। मायोवजुत्ता संखेज्जगुणा। माणोवजुत्ता जीवा संखेज्जगुणा। कोहोवजुत्ता संखेज्जगुणा। एवं देवगदीए वि। णवरि कोहादी वत्तव्वं। एवं जाव अणाहारि त्ति णेदव्वं। एवमेदेसु तेरससु अणुगमेसु संतपरूवणादीहिं कसायोवजुत्ताणं मग्गणं कादूण तदो किं कायव्वमिदि आसंकाए इदमाह—

*** महादंडयं च कादूण समत्ता पंचमी गाहा।**

§ १९६. चदुगदिसमासप्पाबहुअविसओ दंडओ महादंडओ त्ति एत्थ विवक्खिओ, एगेगगदिपडिबद्धदंडगेहिंतो एदस्स बहुविसयत्तेण तहाभावोवत्तीदो। सो च महादंडओ एवमणुगंतव्वो—

§ १९७. सव्वत्थोवा मणुसगदीए माणोवजुत्ता जीवा। कोहोवजुत्ता जीवा विसेसाहिया। मायोवजुत्ता जीवा विसेसाहिया। लोभोवजुत्ता जीवा विसेसाहिया। णिरयगदीए लोभोवजुत्ता० असंखेज्जगुणा। मायोव० संखेज्जगुणा। माणोव०

§ १९५. अल्पबहुत्वानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मानकषायमें उपयुक्त हुए जीव सबसे थोड़े हैं। उनसे क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए जीव विशेष अधिक हैं। उनसे माया कषायमें उपयुक्त हुए जीव विशेष अधिक हैं। उनसे लोभ कषायमें उपयुक्त हुए जीव विशेष अधिक हैं। इसी प्रकार तिर्यञ्चों और मनुष्योंमें जानना चाहिए। नरकगतिमें लोभकषायमें उपयुक्त हुए जीव सबसे थोड़े हैं। उनसे मायाकषायमें उपयुक्त हुए जीव संख्यातगुणे हैं। उनसे मानकषायमें उपयुक्त हुए जीव संख्यातगुणे हैं। उनसे क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए जीव संख्यातगुणे हैं। इसी प्रकार देवगतिमें भी जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि क्रोधकषायको आदि कर कथन करना चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए। इस प्रकार इन तेरह अनुगमोंमें सत्प्ररूपणा आदिके द्वारा कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंका अनुसन्धान करनेके बाद क्या करना चाहिए ऐसी आशंका होनेपर यह कहते हैं—

*** और महादण्डक करके पाँचवीं गाथा समाप्त हुई।**

§ १९६. चारों गतियोंके समुदायरूप अल्पबहुत्वको विषय करनेवाले दण्डकको महा-दण्डक कहते हैं। यह प्रकृतमें विवक्षित है, क्योंकि एक-एक गतिसे सम्बन्ध रखनेवाले दण्डकसे यह बहुतको विषय करनेवाला होनेसे इसे महादण्डकपना बन जाता है। और यह महादण्डक इस प्रकार जानना चाहिए—

§ १९७. मनुष्यगतिमें मानकषायमें उपयुक्त हुए जीव सबसे थोड़े हैं। उनसे क्रोध-कषायमें उपयुक्त हुए जीव विशेष अधिक हैं। उनसे मायाकषायमें उपयुक्त हुए जीव विशेष अधिक हैं। उनसे लोभकषायमें उपयुक्त हुए जीव विशेष अधिक हैं। उनसे नरकगतिमें लोभकषायमें उपयुक्त हुए जीव असंख्यातगुणे हैं। उनसे मायाकषायमें उपयुक्त हुए जीव

संखेज्जगुणा । कोहोव० संखेज्जगुणा । देवगदीए कोहोवजुत्ता असंखेज्जगुणा । माणोवजुत्ता संखेज्जगुणा । मायोवजुत्ता संखेज्जगुणा । लोभोवजुत्ता संखेज्जगुणा । तिरिक्खगदीए माणोवजुत्ता अणंतगुणा । कोहोव० विसेसाहिया । मायो० विसेसाहिया । लोभोवजुत्ता विसेसाहिया । एवमेसो गइमग्गणाविसओ एगो महादंडओ । एवमिंदियमग्गणाए वि पंचण्हमिंदियाणं समासेण चदुकसायोवजुत्ताणमप्पाबहुए कीरमाणे विदिओ महादंडगो होइ । पुणो एदेणेव विहिणा कसायमग्गणं मोत्तूण सेससव्वमग्गणासु पादेक्कमेगेगमहादंडओ जाणिय णेयव्वो । एवं णीदे पंचमी गाहा समत्ता भवदि ।

*** 'जे जे जम्हि कसाए उवजुत्ता किण्णु भूदपुव्वा ते' त्ति एदिस्से छट्ठीए गाहाए कालजोणी कायव्वा ।**

§ १९८. एदेण गाहापुव्वद्धमिदि सद्दपरामुच्चारिय पच्छद्धस्स वि देसामासयण्णाएण बुद्धीए परामरसं कादूण तदो एदिस्से छट्ठीए गाहाए अत्थविहासणट्ठं कालजोणी कायव्वा त्ति णिद्दिट्ठं । कालो चेव जोणी आसयो पयदपरूवणाए कायव्वो त्ति वुत्तं होइ । कुदो एवं ? एदिस्से गाहाए वट्टमाणसमय-माणादिकसायोवजुत्ताण-

---

संख्यातगुणे हैं । उनसे मानकषायमें उपयुक्त हुए जीव संख्यातगुणे हैं । उनसे क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए जीव संख्यातगुणे हैं । उनसे देवगतिमें क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए जीव असंख्यातगुणे हैं । उनसे मानकषायमें उपयुक्त हुए जीव संख्यातगुणे हैं । उनसे मायाकषायमें उपयुक्त हुए जीव संख्यातगुणे हैं । उनसे लोभकषायमें उपयुक्त हुए जीव संख्यातगुणे हैं । उनसे तिर्यञ्चगतिमें मानकषायमें उपयुक्त हुए जीव अनन्तगुणे हैं । उनसे क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए जीव विशेष अधिक हैं । उनसे मायाकषायमें उपयुक्त हुए जीव विशेष अधिक हैं । उनसे लोभकषायमें उपयुक्त हुए जीव विशेष अधिक हैं । इस प्रकार यह गतिमार्गणाविषयक एक महादण्डक है । इसी प्रकार इन्द्रियमार्गणामें भी पाँच इन्द्रियोंके समुदायके साथ चार कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंका अल्पबहुत्व करनेपर दूसरा महादण्डक होता है । पुनः इसी विधिसे कषायमार्गणाको छोड़कर शेष सब मार्गणाओंमेंसे प्रत्येकके आश्रयसे एक-एक महादण्डकको जानकर ले जाना चाहिए । इस प्रकार ले जाने पर पाँचवीं गाथा समाप्त होती है ।

*** 'जो जो जीव वर्तमान समयमें जिस कषायमें उपयुक्त हैं क्या वे अतीत कालमें उसी कषायमें उपयुक्त थे' इस छठी गाथाकी कालके आश्रयसे प्ररूपणा करनी चाहिए ।**

§ १९८. इस द्वारा गाथाके पूर्वार्धका उल्लेखपूर्वक उच्चारण करके तथा इसके उत्तरार्धका भी देशामर्षक न्यायसे बुद्धिद्वारा परामर्श करके अनन्तर इस छठी गाथाके अर्थका विशेष व्याख्यान करनेके लिए कालयोनि करना चाहिए । प्रकृत प्ररूपणामें काल ही योनि अर्थात् आश्रय करने योग्य है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

शंका—ऐसा क्यों है ?

मदीदाणागदकालेसु माण-णोमाण-मिस्सादिकालवियप्पपडिबद्धपमाणपरूवणाए णिबद्धत्तादो। कथमेदं णव्वदे ? जे जे जीवा जम्हि कसाए वट्टमाणसमए उवजुत्ता ते तप्पमाणा चेव होदूण किण्णु भूदपुव्वा किं माणोवजुत्ता चेव होदूण माणकालेण परिणदा आहो माणवदिरित्तसेसकसाओवजुत्ता होदूण णोमाणकालपरिणदा किं वा माण-णोमाणेहिं जहाविभागमक्कमोवजुत्ता होदूण मिस्सयकालेण परिणदा त्ति एवमादि-पुच्छाहिसंबंधेण सुत्तत्थवक्खाणावलंबणादो। एत्थ गाहापुव्वद्धम्मि अदीदकालविसयो पुच्छाणिद्देसो पडिबद्धो। 'होहिंति च उवजुत्ता' त्ति एदम्मि वि पच्छद्धावयवे अणागय-कालविसयो पुच्छाणिद्देसो णिबद्धो। एवमोघेण पुच्छाणिद्देसं कादूण तदो आदेस-परूवणाए वि किंचि बीजपदमुवइट्ठं 'एवं सव्वत्थ बोद्धव्वा' त्ति। तदो एदिस्से छट्ठीए गाहाए कालजोणिया परूवणा कायव्वा त्ति सिद्धं।

समाधान—क्योंकि इस गाथामें वर्तमान समयमें मानादि कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंकी अतीत और अनागत कालमें मान, नोमान और मिश्र आदि कालके भेदोंसे सम्बन्ध रखनेवाले प्रमाणकी प्ररूपणा निबद्ध है।

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान—क्योंकि जो जो जीव वर्तमान समयमें जिस कषायमें उपयुक्त हैं वे सबके सब क्या भूतपूर्व अर्थात् अतीत कालमें भी मानकषायमें ही उपयुक्त होकर क्या मानकालसे परिणत थे या मानव्यतिरिक्त शेष कषायोंमें उपयुक्त होकर नोमानकालसे परिणत थे अथवा क्या यथाविभाग मान और नोमानरूपसे युगपत् उपयुक्त होकर मिश्रकालसे परिणत थे इत्यादि पृच्छाके सम्बन्धसे सूत्रार्थके व्याख्यानका अवलम्बन लिया है, इससे जाना जाता है कि इस गाथामें उक्त प्ररूपणा निबद्ध है।

यहाँ गाथाके पूर्वार्धमें अतीतकालविषयक पृच्छाका निर्देश किया गया है तथा गाथाके उत्तरार्धके 'होहिंति च उवजुत्ता' इस पादमें भी अनागत कालविषयक पृच्छाका निर्देश किया गया है। इस प्रकार ओघसे पृच्छाका निर्देश करके तदनन्तर आदेशप्ररूपणासम्बन्धी भी 'एवं सव्वत्थ बोद्धव्वा' इस चरणद्वारा संक्षेपमें बीजपदका निर्देश किया गया है। इसलिए इस छठी गाथाकी कालके आश्रयसे प्ररूपणा करनी चाहिए यह सिद्ध हुआ।

विशेषार्थ—कषायके चार भेदोंमेंसे वर्तमान समयमें जो जीव जिस कषायसे उपयुक्त हैं वे अतीत कालमें क्या उसी कषायसे उपयुक्त थे या भविष्य कालमें उसी कषायसे उपयुक्त रहेंगे ऐसी पृच्छा होनेपर मानकषायकी अपेक्षा इसका उत्तर तीन प्रकारसे होगा। प्रथम उत्तर होगा कि वे सब जीव अतीत कालमें भी मानकषायसे उपयुक्त थे या मानकषायसे उपयुक्त रहेंगे। दूसरा उत्तर होगा कि वे सब जीव अतीत कालमें क्रोध, माया और लोभ कषायसे उपयुक्त थे या क्रोध, माया और लोभकषायसे उपयुक्त रहेंगे। तथा तीसरा उत्तर होगा कि उन जीवोंमेंसे कुछ तो क्रोध, माया और लोभकषायसे उपयुक्त थे और कुछ जीव मानकषायसे उपयुक्त थे या कुछ जीव तो क्रोध, माया और लोभ कषायसे उपयुक्त रहेंगे और कुछ जीव मानकषायसे उपयुक्त रहेंगे। उक्त पृच्छाके ये तीन उत्तर हैं। अतएव इस हिसाबसे काल भी तीन भागोंमें विभक्त हो जाता है—प्रथम उत्तरके अनुसार मानकाल, दूसरे उत्तरके अनुसार

मार्गदर्शक - आचार्यश्री सुविधिसागरजी महाराज

अधुणा एदिस्से संकिलेसपरूवणाए अवसरकरणट्ठं पुच्छावक्कमाह—

* तं जहा ।

§ २००. सुगमं ।

*** जे अस्सिं समए माणोवजुत्ता तेसिं तीदे काले माणकालो णोमाण-कालो मिस्सयकालो इदि एवं तिविहो कालो ।**

§ २०१. जे जीवा एदम्मि वट्टमाणसमये माणोवजुत्ता अणंता होदूण दीसंति तेसिं तीदे काले तिविहो कालो वोलीणो—माणकालो णोमाणकालो मिस्सयकालो चेदि । तत्थ जम्मि कालविसेसे एसो आदिट्ठो वट्टमाणसमयमाणोवजुत्ता जीवरासी अणूणाहिओ होदूण माणोवजोगेणेव परिणदो लब्भइ सो माणकालो त्ति भण्णइ । एसो चेव णिरुद्धजीवरासी जम्मि कालविसेसे एगो वि माणो अहोदूण कोह-माया-लोभेसु चेव जहापविभागं परिणदो सो णोमाणकालो त्ति भण्णदे माणवदिरित्तसेसकसायाणं

नोमानकाल और तीसरे उत्तरके अनुसार मिश्रकाल ये उनकी संज्ञायें हैं। जो जीव वर्तमान समयमें मानकषायसे उपयुक्त हैं वे सबके सब यदि अतीत कालमें मानकषायसे उपयुक्त थे भविष्यकालमें मानकषायसे उपयुक्त रहेंगे तो उनके उस कालकी मानकाल संज्ञा है। इसी प्रकार जो जीव वर्तमान समयमें मानकषायसे उपयुक्त हैं वे सबके सब अतीतकालमें यदि मानके सिवाय अन्य कषायसे उपयुक्त थे या अन्य कषायसे उपयुक्त रहेंगे तो उनके उस कालकी नोमानकाल संज्ञा है। तथा इसी प्रकार जो जीव वर्तमान समयमें मानकषायसे उपयुक्त हैं उनमेंसे कुछ तो अतीत कालमें मानके सिवाय अन्य कषायसे उपयुक्त थे और कुछ मानकषायसे उपयुक्त थे या कुछ अन्य कषायसे उपयुक्त रहेंगे और कुछ मानकषायसे उपयुक्त रहेंगे तो उनके उस कालकी मिश्रकाल संज्ञा है। यह मानकषायको विवक्षित कर कालके भेदोंका निरूपण है। इसी प्रकार अन्य कषायोंको विवक्षित कर आगमानुसार कालके भेदोंका निरूपण कर लेना चाहिए। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिए कि जब जो कषाय विवक्षित हो तब उसके अनुसार कालके भेदोंकी संज्ञा हो जाती है। जैसे क्रोधकाल, नोक्रोधकाल और मिश्रकाल आदि।

§ १९९. अब प्रकृत प्ररूपणाका अवसर करनेके लिए पृच्छावाक्यको कहते हैं—

* वह जैसे ।

§ २००. यह सूत्र सुगम है।

*** जो जीव इस समय मानकषायसे उपयुक्त हैं उनका अतीत कालमें मानकाल, नोमानकाल और मिश्रकाल इस प्रकार तीन प्रकारका काल व्यतीत हुआ है ।**

§ २०१. जो इस अर्थात् वर्तमान समयमें मानकषायमें उपयुक्त अनन्त जीव दिखलाई देते हैं उनका अतीतकालमें तीन प्रकारका काल व्यतीत हुआ है—मानकाल, नोमानकाल और मिश्रकाल। उनमेंसे जिस कालविशेषमें यह विवक्षित वर्तमान समयमें मानकषायमें उपयुक्त हुई जीवराशि न्यूनाधिक हुए बिना मानोपयोगसे ही परिणत होकर प्राप्त होती है उसे मानकाल कहते हैं। तथा यही विवक्षित जीवराशि जिस कालविशेषमें एक भी मानरूप न होकर यथा-विभाग क्रोध, माया और लोभरूपसे ही परिणत हुई उस कालविशेषको नोमानकाल कहते हैं, क्योंकि मानके सिवाय शेष कषायें नोमान संज्ञाके योग्य हैं इस विवक्षाका यहाँ अवलम्बन लिया गया

णोमाणववएसारिहंतेणावलंबणादो। पुणो इमो चेव णिरुद्धजीवरासी जम्मि काले थोवो माणोवजुत्तो थोवो च कोह-माया-लोभेसु जहासंभवमुवजुत्तो होदूण परिणदो दिट्ठो सो मिस्सयकालो णाम। तम्हा माणोवजुत्ताणमेसो सत्थाणविसयो तिविहो कालो समदिक्कंतो त्ति सम्ममवहारिदं। ण केवलमेसो तिविहो चेव कालपरिवत्तो विवक्खियजीवाणं, किंतु अण्णो वि कालपरिवत्तो परत्थाणविसयो समइक्कंतो त्ति पदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

मार्गदर्शक आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

*** कोहे च तिविहो कालो।**

§ २०२. तस्सेव वट्टमाणसमयमाणोवजुत्तजीवरासिस्स कोहे वि तिविहो कालो अइक्कंतो त्ति वुत्तं होइ। तं जहा—कोहकालो णोकोहकालो मिस्सयकालो चेदि। तत्थ जम्मि समये सो चेव वट्टमाणसमयमाणोवजुत्तजीवरासी कसायंतरपरिहारेण कोहकसाएणेव परिणदो होदूणच्छिदो सो माणोवजुत्ताणं कोहकालो त्ति भण्णदे। पुणो एसो चेव जीवरासी जम्मि कालविसेसे कोह-माणेसु एक्केण वि जीवेणाहोदूण माया-लोभेसु चेव परिणदो सो माणोवजुत्ताणं णोकोहकालो त्ति विण्णायदे। पुणो माणे एगो वि जीवो अहोदूण थोवो कोहोवजुत्तो थोवो च माया-लोभोवजुत्तो होदूण जम्हि काले परिणदो सो माणोवजुत्ताणं कोहमिस्सयकालो त्ति भण्णदे। अहवा णोकोह-मिस्सयकालेसु माणेण वि परिणामिदे ण दोसो, तेण वि परिणदस्स णोकोह-

---

है। तथा यही विवक्षित जीवराशि जिस कालमें कुछ मानमें उपयुक्त होकर और कुछ क्रोध, माया और लोभमें यथासम्भव उपयुक्त होकर परिणत दिखाई दी उसकी मिश्रकाल संज्ञा है। इसलिए मानकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका स्वस्थानविषयक यह तीन प्रकारका काल व्यतीत हुआ यह सम्यक् प्रकारसे निश्चित किया। विवक्षित जीवोंका तीन प्रकारका केवल यही कालपरिवर्तन नहीं है किन्तु परस्थानविषयक अन्य भी कालपरिवर्तन व्यतीत हुआ है इस बातका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र आया है—

*** क्रोधकषायमें तीन प्रकारका काल होता है।**

§ २०२. वर्तमान समयमें मानमें उपयुक्त हुई उसी जीवराशिका क्रोधकषायमें भी तीन प्रकारका काल व्यतीत हुआ यह उक्त कथनका तात्पर्य है। यथा—क्रोधकाल नोक्रोधकाल और मिश्रकाल। उनमेंसे वर्तमान समयमें मानकषायमें उपयुक्त हुई वही जीवराशि जिस समयमें अन्य कषायोंका परिहार कर क्रोधकषायरूपसे परिणत होकर रही, वह मानकषायमें उपयुक्त हुए जीवों का क्रोधकाल कहा जाता है। पुनः यही जीवराशि जिस कालविशेषमें एक भी जीव क्रोध और मानरूप न होकर माया और लोभ रूपसे ही परिणत हुई, वह मानमें उपयुक्त हुए जीवोंका नोक्रोधकाल जाना जाता है। पुनः एक भी जीव मानरूप न होकर थोड़ेसे जीव क्रोधकषायमें उपयुक्त होकर और थोड़ेसे जीव माया और लोभकषायमें उपयुक्त होकर जिस कालमें परिणत हुए, वह मानकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका क्रोधकी अपेक्षा मिश्रकाल कहा जाता है। अथवा नोक्रोधकाल और मिश्रकाल इनमें मानकषायरूपसे भी परिणमावे, दोष नहीं है, क्योंकि

मिस्सत्तसंभवे विरोहाभावादो। एवमेसो वट्टमाणसमयम्मि माणोवजुत्ताणं कोहावेक्खाए वि तिविहो कालो वोलीणो त्ति सिद्धं। संपहि माया-लोभेसु वि एसो चेव कमो त्ति पदुप्पायणट्ठमाह—

*** मायाए तिविहो कालो।**

§ २०३. माय-णोमाय-मिस्सयभेदेण तत्थ वि तिविहकालसिद्धीए णिप्पडिबंधमुवलंभादो।

*** लोभे तिविहो कालो।** मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ २०४. लोभ-णोलोभ-मिस्सयभेदेण तत्थ वि तिविहकालसिद्धीए पडिबंधाणुवलंभादो। एदेसिं च कालाणं कोहभंगेणेव जोजणा कायव्वा। एवमेसो कालविभागो वट्टमाणसमयम्मि माणोवजुत्ताणमेक्केक्कम्मि कसाए पादेक्कं तिविहो होदूण बारसविहो होदि त्ति घेत्तव्वं। एदस्सेवत्थस्सोवसंहारवक्कमुत्तरं—

*** एवमेसो कालो माणोवजुत्ताणं बारसविहो।**

§ २०५. सुगममेदं।

मानकषायरूपसे परिणत हुए जीवके नोक्रोध और मिश्रपना सम्भव है, इसमें कोई विरोध नहीं है। इस प्रकार वर्तमान समयमें मानमें उपयुक्त हुए जीवोंका क्रोधकी अपेक्षा भी यह तीन प्रकारका काल व्यतीत हुआ यह सिद्ध हुआ। अब माया और लोभमें भी यही क्रम है यह कथन करनेके लिए कहते हैं—

*** मायाकषायमें तीन प्रकारका काल होता है।**

§ २०३. क्योंकि माया, नोमाया और मिश्रके भेदसे मायाकषायमें भी तीन प्रकारके कालकी सिद्धि विना बाधाके उपलब्ध होती है।

*** लोभकषायमें तीन प्रकारका काल है।**

§ २०४. लोभ, नोलोभ और मिश्रके भेदसे लोभकषायमें भी तीन प्रकारके कालकी सिद्धि विना बाधाके उपलब्ध होती है। इन कालोंकी क्रोधकालके भंगके समान योजना करनी चाहिए। इस प्रकार यह कालविभाग वर्तमान समयमें मानकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका एक-एक कषायमें प्रत्येकके तीन भेद होकर बारह प्रकारका होता है ऐसा यहाँपर ग्रहण करना चाहिए। अब इसी अर्थके उपसंहाररूप आगेके वाक्यको कहते हैं—

*** इस प्रकार मानकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका यह बारह प्रकारका काल है।**

§ २०५. यह सूत्र सुगम है।

विशेषार्थ—पहले वर्तमानमें मानकषाय परिणत जीवोंके स्वस्थानकी अपेक्षा मानकाल, नोमानकाल और मिश्रकाल ऐसे तीन भेद बतला आये हैं। यहाँ परस्थानकी अपेक्षा भेदोंका निरूपण करते हुए नौ भेद बतलाये गये हैं। खुलासा इस प्रकार है—

§ २०६. संपहि वट्टमाणसमयकोहोवजुत्ताणं कदिविधो कालो होदि त्ति आसंकाए णिण्णयकरणट्ठमाह—

*** अस्सिं समये कोहोवजुत्ता तेसिं तीदे काले माणकालो णत्थि, णोमाणकालो मिस्सयकालो य ।**

§ २०७. कुदो ताव माणकालो णत्थि त्ति पुच्छिदे वुच्चदे—कोहरासी बहुओ, माणोवजुत्तजीवरासी थोवो होइ, अद्धाविसेसमस्सियूण माणरासीदो कोहरासिस्स विसेसाहियत्तदंसणादो । तदो वट्टमाणसमये कोहोवजुत्तो होदूण ट्ठिदरासी अदीदकालम्मि एक्कसमएण सव्वो चेव माणोवजुत्तो होदूणावट्ठाणं ण लहइ, तत्तो विसेस-

नानाजीव	वर्तमानमें	अतीतकालमें	कालसंज्ञा	अपेक्षा
,,	मानपरिणत	मानपरिणत	मानकाल	स्वस्थानकी अ०
,,	,,	को०, माया, या लो० प०	नोमानकाल	,,
,,	,,	कुछ मान परिणत कुछ अन्य कषाय परिणत	मिश्रकाल	,,
,,	,,	क्रोध परिणत	क्रोधकाल	परस्थानकी अ०
,,	,,	मान, माया या लोभ प०	नोक्रोधकाल	परस्थानकी अ०
,,	,,	कुछ क्रोधप०, कुछ अन्य कषाय	मिश्रकाल	,,
,,	,,	मायापरिणत	मायाकाल	,,
,,	,,	क्रोध०, मान या लोभ प०	नोमायाकाल	,,
,,	,,	कुछ मायाप०, कुछ अन्य कषाय परिणत	मिश्रकाल	,,
,,	,,	लोभपरिणत	लोभकाल	,,
,,	,,	को०, मान या मायाप०	नोलोभकाल	,,
,,	,,	कुछ लोभप०, कुछ अन्य कषाय परिणत	मिश्रकाल	,,

मार्गदर्शक - आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

§ २०६ अब वर्तमान समयमें क्रोधमें उपयुक्त हुए जीवोंका कितने प्रकारका काल होता है ऐसी आशंका होनेपर निर्णय करनेके लिए कहते हैं—

*** इस समयमें जो जीव क्रोधकषायमें उपयुक्त हैं उनका अतीत कालमें मानकाल नहीं है, नोमानकाल और मिश्रकाल है ।**

§ २०७. सर्व प्रथम मानकाल किस कारणसे नहीं है ऐसी पृच्छा होनेपर कहते हैं—क्रोधकषाय परिणत जीवराशि बहुत है और मानकषायमें उपयुक्त हुई जीवराशि अल्प है, क्योंकि क्रोधकषायपरिणत जीवराशिका काल अधिक है, इसलिए मानराशिसे क्रोधराशि विशेष अधिक देखी जाती है । अतः वर्तमान समयमें क्रोधमें उपयुक्त होकर स्थित हुई जीवराशि अतीतकालमें एक समयके द्वारा सबकी सब मानमें उपयुक्त होकर अवस्थानको

हीणस्सेव जीवरासिस्स तब्भावेण परिणमणदंसणादो। ण च तहा परिणममाणयस्स तस्स माणकालसंभवो अत्थि, माणकसाये चेव सव्वोवसंहारेण तदवट्ठाणाणुलंभादो। तम्हा एत्थ माणकालो णत्थि त्ति भणिदं। णोमाणकालो मिस्सयकालो य अत्थि। कि कारणं? णिरुद्धसव्वजीवरासिस्स माणादिरित्तसेसकसाएसु चेवावट्ठाणे णोमाणकालो होइ, माणेदरकसाएसु जहापविभागमवट्ठाणे मिस्सकालो होदि त्ति एवंविहसंभवस्स परिप्फुडमुवलंभादो।

*** अवसेसाणं णवविहो कालो।**

§ २०८. तेसिं चेव वट्टमाणसमयकोहोवजुत्तजीवाणं माणवदिरित्तसेसकसाएसु पादेक्कं तिविहकालसंभवादो तत्थ णवविहो कालो समुप्पज्जइ त्ति वुत्तं होइ। कुदो एवं? वट्टमाणसमए कोहोवजुत्तसव्वजीवरासिस्स अदीदकालम्मि एगसमएण सव्वप्पणा

प्राप्त नहीं हो सकती, क्योंकि उससे विशेष हीन जीवराशिका ही मानभावसे परिणमन देखा जाता है और इस प्रकार परिणमन करनेवाली उस जीवराशिका मानकाल सम्भव नहीं है, क्योंकि समस्त राशिका उपसंहार होकर मानकषायमें ही उसका अवस्थान नहीं पाया जाता। इसलिए यहाँ मानकाल नहीं है यह कहा है। नोमानकाल और मिश्रकाल है, क्योंकि विवक्षित समस्त जीवराशिका मानकषायके सिवाय शेष कषायोंमें ही अवस्थान होनेपर नोमानकाल होता है तथा मानकषाय और अन्य कषायोंमें यथाविभाग अवस्थान होनेपर मिश्रकाल होता है, क्योंकि इस प्रकारका सम्भव स्पष्टरूपसे बन जाता है।

विशेषार्थ—वर्तमानमें जितनी जीवराशि क्रोधभावसे परिणत है उतनी सबकी सब जीवराशि अतीतकालमें एक साथ मानभावसे परिणत नहीं हो सकती, क्योंकि क्रोधकषायके कालसे मानकषायका काल अल्प है, इसलिये अपने कालके भीतर जितनी अधिक क्रोधराशिका संचय होता है, मानकालके भीतर उतनी अधिक मानराशिका संचय होना संभव नहीं है। स्पष्ट है कि वर्तमानमें जो जीव क्रोधभावसे परिणत हैं उन सबका अतीतकालमें केवल मानभावसे परिणत होना सम्भव नहीं है, इसलिए परस्थानकी अपेक्षा यहाँ मानकालका निषेध किया है। परस्थानकी अपेक्षा इन जीवोंका नोमानकाल और मिश्रकाल बन जाता है, क्योंकि यह सम्भव है कि जो वर्तमानमें क्रोधभावसे परिणत हैं वे अतीतकालमें मानकषायसे परिणत न होकर अन्य कषायरूपसे परिणत रहे हैं, इसलिए तो नोमानकाल बन जाता है और जो वर्तमानमें क्रोधभावसे परिणत हैं वे अतीत कालमें कुछ तो मानभावसे परिणत रहे हैं और कुछ अन्य कषायरूपसे परिणत रहे हैं, इसलिए मिश्रकाल भी बन जाता है।

*** अवशेष कषायोंकी अपेक्षा नौ प्रकारका काल होता है।**

§ २०८. क्योंकि वर्तमान समयमें क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए उन्हीं जीवोंका मानकषायके सिवाय शेष कषायोंमेंसे प्रत्येक कषायकी अपेक्षा तीन प्रकारका काल सम्भव होनेसे वहाँ नौ प्रकारका काल उत्पन्न होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

शंका—ऐसा कैसे होता है?

समाधान—क्योंकि वर्तमान समयमें क्रोधकषायमें उपयुक्त हुई सब जीवराशिका

कोह-माया-लोभेसु परिणमणसंभवे विरोहाणुवलंभादो। सुगममण्णं। एवमेसो णवविहो कालो, पुव्वुत्तो दुविहो माणकालो, एवमेदे घेत्तूण वट्टमाण-समयकोहोवजुत्तजीवरासिस्स
मार्गदर्शक : आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज
एक्कारसविहो कालो होदि त्ति पयदत्थोवसंहारवक्कमुत्तरं—

*** एवं कोहोवजुत्ताणमेक्कारसविहो कालो विदिक्कंतो।**

§ २०९. सुगमं। संपहि वट्टमाणसमयमायोवजुत्ताणमदीदकालमस्सियूण कदविधो कालो संभवदि त्ति पुच्छाए णिच्छयकरणट्ठमुवरिमो पबंधो—

जे अस्सिं समए मायोवजुत्ता तेसिं तीदे काले माणकालो दुविहो, कोहकालो दुविहो, मायाकालो तिविहो, लोभकालो तिविहो।

§ २१०. कुदो ताव कोह-माणकालाणमेत्थ दुविहत्तणियमो? वट्टमाणसमयमायोवजुत्तजीवरासिस्स कोह-माणजीवरासीहिंतो अद्धामाहप्पेण विसेसाहियत्तदंसणादो। तम्हा णिरुद्धजीवरासिस्स माणकालो कोहकालो च णत्थि। णोमोह-णोकोह-मिस्सकालाणं चेव तत्थ संभवो त्ति सिद्धं। माया-लोभकसाएसु पुण तिविहकालसंभवो ण विरुज्झदे, णिरुद्धजीवरासिस्स तत्थ सव्वप्पणा उवसंहारसंभवादो। तम्हा एत्थ सव्व-

---

अतीतकालमें एक साथ पूरी तरहसे क्रोध, माया और लोभरूपसे परिणमन सम्भव है, इसमें कोई विरोध नहीं आता। शेष कथन सुगम है। इस प्रकार यह नौ प्रकारका काल तथा पूर्वोक्त दो प्रकारका मानकाल इस प्रकार इनको ग्रहणकर वर्तमान समयमें क्रोधमें उपयुक्त हुई जीवराशिका ग्यारह प्रकारका काल होता है। इस प्रकृत अर्थका उपसंहार करनेवाले आगेके सूत्रवचनको कहते हैं—

*** इस प्रकार क्रोधकषायमें उपयुक्त जीवोंका ग्यारह प्रकारका काल व्यतीत हुआ।**

§ २०९. यह सूत्रवचन सुगम है। अब वर्तमान समयमें मायाकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका अतीतकालकी अपेक्षा कितने प्रकारका काल सम्भव है ऐसी पृच्छा होनेपर निश्चय करनेके लिए आगेका सूत्रप्रबन्ध कहते हैं—

*** जो वर्तमान समयमें मायाकषायमें उपयुक्त हैं उनके अतीतकालमें मानकाल दो प्रकारका, क्रोधकाल दो प्रकारका, मायाकाल तीन प्रकारका और लोभकाल तीन प्रकारका होता है।**

§ २१०. **शंका**—यहाँ क्रोधकाल और मानकालके द्विविधपनेका नियम किस कारणसे है?

समाधान—क्योंकि वर्तमान समयमें मायाकषायमें उपयुक्त हुई जीवराशिका कालके माहात्म्यवश क्रोध और मानभावसे परिणत हुई जीवराशिकी अपेक्षा विशेष अधिकपना देखा जाता है, इसलिए विवक्षित जीवराशिका मानकाल और क्रोधकाल नहीं है। वहाँ नोमान, नोक्रोध और मिश्रकाल ही सम्भव हैं यह सिद्ध हुआ। माया और लोभकषायोंमें तो तीनों प्रकारके कालोंका सम्भव विरोधको नहीं प्राप्त होता, क्योंकि विवक्षित जीवराशिका उनमें

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

समासेण दसविहो पयदकालो लब्भइ त्ति पयदत्थमुवसंहरइ—

*** एवं मायोवजुत्ताणं दसविहो कालो ।**

§ २११. सुगममेदं, अणंतरादीदपबंधेणेव गयत्थत्तादो । संपहि वट्टमाणसमय-लोभोवजुत्ताणमदीदकालविसये पयदकालाणमियत्तावहारणट्ठमुवरिमं सुत्तपबंधमाह—

*** जे अस्सिं समये लोभोवजुत्ता तेसिं तीदे काले माणकालो दुविहो, कोहकालो दुविहो, मायाकालो दुविहो, लोभकालो तिविहो ।**

§ २१२. एत्थ कारणं पुव्वं व परूवेयव्वं[1] ।

*** एवमेसो कालो लोहोवजुत्ताणं णवविहो ।**

§ २१३. सुगमं चेदं पयदत्थोवसंहारवक्कं । संपहि चदुण्हं कसायाणं सव्व-पदसमासो एत्तिओ होइ त्ति पदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तोवण्णासो—

*** एवमेदाणि सव्वाणि पदाणि बादालीसं भवंति ।**

§ २१४. माणादिकसाएसु जहाकमं १२ ११ १० ९ एत्तियाणं पदाण-मेगट्ठीकरणेण तदुप्पत्तिदंसणादो ।

पूरी तरहसे उपसंहार सम्भव है, इसलिए यहाँपर सब कालोंको मिलाकर दस प्रकारका प्रकृत काल प्राप्त होता है इस प्रकृत अर्थका उपसंहार करते हैं—

*** इस प्रकार मायामें उपयुक्त हुए जीवोंके दस प्रकारका काल होता है ।**

§ २११. यह सूत्र सुगम है, क्योंकि अनन्तर अतीत हुए प्रबन्धके द्वारा इसका अर्थ ज्ञात है । अब वर्तमान समयमें लोभकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंके अतीत कालकी अपेक्षा प्रकृत कालोंकी संख्याका अवधारण करनेके लिए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** जो इस समय लोभकषायमें उपयुक्त हैं उनके अतीत कालमें मानकाल दो प्रकारका, क्रोधकाल दो प्रकारका, मायाकाल दो प्रकारका और लोभकाल तीन प्रकारका होता है ।**

§ २१२. यहाँपर कारणका कथन पहलेके समान करना चाहिए ।

*** इस प्रकार लोभकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंके यह काल नौ प्रकारका होता है ।**

§ २१३. प्रकृत अर्थका उपसंहार करनेवाला यह वचन सुगम है । अब चारों कषायोंके सब पदोंका योग इतना होता है इस बातका कथन करनेके लिए आगेके सूत्रका उपन्यास करते हैं—

*** इस प्रकार ये सब पद ब्यालीस होते हैं ।**

§ २१४. मानादि कषायोंमें यथाक्रम १२ + ११ + १० + ९ इतने पदोंका योग करनेपर उनकी अर्थात् ४२ पदोंकी उत्पत्ति देखी जाती है ।

विशेषार्थ—पहले हम मानकषायके तीन स्वस्थान पद दिखला आये हैं । इसी प्रकार क्रोध, माया और लोभकषाय इनमेंसे प्रत्येकके तीन-तीन स्वस्थान पद जान लेना चाहिए ।

---

१ ता०प्रतौ वत्तव्वं इति पाठः ।

§ २१५. एत्थ ताव बारस सत्थाणपदाणि घेत्तूणप्पाबहुअं परूवेमाणो तदवसरकरणट्ठमुवरिमं पबंधमाह—

*** एत्तो बारस सत्थाणपदाणि गहियाणि ।**

§ २१६. एत्तो बादालीसपदपिंडादो बारस सत्थाणपदाणि ताव गहिदाणि त्ति वुत्तं होइ । काणि ताणि सत्थाणपदाणि त्ति सिस्साहिप्पायमासंकिय सुत्तमुत्तरं भणइ—

*** कधं सत्थाणपदाणि भवंति ?**

§ २१७. किं सरूवाणि ताणि त्ति पुच्छिदं होइ ।

*** माणोवजुत्ताणं माणकालो णोमाणकालो मिस्सयकालो ।**

§ २१८. एदाणि ताव तिण्णि सत्थाणपदाणि माणोवजुत्ताणं भवंति, सेसाणं णवण्हं पदाणं कोहादिसंबंधीणं परत्थाणविसयत्ते एत्थ गहणाभावादो ।

*** कोहोवजुत्ताणं कोहकालो णोकोहकालो मिस्सयकालो ।**

ये सब मिलाकर १२ हुए । शेष ३० परस्थान पद जानने चाहिए । उनमेंसे जो वर्तमानमें मानकषायसे उपयुक्त हैं उनके ९ परस्थान पद, जो वर्तमानमें क्रोधकषायसे उपयुक्त हैं उनके ८ परस्थान पद, जो वर्तमानमें मायाकषायसे उपयुक्त हैं उनके ७ परस्थान पद और जो वर्तमानमें लोभकषायसे उपयुक्त हैं उनके ६ परस्थान पद इस प्रकार सब मिलाकर सब परस्थानपद ३० होते हैं । इन सबका स्पष्टीकरण सुगम है ।

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ २१५. अब यहाँपर सर्व प्रथम बारह स्वस्थान पदोंके अल्पबहुत्वका कथन करते हुए उसका अवसर करनेके लिए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** इनमेंसे बारह स्वस्थान पदोंको ग्रहण किया है ।**

§ २१६. यह जो ब्यालीस पदोंका पिंड है उनमेंसे सर्वप्रथम बारह स्वस्थान पद ग्रहण किये हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है । वे स्वस्थान पद कौनसे हैं इस प्रकार शिष्यके अभिप्रायानुसार आशंकारूप आगेका सूत्र कहते हैं—

*** वे स्वस्थान पद क्यों हैं ?**

§ २१७. इस सूत्र द्वारा उनका अर्थात् स्वस्थान पदोंका स्वरूप क्या है यह पृच्छा की गई है ।

*** मानकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंके मानकाल, नोमानकाल और मिश्रकाल ये तीन स्वस्थान पद होते हैं ।**

§ २१८. मात्र ये तीन स्वस्थानपद मानकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंके होते हैं, क्योंकि क्रोधादि कषायोंसे सम्बन्ध रखनेवाले शेष नौ पद परस्थानको विषय करनेवाले होनेसे यहाँ उनका ग्रहण नहीं किया है ।

*** क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंके क्रोधकाल, नोक्रोधकाल और मिश्रकाल ये तीन स्वस्थान पद होते हैं ।**

§ २१९. वट्टमाणसमए कोहोवजुत्ताणं पि एदाणि तिण्णि चेव सत्थाणपदाणि गहेयव्वाणि, सेसाणमट्ठण्हं पदाणं परत्थाणविसयाणमेत्थ गहणाभावादो ।

* एवं मायोवजुत्त-लोहोवजुत्ताणं पि ।

§ २२०. माया-लोभोवजुत्ताणं पि एवं चेव तिण्णि तिण्णि सत्थाणपदाणि गहेयव्वाणि । तं जहा—मायोवजुत्ताणं मायकालो णोमायकालो मिस्सयकालो च । लोभोवजुत्ताणं लोभकालो णोलोभकालो मिस्सयकालो चेदि । एवमेदाणि चउण्हं कसायाणं तिण्णि तिण्णि पदाणि घेत्तूण बारस सत्थाणपदाणि होंति त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थसंगहो ।

§ २२१. संपहि एदेसिं थोववहुत्तणिद्दालणट्ठमुवरिमो सुत्तपबंधो—

* एदेसिं बारसण्हं पदाणमप्पाबहुअं ।

§ २२२. एदेसिं सत्थाणपडिबद्धाणं बारसण्हं पदाणं एसो अप्पाबहुअं वत्तइस्सामो त्ति पइण्णावक्कमेदं—

---

§ २१९. वर्तमान समयमें क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंके भी ये तीन ही स्वस्थान पद ग्रहण करने चाहिए, क्योंकि परस्थानविषयक शेष आठ पदोंका इनमें ग्रहण नहीं होता ।

* इसी प्रकार मायाकषाय और लोभकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंके तीन-तीन स्वस्थान पद ग्रहण करने चाहिए ।

§ २२०. मायाकषाय और लोभकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंके भी इसी प्रकार तीन-तीन स्वस्थान पद ग्रहण करने चाहिए । यथा—मायाकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका मायाकाल, नोमायाकाल और मिश्रकाल तथा लोभकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका लोभकाल, नोलोभकाल और मिश्रकाल । इस प्रकार चार कषायोंके ये तीन-तीन पदोंको ग्रहणकर बारह स्वस्थान पद होते हैं यह प्रकृतमें विवक्षित सूत्रोंका समुच्चय अर्थ है ।

विशेषार्थ—यहाँ कतिपय सूत्रों द्वारा स्वस्थानपदोंका निर्णय करते हुए जो बतलाया गया है उसका आशय यह है कि वर्तमानमें जितने जीव जिस कषायमें उपयुक्त होते हैं और उसके पूर्व भी यदि वे ही जीव उसी कषायमें उपयुक्त रहे हैं तो उन जीवोंके विवक्षित कषायविषयक उपयोगकालकी वही संज्ञा हो जाती है । जैसे पूर्वमें तथा वर्तमानमें मानमें उपयुक्त हुए जीवोंके कालकी मानकाल संज्ञा तथा क्रोधमें उपयुक्त हुए जीवोंके कालकी क्रोध-काल संज्ञा आदि । तथा पूर्वमें क्रोध, माया और लोभ कषायमें उपयुक्त रहे हैं और वर्तमानमें मानकषायमें उपयुक्त हैं तो उनके उस कालकी नोमानकाल संज्ञा है । इसी प्रकार अन्य कषायोंके अनुसार यथायोग्य घटित कर लेना चाहिए । तथा पूर्वमें मानकषायके साथ अन्य कषायमें उपयुक्त रहे हैं तथा वर्तमानमें मानकषायमें उपयुक्त हैं तो उनके उस कालकी मिश्र-काल संज्ञा है । यहाँ भी अन्य कषायोंकी अपेक्षा इसी प्रकार स्वस्थान पदोंका निर्णय कर लेना चाहिए ।

§ २२१. अब इन पदोंके अल्पबहुत्वका निर्णय करनेके लिए आगेका सूत्र प्रबन्ध है—

* इन बारह पदोंका अल्पबहुत्व कहते हैं ।

§ २२२. आगे स्वस्थान सम्बन्धी इन बारह पदोंका अल्पबहुत्व बतलावेंगे इस प्रकार

---

१ ता० प्रतौ पदाणं इति पाठः ।

*** तं जहा।**

§ २२३. सुगममेदं। एत्थ पयदप्पाबहुअविसए अव्वुप्पण्णसोदाराणं सुहावगम-समुप्पायणट्ठमेदेसिं बारसण्हं सत्थाणपदाणमेसा संदिट्ठी—

वट्टमाणकाले माणोवजुत्तरासिपमाणं १६, वट्टमाणकाले कोहोवजुत्तरासिपमाणं २०, वट्टमाणकाले मायोवजुत्तरासिपमाणं २५, वट्टमाणकाले लोभोवजुत्तरासि-
मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज
पमाणं ३१। तेसिं चेव जीवाणमदीदकाले माणोवजुत्तकालो एसो ३६, तेसिं चेव जीवाणमदीदकाले कोहोवजुत्तकालो एसो १२, तेसिं चेव जीवाणमदीदकाले मायोव-जुत्तकालो एसो ४, तेसिं चेव जीवाण मदीदकाले लोभोवजुत्तकालो एसो २, तेसिं चेव जीवाणमदीदकाले णोमाणकालो एसो २९१६, तेसिं चेव जीवाणमदीदकाले णोकोहकालो एसो ९७२, तेसिं चेव जीवाणमदीदकाले णोमायकालो एसो ३२४, तेसिं चेव जीवाणमदीदकाले णोलोभकालो एसो १०८, तेसिं चेव जीवाणमदीदकाले माण-मिस्सयकालो एसो ८७४८, तेसिं चेव जीवाणमदीदकाले कोहमिस्सयकालो एसो १०७१६, तेसिं चेव जीवाणमदीदकाले मायमिस्सयकालो एसो ११३७२, तेसिं चेव जीवाणमदीद-काले लोभमिस्सयकालो एसो ११५९०। एवमेदीए संदिट्ठीए जणिदसंसकाराणं सिस्साणमिदाणिं पयदप्पाबहुअमोदारइस्सामो—

*** लोभोवजुत्ताणं लोभकालो थोवो।**

यह प्रतिज्ञावाक्य है।

*** वह जैसे।**

§ २२३. यह सूत्र सुगम है। यहाँपर प्रकृत अल्पबहुत्वके विषयमें अजानकार श्रोताओंको सुखपूर्वक ज्ञान उत्पन्न करनेके लिए इन बारह स्वस्थान पदोंकी यह संदृष्टि है—वर्तमानकालमें मानमें उपयुक्त हुई जीवराशिका प्रमाण १६, वर्तमान कालमें क्रोधमें उपयुक्त हुई जीवराशिका प्रमाण २०, वर्तमान कालमें मायामें उपयुक्त हुई जीवराशिका प्रमाण २५ तथा वर्तमान कालमें लोभमें उपयुक्त हुई जीवराशिका प्रमाण ३१। उन्हीं जीवोंका अतीत कालमें मानोपयुक्त काल यह है—३६। उन्हीं जीवोंका अतीत कालमें क्रोधोपयुक्त काल यह है—१२। उन्हीं जीवोंका अतीत कालमें मायोपयुक्त काल यह है—४। उन्हीं जीवोंका अतीत कालमें लोभोपयुक्त काल यह है—२। उन्हीं जीवोंका अतीत कालमें नोमानकाल यह है—२९१६। उन्हीं जीवोंका अतीत कालमें नोक्रोधकाल यह है ९७२। उन्हींजीवोंका अतीत कालमें नोमायाकाल यह है—३२४। उन्हीं जीवोंका अतीत कालमें नोलोभकाल यह है—१०८। उन्हीं जीवोंका अतीत कालमें मानमिश्रकाल यह है—८७४८। उन्हीं जीवोंका अतीत कालमें क्रोध-मिश्रकाल यह है—१०७१६। उन्हीं जीवोंका अतीत कालमें मायामिश्रकाल यह है—११३७२। उन्हीं जीवोंका अतीत कालमें लोभमिश्रकाल यह है—११५९०। इस प्रकार इस संदृष्टि द्वारा संस्कार प्राप्त शिष्योंके निमित्त इस समय प्रकृत अल्पबहुत्वका अवतार करेंगे—

*** लोभकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका लोभकाल सबसे थोड़ा है।**

§ २२४. किं कारणं ? वट्टमाणसमयम्मि लोभोवजुत्तजीवरासी सेसकसायोवजुत्तजीवे अवेक्खिय बहुओ होदूण पुणो अदीदकालम्मि एक्कदो कादुमदीव दुल्लहो होइ, तेणेसो कालो अदीदकालमाहप्पेणाणंतो होदूण सव्वत्थोवो जादो। तस्स पमाणमेदं २।

*** मायोवजुत्ताणं मायकालो अणंतगुणो।**

§ २२५. किं कारणं ? वट्टमाणसमयलोभोवजुत्तजीवरासीदो वट्टमाणसमयमायोवजुत्तजीवरासी विसेसहीणो होइ। थोवो च जीवरासी लहुमेव तत्थ परिणमदि त्ति एदेण कारणेणेसो कालो अणंतो होदूण पुव्विल्लकालादो अणंतगुणो त्ति सिद्धं ४।

*** कोहोवजुत्ताणं कोहकालो अणंतगुणो।**

§ २२६. १२, कारणं पुव्व व वत्तव्वं।

*** माणोवजुत्ताणं माणकालो अणंतगुणो।**

§ २२७. ३६, एत्थ वि कारणमणंतरपरूविदमेव।

*** लोभोवजुत्ताणं णोलोभकालो अणंतगुणो।**

§ २२८. किं कारणं ? वट्टमाणसमयलोभोवजुत्तजीवरासिस्स अदीदकालम्मि

---

§ २२४. क्योंकि वर्तमान समयमें लोभकषायमें उपयुक्त हुई जीवराशि शेष कषायोंमें उपयुक्त जीवराशिकी अपेक्षा बहुत है। फिर भी उसे अतीत कालमें एकत्र करना अति दुर्लभ है, इसलिए यह काल अतीत कालके माहात्म्यवश अनन्त होकर भी सबसे थोड़ा है। उसका प्रमाण यह है--२।

*** उससे मायाकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका मायाकाल अनन्तगुणा है।**

§ २२५. क्योंकि वर्तमान समयमें लोभकषायमें उपयुक्त हुई जीवराशिसे वर्तमान समयमें मायाकषायमें उपयुक्त हुई जीवराशि विशेष हीन है। और थोड़ी जीवराशि शीघ्र ही उस रूप परिणम जाती है, इस प्रकार इस कारणसे यह काल अनन्त होकर भी पूर्वराशिके कालसे अनन्तगुणा है यह सिद्ध हुआ। उसका प्रमाण ४ है।

विशेषार्थ—यहाँ अनन्तका प्रमाण २, लोभकाल २; २×२=४ मायाकाल।

*** उससे क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका क्रोधकाल अनन्तगुणा है।**

§ २२६. क्रोधकाल १२। कारणका कथन पहलेके समान करना चाहिए।

विशेषार्थ—लोभकाल २, मायाकाल ४; दोनोंका योग ६; ६×२=१२ क्रोधकाल।

*** उससे मानकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका मानकाल अनन्तगुणा है।**

§ २२७. ३६, यहाँ भी पूर्वमें कहा गया ही कारण जानना चाहिए।

विशेषार्थ—लोभ-माया काल ६, क्रोधकाल १२, दोनोंका योग १८, १८×२=३६ मानकाल।

*** उससे लोभकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका नोलोभकाल अनन्तगुणा है।**

§ २२८. क्योंकि वर्तमान समयमें लोभकषायमें उपयुक्त जीवराशिका अतीत कालमें

लोभगमणेण विणा सेसकसाएसु थोवावट्ठाणकालो पुव्वल्लकालादो बहुओ होइ, विसय-बहुत्तेण तहाविहसंपत्तीए सुलहत्तदंसणादो। तदो माणोवजुत्ताणं माणकालादो एसो कालो अणंतगुणो त्ति सिद्धं १०८।

*** मायोवजुत्ताणं णोमायकालो अणंतगुणो।**

§ २२९. ३२४, वट्टमाणसमयमायोवजुत्ताणमदीदकालम्मि मायमगंतूण सेस-कसाएसु चेवावट्ठाणकालो। एसो पुव्विल्लणोलोभकालं पेक्खियूणाणंतगुणो। कधमेदं परिच्छिज्जदे? पुव्विलविसयादो एदस्स विसयबहुत्तोवलंभादो। तं कधं? पुव्विल्ल-विसयो णाम कोह-माण-मायासु अच्छणकालो। एसो पुण कोह-माण-लोभेसु अवट्ठाण-कालो त्ति तेणाणंतगुणो जादो। रासीणं थोवबहुत्तं च एत्थ कारणं वत्तव्वं।

*** कोहोवजुत्ताणं णोकोहकालो अणंतगुणो।**

§ २३०. २७२। एत्थ वि कारणमणंतरपरूविदमेव दट्ठव्वं।

लोभकषायमें जानेके बिना शेष कषायोंमें थोड़ा अवस्थान काल पूर्वके कालसे बहुत है, क्योंकि विषयका बाहुल्य होनेसे उस प्रकारसे कालकी प्राप्ति सुलभ देखी जाती है। इसलिए मान-कषायमें उपयुक्त हुए जीवोंके मानकालसे यह काल अनन्तगुणा है यह सिद्ध हुआ। उसका प्रमाण १०८ है।

विशेषार्थ—लोभ-माया-क्रोधकाल १८, मानकाल ३६, दोनोंका योग ५४; ५४ × २ = १०८ नोलोभकाल।

*** उससे मायाकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका नोमायाकाल अनन्तगुणा है।**

§ २२९. नोमायाकाल ३२४। वर्तमान समयमें मायामें उपयुक्त हुए जीवोंका अतीत कालमें माया कषायरूप न परिणम कर शेष कषायोंमें ही जो अवस्थान काल है उसे नोमाया-काल कहते हैं। यह पूर्वके नोलोभकालको देखते हुए अनन्तगुणा है।

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना जाता है?

समाधान—पूर्वके विषयसे इसका विषय बहुत उपलब्ध होता है, इससे जाना जाता है कि नोलोभकालसे नोमायाकाल अनन्तगुणा है।

शंका—वह कैसे?

समाधान—क्योंकि क्रोध, मान और मायामें रहनेके कालको पूर्वका विषय कहते हैं, परन्तु यह क्रोध, मान और लोभमें रहनेका काल है, इसलिए उससे यह अनन्तगुणा हो गया है। तथा राशियोंके अल्पबहुत्वको इसमें कारण कहना चाहिए।

विशेषार्थ—लोभ-माया-क्रोध-मानकाल ५४, नोलोभकाल १०८, दोनोंका योग १६२; १६२ × २ = ३२४ नोमायाकाल।

*** उससे क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका नोक्रोधकाल अनन्तगुणा है।**

§ २३०. नोक्रोधकाल २७२। कारणका कथन पहले कर आये हैं। उसे ही यहाँपर जानना चाहिए।

गणिशेखर आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** माणोवजुत्ताणं णोमाणकालो अणंतगुणो ।**

§ २३१. २९१६ । एत्थ वि कारणमणंतरणिद्दिट्ठमेव ।

*** माणोवजुत्ताणं मिस्सयकालो अणंतगुणो ।**

§ २३२. ८७४८ । किं कारणं णोमाणकालो णाम माणवदिरित्तसेसकसाएसु णिरुद्धजीवाणमवट्ठाणकालो । तदो तिण्हमद्धाणं समासादो जेण चउण्हमद्धाणं समूहो बहुओ तेण मिस्सयकालो पुव्विल्लकालादो अणंतगुणो त्ति गहेयव्वं । अण्णं च माणोवजुत्तवट्ठाणजीवरासिस्स अब्भंतरादो जइ वि एगो जीवो णिप्पिडियूणण्णकसाये पविसइ तो वि माणस्स मिस्सयकालो णाम वुच्चइ । एवं जइ वि दो जीवा अण्णकसाएसु पविसंति तो वि माणमिस्सयकालो भवइ । एदेण विहिणा संखेज्जासंखेज्जाणंतवियप्पेहि माणस्स मिस्सयकालो लब्भइ । जदो एवमणंतवियप्पेहिं पयदकालोवलंभसंभवो तदो अणंतगुणो त्ति सिद्धं ।

*** कोहोवजुत्ताणं मिस्सयकालो विसेसाहिओ ।**

विशेषार्थ—लोभ-माया-क्रोध-मानकाल ५४, नोलोभकाल १०८, नोमायाकाल ३२४, तीनों कालोंका योग ४८६; ४८६ × २ = ९७२ नोक्रोधकाल ।

*** उससे मानकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका नोमानकाल अनन्तगुणा है ।**

§ २३१. नोमानकाल २९१६ । कारणका कथन पहले कर आये हैं । उसे ही यहाँपर जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—लोभ-माया-क्रोध-मानकाल ५४, नोलोभकाल १०८, नोमायाकाल ३२४, नोक्रोधकाल ९७२, चारों कालोंका योग १४५८ । १४५८ × २ = २९१६ नोमानकाल ।

*** उससे मानमें उपयुक्त हुए जीवोंका मिश्रकाल अनन्तगुणा है ।**

§ २३२. मानकषायसम्बन्धी मिश्रकाल ८७४८, क्योंकि मानकषायके सिवाय शेष कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंके अवस्थान कालकी नोमानकाल संज्ञा है । इसलिए तीन कालोंके योगसे चार कालोंका योग बहुत होता है, अतः पूर्वके कालसे मिश्रकाल अनन्तगुणा है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए । दूसरी बात यह है कि मानकषायमें उपयुक्त हुई वर्तमान जीवराशिमेंसे यद्यपि एक जीव निकल कर अन्य कषायरूप परिणम जाता है तो भी मानकषायका मिश्रकाल कहा जाता है । इसी प्रकार यद्यपि दो जीव अन्य कषायरूप परिणम जाते हैं तो भी मानकषायका मिश्रकाल होता है । इस विधिसे संख्यात, असंख्यात और अनन्त प्रकारसे मानकषायका मिश्रकाल प्राप्त होता है । यतः इस प्रकार अनन्त प्रकारसे प्रकृत कालकी प्राप्ति सम्भव है,अतः यह काल अनन्तगुणा है यह सिद्ध हुआ ।

विशेषार्थ—लोभ-माया-क्रोध-मानकाल ५४, नोलोभकाल १०८, नोमायाकाल ३२४, नोक्रोधकाल ९७२, नोमानकाल २९१६, इन सब कालोंका योग ४३७४ । ४३७४ × २ = ८७४८ मानमिश्रकाल ।

*** उससे क्रोधकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका मिश्रकाल विशेष अधिक है ।**

§ २३३. केत्तियमेत्तो विसेसो ? कोह-णोकोहकालेहिं परिहीणमाण-णोमाणकालमेत्तो। तं कधं ? अदीदकालसव्वपिंडादो माण-णोमाणकालेसु सोहिदेसु सुद्धसेसमेत्तो माणमिस्सयकालो होइ। सो च संदिट्ठीए एत्तियो ८७४८, अदीदकालसव्वसमासो संदिट्ठीए ११७०० एत्तियमेत्तो त्ति गहणादो। पुणो एत्थेव कोह-णोकोहकालेसु माण-णोमाणकालेहिंतो अणंतगुणहीणेसु सोहिदेसु सुद्धसेसमेत्तो कोहमिस्सयकालो संदिट्ठीए एत्तियमेत्तो होइ १०७१६। एसो च माणमिस्सयकालादो माण-णोमाणकालाणमणंतभागमेत्तेण विसेसाहिओ त्ति णत्थि संदेहो। संदिट्ठी विसेसपमाणमेदं १९६८।

*** मायोवजुत्ताणं मिस्सयकालो विसेसाहियो।**

§ २३४. ११३७२। केत्तियमेत्तो विसेसो ? माय-णोमायकालेहिं परिहीणकोह-णोकोहकालमेत्तो। सो च संदिट्ठीए एसो ६५६। सेसं सुगमं, अणंतरादीदसुत्त-

---

§ २३३. विशेषका प्रमाण क्या है ?

समाधान—मान और नोमानके कालोंमेंसे क्रोध और नोक्रोधके कालोंको कम कर देने पर जो शेष रहे उतना विशेषका प्रमाण है।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—अतीत कालसम्बन्धी सब कालोंके योगमेंसे मान और नोमानकालके कम कर देनेपर जो शेष रहे वह मानकषायका मिश्रकाल होता है और वह अंकसंदृष्टिकी अपेक्षा ८७४८ इतना है, क्योंकि अतीत कालसम्बन्धी सब कालोंका योग अंकसंदृष्टिकी अपेक्षा ११७०० इतना ग्रहण किया गया है। पुनः इसीमेंसे मान और नोमानकालसे अनन्तगुणे हीन क्रोध और नोक्रोधकालके घटा देनेपर जो काल शेष रहता है वह क्रोधमिश्रकाल है, जो कि अंकसंदृष्टिकी अपेक्षा इतना है—१०७१६। और यह मानके मिश्रकालसे मान-नोमानकालके अनन्तवें भागमात्र अधिक है इसमें सन्देह नहीं है। संदृष्टिकी अपेक्षा विशेषका प्रमाण यह है—१९६८।

विशेषार्थ—(१) मानकाल ३६, नोमानकाल २९१६; दोनोंका योग २९५२। क्रोधकाल १२, नोक्रोधकाल ९७२; दोनोंका योग ९८४। २९५२ – ९८४ = १९६८ विशेषका प्रमाण। मान-मिश्रकाल ८७४८ + १९६८ = १०७१६ क्रोधमिश्रकाल।

(२) मान-नोमानकाल २९५२, २९५२ ÷ ३ (अनन्त) = ९८४ मान-नोमानके कालसे अनन्तगुणा हीन क्रोध-नोक्रोधका काल। ११७०० अतीतसम्बन्धी सब कालोंका योग। ११७०० – ९८४ = १०७१६ क्रोधमिश्रकाल।

*** उससे मायाकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका मिश्रकाल विशेष अधिक है।**

§ २३४. मायाकषायका मिश्रकाल—११३७२।

शंका—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—क्रोध और नोक्रोधके कालोंमेंसे माया और नोमायाके कालोंको कम करनेपर जो शेष रहे उतना है। संदृष्टिकी अपेक्षा उसका प्रमाण इतना है—६५६। शेष कथन

परूवणाए चेव गयत्थत्तादो ।

*** लोभोवजुत्ताणं मिस्सयकालो विसेसाहियो ।**

§ २३५. ११५९० । केत्तियमेत्तो विसेसो ? माय-णोमायकालेहिंतो लोभ-णोलोभकालेसु सोहिदेसु सुद्धसेसमेत्तो । तं च सुद्धसेसपमाणमेत्थ संदिट्ठीए एत्तियमेत्त-मिदि वत्तव्वं २१८ ।

§ २३६. सव्वत्थ अप्पप्पणो काल-णोकालेसु अदीदकालादो सोहिदेसु सुद्धसेसो मिस्सयकालो होदि त्ति वत्तव्वं । सव्वेसिमदीदकालपमाणसंदिट्ठी एसा ११७०० ।

§ २३७. एवमेदेसिं बारसण्हं सत्थाणपदाणमप्पाबहुअपरूवणा कया । संपहि सेसपरत्थाणपदाणं पि एदेसु बारससु पदेसु पवेसणं कादूण बादालीसपदपडिबद्धं परत्थाण-प्पाबहुअं पि णेदव्वमिदि पदुप्पायणट्ठमिदमाह—

*** एत्तो बादालीसपदप्पाबहुअं कायव्वं ।**

सुगम है, क्योंकि इससे पूर्वके सूत्रमें कथनके समय ही उसका व्याख्यान कर आये हैं ।

विशेषार्थ—माया-नोमायाकाल ३२८, क्रोध-नोक्रोधकाल ९८४ । ९८४ – ३२८ = ६५६ विशेषका प्रमाण । क्रोधमिश्रकाल १०७१६, १०७१६ + ६५६ = ११३७२ माया मिश्रकाल ।

*** उससे लोभकषायमें उपयुक्त हुए जीवोंका मिश्रकाल विशेष अधिक है ।**

§ २३५. लोभमिश्रकाल ११५९० ।

शंका—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—माया-नोमायासम्बन्धी कालोंमेंसे लोभ-नोलोभसम्बन्धी कालोंको कम कर देने पर जो शेष रहे उतना है । यहाँपर संदृष्टिकी अपेक्षा उस शेषका प्रमाण इतना २१८ ग्रहण करना चाहिए ।

विशेषार्थ—माया-नोमायाकाल ३२८, लोभ-नोलोभकाल ११०; ३२८ – ११० = २१८ विशेषका प्रमाण । मायामिश्रकाल ११३७२; ११३७२ + २१८ = ११५९० लोभमिश्रकाल ।

§ २३६. सर्वत्र अतीत कालमेंसे अपने-अपने काल तथा नोकालको कम कर देनेपर जो शेष रहे उतना अपना-अपना मिश्रकाल होता है ऐसा यहाँ कहना चाहिए । सबके अतीत कालके प्रमाणकी अंकसंदृष्टि यह है—११७०० ।

विशेषार्थ—अतीत काल ११७००, मान-नोमानकाल २९५२, क्रोध-नोक्रोधकाल ९८४, माया-नोमायाकाल ३२८, लोभ-नोलोभकाल ११० । ११७००–२९५२ = ८७४८ मानमिश्रकाल । ११७०० – ९८४ = १०७१६ क्रोधमिश्रकाल, ११७०० – ३२८ = ११३७२ मायामिश्रकाल, ११७०० – ११० = ११५९० लोभमिश्रकाल ।

§ २३७. इस प्रकार इन बारह स्वस्थान पदोंके अल्पबहुत्वका कथन किया । अब शेष परस्थान पदोंको भी इन बारह पदोंमें प्रविष्ट करके ब्यालीस पदसम्बन्धी परस्थान अल्पबहुत्व भी जानना चाहिए इस तथ्यका कथन करनेके लिए इस सूत्रको कहते हैं—

*** आगे ब्यालीस पदसम्बन्धी अल्पबहुत्व करना चाहिए ।**

§ २३८. एत्तो बादालीसपदणिबद्धं परत्थाणप्पाबहुअं पि चिंतिय णेदव्वमिदि वुत्तं होइ। तं पुण बादालीसपदमप्पाबहुअं संपहियकाले विसिट्ठोवएसाभावादो ण सम्ममवगम्मदि त्ति ण तव्विवरणं कीरदे।

*** तदो छट्ठी गाहा समत्ता भवदि।**

§ २३९. एवमेदं समाणिय संपहि सत्तमगाहाए जहावसरपत्तमत्थविहासणं कुणमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

*** 'उवजोगवग्गणाहि य अविरहिदं काहि विरहियं वा वि' त्ति एदम्मि अद्धे एक्को अत्थो, विदिये अद्धे एक्को अत्थो; एवं दो अत्था।**

§ २४०. एदेण सुत्तावयवेण एदिस्से सत्तमीए सुत्तगाहाए दोसु अत्थाहियारेसु पडिबद्धत्तं परूविदं। तत्थ ताव पुव्वद्धे दुविहाओ उवजोगवग्गणाओ अहिकरिय तासु जीवेहिं विरहिदाविरहिदट्ठाणपरूवणा णाम पढमो अत्थो णिबद्धो, उवजोगवग्गणा-सहचरिदाणं जीवाणमुवजोगवग्गणाववएसं कादूण केहिं विरहिदमविरहिदं वा कं ट्ठाणं होदि त्ति पुच्छामुहेण सुत्तत्थसंबंधावलंबणादो। एत्थ 'काहिं त्ति' वुत्ते केत्तियमेत्ताहिं उवजोगवग्गणाहिं सहचरिदजीववग्गणाहिं कं ट्ठाणमविरहिदं होदि त्ति घेत्तव्वं। अहवा उवजोगवग्गणाहिं काल-भावविसयाहिं केत्तियमेत्ताहिं गदाहिं जीवेहिं विरहिदं ट्ठाणं होइ, केत्तियमेत्ताहिं वा णिरंतरसरूवाहिं जीवविरहिदमद्धाणं लब्भइ त्ति पदसंबंधं कादूण

---

§ २३८. अब ब्यालीस पदोंमें निबद्ध परस्थान अल्पबहुत्वका भी विचार कर कथन करना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है। किन्तु यह ब्यालीस पदविषयक अल्पबहुत्व वर्तमान कालमें विशिष्ट उपदेशका अभाव होनेसे सम्यक् प्रकारसे ज्ञात नहीं है, इसलिए उसका विशेष व्याख्यान नहीं करते हैं।

*** इस प्रकार पूर्वोक्त प्रकारसे व्याख्यान करनेपर छठी गाथा समाप्त होती है।**

§ २३९. इस प्रकार इस गाथाके व्याख्यानको समाप्तकर अब सातवीं गाथाके अवसर प्राप्त अर्थका विशेष व्याख्यान करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** 'कितनी उपयोगवर्गणाओंसे कौन स्थान अविरहित पाया जाता है और कौन स्थान विरहित पाया जाता है।' इस प्रकार गाथाके इस पूर्वार्धमें एक अर्थ निबद्ध है और गाथाके उत्तरार्धमें एक दूसरा अर्थ निबद्ध है। इस प्रकार इस गाथामें दो अर्थ निबद्ध हैं।**

§ २४०. इस सूत्रवचन द्वारा यह सातवीं सूत्रगाथा दो अर्थाधिकारोंमें निबद्ध है यह कहा गया है। उनमेंसे सर्वप्रथम गाथाके पूर्वार्धमें दो प्रकारकी उपयोगवर्गणाओंको अधिकृत कर उनमें जीवोंसे रहित और सहित स्थानप्ररूपणा नामक प्रथम अर्थाधिकार निबद्ध है, क्योंकि उपयोग वर्गणाओंसे युक्त जीवोंकी उपयोगवर्गणा संज्ञा करके उनसे रहित या सहित कौन स्थान है इस प्रकारकी पृच्छाद्वारा सूत्रका अर्थके साथ सम्बन्धका अवलम्बन लिया गया है। इस गाथामें 'काहिं' ऐसा कहनेपर कितनी उपयोगवर्गणाओंसे युक्त जीववर्गणाओंसे कौन स्थान युक्त है यह अर्थ ग्रहण करना चाहिए। अथवा काल और भावविषयक कितनी उपयोगवर्गणाओंके जानेके बाद जीवोंसे रहित स्थान होता है, अथवा निरन्तरस्वरूप कितनी

सुत्तत्थसमत्थणा कायव्वा। तदो गाहापुव्वद्धे एवंविहो एक्को अत्थो पडिबद्धो त्ति सम्ममवहारिदं। पच्छद्धे वि कसायोवजुत्तजीवाणं गदीयो अस्सियूण तिविहाए सेढीए अप्पाबहुअपरूवणं णाम बिदियो अत्थो पडिबद्धो। एवमेदेसु दोसु अत्थविसेसेसु पडिबद्धत्तमेदस्स गाहासुत्तस्स णिरूविय संपहि 'जहा उद्दसो तहा णिद्देसो' त्ति णायावलंबणेण पुव्वद्धस्स ताव विहासणं कुणमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

प्रूफ देखिये :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

* पुरिमद्धस्स विहासा।

§ २४१. गाहासुत्तपुरिमद्धस्स ताव विहासा कीरदि त्ति भणिदं होइ।

* एत्थ दुविहाओ उवजोगवग्गणाओ—कसायउदयट्ठाणाणि च उवजोगद्धट्ठाणाणि च।

§ २४२. एत्थ पुरिमद्धविहासणावसरे दुविहाओ उवजोगवग्गणाओ होंति। काओ ताओ त्ति पुच्छिदे कसायुदयट्ठाणाणि च उवजोगद्धट्ठाणाणि चेदि भणिदं। तत्थ कसायोदयट्ठाणाणि णाम कोहादिकसायाणमुदयवियप्पा पादेक्कमसंखेज्जलोयमेयभिण्णा। उवजोगद्धट्ठाणाणि त्ति वुत्ते कोहादिकसायाणं जहण्णोवजोगकालप्पहुडि जावुक्कस्सकालो त्ति एदेसिं वियप्पाणं संगहो कायव्वो। एदाणि च उवजोगद्धट्ठाणाणि अंतोमुहुत्तमेत्ताणि, जहण्णकालमुक्कस्सकालादो सोहिय सुद्धसेसम्मि एयरूवपक्खेवे कदे

उपयोगवर्गणाओंके द्वारा जीवोंसे रहित स्थान प्राप्त होता है इस प्रकार पदसम्बन्ध करके सूत्रके अर्थका समर्थन करना चाहिए। इस प्रकार गाथाके पूर्वार्धमें इस प्रकारका एक अर्थ प्रतिबद्ध है इसका सम्यक् प्रकारसे निश्चय किया। गाथाके उत्तरार्धमें भी कषायोंमें उपयुक्त हुए जीवोंके गतियोंके आश्रयसे तीन प्रकारकी श्रेणियोंद्वारा अल्पबहुत्वका कथन नामक दूसरा अर्थ प्रतिबद्ध है। इस प्रकार इन दो अर्थविशेषोंमें निबद्ध इस गाथासूत्रका निरूपण करके अब 'उद्देश्यके अनुसार निर्देश किया जाता है' इस न्यायका अवलम्बन लेकर सर्वप्रथम पूर्वार्धका विशेष व्याख्यान करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* अब पूर्वार्धका विशेष व्याख्यान करते हैं।

§ २४१. सर्वप्रथम गाथासूत्रके पूर्वार्धका विशेष व्याख्यान करते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

* प्रकृतमें उपयोग वर्गणाएँ दो प्रकारकी हैं—कषाय-उदयस्थान और उपयोग-अद्धास्थान।

§ २४२. प्रकृतमें पूर्वार्धके विशेष व्याख्यानके अवसरपर उपयोगवर्गणाएँ दो प्रकारकी होती हैं। वे कौनसी हैं ऐसा पूछनेपर कषाय-उदयस्थान और उपयोग-अद्धास्थान ऐसा कहा है। उनमेंसे जो क्रोधादि कषायोंके उदय विकल्प प्रत्येक असंख्यात लोकप्रमाण भेदोंको लिये हुए हैं वे सब कषाय-उदयस्थान कहलाते हैं। उपयोग-अद्धास्थान ऐसा कहनेपर क्रोधादि कषायोंके जघन्य उपयोगकालसे लेकर उत्कृष्ट उपयोगकाल तक इन भेदोंका संग्रह करना चाहिए। ये उपयोग-अद्धास्थान अन्तर्मुहूर्तप्रमाण हैं, क्योंकि उत्कृष्ट कालमेंसे जघन्य कालको

तव्वियप्पुप्पत्तिदंसणादो। एवमेदाणि दुविहाणि वि ट्ठाणाणि उवजोगसंबंधित्तादो उवजोगवग्गणाओ त्ति एत्थ विवक्खियाणि। संपहि एदस्सेवत्थस्स णिग्गमणट्ठमुवरिमं सुत्तमाह—

*** एदाणि दुविहाणि वि ट्ठाणाणि उवजोगवग्गणाओ त्ति वुच्चंति।**

§ २४३. सुगममेदं। तत्थ ताव उवजोगद्धट्ठाणेसु जीवेहिं विरहिदाविरहिदट्ठाण-परूवणट्ठमुवरिमो सुत्तपबंधो—

*** उवजोगद्धट्ठाणेहिं[1] ताव केत्तिएहिं विरहिदं केहिं कम्हि अविरहिदं?**

§ २४४. केत्तिएहिं उवजोगद्धट्ठाणेहिं णिरंतरसरूवेण गदेहिं जीवविरहिदं ठाणमुवलब्भइ, केहिं वा जीवेहिं कम्हि गदिविसेसे अविरहियमसुण्णं होदूण कं ठाणमुवलब्भदि त्ति एत्थ पदसंबंधो कायव्वो। एवं पुच्छाणिद्देसं कादूण तदो एसा मग्गणा एत्थ कायव्वा त्ति पदुप्पायणट्ठमिदमाह—

*** एत्थ मग्गणा।**

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ २४५. एदम्मि अत्थविसेसे एसा मग्गणा णिरयादिगदीओ अस्सियूण कायव्वा त्ति भणिदं होइ। तत्थ ताव णिरयगदीए पयदमग्गणट्ठमुवरिमपबंधमाह—

घटाकर जो शेष रहे उसमें एक अंकके मिला देनेपर उनके भेदोंकी उत्पत्ति देखी जाती है। इस प्रकार ये दोनों ही स्थान उपयोगसम्बन्धी होनेसे उपयोगवर्गणाएँ हैं ऐसा यहाँ विवक्षित किया गया है। अब इसी अर्थका विशेष ज्ञान करानेके लिए आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** ये दोनों ही प्रकारके स्थान उपयोगवर्गणा इस नामसे कहे जाते हैं।**

§ २४३. यह सूत्र सुगम है। सर्वप्रथम उनमेंसे उपयोग-अद्धास्थानोंमें जीवोंसे रहित और सहित स्थानोंका कथन करनेके लिए आगेका सूत्रप्रबन्ध आया है—

*** कितने उपयोग-अद्धास्थानोंके जानेके बाद कौन स्थान रहित पाया जाता है और किन जीवोंसे किस गतिविशेषमें कौन स्थान सहित पाया जाता है।**

§ २४४. कितने उपयोग-अद्धास्थानोंके द्वारा निरन्तररूपसे जानेके बाद कौन स्थान जीवोंसे रहित उपलब्ध होता है और किन जीवोंसे किस गतिविशेषमें कौन स्थान सहित अर्थात् अशून्य उपलब्ध होता है इस प्रकार यहाँपर पदसम्बन्ध करना चाहिए। इस प्रकार पृच्छानिर्देश करके उसके बाद यह मार्गणा यहाँपर करनी चाहिए इस बातका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** अब प्रकृतमें उक्त विषयकी मार्गणा करते हैं।**

§ २४५. इस अर्थविशेषको ध्यानमें रखकर नरकादि गतियोंके आश्रयसे यह मार्गणा करनी चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है। उसमें सर्वप्रथम नरकगतिमें प्रकृत मार्गणाके लिए आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

---

१. ता०प्रतौ उवजोगवग्गणाणि इति पाठः।

*** णिरयगदीए एगस्स जीवस्स कोहोवजोगद्धट्ठाणेसु णाणाजीवाणं जवमज्झं ।**

§ २४६. एत्थ णिरयगइणिद्देसो सेसगईणं पडिसेहट्ठो, सव्वासिमक्कमेण परूवणोवायाभावादो । तत्थ वि कोहादिकसायाणं चउण्हमक्कमेण परूवणोवायाभावादो कोहकसायविसयमेव ताव पयदपरूवणं वत्तइस्सामो त्ति जाणावणट्ठमेगजीवस्स कोहोवजोगद्धट्ठाणेसु त्ति णिद्देसो कओ । एत्थेगजीवणिद्देसो कोहोवजोगद्धट्ठाणाणमेगजीवोदाहरणमुहेण सुहावबोहणट्ठमिदि दट्ठव्वं । तदो एगजीवस्स कोहोवजोगद्धट्ठाणाणमंतोमुहुत्तमेत्ताणमेगसेढिआगारेण रचणं कादूण तत्थ णाणाजीवाणमवट्ठाणक्कमप्पदंसणट्ठमेदं वुच्चदे—णाणाजीवाणं जवमज्झमिदि । तेसु अद्धट्ठाणेसु एयजीवविसयत्तेण णिद्धारिदसरूवेसु णाणाजीवाणं जवमज्झायारेणावट्ठाणं होइ त्ति भणिदं होइ ।

§ २४७. संपहि एदस्सत्थस्स किं चि फुडीकरणं[1] वत्तइस्सामो । तं जहा—जहण्णए उवजोगद्धट्ठाणे जीवा असंखेज्जसेढिमेत्ता होंति । विदिए वि उवजोगद्धट्ठाणे जीवा असंखेज्जसेढिमेत्ता चेव होंति । होंता वि जहण्णट्ठाणजीवे आवलियाए असंखेज्जदिभागेण खंडियूणेयखंडमेत्तेणब्भहिया होंति । पुणो वि एदेण विहिणा ट्ठाणं पडि विसेसाहियसरूवेण गच्छमाणा[2] भागहारमेत्तोवजोगद्धट्ठाणाणि गंतूण तदित्थोव-

[2] मार्गदर्शक आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** नरकगतिमें एक जीवके क्रोधकषायसम्बन्धी उपयोग-अद्धास्थानोंमें नाना जीवोंकी अपेक्षा यवमध्य होता है ।**

§ २४६. इस चूर्णिसूत्रमें 'नरकगति' पदका निर्देश शेष गतियोंके प्रतिषेधके लिए किया है, क्योंकि सभी गतियोंके एक साथ प्ररूपण करनेका कोई उपाय नहीं है । उसमें भी चारों क्रोधादि कषायोंके एक साथ प्ररूपण करनेका कोई उपाय न होनेसे क्रोधकषायविषयक प्रकृत प्ररूपणाको ही सर्वप्रथम बतलाते हैं इस बातका ज्ञान करानेके लिए 'एक जीवके क्रोधसम्बन्धी उपयोग-अद्धास्थानोंमें' इस पदका निर्देश किया है । यहाँपर 'एक जीव' पदका निर्देश क्रोधसम्बन्धी उपयोग-अद्धास्थानोंका एक जीवके उदाहरण द्वारा सुखपूर्वक ज्ञान करानेके लिए जानना चाहिए । इसलिए एक जीवके अन्तर्मुहूर्तप्रमाण क्रोधसम्बन्धी उपयोग-अद्धास्थानोंकी श्रेणिरूपसे रचना करके उनमें नाना जीवोंके अवस्थानक्रमको दिखलानेके लिए 'नाना जीवोंका यवमध्य' यह वचन कहा है । एक जीवके विषयरूपसे निर्धारित किये गये उन अद्धास्थानोंमें नाना जीवोंका यवमध्यके आकाररूपसे अवस्थान होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

§ २४७. अब इसी अर्थका कुछ स्पष्टीकरण करके बतलाते हैं । यथा—जघन्य उपयोग-अद्धास्थानमें जीव असंख्यात जगश्रेणिप्रमाण होते हैं । दूसरे भी उपयोग-अद्धास्थानमें जीव असंख्यात जगश्रेणिप्रमाण ही होते हैं । यद्यपि इतने होते हैं तो भी जघन्य स्थानके जीवोंकी संख्यामें आवलिके असंख्यातवें भागका भाग देनेपर जो एक भाग लब्ध आवे उतने अधिक होते हैं । फिर भी इस विधिसे प्रत्येक स्थानके प्रति विशेष अधिकरूपसे जीवोंका प्रमाण लाते हुए भागहारप्रमाण उपयोग-अद्धास्थानोंके जानेपर वहाँके उपयोग-अद्धास्थानोंमें जो जीव

१. ता०प्रतौ फुडीकारणं इति पाठः । २. ता० प्रतौ गच्छमाण इति पाठः ।

जोगद्धट्ठाणजीवा पढमट्ठाणजीवेहिंतो दुगुणा भवंति। पुणो एदस्स दुगुणवड्ढिट्ठाणस्सुवरि विसेसाहियसरूवेण तेत्तियमेत्तमद्धाणं गंतूण अण्णेगं दुगुणवड्ढिट्ठाणमुप्पज्जइ। णवरि पुव्विल्लपक्खेवेहिंतो संपहियपक्खेवा दुगुणा होंति त्ति वत्तव्वं। पुणो एदेण विहिणा आवलियाए असंखेज्जदिभागदुगुणमेत्तभागवड्ढीओ अवट्ठिदपक्खेवभागहारपडिबद्धाओ उवरि गंतूण तत्थेगम्मि उवजोगद्धट्ठाणे जवमज्झं होइ, तत्तो उवरिमद्धाणेसु विसेसहाणिकमेण जीवाणमवट्ठाणदंसणादो। णवरि जवमज्झादो हेट्ठिमसयलदुगुणवड्ढिट्ठाणेहिंतो उवरिमदुगुणहाणिट्ठाणंतराणि संखेज्जगुणाणि त्ति घेत्तव्वं, हेट्ठिमद्धाणादो उवरिमद्धाणस्स संखेज्जगुणत्तादो। ण चेदमसिद्धं, उवरिमसुत्तेण तेसिं तहाभावसिद्धीदो। किं तं उवरिमसुत्तमिदि चे तस्सेदाणिमवयारो कीरदे—

* तं जहा—ट्ठाणाणं संखेज्जदिभागे।

§ २४८. एदमणंतरणिद्दिट्ठं जवमज्झट्ठाणं सयलद्धट्ठाणाणमादीदो प्पहुडि संखेज्जदिभागे समुप्पण्णमिदि वुत्तं होइ। तदो ट्ठाणाणं संखेज्जदिभागे चेव जवमज्झट्ठाणं होदूण पुणो उवरिमसयलद्धाणम्मि विसेसहाणिसरूवेणावलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तगुणहाणिट्ठाणंतराणि हेट्ठिमगुणवड्ढिट्ठाणेहिंतो संखेज्जगुणाणि समयाविरोहेण णेदव्वाणि त्ति सिद्धं।

प्राप्त होते हैं वे प्रथम स्थानके जीवोंसे दूने होते हैं। पुनः इस द्विगुणवृद्धिस्थानके ऊपर विशेष अधिकरूपसे उतने ही स्थान जाकर एक दूसरा द्विगुणवृद्धिस्थान उत्पन्न होता है। इतनी विशेषता है कि पिछले द्विगुणवृद्धिस्थानोंके प्रक्षेपोंसे वर्तमान द्विगुणवृद्धिस्थानोंके प्रक्षेप दूने होते हैं ऐसा यहाँ कहना चाहिए। पुनः इस विधिसे अवस्थित प्रक्षेप-भागहारसे सम्बन्ध रखनेवाली आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण द्विगुणभागवृद्धियाँ हो जानेपर वहाँपर प्राप्त हुए एक उपयोग-अद्धास्थानमें यवमध्य होता है, क्योंकि उससे आगेके स्थानोंमें विशेष हानिके क्रमसे जीवोंका अवस्थान देखा जाता है। इतनी विशेषता है कि यवमध्यसे पूर्वके समस्त द्विगुणवृद्धिस्थानोंसे आगेके द्विगुणहानिस्थान संख्यातगुणे हैं ऐसा यहाँपर ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि पूर्वके अध्वानसे आगेका अध्वान संख्यातगुणा है। और यह असिद्ध भी नहीं है, क्योंकि आगेके सूत्रसे उनके उस प्रकारसे होनेकी सिद्धि होती है। वह आगेका सूत्र कौनसा है ऐसी आशंका होनेपर उसका इस समय अवतार करते हैं—

*** वह यवमध्यस्थान जितने स्थान हैं उनके संख्यातवें भागमें होता है।**

§ २४८. यह पूर्वमें जो यवमध्यस्थान निर्दिष्ट कर आये हैं वह समस्त अद्धास्थानोंके प्रारम्भसे लेकर संख्यातवें भाग जानेपर उत्पन्न होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इसलिए समस्त स्थानोंके संख्यातवें भागप्रमाण स्थान जानेपर ही यवमध्यस्थान होकर पुनः आगेके समस्त अध्वानोंमें विशेष हानिके क्रमसे आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण गुणहानिस्थान पिछले गुणवृद्धिस्थानोंसे समयके अविरोधपूर्वक संख्यातगुणे होते हैं यह सिद्ध हुआ।

विशेषार्थ—यहाँपर यवमध्यस्थानके प्राप्त होने तक पूर्वमें कितनी द्विगुणवृद्धियाँ होती

२. ता०प्रतौ उवरिमट्ठगुण- इति पाठः।

§ २४९. संपहि जवमज्झादो हेट्ठा उवरिं च एगगुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतरमावलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तं चेव होदि त्ति जाणावणट्ठमुवरिमसुत्तमोइण्णं—

*** एगगुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतरमावलियवग्गमूलस्स असंखेज्जदिभागो ।**

§ २५०. आवलिया णाम पमाणविसेसो । तिस्से वग्गमूलमिदि वुत्ते तप्पढमवग्गमूलस्स गहणं कायव्वं । तस्स वि असंखेज्जदिभागो जवमज्झादो हेट्ठा उवरिं च एगगुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतरमवट्ठिदं होइ । णाणागुणहाणिट्ठाणंतरसलागाओ पुण असंखेज्जावलियपढमवग्गमूलमेत्ताओ एदम्हादो चेव साहेयव्वाओ त्ति पुध ण वुत्ताओ । एदं सव्वमदीदकालमस्सियूण परूविदं । संपहि वट्टमाणकालमस्सियूण विसेसपरूवणट्ठमुवरिमं पबंधमाह—

*** हेट्ठा जवमज्झस्स सव्वाणि गुणहाणिट्ठाणंतराणि आपुण्णाणि सदा ।**

§ २५१. जवमज्झस्स हेट्ठा ताव सव्वाणि गुणहाणिट्ठाणंतराणि सव्वकालमविरहिदसरूवेण जीवेहिं आपुण्णाणि चेव होंति त्ति णिच्छओ कायव्वो, एक्कस्स वि गुणहाणिट्ठाणंतरस्स जीवसुण्णस्स तत्थ संभवाणुवलंभादो । संपहि तत्थतणसव्वअद्धट्ठाणाणि

हैं और इसके आगे कितनी द्विगुणहानियाँ होती हैं इस प्रमाणका निर्देश करते हुए यह बतलाया गया है कि यवमध्यस्थानसे जहाँ अवस्थित है वहाँ तक जितनी द्विगुणवृद्धियाँ होती हैं उससे आगे द्विगुणहानियाँ संख्यातगुणी होती हैं ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ २४९. अब यवमध्यसे पूर्वमें और आगे एक गुणवृद्धिस्थान और एक गुणहानिस्थान आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण ही है इस बातका ज्ञान करानेके लिए आगेका सूत्र आया है—

*** एक गुणवृद्धिस्थानान्तर और एक गुणहानिस्थानान्तर आवलिके वर्गमूलके असंख्यातवें भागप्रमाण है ।**

§ २५०. आवलि प्रमाणविशेषका नाम है । उसका वर्गमूल ऐसा कहनेपर उसके प्रथम वर्गमूलको ग्रहण करना चाहिए । उसके भी असंख्यातवें भागप्रमाण यवमध्यसे पूर्व एक गुणवृद्धिस्थानान्तर और उसके आगे एक गुणहानिस्थानान्तर अवस्थितस्वरूप है । अर्थात् एक आवलिके प्रथम वर्गमूलके असंख्यातवें भागका जो प्रमाण है उतना प्रकृतमें एक गुणवृद्धिस्थान और एक गुणहानिस्थानका प्रमाण है । नाना गुणहानिस्थानान्तरशलाकाएँ तो असंख्यात आवलियोंके प्रथम वर्गमूलप्रमाण हैं यह इसी वचनसे साध लेना चाहिए, इसलिए उनका कथन अलगसे नहीं किया है । यह सब अतीत कालका आश्रय लेकर कहा है । अब वर्तमान कालका आश्रय लेकर विशेषका कथन करनेके लिए आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

*** यवमध्यके अधस्तन (पूर्व) वर्ती सब गुणहानिस्थानान्तर सर्वदा आपूर्ण हैं अर्थात् जीवोंसे भरे हुए हैं ।**

§ २५१. यवमध्यके पूर्ववर्ती तो सब गुणहानिस्थानान्तर सर्वदा अन्तरालके बिना जीवोंसे आपूर्ण ही होते हैं ऐसा यहाँ निश्चय करना चाहिए, क्योंकि उनमें एक भी गुणहानि-

किं जीवेहिं णिरंतरमावुण्णाणि आहो णेदि एवंविहासंकाए णिरारेगीकरणट्ठमुवरिमं सुत्तमाह—

*** सव्वअद्धट्ठाणाणं पुण असंखेज्जा भागा आवुण्णा ।**

२५२. तत्थतणसव्वअद्धट्ठाणाणमसंखेज्जा चेव भागा जीवेहिं अविरहिदसरूवेणावुण्णा । तदसंखेज्जदिभागो पुण जीवेहिं विरहिदो होदूण लब्भदि त्ति वुत्तं होइ । जइ-एवं सव्वाणि गुणहाणिट्ठाणंतराणि आवुण्णाणि त्ति कधं पुवुत्तं घडदि त्ति णासंका कायव्वा, पादेक्कसव्वगुणहाणिट्ठाणंतरेसु केत्तियाणं पि अद्धट्ठाणाणं जीवसुण्णत्ते वि तेसिं गुणहाणिट्ठाणंतराणं समुदायविवक्खाए आवुण्णत्ताविरोहादो । एवं ताव जवमज्झादो हेट्ठा जीवेहिं विरहिदाविरहिदट्ठाणाणं गवेसणं कादूण संपहि तत्तो उवरिमेसु वि ट्ठाणेसु पयदपरूवणट्ठमुवरिमं पबंधमाह—

*** उवरिमजवमज्झस्स जहण्णेण गुणहाणिट्ठाणंतराणं संखेज्जदिभागो आवुण्णो । उक्कस्सेण सव्वाणि गुणहाणिट्ठाणंतराणि आवुण्णाणि ।**

§ २५३. जहा जवमज्झादो हेट्ठा सव्वाणि गुणहाणिट्ठाणंतराणि णियमा आवुण्णाणि ण एवं जवमज्झादो उवरिमगुणहाणिट्ठाणेसु तहाविहणियमसंभवो । किंतु तत्थ जहण्णेण सव्वगुणहाणिट्ठाणंतराणं संखेज्जदिभागो चेव जीवेहिं आवूरिज्जदि, सेसाणं संखेज्जा-

---

स्थानान्तर जीवोंसे रहित नहीं पाया जाता । अब वहाँके सब अद्धास्थान क्या जीवोंसे निरन्तर आपूर्ण हैं या नहीं इस प्रकारकी आशंका होनेपर निशंक करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

*** किन्तु सर्व अद्धास्थानोंका असंख्यात बहुभाग ही आपूर्ण है ।**

§ २५२ वहाँके सर्व अद्धास्थानोंका असंख्यात बहुभाग ही जीवोंसे निरन्तररूपसे आपूर्ण है । उनका असंख्यातवां भाग तो जीवोंसे रहित पाया जाता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

शंका—यदि ऐसा है तो सब गुणहानिस्थानान्तर आपूर्ण हैं यह पूर्वोक्त कथन कैसे घटित होता है ?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि पृथक्-पृथक् सब गुणहानिस्थानान्तरोंमेंसे कितने ही अद्धास्थान जीवोंसे रहित होनेपर भी समुदायकी विवक्षामें उन गुणहानिस्थानान्तरोंके आपूर्णपनेके होनेमें कोई विरोध नहीं आता ।

इस प्रकार सर्व प्रथम यवमध्यसे पूर्वके जीवोंसे रहित और सहित स्थानोंका विचार करके अब उससे उपरिम स्थानोंमें भी प्रकृत विषयका विचार करनेके लिये आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

*** यवमध्यसे आगेके गुणहानिस्थानान्तरोंका जघन्यरूपसे संख्यातवाँ भाग जीवोंसे आपूर्ण है तथा उत्कृष्टरूपसे सब गुणहानिस्थानान्तर जीवोंसे आपूर्ण हैं ।**

§ २५३. जिस प्रकार यवमध्यसे पूर्वके सब गुणहानिस्थानान्तर नियमसे जीवोंसे आपूर्ण हैं उस प्रकार यवमध्यसे आगेके गुणहानिस्थानोंमें उस प्रकारका नियम नहीं देखा जाता । किन्तु उनमें जघन्यरूपसे सब गुणहानिस्थानान्तरोंका संख्यातवाँ भाग ही जीवोंद्वारा

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

भागमेत्तगुणहाणिट्ठाणंतराणं जीवसुण्णाणं कदाइं संभवोवलंभादो। उक्कस्सेण पुण सव्वाणि गुणहाणिट्ठाणंतराणि आवुण्णाणि लब्भंति, कदाइं सव्वाणि वि गुणहाणिट्ठाणंतराणि णिरुंभियूण णेरइयाणमवट्ठाणदंसणादो त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थसब्भावो। जवमज्झादो हेट्ठा पुण ण एवंविहो जहण्णुक्कस्सपविभागो अत्थि, तत्थ सव्वकालं जहण्णदो उक्कस्सदो वि पुव्वपरूविदेण कमेण जीवाणमवट्ठाणणियमदंसणादो। तदो ण तत्थ जहण्णुक्कसभेदं कादूण तण्णिद्देसो कओ त्ति दट्ठव्वं। संपहि जवमज्झादो उवरिम-अद्धट्ठाणाणं पि जहण्णुक्कस्सभेदेण जीवेहिं सुण्णासुण्णभावगवेसणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

*** जहण्णेण अद्धट्ठाणाणं संखेज्जदिभागो आवुण्णो। उक्कस्सेण अद्धट्ठाणाणमसंखेज्जा भागा आउण्णा।**

§ २५४. जहण्णेण ताव अद्धट्ठाणाणं संखेज्जदिभागो चेव जीवेहिं आउण्णो होइ। किं कारणं? जवमज्झादो उवरिमगुणहाणिट्ठाणंतराणं संखेज्जदिभागमेत्तगुण-हाणिट्ठाणंतरेसु जहण्णेणावुण्णेसु तदवयवभूदाणमद्धट्ठाणाणं पि सव्वअद्धट्ठाणाणं संखेज्जदिभागमेत्ताणमावूरणे विरोहाभावादो। उक्कस्सेण पुण णिरुद्धविसयसयलद्ध-ट्ठाणाणमसंखेज्जा भागा जीवेहिं आवुण्णा होंति, सव्वेसु गुणहाणिट्ठाणंतरेसु उक्कस्सपक्खेवे-णावूरिदेसु वि तदवयवभूदाणमद्धट्ठाणाणं सगसव्वअद्धट्ठाणाणमसंखेज्जदिभागमेत्ताणं

भरा जाता है, क्योंकि शेष संख्यात बहुभागप्रमाण गुणहानिस्थानान्तर कदाचित् जीवोंसे रहित पाये जाते हैं। परन्तु उत्कृष्टरूपसे सब गुणहानिस्थानान्तर जीवोंसे आपूर्ण प्राप्त होते हैं, क्योंकि कदाचित् सभी गुणहानिस्थानान्तरोंको व्याप्तकर नारकियोंका अवस्थान देखा जाता है यह प्रकृतमें सूत्रार्थका तात्पर्य है। परन्तु यवमध्यके पूर्व इस प्रकारका जघन्य और उत्कृष्टरूप विभाग नहीं है, क्योंकि वहाँ सर्वदा जघन्यरूपसे और उत्कृष्टरूपसे भी पूर्वमें कहे गये क्रमके अनुसार ही जीवोंके अवस्थानका नियम देखा जाता है। इसलिये वहाँ जघन्य और उत्कृष्टका भेद करके उक्त विषयका निर्देश नहीं किया है ऐसा यहाँ समझना चाहिए। अब यवमध्यसे आगेके अद्धास्थानोंमें भी जघन्य और उत्कृष्टके भेदसे जीवोंसे रहित और सहितपनेकी गवेषणा करनेके लिये आगेका सूत्र आया है—

*** जघन्यरूपसे अद्धास्थानोंका संख्यातवाँ भाग जीवोंसे आपूर्ण है तथा उत्कृष्ट-रूपसे अद्धास्थानोंका असंख्यात बहुभाग जीवोंसे आपूर्ण है।**

§ २५४. जघन्यरूपसे तो अद्धास्थानोंका संख्यातवाँ भाग ही जीवोंसे आपूर्ण होता है, क्योंकि यवमध्यसे आगेके गुणहानिस्थानान्तरोंके संख्यातवें भागमात्र गुणहानिस्थानान्तरों-के जघन्यरूपसे जीवोंसे आपूर्ण होनेपर उनके अवयवभूत अद्धास्थानोंके भी, जो कि सब अद्धास्थानोंके संख्यातवें भागमात्र हैं, जीवोंसे परिपूर्ण होनेमें कोई विरोध नहीं आता। परन्तु उत्कृष्टरूपसे तो विवक्षित विषयसम्बन्धी सब अद्धास्थानोंके असंख्यात बहुभागस्थान जीवोंसे आपूर्ण होते हैं, क्योंकि सब गुणहानिस्थानान्तरोंके उत्कृष्ट प्रक्षेपसे आपूरित होनेपर भी उनके अवयवभूत अद्धास्थनोंमेंसे अपने सब अद्धास्थानोंके असंख्यातवें भागमात्र स्थानोंके

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

जीवसुण्णाणमुवलंभसंभवे विरोहाणुवलंभादो। एवं ताव एक्केणुवदेसेण जवमज्झादो हेट्ठा उवरिं च गुणहाणिट्ठाणाणमद्धट्ठाणाणं च एत्तिओ एत्तिओ भागो जीवेहिं अविरहिओ होइ एत्तिओ च भागो जीवविरहिओ होइ त्ति णिण्णयपरूवणं कादूण संपहि एदिस्से उवएसस्स सव्वाइरियसम्मदत्तेण पहाणभावपदुप्पायणट्ठमिदमाह—

*** एसो उवएसो पवाइज्जइ ।**

§ २५५. जो एसो अणंतरपरूविदो उवएसो सो[1] पवाइज्जदे पण्णाविज्जदे अविसंवादसरूवेण सव्वाइरिएहिं सव्वकालमादिरिज्जदि त्ति वुत्तं होइ। अपवाइज्जंतेण पुण उवदेसेण केरिसी पयदपरूवणा होदि त्ति एवंविहासंकाए णिण्णयकरणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

*** अण्णो उवदेसो सव्वाणि गुणहाणिट्ठाणंतराणि अविरहियाणि जीवेहिं, उवजोगद्धट्ठाणाणमसंखेज्जा भागा अविरहिदा[2]।**

§ २५६. पवाइज्जंतादो अण्णो जो उवएसो अपवाइज्जंतो, तेण जीवविरहिदाविरहिदट्ठाणपरूवणाए कीरमाणाए जवमज्झादो हेट्ठा उवरि वि भेदेण विणा एवं होदि त्ति वुत्तं होइ। सुगममण्णं जवमज्झादो हेट्ठिमपुव्विल्लपरूवणाए समाणवक्खाणत्तादो।

जीवोंसे रहित उपलब्ध होनेमें कोई विरोध नहीं पाया जाता। इस प्रकार एक उपदेशके अनुसार यवमध्यसे पूर्वके और आगेके गुणहानिस्थानों और अद्धास्थानोंका इतना इतना भाग जीवोंसे युक्त होता है और इतना भाग जीवोंसे रहित होता है इसके निर्णयका कथन करके अब यह उपदेश सब आचार्योंद्वारा सम्मत होनेके कारण प्रधान है इस बातका कथन करनेके लिये इस सूत्रवचनको कहते हैं—

*** यह उपदेश प्रवाह्यमान है ।**

§ २५५. जो यह अनन्तर कहा गया उपदेश है वह प्रवाह्यमान है, प्रज्ञापित है, अविसंवादरूपसे सब आचार्य सदा उसका आदर करते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। किन्तु अप्रवाह्यमान उपदेशके अनुसार प्रकृत प्ररूपणा किस प्रकारकी है इस प्रकारकी आशंका होनेपर निर्णय करनेके लिये आगेका सूत्र अवतीर्ण हुआ है—

*** अन्य उपदेश है कि सब गुणहानिस्थानान्तर जीवोंसे युक्त हैं तथा उपयोग अद्धास्थानोंका असंख्यात बहुभाग जीवोंसे युक्त है ।**

§ २५६. (प्रवाह्यमानसे अन्य जो उपदेश है वह अप्रवाह्यमान उपदेश है।) उसके अनुसार जीवोंसे रहित और सहित स्थानोंका कथन करनेपर यवमध्यसे पूर्वके और आगेके सभी स्थान भेदके विना इस प्रकारके होते हैं यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है। अन्य सब कथन सुगम है, क्योंकि यवमध्यसे पूर्वकी और बादकी प्ररूपणाका व्याख्यान समान है।

---

१ ता०प्रतौ सो इति पाठो नास्ति।

२ ता०प्रतौ उवयोगद्धट्ठाणाणमसंखेज्जा भागा अविरहिया इति पाठः टीकांशस्वरूपेण मुद्रितः।

§ २५७. संपहि एदेणत्थपदेणेत्थ जवमज्झपरूवणाए तत्थेमाणि छ अणियोगद्दाराणि णादव्वाणि भवंति—परूवणा जाव अप्पाबहुए त्ति। परूवणदाए जहण्णए उवजोगद्धट्ठाणे अत्थि जीवा, विदिये उवजोगद्धट्ठाणे अत्थि जीवा। एवं जाव उक्कस्सए उवजोगद्धट्ठाणे अत्थि जीवा। पमाणं—जहण्णए उवजोगद्धट्ठाणे जीवा केत्तिया? असंखेज्जसेढिमेत्तिया अत्थि। विदिए वि उवजोगद्धट्ठाणे जीवा असंखेज्जसेढिमेत्ता। एवं जाव उक्कस्सट्ठाणे त्ति।

§ २५८. सेढिपरूवणा दुविहा—अणंतरोवणिधा परंपरोवणिधा च। अणंतरोवणिधाए जहण्णए उवजोगद्धट्ठाणे जीवा थोवा। विदिये उवजोगद्धट्ठाणे जीवा विसेसाहिया आवलियाए असंखेज्जदिभागपडिभागेण। एवं विसेसाहिया विसेसाहिया जाव जवमज्झे त्ति। तेण परं विसेसहीणा विसेसहीणा जाव उक्कस्सट्ठाणे त्ति। परंपरोवणिधाए जहण्णुवजोगद्धट्ठाणजीवेहिंतो आवलियाए असंखेज्जादिभागं गंतूण दुगुणवड्ढिदा, एवं दुगुणवड्ढिदा जाव जवमज्झे त्ति। तेण परं दुगुणहीणा दुगुणहीणा जाव उक्कस्सट्ठाणे त्ति।

§ २५९. एत्थ तिण्णि अणियोगद्दारेहिं परूवणा पमाणमप्पाबहुअं च। तत्थ परूवणाए अत्थि णाणादुगुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतरसलागाओ एगदुगुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतरं च। पमाणमेगदुगुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतरमावलियपढमवग्गमूलस्सासंखेज्जदिभागो। णाणादुगुण-

§ २५७. अब इस अर्थपदके अनुसार यहाँ यवमध्यकी प्ररूपणा करनेपर उस विषयमें प्ररूपणासे लेकर अल्पबहुत्व तकके ये छह अनुयोगद्वार ज्ञातव्य हैं। प्ररूपणाके अनुसार कथन करनेपर जघन्य उपयोगाद्धास्थानमें जीव हैं, दूसरे उपयोग अद्धास्थानमें जीव हैं। इसी प्रकार यावत् उत्कृष्ट उपयोग अद्धास्थानमें जीव हैं। प्रमाण अनुयोगद्वारके अनुसार कथन करनेपर जघन्य उपयोग अद्धास्थानमें जीव कितने हैं? असंख्यात जगश्रेणिप्रमाण हैं। दूसरे भी उपयोग अद्धास्थानमें जीव असंख्यात जगश्रेणिप्रमाण हैं। इसी प्रकार उत्कृष्ट उपयोग अद्धास्थान तक जानना चाहिये।

§ २५८. श्रेणिप्ररूपणा दो प्रकारकी है—अनन्तरोपनिधा और परंपरोपनिधा। अनन्तरोपनिधाकी अपेक्षा जघन्य उपयोग अद्धास्थानमें जीव सबसे थोड़े हैं। उनसे दूसरे उपयोग अद्धास्थानमें विशेष अधिक हैं। विशेषका प्रमाण आवलिके असंख्यातवें भागका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उतना है। इस प्रकार यवमध्यके प्राप्त होने तक विशेष अधिक विशेष अधिक जानना चाहिए। उसके बाद उत्कृष्ट स्थानके प्राप्त होने तक विशेष हीन, विशेष हीन जानने चाहिए। परम्परोपनिधाकी अपेक्षा विचार करनेपर जघन्य उपयोग अद्धास्थानके जीवोंसे आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थान जाकर वे द्विगुणवृद्धिरूप हो जाते हैं। इसी प्रकार यवमध्यके प्राप्त होने तक द्विगुणवृद्धिरूप, द्विगुणवृद्धिरूप जानने चाहिए। उसके बाद उत्कृष्ट स्थानके प्राप्त होने तक द्विगुणहीन, द्विगुणहीन जानने चाहिए।

§ २५९. यहाँ प्रकृतमें तीन अनुयोगद्वार हैं—प्ररूपणा, प्रमाण और अल्पबहुत्व। उनमेंसे प्ररूपणाकी अपेक्षा नाना द्विगुणवृद्धिस्थानान्तर और द्विगुणहानिस्थानान्तर शलाकाएँ हैं तथा एक द्विगुणवृद्धिस्थानान्तर और एक द्विगुणहानिस्थानान्तर शलाका है। प्रमाण—एक

वड्ढि-हाणिट्ठाणंतरसलागाओ असंखेज्जाणि आवलियपढमवग्गमूलाणि। अप्पाबहुअं—एयदुगुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतरं थोवं। णाणादुगुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतरसलागाओ असंखेज्ज-
मार्गदर्शक:-आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज
गुणाओ।

§ २६०. संपहि अवहारो वुच्चदे—जहण्णउवजोगद्धट्ठाणजीवपमाणेण सव्व-उवजोगद्धट्ठाणजीवा केवचिरेण कालेण अवहिरिज्जंति ? असंखेज्जेण कालेण अवहिरिज्जंति। अथवा पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तेण कालेण अवहिरिज्जंति। एत्तो भागहारं विसेसहीणं कादूण णेदव्वं जाव जवमज्झे त्ति। पुणो जवमज्झजीवपमाणेण तिण्णि-गुणहाणिट्ठाणंतरेण कालेण अवहिरिज्जंति। एत्तो उवरि भागहारो विसेसाहियसरूवेण णेदव्वो जाव उक्कस्सट्ठाणे त्ति। पुणो उक्कस्सट्ठाणजीवपमाणेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि-भागेण कालेण अवहिरिज्जंति। भागाभागो जाणिय णेदव्वो।

§ २६१. अप्पाबहुअं—सव्वत्थोवा उक्कस्सए उवजोगद्धट्ठाणे जीवा। जहण्णए उवजोगट्ठाणे जीवा असंखेज्जगुणा। को गुणगारो ? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। जवमज्झजीवा असंखेज्जगुणा। को गुणगारो ? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। जव-मज्झस्स हेट्ठिमजीवा असंखेज्जगुणा। को गुणगारो ? आवलियाए असंखेज्जदिभागो।

द्विगुणवृद्धिस्थानान्तर तथा एक द्विगुणहानिस्थानान्तर आवलिके प्रथम वर्गमूलके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। नाना द्विगुणवृद्धिस्थानान्तरशलाकाएँ और नाना द्विगुणहानिस्थानान्तर शलाकाएँ आवलिके असंख्यात प्रथम वर्गमूलप्रमाण हैं। अल्पबहुत्व—एक द्विगुणवृद्धि-स्थानान्तर और एक द्विगुणहानिस्थानान्तर सबसे स्तोक है। उससे नाना द्विगुणवृद्धि-स्थानान्तरशलाकाएँ और नाना द्विगुणहानिस्थानान्तरशलाकाएँ असंख्यातगुणी हैं।

§ २६०. अब अवहारका कथन करते हैं—जघन्य उपयोग अद्धास्थानके जीवोंके प्रमाणसे सब उपयोग अद्धास्थानोंके जीव कितने कालके द्वारा अपहृत होते हैं ? असंख्यात कालके द्वारा अपहृत होते हैं। अथवा पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण कालके द्वारा अपहृत होते हैं। इससे आगे यवमध्यके प्राप्त होने तक भागहारको विशेष हीन करके ले जाना चाहिए। पुनः यवमध्यके जीवोंके प्रमाणसे तीन गुणहानिस्थानान्तरप्रमाण काल द्वारा अपहृत होते हैं। इससे आगे उत्कृष्ट स्थानके प्राप्त होने तक भागहारको विशेष अधिक करके ले जाना चाहिए। पुनः उत्कृष्ट स्थानके जीवोंके प्रमाणसे पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण कालद्वारा अपहृत होते हैं। यहाँ प्रत्येक स्थानपर विवक्षित कालको भागहार बनाकर सब उपयोग अद्धास्थानोंके जीवोंके प्रमाणको उससे भाजित कर विवक्षित स्थानकी संख्या प्राप्त की गई है। भागहारका उल्लेख मूलमें किया ही है। भागाभागका जानकर कथन करना चाहिए।

§ २६१. अल्पबहुत्व—उत्कृष्ट उपयोग अद्धास्थानमें जीव सबसे थोड़े हैं। उनसे जघन्य उपयोग अद्धास्थानमें जीव असंख्यातगुणे हैं। गुणकार क्या है ? पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण गुणकार है। उनसे यवमध्यके जीव असंख्यातगुणे हैं। गुणकार क्या है ? पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण गुणकार है। उनसे यवमध्यसे पूर्ववर्ती स्थानोंके जीव असंख्यातगुणे हैं। गुणकार क्या है ? आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण गुणकार है।

जवमज्झादो उवरिमजीवा विसेसाहिया। सव्वेसु ट्ठाणेसु जीवा विसेसाहिया। एसा णिरयगदीए कोहकसायस्स णिरुंभणं कादूण परूवणा कया। एवं सेसकसायाणं सेसगदीणं च पादेक्कं णिरुंभणं कादूण पयदपरूवणा णिरवसेसमणुगंतव्वा। तदो उवजोगद्धट्ठाणपरूवणा समत्ता।

§ २६२. संपहि कसायुदयट्ठाणेसु पयदपरूवणट्ठमुवरिमो सुत्तपबंधो—

*** एदेहिं दोहिं उवदेसेहिं कसायउदयट्ठाणाणि णेदव्वाणि तसाणं।**

§ २६३. एदेहिं उवजोगद्धट्ठाणाणमणंतरपरूविदेहिं दोहि उवदेसेहिं पवाइज्जंतापवाइज्जंतसरूवेहिं कसायुदयट्ठाणाणि णेदव्वाणि त्ति वुत्तं होइ। दोण्हं पि उवदेसाणमेत्थ परूवणाभेदो णत्थि। तेण दोहिं मि सरिसेहिं भावोवजोगवग्गणाओ अणुमग्गियव्वाओ त्ति भावत्थो। कुदो एवं परिच्छिज्जदे? सुत्ते तदुभयविसयविसेसणिद्देसादंसणादो। केसिं पुण जीवाणं कसायुदयट्ठाणाणि णेदव्वाणि त्ति आसंकाए तसाणमिदि णिद्देसो कओ। तसजीवे अहिकरिय एसा परूवणा कायव्वा, तदण्णेसिं जीवाणमणंतसंखावच्छिण्णाणमसंखेज्जलोगमेत्तेसु थावरपाओग्गकसायुदयट्ठाणेसु सव्वकालं णिरंतरसरूवेण समयाविरोहेणावट्ठाणसिद्धीए अणुत्तसिद्धत्तेण तव्विसयपरूवणाए अणाहियारादो।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

उनसे यवमध्यसे उपरिम स्थानोंके जीव विशेष अधिक हैं। उनसे सब स्थानोंके जीव विशेष अधिक हैं। नरकगतिमें क्रोधकषायकी मुख्यतासे यह प्ररूपणा की गई है। इसी प्रकार शेष कषायों और शेष गतियोंमेंसे प्रत्येकको मुख्यकर समस्त प्रकृत प्ररूपणा जाननी चाहिए। इसके बाद उपयोग अद्धास्थान प्ररूपणा समाप्त हुई।

§ २६२. अब कषाय उदयस्थानोंमें प्रकृत प्ररूपणा करनेके लिये आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं।

*** इन दोनों उपदेशोंके आश्रयसे त्रसजीवोंके कषाय उदयस्थान जानने चाहिये।**

§ २६३. उपयोग अद्धास्थानोंके विषयमें अनन्तर कहे गये इन दोनों प्रवाह्यमान और अप्रवाह्यमान उपदेशोंके आश्रयसे कषायउदयस्थान जानने चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इन दोनों ही उपदेशोंकी अपेक्षा प्रकृतमें प्ररूपणाभेद नहीं है, इसलिए सदृश इन दोनों उपदेशोंके अनुसार भावोपयोगवर्गणाओंकी मार्गणा कर लेनी चाहिए यह उक्त कथनका भावार्थ है।

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना जाता है?

समाधान—क्योंकि सूत्रमें इन दोनों उपदेशोंके अनुसार पृथक् पृथक् विशेष निर्देश नहीं देखा जाता।

किन जीवोंके कषाय उदयस्थान ले जाने चाहिए ऐसी आशंका होनेपर 'तसाणं' पदका निर्देश किया है। त्रसजीवोंको अधिकृतकर यह प्ररूपणा करनी चाहिए, क्योंकि उनसे अन्य स्थावर जीवोंकी संख्या अनन्त है। उनका स्थावरप्रायोग्य असंख्यात लोकप्रमाण कषाय उदयस्थानोंमें निरन्तररूपसे सर्वदा आगमानुसार पाया जाना सिद्ध है, इस प्रकार अनुक्त सिद्ध होनेसे तद्विषयक प्ररूपणाका यहाँ अधिकार नहीं है। इसलिए त्रसोंकी ओघसे प्ररूपणा

प्रवचनकर्ता श्री विद्यासागर जी महाराज

तदो तसाणमोघपरूवणट्ठमुवरिमो पबंधो—

* तं जहा।

§ २६४. सुगममेदं पुच्छावक्कं। संपहि एवं पुच्छाविसईकयत्थस्स परूवणं कुणमाणो तत्थ ताव कसायुदयट्ठाणाणमियत्तावहारणट्ठमुवरिमं सुत्तमाह—

* कसायुदयट्ठाणाणि असंखेज्जा लोगा।

§ २६५. असंखेज्जाणं लोगाणं जत्तिया आगासपदेसा अत्थि तत्तियमेत्ताणि चेव कसायुदयट्ठाणाणि होंति त्ति भणिदं होइ। ताणि च कसायुदयट्ठाणाणि जहण्णट्ठाणप्पहुडि जावुक्कस्सट्ठाणे त्ति छवड्ढिकमेणावट्ठिदाणि त्ति घेतव्वं। तत्थ ताव वट्टमाणसमयम्मि तसजीवेहिं केत्तियाणि ट्ठाणाणि आवूरिदाणि केत्तियाणि च सुण्णट्ठाणाणि त्ति एदस्स णिद्धारणट्ठमुवरिमसुत्तमोइण्णं—

* तेसु जत्तिया तसा तत्तियमेत्ताणि आवुण्णाणि।

§ २६६. तेसु असंखेज्जलोगमेत्तेसु कसायुदयट्ठाणेसु तसपाओग्गेसु वट्टमाणसमयम्मि केत्तियाणि ट्ठाणाणि तसजीवेहिं आवुण्णाणि त्ति णिद्धारिज्जमाणे जत्तिया तसा अत्थि तत्तियमेत्ताणि चेव कसायुदयट्ठाणाणि जीवेहिं आवुण्णाणि लब्भंति, एक्केक्कम्मि कसायुदयट्ठाणे एक्केक्कस्स चेव तसजीवस्स कदाइमवट्ठाणसंभवादो। णवरि तेत्तियमेत्ताणि कसायुदयट्ठाणाणि एगेगजीवाहेट्ठियाणि णिरंतरसरूवेण ण लब्भंति, आवलियाए

करनेके लिये आगेका प्ररूपणाप्रबन्ध है—

* वह कैसे ?

§ २६४. यह पृच्छावाक्य सुगम है। अब इस प्रकार पृच्छाके विषयभूत अर्थका कथन करते हुए वहाँपर सर्वप्रथम कषाय उदयस्थानोंके परिमाणका निश्चय करनेके लिये आगेका सूत्र कहते हैं—

* कषाय-उदयस्थान असंख्यात लोकप्रमाण हैं।

§ २६५. असंख्यात लोकोंके जितने आकाशप्रदेश हैं उतने ही कषायउदयस्थान हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है। वे कषाय उदयस्थान जघन्य स्थानसे लेकर उत्कृष्ट स्थान तक छह वृद्धियोंके क्रमसे अवस्थित हैं ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए। उनमेंसे सर्वप्रथम वर्तमान समयमें त्रस जीवोंके द्वारा कितने उदयस्थान आपूर्ण हैं और कितने शून्यस्थान हैं इस प्रकार इस विषयका निश्चय करनेके लिये आगेका सूत्र आया है—

* उनमेंसे जितने त्रसजीव हैं उतने स्थान त्रसजीवोंसे आपूर्ण हैं।

§ २६६. उन असंख्यात लोकप्रमाण त्रसप्रायोग्य उदयस्थनोंमेंसे वर्तमान समयमें कितने ही स्थान त्रसजीवोंसे आपूर्ण हैं इस विषयका विचार करनेपर जितने त्रसजीव हैं उतने ही कषाय उदयस्थान त्रसजीवोंसे आपूर्ण प्राप्त होते हैं, क्योंकि एक एक कषाय उदयस्थानमें एक एक ही त्रसजीवका कदाचित् अवस्थान सम्भव है। इतनी विशेषता है कि उतने सब उदयस्थान एक-एक जीवके द्वारा निरन्तररूपसे अधिष्ठित होकर नहीं प्राप्त होते। किन्तु उत्कृष्टरूपसे

असंखेज्जदिभागमेत्ताणं चेव जीवसहिदाणमुक्कस्सपक्खेण णिरंतरट्ठाणाणमुवएसादो। तदो सांतर-णिरंतरकमेण तसजीवमेत्ताणि चेव कसायुदयट्ठाणाणि जीवेहिं आवुण्णाणि त्ति घेत्तव्वं। एवं ताव वट्टमाणकालविसये तसजीवमेत्ताणं ट्ठाणाणं जीवेहिं आवुण्णत्तं णिरूविय संपहि अदीदकालमस्सियूण सव्वेसु कसायुदयट्ठाणेसु तसजीवाणमवट्ठाण-
मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज
क्कमप्पदंसणट्ठमुवरिमं पबंधमाह—

*** कसायुदयट्ठाणेसु जवमज्झेण जीवा रांति[1]।**

§ २६७. असंखेज्जलोगमेत्तेसु कसायुदयट्ठाणेसु अदीदकालविसये तसजीवाणमवट्ठाणक्कमो केरिसो त्ति पुच्छिदे जवमज्झेण जीवा रांति[2] त्ति णिद्दिट्ठं। एवं च कसायुदयट्ठाणेसु जवमज्झसरूवेण जीवाणमवट्ठाणं होदि त्ति पइण्णाय संपहि जवमज्झपरूवणाए कीरमाणाए तत्थ इमाणि छ अणियोगद्दाराणि णादव्वाणि भवंति—परूवणा जाव अप्पाबहुए त्ति। तत्थ परूवणाए जहण्णए कसायुदयट्ठाणे अत्थि जीवा। एवं जावुक्कस्सए कसायुदयट्ठाणे अत्थि जीवा त्ति। पमाणं—जहण्णए कसायुदयट्ठाणे जीवा जहण्णेणेक्को वा दो वा जावुक्कस्सेणावलियाए असंखेज्जदिभागो। विदियट्ठाणे वि तत्तिया चेव। एवं णेदव्वं जावुक्कस्सट्ठाणे वि जीवा आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्ता त्ति। एवमेदाणि दो वि सुगमाणि त्ति सुत्ते ण परूविदाणि। संपहि सेढिपरूवणट्ठमुवरिमं पबंधमाह—

आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण ही जीव सहित निरन्तर स्थान पाये जानेका उपदेश है। इसलिए सान्तर-निरन्तरक्रमसे त्रसजीवोंकी संख्याप्रमाण ही कषाय-उदयस्थान त्रसजीवोंसे आपूर्ण हैं ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए। इस प्रकार सर्व प्रथम वर्तमान कालकी अपेक्षा त्रसजीवप्रमाण स्थान जीवोंसे आपूर्ण हैं इस बातका कथनकर अब अतीत कालकी अपेक्षा सब कषाय उदयस्थानोंमें अवस्थानक्रमको दिखलानेके लिये आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

*** कषाय-उदयस्थानोंमें जीव यवमध्यके आकारसे रहते हैं।**

§ २६७. असंख्यात लोकप्रमाण कषाय-उदयस्थानोंमें अतीत कालकी अपेक्षा त्रसजीवोंका अवस्थानक्रम कैसा है ऐसा पूछनेपर यवमध्यरूपसे जीव रहते हैं ऐसा निर्देश किया है। और इसप्रकार कषाय-उदयस्थानोंमें यवमध्यरूपसे जीवोंका अवस्थान है ऐसी प्रतिज्ञा करके अब यवमध्यकी प्ररूपणा करनेपर वहाँ ये छह अनुयोगद्वार ज्ञातव्य हैं—प्ररूपणासे लेकर अल्पबहुत्व तक। उनमेंसे प्ररूपणाकी अपेक्षा जघन्य कषाय उदयस्थानमें जीव हैं। इसी प्रकार उत्कृष्ट कषाय-उदयस्थान तक प्रत्येक कषाय उदय-स्थानमें जीव हैं। प्रमाण—जघन्य कषाय-उदयस्थानमें जीव जघन्यसे एक या दो से लेकर उत्कृष्टरूपसे आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। द्वितीय स्थानमें भी जीव उतने ही हैं। इसी प्रकार उत्कृष्ट स्थानमें भी जीव आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं इस स्थानके प्राप्त होने तक कथन करना चाहिए। इस प्रकार ये दोनों ही अनुयोगद्वार सुगम हैं, इसलिए इनका सूत्रमें कथन नहीं किया। अब श्रेणिका कथन करनेके लिये आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

---

१. ता० प्रतौ एंति इति पाठः। २. ता० प्रतौ एंति इति पाठः।

*** जहण्णए कसायुदयट्ठाणे तसा थोवा ।**

§ २६८. कुदो ? सव्वजहण्णसंकिलेसेण परिणममाणजीवाणं बहूणमणुवलंभादो । केत्तियमेत्ता एदे ? आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्ता । कुदो एदं परिच्छिज्जदे ? परमगुरूवएसादो । जइ एसा जवमज्झपरूवणा अदीदकालविसया तो जहण्णए कसायुदयट्ठाणे अणंतेहि तसजीवेहिं होदव्वमिदि णासंकणिज्जं, अदीदकाले एगसमयम्मि उक्कस्सेणावलियाए असंखेज्जदिभागादो अहियाणं तसजीवाणं तत्थ परिणदाणमणुवलंभादो। तदो अदीदकालविसयमेगसमयुक्कस्ससंचयं घेत्तूणेसा परूवणा पयट्टा त्ति ण किंचि विरुद्धं ।

*** विदिये वि तत्तिया चेव ।**

§ २६९. ण केवलमेक्कम्मि चेव जहण्णए कसायुदयट्ठाणे तसा थोवा, किंतु तत्तो विदिये वि कसायुदयट्ठाणे तेत्तिया चेव तसा होंति, ण ऊणा ण वड्ढिदा त्ति वुत्तं होइ । कुदो एस णियमो ? सहावदो चेय ।

*** जघन्य कषाय-उदयस्थानमें त्रसजीव सबसे स्तोक हैं ।**

§ २६८. क्योंकि सबसे जघन्य संक्लेशरूपसे परिणमन करनेवाले बहुत जीव नहीं पाये जाते ।

शंका—इनका प्रमाण कितना है ?

समाधान—ये आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं ।

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान—यह परम गुरुके उपदेशसे जाना जाता है ।

शंका—यदि यह यवमध्यप्ररूपणा अतीत कालविषयक है तो जघन्य कषाय-उदयस्थानमें अनन्त त्रसजीव होने चाहिए ।

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि अतीत कालविषयक एक समयमें उत्कृष्टरूपसे आवलिके असंख्यातवें भागसे अधिक त्रसजीव उक्त स्थानमें परिणमन करते हुए नहीं पाये जाते, इसलिए अतीत कालविषयक एक समयके उत्कृष्ट संचयको ग्रहणकर यह प्ररूपणा प्रवृत्त हुई है, इसलिए कुछ भी विरुद्ध नहीं है ।

*** द्वितीय कषाय उदयस्थानमें भी उतने ही जीव रहते हैं ।**

§ २६९. न केवल एक ही जघन्य कषाय-उदयस्थानमें त्रसजीव सबसे थोड़े रहते हैं । किन्तु उससे दूसरे भी कषाय-उदयस्थानमें उतने ही त्रसजीव होते हैं, न कम और न अधिक यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

शंका—यह नियम किस कारणसे है ?

समाधान—स्वभावसे ही यह नियम है ।

*** एवमसंखेज्जेसु लोगट्ठाणेसु तत्तिया चेव ।**

§ २७०. एवमेदेण कमेण णिरंतरमसंखेज्जलोगमेत्तेसु कसायुदयट्ठाणेसु जहण्णट्ठाण-जीवेहिं सरिसा चेव जीवा होंति त्ति भणिदं होइ । जइ एवं कसायुदयट्ठाणेसु जवमज्झेण जीवा रांति तो[1] एदिस्से पइण्णाए विघातो दुक्कदि त्ति णासंकणिज्जं, सव्वट्ठाणेसु णिरंतरवड्ढीए असंभवे पि तत्थ जवमज्झाकारोवदेसस्स विरोहाभावादो ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** तदो पुणो अण्णम्हि ट्ठाणे एक्को जीवो अब्भहिओ ।**

§ २७१. असंखेज्जलोगमेत्तेसु कसायुदयट्ठाणेसु जहण्णट्ठाणेण सरिसपमाणजीवेहिं अहिट्ठिएसु गदेसु तदो पच्छा अण्णम्हि तदित्थकसायुदयट्ठाणम्मि एक्को चेव जीवो अहिओ जायदे, सहावदो चेव तत्थ तहाविहवड्ढीए जीवाणमवट्ठाणणियमदंसणादो । एवमेक्केक्कम्मि ट्ठाणम्मि एगजीववड्ढी होदूण पुणो तत्तो उवरि वड्ढि-हाणीहिं विणा असंखेज्जलोगमेत्तेसु कसायुदयट्ठाणेसु तेत्तियमेत्ता चेव जीवा होंति त्ति पदुप्पायणट्ठ-मिदमाह—

*** तदो पुण असंखेज्जेसु लोगेसु ट्ठाणेसु तत्तिया चेव ।**

§ २७२. सुगममेदं । एवमेत्तियमेत्तेसु कसायुदयट्ठाणेसु अवट्ठिदपमाणा जीवा

---

* इस प्रकार असंख्यात लोकप्रमाण स्थानोंमें उतने ही जीव रहते हैं ।

§ २७०. इस प्रकार इस क्रमसे निरन्तर असंख्यात लोकप्रमाण कषाय-उदयस्थानोंमें जघन्य स्थानके जीवोंके सदृश ही जीव होते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

शंका—यदि ऐसा है तो 'कषाय-उदयस्थानोंमें यवमध्यरूपसे जीव रहते हैं' इस प्रतिज्ञाका विघात प्राप्त होता है ?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि सब स्थानोंमें निरन्तर वृद्धिके असंभव होनेपर भी वहाँ यवमध्याकारके उपदेशमें कोई विरोध नहीं आता ।

*** तदनन्तर पुनः अन्य स्थानमें एक जीव अधिक रहता है ।**

§ २७१. जघन्य स्थानके सदृश प्रमाणको लिए हुए जीवोंसे युक्त असंख्यात लोकप्रमाण कषाय-उदयस्थानोंके जानेपर उसके पश्चात् वहाँके अन्य कषाय-उदयस्थानमें एक ही जीव अधिक रहता है, क्योंकि स्वभावसे ही वहाँ उस प्रकारकी वृद्धिके साथ जीवोंके अवस्थानका नियम देखा जाता है । इस प्रकार एक-एक स्थानमें एक जीवकी वृद्धि होकर पुनः उसके आगे वृद्धि और हानिके बिना असंख्यात लोकप्रमाण कषाय-उदयस्थानोंमें उतने ही जीव होते हैं इस बातका कथन करनेके लिये कहते हैं—

*** तदनन्तर पुनः असंख्यात लोकप्रमाण स्थानोंमें उतने ही जीव रहते हैं ।**

§ २७२. यह सूत्र सुगम है । इस प्रकार इतने कषाय-उदयस्थानोंमें अवस्थित प्रमाण-

---

१. ता० प्रतौ एंति ते इति पाठः ।

होदूण तदो अण्णम्मि तदित्थट्ठाणविसेसे एगजीववड्ढी पुव्वं व होदि त्ति जाणावणट्ठ-मुवरिमसुत्तमोइण्णं—

*** तदो अण्णम्हि ट्ठाणे एक्को जीवो अब्भहिओ ।**

§ २७३. कुदो एवं चेव ? सहावदो । एत्तो पुण असंखेज्जलोगमेत्तेसु कसायुदय-ट्ठाणेसु तत्तियमेत्ता चेव जीवा होदूण तदो अण्णम्मि ट्ठाणम्मि तदिओ जीवो वड्ढावेयव्वो । एवं पुणो पुणो असंखेज्जलोगमेत्तट्ठाणं गंतूणेगेगजीवं वड्ढाविय णेदव्वं जावुक्कस्सेणा-वलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तजीवा जहण्णट्ठाणजीवेहिंतो संखेज्जगुणा समुप्पण्णा त्ति । पुणो तम्मि उद्देसे असंखेज्जलोगमेत्तेसु ट्ठाणेसु तत्तियमेत्ता चेव जीवा होदूण जवमज्झ-मुप्पज्जदि त्ति एदस्स अत्थविसेसस्स जाणावणट्ठमुवरिमं पबंधमाह—

*** एवं गंतूण उक्कस्सेण जीवा एक्कम्हि ट्ठाणे आवलियाए असंखेज्जदि-भागो ।**

२७४. एवमणंतरपरूविदेणेव कमेण गंतूण एक्कम्मि ट्ठाणविसेसे आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्ता जीवा जहण्णट्ठाणजीवेहिंतो संखेज्जगुणमेत्ता उक्कस्सेण वड्ढिदा, तत्तो परं वड्ढीए असंभवादो । एवं वड्ढिद जवमज्झट्ठाणमेत्थंतरे समुप्पज्जदि त्ति भणिदं होदि । समुप्पज्जमाणं किमेक्कम्मि चेव ट्ठाणे समुप्पज्जइ, आहो संखेज्जेसु

मार्गदर्शक : आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

वाले जीव होकर उसके बाद अन्य वहाँके स्थानविशेषमें पहलेके समान एक जीवकी वृद्धि होती है इस बातका ज्ञान करानेके लिये आगेका सूत्र आया है—

*** तदनन्तर अन्य स्थानमें एक जीव अधिक रहता है ।**

§ २७३. **शंका**—ऐसा ही किस कारणसे है ?

समाधान—स्वभावसे ही ऐसा है ।

तदनन्तर पुनः असंख्यात लोकप्रमाण कषाय-उदयस्थानोंमें उतने ही जीव होकर उसके बाद अन्य स्थानमें तीसरा जीव बढ़ाना चाहिए । इस प्रकार पुनः पुनः असंख्यात लोकप्रमाण स्थान जाकर एक-एक जीवको बढ़ाते हुए उत्कृष्टरूपसे आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण जीवोंके प्राप्त होने तक ले जाना चाहिए, जो जीव जघन्य स्थानके जीवोंसे संख्यातगुणे हैं । पुनः वहाँपर असंख्यात लोकप्रमाण स्थानोंमें उतने ही जीव होकर यवमध्य उत्पन्न होता है इस प्रकार इस अर्थ विशेषका ज्ञान करानेके लिये आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

*** इस प्रकार जाकर एक स्थानमें उत्कृष्ट रूपसे जीव आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण होते हैं ।**

§ २७४. इस प्रकार अनन्तर ही कहे गये क्रमसे जाकर एक स्थानविशेषमें आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण जीव, जो कि जघन्य स्थानके जीवोंसे संख्यातगुणे हैं, उत्कृष्टरूपसे वृद्धिगत हो जाते हैं, क्योंकि इससे और अधिक वृद्धि होना असम्भव है । इस प्रकार वृद्धि होनेपर इस बीच यवमध्यस्थान उत्पन्न होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । यवमध्य उत्पन्न

असंखेज्जेसु वा त्ति एदस्स णिण्णयकरणट्ठमुवरिमसुत्तमोइण्णं—

*** जत्तिया एक्कम्हि ट्ठाणे उक्कस्सेण जीवा तत्तिया चेव अण्णम्हि ट्ठाणे। एवमसंखेज्जलोगट्ठाणाणि। एदेसु असंखेज्जेसु लोगेसु ट्ठाणेसु जवमज्झं।**

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ २७५. सुगममेदं, उक्कस्सेणावलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तेसु जीवेसु एक्कम्मि ट्ठाणे वड्ढिदेसु तत्तो प्पहुडि असंखेज्जलोगमेत्तेसु कसायुदयट्ठाणेसु तत्तियमेत्ता चेव जीवा होदूण तेसु ट्ठाणेसु जवमज्झसमुप्पत्ती होदि त्ति णिण्णयकरणफलत्तादो। संपहि जवमज्झादो उवरिमेसु ट्ठाणेसु जीवाणमवट्ठाणक्कमप्पदंसणट्ठमुवरिमं पबंधमणुसरामो—

*** तदो अण्णं ट्ठाणमेक्केण जीवेण हीणं।**

§ २७६. तदो जवमज्झादो अण्णं ट्ठाणमणंतरोवरिममेक्केण जीवेण हीणं होदि।

*** एवमसंखेज्जलोगट्ठाणाणि तुल्लजीवाणि।**

§ २७७. एदेणाणंतरणिद्दिट्ठेण ट्ठाणेण समाणजीवाणि असंखेज्जलोगमेत्ताणि ट्ठाणाणि णिरंतरमत्थि त्ति वुत्तं होइ।

*** एवं सेसेसु वि ट्ठाणेसु जीवा णेदव्वा।**

होता हुआ क्या एक ही स्थानमें उत्पन्न होता है या संख्यात या असंख्यात स्थानोंमें उत्पन्न होता है इस प्रकार इस बातका निर्णय करनेके लिये आगेका सूत्र आया है—

*** जितने एक स्थानमें उत्कृष्टरूपसे जीव हैं उतने ही अन्य स्थानमें पाये जाते हैं। इस प्रकार असंख्यात लोकप्रमाण स्थानोंमें जानना चाहिए। इन असंख्यात लोकप्रमाण स्थानोंमें यवमध्य है।**

§ २७५. यह सूत्र सुगम है, क्योंकि उत्कृष्टरूपसे आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण जीवोंके एक स्थानमें वृद्धिगत होनेपर वहाँसे लेकर असंख्यात लोकप्रमाण कषाय-उदयस्थानोंमें उतने ही जीव होकर उन स्थानोंमें यवमध्यकी उत्पत्ति होती है इस बातका निर्णय करना इसका फल है। अब यवमध्यसे आगेके स्थानोंमें जीवोंके अवस्थानक्रमके दिखलानेके लिए आगेके प्रबन्धका अनुसरण करते हैं—

*** तदनन्तर अन्य स्थान एक जीवसे हीन होता है।**

§ २७६. तदनन्तर यवमध्यसे समनन्तर आगेका अन्य स्थान एक जीवसे हीन होता है।

*** इस प्रकार असंख्यात लोकप्रमाण स्थान तुल्य जीवोंसे युक्त हैं।**

§ २७७. इस अनन्तर पूर्व कहे हुए स्थानके समान जीवोंसे युक्त आगेके असंख्यात लोकप्रमाण स्थान निरन्तर हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** इसी प्रकार शेष स्थानोंमें भी जीव उक्त क्रमके अनुसार ले जाने चाहिए।**

§ २७८. एत्तो उवरिमेसु सेसेसु वि ट्ठाणेसु उक्कस्सट्ठाणपज्जंतेसु जीवा समयाविरोहेण णेदव्वा त्ति वुत्तं होइ । जहा जवमज्झादो हेट्ठा वड्ढी तहा तत्तो उवरि हाणी वि जहाकमं कायव्वा त्ति एसो एदस्स भावत्थो । णवरि हेट्ठिमट्ठाणादो उवरिमट्ठाणमसंखेज्जगुणं, हेट्ठिमगुणवड्ढिट्ठाणेहिंतो उवरिमगुणहाणिट्ठाणाणमसंखेज्जगुणत्तोवएसादो । अदो चेव जहण्णट्ठाणजीवेहिंतो उक्कस्सट्ठाणजीवा असंखेज्जगुणहीणा त्ति एदस्सत्थविसेसस्स संदिट्ठिमुहेण पदुप्पायणट्ठमुवरिमसुत्तमोइण्णं—

*** जहण्णए कसायुदयट्ठाणे चत्तारि जीवा, उक्कस्सए कसायुदयट्ठाणे दो जीवा ।**

§ २७९. जइ वि जहण्णए कसायुदयट्ठाणे आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्ता जीवा होंति तो वि य संदिट्ठीए तेसिं पमाणं चत्तारिरूवमेत्तमिदि घेत्तव्वं । उक्कस्सए वि कसायुदयट्ठाणे दो जीवा त्ति संदिट्ठीए गहेयव्वा । ण संदिट्ठिपरूवणमेदमत्थो चेव एरिसो त्ति किण्ण वक्खाणिज्जदे ? ण, तहा वक्खाणे कीरमाणे उक्कस्सए कसायुदयट्ठाणे गुणिदकम्मंसिया वि जीवा आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्ता होंति त्ति एदेण सह विरोहप्पसंगादो, जवमज्झछेदणयाणमसंखेज्जदिभागमेत्तीओ हेट्ठा णाणागुणहाणिसलागाओ तेसिमसंखेज्जा भागा उवरिमणाणागुणहाणिसलागाओ त्ति एत्थेव पुरदो भणिस्समाण-

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ २७८. जो पूर्वमें स्थान कह आये हैं उनसे आगेके उत्कृष्ट स्थान पर्यन्त शेष स्थानोंमें भी आगमानुसार जीव ले जाने चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है। जिस प्रकार यवमध्यसे पूर्वके स्थानोंमें वृद्धि बतलाई उसी प्रकार उससे आगेके स्थानोंमें क्रमसे हानि भी करनी चाहिए यह इस सूत्रका भावार्थ है। इतनी विशेषता है कि यवमध्यसे पूर्वके अध्वानसे आगेका अध्वान असंख्यातगुणा है, क्योंकि अधस्तन गुणवृद्धिस्थानोंसे उपरिम गुणहानिस्थान असंख्यातगुणे होते हैं ऐसा उपदेश पाया जाता है। और इसीलिये जघन्य स्थानके जीवोंसे उत्कृष्ट स्थानके जीव असंख्यातगुणे हीन होते हैं इस प्रकार इस अर्थविशेषका संदृष्टिद्वारा कथन करनेके लिये आगेका सूत्र आया है—

*** जघन्य कषाय-उदयस्थानमें चार जीव हैं और उत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानमें दो जीव हैं।**

§ २७९. यद्यपि जघन्य कषाय-उदयस्थानमें आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण जीव होते हैं तो भी संदृष्टिमें उनका प्रमाण चार संख्यामात्र ग्रहण करना चाहिए। उत्कृष्ट कषाय-उदयस्थानमें भी दो जीव हैं इस प्रकार संदृष्टिमें ग्रहण करना चाहिए।

शंका—यह संदृष्टिरूपसे कथन न होकर वास्तवमें इसी प्रकार है अर्थात् उक्त स्थानोंमें वास्तवमें इतने ही जीव हैं ऐसा व्याख्यान क्यों नहीं करते ?

समाधान—नहीं, क्योंकि उस प्रकारसे व्याख्यान करनेपर उत्कृष्ट कषाय-उदयस्थान में गुणितकर्मांशिक जीव भी आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण होते हैं इस प्रकार उक्त कथनके साथ इस कथनका विरोध प्राप्त होता है। दूसरे यवमध्यके अर्धच्छेदोंके असंख्यातवें भागप्रमाण अधस्तन नाना गुणहानिशलाकाएँ होती हैं और उनके असंख्यात बहुभागप्रमाण उपरिम नाना गुणहानिशलाकाएँ होती हैं इस प्रकार इसी प्रकरणमें आगे कहे जानेवाले

परंपरोवणिधासुत्तेण वाहिज्जमाणत्तादो च। तदो जहण्णट्ठाणे उक्कस्सट्ठाणे च जीवा अत्थदो आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्ता होदूण पुणो संदिट्ठीए चत्तारि दोण्णि चेदि गहेयव्वा त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थपरमत्थो।

§ २८०. एवमेदेसु जहण्णुक्कस्सकसायुदयट्ठाणजीवेसु आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तेण सिद्धेसु जवमज्झजीवा आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्ता त्ति सिद्धमेवेदं, ण तत्थ संदेहो कायव्वो त्ति पदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

* जवमज्झजीवा आवलियाए असंखेज्जदिभागो[1]।

§ २८१. हेट्ठिमणाणागुणहाणिसलागाणमण्णोण्णब्भत्थरासिणा जहण्णट्ठाणजीवेसु गुणिदेसु जवमज्झजीवा समुप्पज्जंति उवरिमणाणागुणहाणिसलागाणमण्णोण्णब्भत्थरासिणा उक्कस्सट्ठाणजीवेसु च गुणिदेसु जवमज्झजीवा समुप्पज्जंति। तदो जवमज्झजीवा आवलियाए असंखेज्जदिभागो त्ति एसो एत्थ सुत्तस्स भावत्थो। एवं अणंतरोवणिधा गदा।

§ २८२. संपहि एदेणेव सुत्तेण सूचिदा परंपरोवणिधा वुच्चदे। तं जहा—जहण्णकसायुदयट्ठाणजीवेहिंतो असंखेज्जलोगमेत्तकसायुदयट्ठाणाणि गंतूण दुगुणवड्ढिदा। एवं दुगुणवड्ढिदा दुगुणवड्ढिदा जाव जवमज्झे त्ति। तेण परमसंखेज्ज-

---

परम्परोपनिधासूत्रके साथ उक्त कथन बाधा जाता है, इसलिए जघन्य स्थानमें और उत्कृष्ट स्थानमें जीव वास्तवमें आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण होकर पुनः संदृष्टिमें क्रमसे चार और दो ग्रहण करने चाहिए यह प्रकृतमें इस सूत्रका वास्तविक अर्थ है।

§ २८०. इस प्रकार जघन्य उदयस्थान और उत्कृष्ट उदयस्थानके ये जीव आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं यह सिद्ध होनेपर यवमध्यके जीव आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण ही हैं यह सिद्ध ही है, उसमें सन्देह नहीं करना चाहिए इस प्रकार कथन करनेके लिये आगेका सूत्र आया है—

* यवमध्यके जीव आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं।

§ २८१. अधस्तन नाना गुणहानिशलाकाओंकी अन्योन्याभ्यस्तराशिसे जघन्य स्थानके जीवोंके गुणित करनेपर यवमध्यके जीव उत्पन्न होते हैं। तथा उपरिम नाना गुणहानिशलाकाओंकी अन्योन्याभ्यस्तराशिसे उत्कृष्ट स्थानके जीवोंके गुणित करनेपर यवमध्यके जीव उत्पन्न होते हैं। इसलिये यवमध्यके जीव आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं इस प्रकार यह यहाँ सूत्रका भावार्थ है। इसप्रकार अनन्तरोपनिधा समाप्त हुई।

§ २८२. अब इसी सूत्रद्वारा सूचित हुई परम्परोपनिधाका कथन करते हैं। यथा—जघन्य कषाय-उदयस्थानके जीवोंसे असंख्यात लोकप्रमाण कषाय-उदयस्थान जाकर जीव दूने हो जाते हैं। इस प्रकार यवमध्य तक जीव दूने दूने होते जाते हैं। उसके बाद असंख्यात

---

१ ता० प्रतौ असंखेज्जदिभागा इति पाठः। २. ता० प्रतौ उपरिमेण इति पाठः।

लोगमेत्तद्धाणं गंतूण दुगुणहीणा। एवं दुगुणहीणा दुगुणहीणा जाव उक्कस्सट्ठाणे त्ति।

§ २८३. संपहि एत्थ गुणहाणिं पडि असंखेज्जलोगमेत्तद्धाणमवट्ठिदसरूवेण गंतूण तदो एगो जीवो अहिओ होइ। गुणहाणिअद्धाणं च सव्वत्थ सरिसं णाणागुणहाणिसलाओ आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्ताओ जवमज्झहेट्ठिमणाणागुणवड्ढिसलागाहिंतो उवरिमणाणागुणहाणिसलागाओ असंखेज्जगुणाओ एगेगट्ठाणजीवपमाणमावलियाए असंखेज्जदिभागो अवहारकालो च अवट्ठिदो होदि त्ति एवमेदेसिमत्थाणं मग्गणं कस्सामो। तं जहा—आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तजहण्णट्ठाणजीवपमाणं विरलिय पुणो तं चेव जहण्णट्ठाणजीवपमाणं समखंडं कादूण दिण्णे तत्थ विरलणरूवं पडि एगेगजीवपमाणं पावइ। संपहि एत्थ जहण्णट्ठाणप्पहुडि असंखेज्जलोगमेत्तेसु ट्ठाणेसु अवट्ठिदपमाणा जीवा होदूण तदो एगट्ठाणम्मि एगो जीवो अहिओ होदि त्ति तत्थ विरलणाए पढमरूवधरिदेगजीवपमाणं वड्ढावेयव्वं। एवमेदेण कमेण गंतूण विरलणरूवमत्तसव्वजीवेसु पविट्ठेसु पढमदुगुणवड्ढिट्ठाणमुप्पज्जदि।

§ २८४. पुणो इमं दुगुणवड्ढिट्ठाणं पुव्विल्लअवट्ठिदविरलणाए उवरि समखंडं कादूण दिण्णे एक्केक्कस्स रूवस्स दो दो जीवपमाणं पावदि। पुणो एत्थेगरूवधरिददोजीवा पुव्विल्लमेत्तद्धाणं गंतूण जइ वड्ढाविज्जंति तो पढमगुणवड्ढिअद्धाणेण

लोकप्रमाण स्थान जाकर वे आधे रह जाते हैं। इस प्रकार उत्कृष्ट स्थानके प्राप्त होने तक वे उत्तरोत्तर आधे-आधे होते जाते हैं।

§ २८३. अब यहाँपर प्रत्येक गुणहानिके प्रति असंख्यात लोकप्रमाण कषाय-उदयस्थान अवस्थितरूपसे जाकर उसके बाद एक जीव अधिक होता है, गुणहानिका आयाम सर्वत्र सदृश है, नाना गुणहानिशलाकाएँ आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं, यवमध्यसे अधस्तन नाना गुणहानिशलाकाओंसे उपरिम नाना गुणहानिशलाकाएँ असंख्यातगुणी हैं, एक-एक स्थानके जीवोंका प्रमाण आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है तथा अवहारकाल अवस्थितस्वरूप है इस प्रकार इन अर्थोंका विचार करेंगे। यथा—जघन्य स्थानसम्बन्धी आवलिके असंख्यातवें भागमात्र जीवोंके प्रमाणका विरलनकर पुनः जघन्य स्थानके जीवोंके उसी प्रमाणको समान खण्डकर देयरूपसे देनेपर वहाँ विरलनके प्रत्येक अंकके प्रति जीवोंका एक-एक प्रमाण प्राप्त होता है। अब यहाँपर जघन्य स्थानसे लेकर असंख्यात लोकप्रमाण स्थानोंमें अवस्थित प्रमाणवाले जीव होकर उसके बाद एक स्थानमें एक जीव अधिक होता है, इसलिए वहाँपर विरलनके प्रथम अंकके प्रति स्थापित संख्यामें एक जीवका प्रमाण बढ़ा देना चाहिए। इस प्रकार इस क्रमसे जाकर विरलनके अंकप्रमाण सब जीवोंके प्रविष्ट होनेपर प्रथम द्विगुणवृद्धिस्थान उत्पन्न होता है।

§ २८४. इस द्विगुण वृद्धिस्थानको पहलेके अवस्थित विरलनके ऊपर समखण्ड करके देनेपर एक-एक विरलन अंकके प्रति दो-दो जीवोंका प्रमाण प्राप्त होता है। पुनः यहाँपर विरलनके एक अंकके प्रति स्थापित दो जीव पहलेके जितने स्थान हैं मात्र उतने स्थान जाकर

१ ता० प्रतौ एत्थेगेगरूप— इति पाठः।

विदियगुणवड्ढिअद्धाणं सरिसं होइ। णवरि एवमेत्थ वड्ढावेदुं ण सक्किज्जदे, एक्केक्को चेव जीवो वड्ढदि त्ति चुण्णिसुत्ते मुत्तकंठमुवइट्ठत्तादो। तदो एगेगो चेव जीवो वड्ढावेयव्वो। तहा वड्ढाविज्जमाणे वि गुणहाणिअद्धाणमणवट्ठिदं होइ, पढमगुणवड्ढिअद्धाणादो दुगुणमद्धाणं गंतूण विदियदुगुणवड्ढिसमुप्पत्तिदंसणादो। एवं सेसगुणवड्ढीणं पि अणंतराणंतरादो दुगुण-दुगुणमद्धाणं गंतूण समुप्पत्ती वत्तव्वा। ण चेदमिच्छिज्जदे, जवमज्झादो हेट्ठा उवरिं च गुणवड्ढि-हाणिअद्धाणाणं सरिसत्तब्भुवगमेण सह विरोहादो। तदो पयारंतरमस्सियूण एगेगजीववड्ढीए वि जहा गुणवड्ढिअद्धाणमवट्ठिदत्तं ण विरुज्झदे तहा वत्तइस्सामो। तं जहा—

§ २८५. जहण्णट्ठाणजीवपमाणविरलणाए पढमदुगुणवड्ढिट्ठाणजीवे समखंडं करिय दिण्णे विरलणरूवं पडि दो दो जीवा पावंति त्ति तत्थ पढमरूवोवरि ट्ठिददोजीवेसु एगो जीवो पढमगुणहाणिम्हि एगजीववड्ढिअद्धाणस्स अद्धं गंतूण वड्ढावेयव्वो। पुणो विदियजीवो वि एत्तियमेत्तमद्धाणमुवरि गंतूण वड्ढावेयव्वो। एवं पुणो पुणो कीरमाणे विरलणरूवमेत्तसव्वरूवधरिदेसु परिवाडीए पविट्ठेसु तदो विदियदुगुणवड्ढिट्ठाणं पढमदुगुणवड्ढिट्ठाणेण समाणमद्धाणं होदूण समुप्पज्जइ। पुणो एदं दुगुणवड्ढिट्ठाणमवट्ठिदविरलणाए समखंडं कादूण दिण्णे एक्केक्कस्स रूवस्स चत्तारि चत्तारि जीवा होदूण

मार्गदर्शक : आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

यदि बढ़ाते हैं तो द्वितीय गुणवृद्धिस्थान प्रथम गुणवृद्धिस्थानके समान होता है। इस प्रकार यहाँपर बढ़ाना शक्य नहीं है, क्योंकि एक-एक ही जीव बढ़ता है ऐसा चूर्णिसूत्रमें मुक्तकण्ठ उपदेश दिया गया है। इसलिये एक-एक जीव ही बढ़ाना चाहिए। किन्तु इस प्रकार बढ़ानेपर भी गुणहानिअध्वान अनवस्थित हो जाता है, क्योंकि प्रथम गुणवृद्धिस्थानसे द्विगुण अध्वान जाकर द्वितीय गुणवृद्धिकी उत्पत्ति देखी जाती है। इसीप्रकार शेष गुणवृद्धियोंकी भी समनन्तर पूर्व समनन्तर पूर्व द्विगुणवृद्धिसे द्विगुण द्विगुण अध्वान जाकर उत्पत्ति कहनी चाहिए। परन्तु यह इष्ट नहीं है, क्योंकि यवमध्यसे पूर्वके और आगेके गुणवृद्धि और गुणहानि स्थानोंको सदृश स्वीकार करनेसे उक्त कथनका इस कथनके साथ विरोध आता है। इसलिये दूसरे प्रकारका अवलम्बन लेकर एक-एक जीवकी वृद्धि करते हुए भी जिस प्रकार गुणवृद्धिस्थानोंका अवस्थितपना विरोधको प्राप्त नहीं होता है उस प्रकारसे बतलाते हैं। यथा—

§ २८५. जघन्य स्थानके जीवोंके प्रमाणका विरलन करनेपर प्रत्येक विरलनके प्रति द्विगुणवृद्धिस्थानके जीवोंके समान खण्ड करके देयरूपसे देनेपर प्रत्येक विरलनके प्रति दो-दो जीव प्राप्त होते हैं; इसलिये वहाँ प्रथम अंकके ऊपर स्थित दो जीवोंमेंसे एक जीवको प्रथम गुणहानिमें एक जीवसम्बन्धी वृद्धिका जो अध्वान है उसका अर्धभाग जानेपर बढ़ाना चाहिए। पुनः दूसरे जीवको भी इतना अध्वान आगे जानेपर बढ़ाना चाहिए। इस प्रकार पुनः पुनः करनेपर विरलन अंकप्रमाण सब अंकोंपर स्थापित जीवोंके क्रमसे प्रविष्ट होनेपर द्वितीय द्विगुणवृद्धिस्थान प्रथम द्विगुणवृद्धिस्थानके समान आयामवाला होकर उत्पन्न होता है। पुनः इस द्विगुणवृद्धिस्थानको अवस्थित विरलनके ऊपर समान खण्ड करके देयरूपसे देनेपर एक-एक अंकके प्रति चार-चार जीव होकर प्राप्त होते हैं। पुनः इनके बढ़ानेपर प्रथम

पावंति। पुणो पदेसु वड्ढिसमएसु गदेसु एगजीववड्ढिअद्धाणम्मि एगेगजीववड्ढिविसयस्स चउब्भागमेत्तद्धाणं गंतूणेगो जीवो वड्ढदि त्ति वत्तव्वं। एवमुवरि वि जाणियूण भण्णमाणे अणंतरहेट्ठिमगुणहाणिम्हि वड्ढिदेगजीवद्धाणादो उवरिमाणंतरगुणहाणीए वड्ढाविज्जमाणेगजीवद्धाणमद्धद्धं होदूण गच्छइ जाव तप्पाओग्गपमाणाओ दुगुणवड्ढीओ उवरि गंतूण जवमज्झट्ठाणं समुप्पण्णमिदि।

§ २८६. पुणो इमं जवमज्झट्ठाणजीवपमाणं घेत्तूण पुव्विल्लमवट्ठिदविरलणं दुगुणिय विरलेयूण समखंडं करिय दिण्णे विरलणरूवं पडि जवमज्झादो हेट्ठिमाणंतरगुणहाणिम्मि एगेगरूवं पडि संपत्तजीवपमाणं होदूण पावइ। पुणो एत्थेगरूवधरिदमणंतरहेट्ठिम-गुणहाणीए वड्ढाविदविहाणेणासंखेज्जलोगमेत्तद्धाणं गंतूणेगेगजीवहाणिकमेण परिहायदि। पुणो वि एवं चेव परिहाणिं कादूण णेदव्वं जाव संपहियविरलणाए अद्धमेत्तरूवधरिदेसु सव्वेसु जहाकमं परिहीणेसु जवमज्झादो उवरि पढमं दुगुणहाणिट्ठाणमुप्पण्णं ति। एवमेदेण विहाणेण णेदव्वं जाव तप्पाओग्गेसु गुणहाणिट्ठाणेसु गदेसु जहण्णट्ठाण-जीवपमाणमवट्ठिदं ति। णवरि हेट्ठिमगुणहाणीए एगजीवपरिहाणिअद्धाणादो उवरिम-गुणहाणीए एगजीवपरिहीणद्धाणं दुगुण-दुगुणकमेण सव्वत्थ गच्छदि त्ति वत्तव्वं।

§ २८७. एत्तो इमं जहण्णट्ठाणजीवपमाणं पुव्विल्लमवट्ठिदभागहारं विरलिय

द्विगुणवृद्धिसम्बन्धी आयाममेंसे एक-एक जीवकी वृद्धिसम्बन्धी आयामका चौथा भागमात्र आयाम जाकर एक जीव बढ़ता है ऐसा कहना चाहिए। इसीप्रकार आगे भी जानकर कथन करनेपर अनन्तर अधस्तन गुणहानिमें वृद्धिको प्राप्त हुए एक जीवसम्बन्धी आयामसे, तत्प्रायोग्य प्रमाणवाली द्विगुणवृद्धियाँ ऊपर जाकर यवमध्यस्थानके उत्पन्न होने तक, उपरिम अनन्तर गुणहानिमें वृद्धिको प्राप्त होनेवाले एक जीवसम्बन्धी आयामसे आधा-आधा होकर प्राप्त होता है।

§ २८६. पुनः यवमध्यस्थानके जीवोंके इस प्रमाणको ग्रहणकर पिछले अवस्थित विरलनके दूनेको विरलितकर और उसपर समान खण्डकर देयरूपसे देनेपर प्रत्येक विरलन अंकके प्रति यवमध्यसे अधस्तन (पूर्वकी) अनन्तर गुणहानिमें एक-एक अंकके प्रति प्राप्त जीवोंका जितना प्रमाण है उतना होकर प्राप्त होता है। पुनः यहाँ एक अंकके प्रति प्राप्त जीवों-का प्रमाण अनन्तर अधस्तन गुणहानिमें जिस विधिसे जीवोंका प्रमाण बढ़ाया गया उसके अनुसार असंख्यात लोकप्रमाण स्थान जाकर एक-एक जीवकी हानिके क्रमसे घटता जाता है। फिर भी इसीप्रकार तबतक हानि करते हुए ले जाना चाहिए जबतक साम्प्रतिक विरलनके अंकोंपर प्राप्त अर्धभागप्रमाण सब जीवोंके क्रमसे कम होनेपर यवमध्यके ऊपर प्रथम द्विगुणहानिस्थान उत्पन्न होता है। इस प्रकार इस विधिसे तत्प्रायोग्य गुणहानिस्थानोंके जानेपर जघन्य स्थानके जीवोंके प्रमाणके अवस्थित होने तक ले जाना चाहिए। इतनी विशे-षता है कि अधस्तन गुणहानिमें एक जीवके परिहानिसम्बन्धी अध्वानसे उपरिम गुणहानिमें एक जीवसम्बन्धी परिहानिका अध्वान सर्वत्र द्विगुण-द्विगुण क्रमसे जाता है ऐसा कहना चाहिए।

§ २८७. आगे जघन्य स्थानके जीवोंके इस प्रमाणको पहलेके अवस्थित भागहारका

समखंडं कादूण जोइज्जइ तो एगेगरूवस्स एगजीवद्धपमाणं होदूण पावइ। ण चेदमिच्छिज्जदे, तहाविहवड्ढीए अच्चंतासंभवेण पडिसिद्धत्तादो। एवं तरिहि एदं चेव उक्कस्सट्ठाणजीवपमाणमिदि गेण्हामो त्ति भणिदे ण एवं पि घेत्तुं सक्किज्जदे, जवमज्झस्स हेट्ठिमणाणागुणहाणिसलागाहिंतो उवरिमणाणागुणहाणिसलागाणमसंखेज्जगुणत्तोवएसस्स उवरिमसुत्तसिद्धस्स एत्थाणुववत्तीदो हेट्ठिमोवरिमणाणागुणहाणिसलागाणमेदम्मि पक्खे सरिसत्तदंसणादो त्ति।

§ २८८. पुणो संपहियविरलणाए अद्धं विरलेयूण जहण्णट्ठाणजीवपमाणं समखंडं कादूण दिण्णे तत्थ विरलणरूवं पडि एगेगजीवपमाणं पावइ। पुणो एदिस्से विरलणाए अद्धमेत्तजीवेसु समयाविरोहेण परिहाविदेसु तत्तो अण्णं दुगुणहाणिट्ठाणमुप्पज्जइ। पुणो इमं विरलणमद्धं करिय जहण्णट्ठाणजीवेहिंतो अद्धमेत्तणिरुद्धट्ठाणजीवेसु समखंडं करिय दिण्णेसु विरलणरूवं पडि एगेगजीवपमाणं पावइ। एत्थ वि समयाविरोहेण असंखेज्जलोगमेत्तद्धाणं गंतूणेगेगजीवपरिहाणिं कादूण आणिज्जमाणे संपहियविरलणाए अद्धमेत्तजीवेसु परिहीणेसु अण्णं दुगुणहाणिट्ठाणमुप्पज्जइ। एवमेदीए दिसाए गुणहाणिं पडि विरलणमद्धं कादूण णेदव्वं जाव जवमज्झछेदणयाणमसंखेज्जभागमेत्तगुणहाणीओ उवरि गंतूणुक्कस्सट्ठाणजीवपमाणमवट्ठिदं त्ति। णवरि उक्कस्सट्ठाणे वि आवलियाए असंखेज्जदिभागमेत्ता जीवा जहा होंति तहा कायव्वं, अण्णहा

विरलनकर और विरलित राशिके प्रत्येक एकपर समान खण्ड करके देयरूपसे देकर यदि देखते हैं तो एक-एकका एक जीवसम्बन्धी कालका प्रमाण होकर प्राप्त होता है। किन्तु यह प्रकृतमें विवक्षित नहीं है, क्योंकि उस प्रकारकी वृद्धि अत्यन्त असम्भव होनेसे प्रतिषिद्ध है। यदि ऐसा है तो उत्कृष्ट स्थानके जीवोंके इस प्रमाणको ही ग्रहण करते हैं ऐसा कथन करनेपर ऐसा ग्रहण करना भी शक्य नहीं है, क्योंकि यवमध्यकी अधस्तन (पूर्ववर्ती) नाना गुणहानिशलाकाओंसे उपरिम नाना गुणहानिशलाकाओंके असंख्यातगुणेरूप उपदेशकी यहाँ अनुवृत्ति है, जो उपदेश आगे कहे जानेवाले सूत्रसे सिद्ध है तथा अधस्तन और उपरिम नाना गुणहानिशलाकाएँ इस पक्षमें सदृश देखी जाती हैं।

§ २८८. पुनः साम्प्रतिक विरलनसे आधेका विरलनकर विरलित राशिके प्रत्येक एकपर जघन्य स्थानके जीवोंके प्रमाणको समान खण्ड करके देयरूपसे देनेपर वहाँ प्रत्येक विरलनके प्रति एक-एक जीवका प्रमाण प्राप्त होता है। पुनः इस विरलनके अर्धभागप्रमाण जीवोंके आगमके अनुसार घटानेपर वहाँसे अन्य द्विगुणहानिस्थान उत्पन्न होता है। पुनः इस विरलनको आधा करके जघन्य स्थानके जीवोंसे अर्धभागमात्र रुके हुए स्थानके जीवोंको समखण्ड करके देनेपर प्रत्येक विरलनके प्रति एक-एक जीवका प्रमाण प्राप्त होता है। यहाँपर भी आगमानुसार असंख्यात लोकप्रमाण अध्वान जाकर एक-एक जीवकी परिहानि करके लानेपर साम्प्रतिक विरलनसे अर्धमात्र जीवोंके हीन होनेपर अन्य द्विगुणवृद्धिस्थान उत्पन्न होता है। इस प्रकार इस विधिसे प्रत्येक गुणहानिके प्रति विरलनको आधा करके यवमध्यके अर्धच्छेदोंके असंख्यात बहुभागप्रमाण गुणहानि ऊपर जाकर उत्कृष्ट स्थानके जीवोंका प्रमाण अवस्थित होनेतक ले जाना चाहिए। इतनी विशेषता है कि उत्कृष्ट स्थानमें भी जिस प्रकार

पुव्वाइरियसंपदायविरोहप्पसंगादो। एवं संजादे एगो चेव जीवो सव्वत्थ अहिओ ऊणो वा होइ, हेट्ठिमणाणागुणहाणिसलागाहिंतो उवरिमणाणागुणहाणिसलागाओ च असंखेज्जगुणाओ भवंति। गुणहाणिअद्धाणं पि सव्वत्थ सरिसमेव संजादं, गुणहाणिसलागाओ च सव्वसमासेणावलियासंखेज्जदिभागमेत्ताओ जादाओ। सव्वेसु ट्ठाणेसु जीवा पादेक्कमावलियाए असंखेज्जदिभागमेत्ता च जादा त्ति सव्वमेदं घडदे। एत्तियं पुण ण संजादं सव्वत्थावट्ठिदो भागहारो होदि त्ति जहण्णट्ठाणसरिसजीवपमाणादो उवरिमभागहारस्स अद्धद्धकमेण परिहाणिदंसणादो होदु णामेदमणवट्ठिदभागहारत्तं, इच्छिज्जमाणत्तादो च। ण च सव्वत्थावट्ठिदो चेव भागहारो त्ति संपदायो अत्थि, तहाणुवलंभादो। तदो जवमज्झादो हेट्ठा सव्वत्थ जहण्णट्ठाणजीवपमाणो अवट्ठिदभागहारो जवमज्झादो उवरि वि जाव जहण्णट्ठाणजीवपमाणं पावइ ताव जहण्णट्ठाणजीवपमाणादो दुगुणमेत्तो अवट्ठिदभागहारो। तत्तो परमणवट्ठिदो भागहारो अद्धद्धकमेण हीयमाणो गच्छइ त्ति एसो एत्थ परमत्थो।

§ २८९. अधवा जवमज्झादो हेट्ठा सव्वत्थ [illegible] जहण्णट्ठाणजीवमेत्तो अवट्ठिदभागहारो त्ति घेत्तूण परंपरोवणिधा जाणिय णेदव्वा, तहा परूवणे कीरमाणे गुणवड्ढि-हाणिअद्धाणाणं हेट्ठिमोवरिमाणमवट्ठिदभावसिद्धीए णिव्वाहमुवलंभादो सव्वत्थावट्ठिदभागहारब्भुवगमस्स वि एदम्मि पक्खे अविसंवाददंसणादो। संपहि जवमज्झादो

आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण जीव होते हैं उस प्रकार करना चाहिए, अन्यथा पूर्वाचार्योंका जो सम्प्रदाय चला आ रहा है उसके साथ विरोध होनेका प्रसंग प्राप्त होता है। ऐसा होनेपर सर्वत्र एक ही जीव अधिक या कम होता है और अधस्तन गुणहानिशलाकाओंकी अपेक्षा उपरिम गुणहानिशलाकाएँ असंख्यातगुणी बन जाती हैं, सर्वत्र गुणहानिअध्वान भी सदृश ही प्राप्त होता है, गुणहानिशलाकाएँ सब मिलाकर आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण हो जाती हैं तथा सब स्थानोंमेंसे प्रत्येक स्थानमें जीव आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण हो जाते हैं। इस प्रकार यह सब विधि बन जाती है। किन्तु सर्वत्र अवस्थित भागहार ही होता है यह बात नहीं बनती, क्योंकि जघन्य स्थानके सदृश जीवोंके प्रमाणसे उपरिम भागहारकी अर्ध-अर्ध भागके क्रमसे हानि देखी जाती है तथा यह अनवस्थित भागहार होओ, क्योंकि यह इष्ट है। तथा सर्वत्र अवस्थित ही भागहार है ऐसा सम्प्रदाय नहीं है, क्योंकि वैसा पाया नहीं जाता। इसलिए यवमध्यसे पूर्व सर्वत्र जघन्य स्थानके जीवोंके प्रमाणवाला अवस्थित भागहार है तथा यवमध्यके ऊपर भी जघन्य स्थानके जीवोंके प्रमाणके प्राप्त होने तक जघन्य स्थानके जीवोंके प्रमाणसे दूना अवस्थित भागहार है। इसके आगे अनवस्थित भागहार आधे-आधेके क्रमसे हीन होता जाता है इस प्रकार यहाँपर परमार्थ है।

§ २८९. अथवा यवमध्यसे पहले और आगे भी सर्वत्र उत्कृष्ट स्थानके जीवोंके प्रमाणवाला अवस्थित भागहार है ऐसा ग्रहण करके परंपरोपनिधाको जानकर ले जाना चाहिए, क्योंकि उस प्रकार प्ररूपणा करनेपर अधस्तन और उपरिम गुणवृद्धिअध्वान और गुणहानि अध्वानकी अवस्थितरूपसे सिद्धि निर्बाधरूपसे पाई जाती है तथा इस पक्षके स्वीकार करनेपर सर्वत्र अवस्थित भागहारका स्वीकार अविसंवादरूपसे देखा जाता है। अब यवमध्यसे

हेट्ठिमोवरिमणाणागुणहाणिसलागाणमियत्तावहारणट्ठं सुत्तमुत्तरमोइण्णं—

*** जवमज्झजीवाणं जत्तियाणि अद्धच्छेदणाणि तेसिमसंखेज्जदिभागो हेट्ठा जवमज्झस्स गुणहाणिट्ठाणंतराणि । तेसिमसंखेज्जभागमेत्ताणि उवरि जवमज्झस्स गुणहाणिट्ठाणंतराणि ।**

§ २९०. एदेण सुत्तेण हेट्ठिमणाणागुणहाणिसलागाहिंतो उवरिमणाणागुणहाणिसलागाणमसंखेज्जगुणत्तं सूचिदं । संपहि एत्थ जवमज्झच्छेदणएसु अणवगएसु तेहिंतो जवमज्झादो हेट्ठिमोवरिमणाणागुणहाणिसलागाणं पमाणावहारणं कादुं ण सक्किज्जइ त्ति जवमज्झच्छेदणयाणमेव पमाणणिण्णयं ताव कस्सामो । तं जहा—जवमज्झजीवपमाणमुक्कस्सेणावलियाए असंखेज्जदिभागो त्ति सुत्ते णिद्दिट्ठं, सो वुण आवलियाए असंखेज्जदिभागो जह वि जिणदिट्ठभावेण घेत्तव्वो, तो वि जहण्णपरित्तासंखेज्जेणावलियाए ओवट्टिदाए तत्थ भागलद्धमेत्ता जवमज्झजीवा होंति त्ति सव्वुक्कस्समावलियाए असंखेज्जदिभागं घेत्तूण तच्छेदणएहिंतो जवमज्झहेट्ठिमोवरिमणाणागुणहाणिसलागाणं पमाणसाहणमेवमणुगंतव्वं । तं कथं ? जहण्णपरित्तासंखेज्जयं विरलेयूणावलियाए समखंडं कादूण दिण्णाए रूवं पडि जहण्णपरित्तासंखेज्जपमाणं पावइ ।

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

अधस्तन और उपरिम नाना गुणहानिशलाकाओंके प्रमाणको निश्चित करनेके लिये आगेका सूत्र आया है—

*** यवमध्यवर्ती जीवोंके जितने अर्धच्छेद होते हैं उनके असंख्यातवें भाग-प्रमाण यवमध्यके अधस्तन (पूर्ववर्ती) गुणहानिस्थानान्तर होते हैं तथा उनके (अर्धच्छेदोंके) असंख्यात बहुभागप्रमाण यवमध्यके उपरितन गुणहानिस्थानान्तर होते हैं ।**

§ २९०. इस सूत्रद्वारा अधस्तन गुणहानिशलाकाओंसे उपरिम नाना गुणहानिशलाकाएँ असंख्यातगुणी सूचित की गई हैं । अब यहाँपर यवमध्यके अर्धच्छेदोंके अवगत न होनेपर उनसे यवमध्यसे अधस्तन और उपरिम नाना गुणहानिशलाकाओंका प्रमाण निश्चित करना शक्य नहीं है, इसलिए यवमध्यके अर्धच्छेदोंके ही प्रमाणका निर्णय सर्वप्रथम करेंगे । यथा—यवमध्यके जीवोंका प्रमाण उत्कृष्टरूपसे आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है इस प्रकार सूत्रमें निर्देश किया है । परन्तु उस आवलिके असंख्यातवें भागको यद्यपि जैसा जिनदेवने देखा हो वैसा लेना चाहिए तो भी जघन्य परीतासंख्यातसे आवलिके भाजित करनेपर वहाँ जो भाग लब्ध आवे उतने यवमध्यके जीव होते हैं, इसलिए आवलिके सबसे उत्कृष्ट असंख्यातवें भागको ग्रहणकर उनके अर्धच्छेदोंके द्वारा यवमध्यके अधस्तन और उपरितन गुणहानिशलाकाओंके प्रमाणकी सिद्धि होती है ऐसा जान लेना चाहिए ।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—जघन्य परीतासंख्यातका विरलनकर उस विरलित राशिपर आवलिके असंख्यातवें भागको समान खण्ड करके देयरूपसे देनेपर प्रत्येक एक विरलनके प्रति जघन्य परीतासंख्यातका प्रमाण प्राप्त होता है ।

कुदो एदं णव्वदे ? जहण्णपरित्तासंखेज्जयं विरलेदूण रूवं पडि तमेव दादूण वग्गिद-संवग्गिदकदे आवलिया समुप्पज्जदि त्ति परियम्मवयणादो। पुणो एत्थेगरूवधरिदं मोत्तूण सेससव्वरूवधरिदजहण्णपरित्तासंखेज्जेसु अण्णोण्णब्भत्थेसु जवमज्झजीवपमाणं होइ। एवं होदि त्ति कादूण एदस्स आवलियाए असंखेज्जदिभागस्स छेदणयाणि उक्कस्ससंखेज्जविरलणमेत्तजहण्णपरित्तासंखेज्जच्छेदणएसु समुदिदेसु भवंति। जहण्ण-परित्तासंखेज्जच्छेदणएहिं परिहीणावलियच्छेदणेसु गहिदेसु जवमज्झच्छेदणयाणि समुप्पज्जंति त्ति भणिदं होइ।

§ २९१. संपहि एत्थेव एगरूवधरिदजहण्णपरित्तासंखेज्जच्छेदणयमेत्तीओ हेट्ठिम-णाणागुणहाणिसलागाओ त्ति घेत्तव्वं। सेसरूवूणुक्कस्ससंखेज्जविरलणमेत्तरूवोवरि ट्ठिदजहण्णपरित्तासंखेज्जछेदणयाणि च घेत्तूणुवरिमणाणागुणहाणिसलागाओ होंति त्ति गहेयव्वं। एवं च घेप्पमाणे हेट्ठिमणाणागुणहाणिसलागाहिंतो उवरिमणाणागुणहाणि-सलागाओ संखेज्जगुणाओ चेव जादाओ, णासंखेज्जगुणाओ। ण चेदमिच्छिज्जदे, हेट्ठिम-णाणागुणहाणिसलागाहिंतो उवरिमणाणागुणहाणिसलागाओ असंखेज्जगुणाओ त्ति पदुप्पायणपरेणेदेण सुत्तेण सह विरोहादो। तदो णेदं घडदि त्ति ? सच्चमेवेदं, जहण्ण-परित्तासंखेज्जच्छेदणयमेत्तीसु हेट्ठिमणाणागुणहाणिसलागासु घेप्पमाणीसु उवरिमणाणा-

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान—क्योंकि जघन्य परीतासंख्यातका विरलनकर विरलित राशिके प्रत्येक एकपर उसी राशिको देकर वर्गित-संवर्गित करनेपर आवलि उत्पन्न होती है इस परिकर्मके वचनसे जाना जाता है।

पुनः यहाँ एक अंकके प्रति प्राप्त राशिको छोड़कर शेष सब अंकोंके प्रति प्राप्त जघन्य परीतासंख्यातोंके परस्पर गुणित करनेपर यवमध्यके जीवोंका प्रमाण प्राप्त होता है। इस प्रकार होता है ऐसा समझकर आवलिके इस असंख्यातवें भागके अर्धच्छेद उत्कृष्ट संख्यातके विरलनप्रमाण जघन्य परीतासंख्यातके अर्धच्छेदोंमें मिलानेपर होते हैं। जघन्य परीता-संख्यातके अर्धच्छेदोंसे हीन आवलिके अर्धच्छेदोंके ग्रहण करनेपर यवमध्यके अर्धच्छेद उत्पन्न होते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

§ २९१. अब इन्हींमेंसे एक अंकके प्रति प्राप्त जघन्य परीतासंख्यातके अर्धच्छेदप्रमाण अधस्तन नाना गुणहानिशलाकाएँ होती हैं ऐसा ग्रहण करना चाहिए तथा एक अंक कम करके शेष उत्कृष्ट संख्यातप्रमाण विरलनोंके प्रति प्राप्त जघन्य परीतासंख्यातोंके अर्धच्छेदोंको ग्रहण कर उपरिम नाना गुणहानिशलाकाएँ होती हैं ऐसा ग्रहण करना चाहिए। और इस प्रकार ग्रहण करनेपर अधस्तन नाना गुणहानिशलाकाओंसे उपरिम नाना गुणहानिशलाकाएँ संख्यातगुणी ही होती हैं, असंख्यातगुणी नहीं।

शंका—परन्तु यह इष्ट नहीं है, क्योंकि ऐसा स्वीकार करनेपर इस कथनका अधस्तन नाना गुणहानिशलाओंसे उपरिम नाना गुणहानिशलाकाएँ असंख्यातगुणी होती हैं इस प्रकार कथन करवाले इस सूत्रके साथ विरोध आता है, इसलिए यह घटित नहीं होता ?

समाधान—यह कहना सत्य है, क्योंकि जघन्य परीतासंख्यातके अर्धच्छेदप्रमाण

गुणहाणिसलागाणं तत्तो संखेज्जगुणत्तं मोत्तूण णासंखेज्जगुणत्तसंभवो त्ति। किंतु रूवूणजहण्णपरित्तासंखेज्जच्छेदणयमेत्तीओ हेट्ठिमणाणागुणहाणिसलागाओ त्ति घेत्तूण पयदत्थसमत्थणा कायव्वा, तहा घेप्पमाणे उवरिमणाणागुणहाणिसलागाणमसंखेज्ज-गुणत्तसंभवदंसणादो। तं कधं? उक्कस्ससंखेज्जयं विरलेयूण पुव्वुत्तपमाणजवमज्झच्छेदणएसु समखंडं कादूण दिण्णेसु रूवं पडि जहण्णपरित्तासंखेज्जच्छेदणयपमाणं होदूण पावइ। पुणो एत्थ सव्वरूवधरिदेसु एगेगरूवमवणिय पुध ट्ठवियअ [illegible] एवं ठविदे विरलणरूवं पडि अवणिदसेसाणि रूवूणजहण्णपरित्तासंखेज्जच्छेदणयमेत्तरूवाणि जादाणि। सव्वरूवधरिदेसु अवणिदरूवाणि वि एक्कदो मेलाविदाणि उक्कस्ससंखेज्जमेत्ताणि जादाणि। पुणो एदाणि रूवूणजहण्णपरित्तासंखेज्जछेदणएहिं भागं घेत्तूण भागलद्ध-संखेज्जरूवाणि पुव्विल्लुक्कस्ससंखेज्जविरलणाए पासे विरलिय तेसु रूवेसु समखंडं करिय दिण्णेसु संपहियविरलणाए वि रूवं पडि रूवूणजहण्णपरित्तासंखेज्जछेदणयमेत्ताणि रूवाणि लद्धाणि। संपहि एत्थेगरूवधरिदरूवूणजहण्णपरित्तासंखेज्जछेदणयमेत्तीओ हेट्ठिमणाणागुणहाणिसलागाओ संपहियरूवधरिदमेत्तीओ दुरूवूणादिविरलणरूवधरिद-मेत्तीओ च उवरिमणाणागुणहाणिसलागाओ त्ति गहेयव्वं। एवं गहिदे हेट्ठिमणाणा-गुणहाणिसलागाहिंतो उवरिमणाणागुणहाणिसलागाओ णिस्संसयमसंखेज्जगुणाओ

अधस्तन नाना गुणहानिशलाकाओंके ग्रहण करनेपर उपरिम नाना गुणहानिशलाकाएँ उनसे संख्यातगुणी होती हैं इसे छोड़कर उनका असंख्यातगुणा होना सम्भव नहीं है। किन्तु एक कम जघन्य परीतासंख्यातके अर्धच्छेदप्रमाण अधस्तन नाना गुणहानिशलाकाओंको ग्रहणकर प्रकृत अर्थका समर्थन करना चाहिए, क्योंकि इस प्रकारसे ग्रहण करनेपर उपरिम नाना गुणहानिशलाकाओंका असंख्यातगुणा होना सम्भव देखा जाता है।

शंका—वह कैसे?

समाधान—क्योंकि उत्कृष्ट संख्यातका विरलनकर पूर्वोक्त प्रमाण यवमध्यके अर्ध-च्छेदोंको समान खण्डकर देयरूपसे देनेपर प्रत्येक एकके प्रति जघन्य परीतासंख्यात अर्ध-च्छेदोंका प्रमाण प्राप्त होता है। पुनः यहाँपर सब अंकोंके प्रति प्राप्त राशिमेंसे एक-एक अंकको निकालकर पृथक् स्थापित करना चाहिए। इस प्रकार स्थापित करनेपर प्रत्येक विरलनके प्रति निकालनेके बाद शेष संख्या एक कम जघन्य परीतासंख्यात अर्धच्छेदप्रमाण अंकवाली हो जाती है। सब अंकोंके प्रति प्राप्त निकाले गये अंक भी एकत्र मिलानेपर उत्कृष्ट संख्यातप्रमाण हो जाते हैं। पुनः इन्हें एक कम जघन्य परीतासंख्यातके अर्धच्छेदोंसे भाजितकर भाग करने-से जो संख्यात अंक लब्ध आवें उनको पहलेके उत्कृष्ट संख्यातसम्बन्धी विरलनके पास विरलितकर उन अंकोंके समान खण्डकर देयरूपसे देनेपर साम्प्रतिक विरलनके प्रत्येक एकके प्रति एक कम जघन्य परीतासंख्यातके अर्धच्छेदप्रमाण अंक प्राप्त होते हैं। अब यहाँ एक अंकके प्रति प्राप्त एक कम जघन्य परीतासंख्यातके अर्धच्छेदप्रमाण अधस्तन नानागुणहानि-शलाकाएँ होती हैं और साम्प्रतिक अंकोंके प्रति रखी गई संख्याप्रमाण और दो अंक कम आदि विरलनके अंकोंके प्रति प्राप्त संख्याप्रमाण उपरिम नाना गुणहानिशलाकाएँ होती हैं ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए। ऐसा ग्रहण करनेपर अधस्तन नाना गुणहानिशलाकाओंसे

जादाओ। किं कारणं ? संखेज्जरूवब्भहियजहण्णपरित्तासंखेज्जमेत्तरूवाणमेत्थ गुणगार-सरूवेण पउत्तिदंसणादो। एवमेदीए दिसाए जहण्णपरित्तासंखेज्जच्छेदणयाणि दुरूवूण-तिरूवूणादिकमेण परिहाविय हेट्ठिमणाणागुणहाणिसलागाणं पमाणाणुगमो समयाविरोहेण कायव्वो जाव तप्पाओग्गसंखेज्जरूवमेत्ताओ जादाओ त्ति। तदो हेट्ठिमणाणागुणहाणि-सलागाओ संखेज्जाओ होदूण उवरिमणाणागुणहाणिसलागाहिंतो असंखेज्जगुणहीणाओ त्ति सिद्धं।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ २९२. एवं ताव जवमज्झच्छेदणयाणमसंखेज्जदिभागमेत्ताओ हेट्ठिमणाणा-गुणहाणिसलागाओ तेसिमसंखेज्जदिभागमेत्ताओ च उवरिमणाणागुणहाणिसलागाओ त्ति एदमत्थं परूविय संपहि एवंविहणाणागुणहाणिसलागाओ घरेदूण जहण्णुक्कस्सट्ठाण-जीवपमाणणिण्णयं कस्सामो। तं जहा—जवमज्झादो हेट्ठिमणाणागुणहाणिसलागाओ विरलिय बिगं करिय अण्णोण्णब्भत्थे कदे जहण्णपरित्तासंखेज्जस्स अद्धमुप्पज्जइ। पुणो एदेणण्णोण्णब्भत्थरासिणा जवमज्झजीवे ओवट्टिदेसु रूवूणुक्कस्ससंखेज्जमेत्तजहण्ण-परित्तासंखेज्जयाणि अण्णोण्णब्भत्थाणि कादूण दुगुणमेत्तं लद्धपमाणं होदि। एदं चेव जहण्णट्ठाणजीवपमाणमिदि घेत्तव्वं।

§ २९३. संपहि उक्कस्सट्ठाणजीवपमाणे आणिज्जमाणे तत्थ ता वपुव्वुत्तविरलणाए दोरूवधरिदछेदणएहिं परिहीणजवमज्झच्छेदणयमेत्ताओ उवरिमणाणागुणहाणिसलागाओ

उपरिम नाना गुणहानिशलाकाएँ निःशंसय असंख्यातगुणी हो जाती हैं, क्योंकि संख्यात अंक अधिक जघन्य परीतासंख्यातप्रमाण अंकोंकी यहाँपर गुणकाररूपसे प्रवृत्ति देखी जाती है। इस प्रकार इस पद्धतिसे जघन्य परीतासंख्यातके अर्धच्छेदोंको दो अंक कम, तीन अंक कम आदिके क्रमसे घटाकर अधस्तन नाना गुणहानिशलाकाओंके प्रमाणका अनुगम तत्प्रायोग्य संख्यातप्रमाण संख्याके प्राप्त होने तक आगमानुसार करना चाहिए। अतः अधस्तन नाना गुणहानिशलाकाएँ संख्यात होकर वे उपरिम नाना गुणहानिशलाकाओंसे असंख्यातगुणी हीन होती हैं यह सिद्ध हुआ।

§ २९२. इस प्रकार सर्वप्रथम यवमध्यके अर्धच्छेदोंके असंख्यातवें भागप्रमाण अधस्तन नाना गुणहानिशलाकाएँ और उन्हीं अर्धच्छेदोंके असंख्यात बहुभागप्रमाण उपरिम नाना गुणहानिशलाकाएँ होती हैं इस प्रकार इस अर्थका कथनकर अब इस प्रकारसे नाना गुणहानिशलाकाओंको ग्रहणकर जघन्य और उत्कृष्ट स्थानके जीवोंके प्रमाणका निर्णय करते हैं। यथा—यवमध्यसे अधस्तन नाना गुणहानिशलाकाओंका विरलनकर और विरलित राशिके प्रत्येक एकको दूनाकर परस्पर गुणा करनेपर जघन्य परीतासंख्यातका अर्धभाग उत्पन्न होता है। पुनः इस अन्योन्य अभ्यस्त राशिद्वारा यवमध्यके जीवोंके भाजित करनेपर जो लब्ध आता है वह एक कम उत्कृष्ट संख्यातप्रमाण जघन्य परीतासंख्यातको परस्पर गुणितकर जो लब्ध आवे उससे दूना होता है। यही जघन्य स्थानके जीवोंका प्रमाण है ऐसा ग्रहण करना चाहिए।

§ २९३. अब उत्कृष्ट स्थानके जीवोंके प्रमाणको लानेपर वहाँ सर्व प्रथम पूर्वोक्त विरलनके दो अंकोंके प्रति प्राप्त अर्धच्छेदोंसे हीन यवमध्यके अर्धच्छेदप्रमाण उपरिम नाना

त्ति घेत्तूण तासिमण्णोण्णब्भत्थरासिणा जवमज्झजीवेसु पुव्वुत्तपमाणेसु ओवट्टिदेसु जहण्णपरित्तासंखेज्जवग्गस्स चउब्भागमेत्तमुक्कस्सट्ठाणजीवपमाणभागच्छइ। अह जइ तिरूवूणविरलणरूवधरिदमेत्ताओ उवरिमणाणागुणहाणिसलागाओ त्ति घेप्पंति तो तासिमण्णोण्णब्भत्थरासिणा जवमज्झट्ठाणजीवेसु भाजिदेसु जहण्णपरित्तासंखेज्जघणस्स अट्ठमभागमेत्तमुक्कस्सट्ठाणजीवपमाणमागच्छइ। एवं णेदव्वं जाव तप्पाओग्गसंखेज्ज-रूवधरिदच्छेदणएहिं परिहीणजवमज्झच्छेदणयमेत्ताओ उवरिमणाणागुणहाणिसलागाओ जादाओ त्ति एवमेदेसु वियप्पेसु जिणदिट्ठभावेणुक्कस्सट्ठाणजीवपमाणमावलियाए असंखेज्जदिभागमेत्तं गहेयव्वं। अदो चेव उक्कस्सए कसायुदयट्ठाणे दो जीवा त्ति एदं पि सुत्तं संदिट्ठिपमाणं कादूण वक्खाणिदमिदि ण किंचि विरुज्झदे। तदो जवमज्झ-जीवाणं जत्तियाणि अद्धच्छेदणयाणि तेसिमसंखेज्जदिभागो हेट्ठा जवमज्झस्स गुणहाणि-ट्ठाणंतराणि [illegible] गुणहाणिट्ठाणंतराणि त्ति सिद्धं।

§ २९४. एत्थ परूवणा पमाणमप्पाबहुअं चेदि तीहिं अणियोगद्दारेहिं णाणेग-गुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतरसलागाणमणुगमो कायव्वो। तत्थ परूवणदाए अत्थि एगजीव-दुगुणहाणिट्ठाणंतरं णाणाजीवदुगुणहाणिट्ठाणंतरसलागाओ च पमाणमेगगुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतरमसंखेज्जा लोगा, णाणागुणहाणिट्ठाणंतरसलागाओ आवलियाए असंखेज्जदि-

---

गुणहानिशलाकाओंको ग्रहणकर उनकी अन्योन्याभ्यस्तराशिसे पूर्वोक्त प्रमाण यवमध्य-सम्बन्धी जीवोंके भाजित करनेपर जघन्य परीतासंख्यातके वर्गके चौथे भागप्रमाण उत्कृष्ट स्थानसम्बन्धी जीवोंका प्रमाण आता है। और यदि तीन अंक कम विरलनकी जितनी संख्या है तत्प्रमाण उपरिम नाना गुणहानिशलाकाएँ हैं ऐसा ग्रहण करते हैं तो उनकी अन्योन्या-भ्यस्त राशिद्वारा यवमध्यके जीवोंके भाजित करनेपर जघन्य परीतासंख्यातके घनके आठवें भागप्रमाण उत्कृष्ट स्थानसम्बन्धी जीवोंका प्रमाण प्राप्त होता है। इस प्रकार विरलनके तत्प्रायोग्य संख्यात अंकोंके प्रति प्राप्त अर्धच्छेदोंसे हीन यवमध्यके अर्धच्छेदप्रमाण उपरिम नाना गुणहानिशलाकाओंके होने तक ले जाना चाहिए। इस प्रकार इन विकल्पोंमें जिनेन्द्र देवने जैसा देखा हो उसके अनुसार उत्कृष्ट स्थानके जीवोंका प्रमाण आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण ग्रहण करना चाहिए। और इसीलिए उत्कृष्ट कषाय उदयस्थानमें दो जीव हैं इस प्रकार इस सूत्रका भी संदृष्टिका प्रमाण करके व्याख्यान किया है, इसलिए कुछ भी विरुद्ध नहीं है। अतः यवमध्यके जीवोंके जितने अर्धच्छेद होते हैं उनके असंख्यातवें भागप्रमाण यवमध्यके अधस्तन गुणहानिस्थानान्तर होते हैं और उनके असंख्यात बहुभागप्रमाण यवमध्यके उपरिम गुणहानिस्थानान्तर होते हैं यह सिद्ध हुआ।

§ २९४. यहाँपर प्ररूपणा, प्रमाण और अल्पबहुत्व इन तीन अनुयोगद्वारोंके आलम्बन-द्वारा नाना और एक गुणवृद्धिशलाकाओं और गुणहानिशलाकाओंका अनुगम करना चाहिए। उनमेंसे प्ररूपणाकी अपेक्षा एक जीवद्विगुणहानिस्थानान्तर और नाना जीवद्विगुणहानि-स्थानान्तर शलाकाएँ हैं। प्रमाण—एक गुणवृद्धि और गुणहानिस्थानान्तर असंख्यात लोकप्रमाण हैं तथा नाना गुणहानिस्थानान्तरशलाकाएँ आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। अल्प-

भागो। अप्पाबहुअं सव्वत्थोवा णाणागुणहाणिट्ठाणंतरसलागाओ। एयदुगुणवड्ढि-हाणिट्ठाणंतरमसंखेज्जगुणं। को गुणगारो? असंखेज्जा लोगा। एवं परंपरोवणिधा-संबंधेण जवमज्झादो हेट्ठिमोवरिमणाणागुणहाणिसलागाणमियत्तावहारणं कादूण संपहि तसजीवविसयमेदं जवमज्झं पदुप्पाइदमिदि णिगमणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

*** एवं पदुप्पण्णं तसाणं जवमज्झं।**

§ २९५. जमेदमणंतरपरूविदं जवमज्झं तं तसाणं पदुप्पण्णं तसजीवे अहिकरिय परूविदमिदि वुत्तं होइ। एइंदिएसु एसा जवमज्झपरूवणा किण्ण होइ? ण, तत्थ थावरपाओग्गकसायुदयट्ठाणेसु एक्केक्कम्मि कसायुदयट्ठाणे तेसिमणंतसंखावच्छिण्णाण-मण्णारिसेण जवमज्झसण्णिवेसेणावट्ठाणदंसणादो। तदो जत्थ विरहिदाविरहिदट्ठाणसंभवो तत्थेव तसजीवविसये जवमज्झमेदं पदुप्पण्णमिदि सुसंबद्धमभिहिदं। अथवा पुव्वसुत्तेण जवमज्झादो हेट्ठिमोवरिमणाणागुणहाणिसलागाणं पमाणपरिच्छेददुवारेण जहण्णुक्कस्स-ट्ठाणजीवाणं पमाणं परूविदं।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ २९६. संपहि जहण्णुक्कस्सट्ठाणजीवेहिंतो जवमज्झजीवपमाणसाहणट्ठमिदं सुत्तमोइण्णमिदि वक्खाणेयव्वं। तं जहा—एदमणंतरपरूविदजहण्णुक्कस्सट्ठाण-जीवपमाणं जहाकमं हेट्ठिमोवरिमणाणागुणहाणिसलागाणमण्णोण्णब्भत्थरासिणा

बहुत्व—नाना गुणहानिस्थानान्तरशलाकाएँ सबसे थोड़ी हैं। उनसे एक द्विगुणवृद्धि और द्विगुणहानिस्थानान्तरशलाका असंख्यातगुणी है। गुणकार क्या है? असंख्यात लोक गुणकार है। इस प्रकार परंपरोपनिधाके सम्बन्धसे यवमध्यसे अधस्तन और उपरिम नाना गुणहानि-शलाकाओंकी संख्याका अवधारणकर अब यह यवमध्य त्रसजीवविषयक कहा गया है इस बातका ज्ञान करानेके लिए आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** इस प्रकार त्रसजीवोंके कषाय-उदयस्थान-सम्बन्धी यवमध्य उत्पन्न हो जाता है।**

§ २९५. जिस यवमध्यका पहले कथन कर आये हैं उसका त्रसजीवोंको अधिकृतकर 'पदुप्पण्णं' अर्थात् कथन किया यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है।

शंका—एकेन्द्रिय जीवोंमें यह यवमध्यप्ररूपणा क्यों नहीं होती?

समाधान—नहीं, क्योंकि वहाँ स्थावरोंके योग्य कषाय उदयस्थानोंमेंसे एक-एक कषाय-उदयस्थानमें उनकी संख्या अनन्त होती है, इसलिए उनके यवमध्यकी रचनाका अवस्थान विसदृशरूपसे देखा जाता है, इसलिए जहाँपर जीवोंसे रहित और जीवोंसे युक्त स्थान सम्भव हैं वहीं त्रसजीवविषयक यह यवमध्य उत्पन्न हुआ है यह सुसम्बद्ध कहा है। अथवा पूर्व सूत्रद्वारा यवमध्यसे अधस्तन और उपरिम नाना गुणहानिशलाकाओंके प्रमाणका निर्णय करके उस द्वारा जघन्य और उत्कृष्ट स्थानके जीवोंका प्रमाण कहा गया है।

§ २९६. अब जघन्य और उत्कृष्ट स्थानके जीवोंसे यवमध्यके जीवोंके प्रमाणको सिद्ध करनेके लिये यह सूत्र आया है ऐसा व्याख्यान करना चाहिए। यथा—यह अनन्तर कहा गया जघन्य और उत्कृष्ट स्थानके जीवोंका प्रमाण क्रमसे अधस्तन और उपरिम नाना गुणहानि-शलाकाओंकी अन्योन्याभ्यस्तराशिसे 'पदुप्पण्णं' अर्थात् गुणित होकर त्रसजीवोंका यवमध्य

पदुप्पण्णं गुणिदं संतं तसाणं जवमज्झं होइ। जहण्णुक्कस्सट्ठाणजीवपमाणं जहाकमं दोसु उद्देसेसु ठविय तत्थ जहण्णट्ठाणजीवपमाणे हेट्ठिमणाणागुणहाणिसलागमेत्तवारं दुगुणगुणगारेण गुणिदे उवरिमणाणागुणहाणिसलागमेत्तवारं च उक्कस्सट्ठाणजीवपमाणे दुगुणगुणगारेण गुणिदे जवमज्झट्ठाणजीवपमाणमुप्पज्जदि त्ति वुत्तं होइ। अहवा एदं जवमज्झछेदणयपमाणमणूणाहियं घेत्तूण विरलिय बिगं कादूण अण्णोण्णब्भत्थे कदे जवमज्झट्ठाणजीवपमाणमुप्पज्जदि त्ति एदस्स सुत्तस्सत्थो परूवेयव्वो, पदुप्पण्णसद्दस्स गुणगारपज्जायत्तेण रूढस्स इह ग्गहणादो। एवमणंतर-परंपरोवणिधाभेयभिण्णसेढि-परूवणा समत्ता।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ २९७. संपहि एदेणेव सुत्तपबंधेण सूचिदो अवहारो भागाभागो च जाणिय णेदव्वो। तदो अप्पाबहुअं—सव्वत्थोवा उक्कस्सए कसायुदयट्ठाणे जीवा। जहण्णए कसायुदयट्ठाणे जीवा असंखेज्जगुणा। को गुणगारो? आवलियाए असंखेज्जदिभागो। हेट्ठिमणाणागुणहाणिसलागाहिं परिहीणुवरिमणाणागुणहाणिसलागाणमण्णोण्णब्भत्थ-रासिगुणगारो त्ति जमुत्तं होइ। जवमज्झजीवा संखेज्जगुणा। को गुणगारो? जहण्णपरित्तासंखेज्जयस्स अद्धमेत्तो चउब्भागमेत्तो अट्ठभागमेत्तो तप्पाओग्गसंखेज्ज-रूवमेत्तो वा। कुदो एदं णव्वदे? जहण्णट्ठाणादो उवरि रूवूणजहण्णपरित्तासंखेज्ज-

होता है। जघन्य और उत्कृष्ट स्थानके जीवोंके प्रमाणको क्रमसे दो स्थानोंमें स्थापितकर वहाँ जघन्य स्थानके जीवोंके प्रमाणको अधस्तन नाना गुणहानिशलाकाओंका जो प्रमाण है उतनी बार द्विगुण गुणकारसे गुणित करनेपर तथा उपरिम नाना गुणहानिशलाकाओंका जो प्रमाण है उतनी बार उत्कृष्ट स्थानके जीवोंके प्रमाणको द्विगुणगुणकारसे गुणित करनेपर यवमध्यके जीवोंका प्रमाण उत्पन्न होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अथवा यवमध्यके अर्धच्छेदोंके इस प्रमाणको न्यूनाधिकतासे रहितरूपसे ग्रहणकर और उसका विरलनकर तथा विरलनके प्रत्येक एकको दूनाकर परस्पर गुणा करनेपर यवमध्यस्थानके जीवोंका प्रमाण उत्पन्न होता है इस प्रकार इस सूत्रके अर्थका कथन करना चाहिए, क्योंकि 'पदुप्पण्ण' शब्दको 'गुणकार' अर्थमें रूढरूपसे यहाँ ग्रहण किया है। इस प्रकार अनन्तरोपनिधा और परम्परोपनिधाके भेदरूप श्रेणिप्ररूपणा समाप्त हुई।

§ २९७. अब इसी सूत्र प्रबन्धद्वारा सूचित हुए अवहार और भागाभागका जानकर कथन करना चाहिए। उसके बाद अल्पबहुत्व है—उत्कृष्ट कषाय उदयस्थानमें जीव सबसे थोड़े हैं। उनसे जघन्य कषाय उदयस्थानमें जीव असंख्यातगुणे हैं। गुणकार क्या है? आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण गुणकार है। अधस्तन नाना गुणहानिशलाकाओंसे हीन उपरिम नाना गुणहानिशलाकाओंकी अन्योन्याभ्यस्त राशि गुणकार है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। उनसे यवमध्यके जीव संख्यातगुणे हैं। गुणकार क्या है? जघन्य परीतासंख्यात-का अर्धभागप्रमाण, चतुर्थभागप्रमाण, अष्टम भागप्रमाण अथवा तत्प्रायोग्य संख्यात अंक-प्रमाण है।

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना जाता है?

समाधान—जघन्य स्थानसे ऊपर एक कम जघन्य परीतासंख्यातके अर्धच्छेदोंसे लेकर

छेदणयमादिं कादूण जाव तप्पाओग्गसंखेज्जरूवमेत्ताओ जवमज्झादो हेट्ठिमणाणागुणहाणि-सलागाओ जिणदिट्ठभावेण घेत्तव्वाओ त्ति परमगुरूवएसादो। जवमज्झादो हेट्ठिमजीवा असंखेज्जगुणा। को गुणगारो? आवलियाए असंखेज्जदिभागो, किंचूणदिवड्ढ-गुणहाणिट्ठाणंतरमिदि वुत्तं होइ। जवमज्झादो उवरिमजीवा विसेसाहिया। सुगममेत्थ कारणं। सव्वेसु ट्ठाणेसु जीवा विसेसाहिया, हेट्ठिमट्ठाणजीवाणमेत्थ पवेसदंसणादो। एवमप्पाबहुए परूविदे कसायुदयट्ठाणेसु तसाणमोघेण विरहिदाविरहिदट्ठाणपरूवणाणुगया जवमज्झपरूवणा समत्ता भवदि। एत्तो णिरयादिगदीणं पादेक्कं णिरुभणं कादूण तसाणमादेसपरूवणा च जहागममणुगंतव्वा।

*** एसा सुत्तविहासा।**

§ २९८. सत्तमीए गाहाए पुरिमद्धसुत्तस्स एसा अत्थविहासा कया त्ति वुत्तं होइ।

*** सत्तमीए गाहाए पढमस्स अद्धस्स अत्थविहासा समत्ता भवदि।**

§ २९९. सुगमं।

*** एत्तो विदियद्धस्स अत्थविहासा कायव्वा।**

§ ३००. सुगममेदं पइण्णावक्कं।

तत्प्रायोग्य संख्यात अंकप्रमाण यवमध्यसे अधस्तन नाना गुणहानिशलाकाएँ जितनी जिनेन्द्र-देवने देखी हों उस रूपसे ग्रहण करनी चाहिए ऐसा परमगुरुका उपदेश है।

उनसे यवमध्यके जीव असंख्यातगुणे हैं। गुणकार क्या है? आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण गुणकार है। कुछ कम डेढ़ गुणहानिस्थानान्तरप्रमाण गुणकार है यह उक्त कथन-का तात्पर्य है। उनसे यवमध्यसे उपरिम जीव विशेष अधिक हैं। यहाँपर कारणका कथन सुगम है। उनसे सब स्थानोंमें जीव विशेष अधिक हैं, क्योंकि इनमें अधस्तन स्थानोंके जीवोंका प्रवेश देखा जाता है। इस प्रकार अल्पबहुत्वका कथन करनेपर कषाय उदयस्थानोंमें ओघसे त्रसजीवोंसे रहित और सहित स्थानोंकी प्ररूपणासे अनुगत यवमध्यप्ररूपणा समाप्त होती है। आगे नरकादि गतियोंमेंसे प्रत्येक गतिको विवक्षित कर त्रसजीवोंकी आदेशप्ररूपणा भी आगमानुसार जान लेनी चाहिए।

*** यह गाथासूत्रकी अर्थविभाषा है।**

§ २९८. सातवीं गाथासूत्रके पूर्वार्धकी यह अर्थविभाषा की यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** इस प्रकार सातवीं गाथाके प्रथम अर्धभागकी अर्थविभाषा समाप्त होती है।**

§ २९९. यह सुगम है।

*** अब आगे दूसरे अर्धभागकी अर्थविभाषा करनी चाहिए।**

§ ३००. यह प्रतिज्ञावाक्य सुगम है।

सम्पादकीय ... आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

* तं जहा।

§ ३०१. एदं पि सुगमं।

*** पढमसमयोवजुत्तेहिं चरिमसमए च बोद्धव्वा त्ति एत्थ तिण्णि सेढीओ।**

है और यह उत्कृष्ट विशुद्धि उसी खण्डके अन्तिम परिणामस्वरूप है जो षट्स्थानपतित असंख्यात लोकप्रमाण वृद्धिसे वृद्धिको प्राप्त हुई है ।

*** इस प्रकार अन्तर्मुहूर्त कालप्रमाण एक (प्रत्येक) निर्वर्गणाकाण्डकको अवस्थित कर अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समय तक अल्पबहुत्व जानना चाहिए ।**

§ १०१. इस प्रकार इस पद्धतिसे अन्तर्मुहूर्त कालप्रमाण एक निर्वर्गणाकाण्डकको अवस्थित कर उपरिम और अधस्तन जघन्य और उत्कृष्ट परिणामोंका अल्पबहुत्व करना चाहिए । और यह सब अल्पबहुत्व सब निर्वर्गणाकाण्डकोंको क्रमसे उल्लंघन कर पुनः द्विचरमनिर्वर्गणाकाण्डकके अन्तिम समयकी उत्कृष्ट विशुद्धिसे अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयकी जघन्य विशुद्धि अनन्तगुणी होकर जघन्य विशुद्धिका अन्त प्राप्त होने तक करना चाहिए । इतने दूर तक जो एक-एक निर्वर्गणाकाण्डकके अन्तरसे जघन्य और उत्कृष्ट विशुद्धिस्थानोंसे प्रतिबद्ध प्रकृत अल्पबहुत्व कहा है उसमें कोई भेद नहीं है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

विशेषार्थ—यह परस्थान अल्पबहुत्व बतलानेका प्रकरण है, इसलिये पूर्वमें ऊपर और नीचेके परिणामोंकी विशुद्धिका जो अनुकृष्टि पद्धतिसे अल्पबहुत्व बतलाया गया है वह आगेके परिणामोंमें किस प्रकारका है यह बतलानेके लिए यह सूत्र आया है । इस विषयका विशेष स्पष्टीकरण आगे श्री जयधवला जीमें स्वयं किया ही है ।

§ १०२. अब इस सूत्रसे सूचित हुए अर्थका कुछ विवरण करेंगे । यथा—प्रथम निर्वर्गणाकाण्डकके दूसरे समयकी उत्कृष्ट विशुद्धिसे ऊपर दूसरे निर्वर्गणाकाण्डकके दूसरे समयकी जघन्य विशुद्धि अनन्तगुणी है । इससे ऊपर प्रथम निर्वर्गणाकाण्डकके तीसरे समयकी उत्कृष्ट विशुद्धि अनन्तगुणी है । इससे ऊपर दूसरे निर्वर्गकाण्डकके तीसरे समयकी जघन्य विशुद्धि अनन्तगुणी है । इससे ऊपर प्रथम निर्वर्गणाकाण्डकके चौथे समयकी उत्कृष्ट

जहण्णविसोही अणंतगुणा। तत्तो पढमणिव्वगणकंडयचउत्थसमए उक्कसविसोही अणंतगुणा। एवं जाणिऊण णेदव्वं जाव विदियणिव्वग्गणकंडयचरिमसमए जहण्णविसोही अणंतगुणा जादा त्ति। एवमणंतरोवरिमणिव्वग्गणकंडयजहण्णपरिणामाणमणंतरहेट्ठिमणिव्वग्गणकंडयुक्कस्सपरिणामेहिं जहाकममणुसंधाणं कादूण णेदव्वं जाव अधापवत्तकरणचरिमसमए जहण्णिया विसोही दुचरिमणिव्वग्गणकंडयचरिमसमयुक्कस्सविसोहीदो अणंतगुणा होदूण जहण्णविसोहीणं पज्जवसाणं पत्ता त्ति।

§ १०३. संपहि एत्तो उवरि चरिमणिव्वग्गणकंडयमेत्ताणमुक्कस्सपरिणामाणं चेव अप्पाबहुअं णेदव्वमिदि पदुप्पायणट्ठमुत्तरं पबंधमाह—

*** तदो अंतोमुहुत्तमोसरियूण जम्हि उक्कस्सिया विसोही णिट्ठिदा तत्तो उवरिमसमए उक्कस्सिया विसोही अणंतगुणा।**

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

विशुद्धि अनन्तगुणी है। इस प्रकार जानकर दूसरे निर्वर्गणाकाण्डकके अन्तिम समयकी जघन्य विशुद्धि अनन्तगुणी है इसके प्राप्त होने तक अल्पबहुत्व करते जाना चाहिए। इस प्रकार अनन्तर उपरिम निर्वर्गणाकाण्डकके जघन्य परिणामोंका अनन्तर अधस्तन निर्वर्गणाकाण्डकके उत्कृष्ट परिणामोंके साथ क्रमसे अनुसन्धान करते हुए अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयकी जघन्य विशुद्धि द्विचरम निर्वर्गणाकाण्डकके अन्तिम समयकी उत्कृष्ट विशुद्धिसे अनन्तगुणी होकर जघन्य विशुद्धियोंके अन्तको प्राप्त होती है इस स्थानके प्राप्त होने तक ले जाना चाहिए।

विशेषार्थ—पहले द्वितीय निर्वर्गणाकाण्डकके प्रथम समयकी जघन्य विशुद्धिसे प्रथम निर्वर्गणाकाण्डकके द्वितीय समयकी उत्कृष्ट विशुद्धि अनन्तगुणी है यह बतला आये हैं। यहाँ इससे आगे अल्पबहुत्वका क्या क्रम है यह सूचित करते हुए बतलाया है कि प्रथम निर्वर्गणाकाण्डकके द्वितीय समयकी उत्कृष्ट विशुद्धिसे द्वितीय निर्वर्गणाकाण्डकके द्वितीय समयकी जघन्य विशुद्धि अनन्तगुणी है, क्योंकि प्रथम निर्वर्गणाकाण्डकके द्वितीय समयकी उत्कृष्ट विशुद्धि ऊर्वंकस्वरूप है और द्वितीय निर्वर्गणाकाण्डकके द्वितीय समयकी जघन्य विशुद्धि अष्टांकस्वरूप है। इसलिए यह उससे अनन्तगुणी है। तथा इससे आगे अर्थात् द्वितीय निर्वर्गणाकाण्डकके द्वितीय समयकी जघन्य विशुद्धिसे प्रथम निर्वर्गणाकाण्डकके तीसरे समयकी उत्कृष्ट विशुद्धि अनन्तगुणी है, क्योंकि यह उत्कृष्ट विशुद्धि पूर्वकी जघन्य विशुद्धिसे षट्स्थानपतितक्रमसे असंख्यात लोकप्रमाण वृद्धिके हो जानेपर प्राप्त होती है। इस प्रकार ऊपरके तथा नीचेके निर्वर्गणाकाण्डकोंके आश्रयसे जघन्य और उत्कृष्ट विशुद्धिके अल्पबहुत्वका विचार अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयकी जघन्य विशुद्धिके प्राप्त होने तक इसी क्रमसे करना चाहिए। यह जघन्य विशुद्धि उपान्त्य निर्वर्गणाकाण्डकके अन्तिम समयकी उत्कृष्ट विशुद्धिसे अनन्तगुणी है।

§ १०३. अब इससे ऊपर अन्तिम निर्वर्गणाकाण्डकप्रमाण उत्कृष्ट परिणामोंका ही अल्पबहुत्व करते हुए ले जाना चाहिए इस बातका कथन करनेके लिये आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

*** पुनः अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयसे अन्तर्मुहूर्त नीचे आकर जहाँ उत्कृष्ट विशुद्धि समाप्त हुई है उससे उपरिम समयमें उत्कृष्ट विशुद्धि अनन्तगुणी होती है।**

§ १०४. एत्थ 'जम्हि उद्देसे उक्कस्सिया विसोही णिद्दिट्ठा' त्ति णिद्देसेणेदेण दुचरिमणिव्वग्गणकंडयचरिमसमयो परामरसिओ, तत्थतणुक्कस्सविसोहीदो उवरि अधापवत्तचरिमसमयजहण्णविसोहीए अणंतगुणभावेण पुव्वं परूविदत्तादो। 'तदो उवरिमसमये' त्ति वुत्ते चरिमणिव्वग्गणकंडयपढमसमयस्स गहणं कायव्वं, तत्थतणुक्कस्सविसोही पुव्विल्लजहण्णविसोहिट्ठाणादो अणंतगुणा त्ति वुत्तं होइ। एत्थ कारणं सुगमं।

*** एवमुक्कस्सिया विसोही णेदव्वा जाव अधापवत्तकरणचरिमसमयो त्ति।**

§ १०५. एवमुक्कस्सिया चेव विसोही अणंतराणं पेक्खियूणाणंतगुणा णेयव्वा। केदूरमिदि वुत्ते जाव अधापवत्तकरणचरिमसमयो त्ति पयदप्पाबहुअपरूवणाए मज्जादाणिद्देसो कदो। सेसं सुगमं।

---

§ १०४. यहाँ 'जिस स्थान पर उत्कृष्ट विशुद्धि समाप्त हुई है' इस प्रकार इस निर्देशसे द्विचरम निर्वर्गणाकाण्डकके अन्तिम समयका परामर्श किया गया है। उस स्थानकी उत्कृष्ट विशुद्धिसे ऊपर अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयकी जघन्य विशुद्धिका अनन्तगुणेरूपसे पहले कथन कर आये हैं। 'उससे ऊपरके समयमें' ऐसा कहने पर अन्तिम निर्वर्गणाकाण्डकके प्रथम समयका ग्रहण करना चाहिए। उस स्थानकी उत्कृष्ट विशुद्धि पूर्वके जघन्य विशुद्धिस्थानसे अनन्तगुणी होती है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। यहाँ पर कारणका कथन सुगम है।

विशेषार्थ—पहले द्विचरम निर्वर्गणाकाण्डकके अन्तिम समयकी उत्कृष्ट विशुद्धिसे अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयकी जो जघन्य विशुद्धि अनन्तगुणी बतला आये हैं उससे अन्तिम निर्वर्गणाकाण्डकके प्रथम समयकी उत्कृष्ट विशुद्धि अनन्तगुणी होती है यह इस सूत्रका भाव है। कारण यह है कि यह जघन्य विशुद्धिसे षट्स्थान पतित असंख्यात लोकप्रमाण परिणामोंकी वृद्धि होने पर प्राप्त होती है।

*** इस प्रकार उत्कृष्ट विशुद्धिका यह क्रम अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समय तक ले जाना चाहिए।**

§ १०५. इस प्रकार समनन्तर पूर्व समयोंको देखते हुए उत्कृष्ट विशुद्धि ही अनन्तगुणी ले जानी चाहिए। कितनी दूर तक ले जानी चाहिए ऐसा कहने पर 'अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समय तक' इस प्रकार प्रकृत अल्पबहुत्वप्ररूपणाकी मर्यादाका निर्देश किया है। शेष कथन सुगम है।

विशेषार्थ—यहाँ पूर्वमें निर्दिष्ट की गई कल्पित अंक संदृष्टिको ध्यानमें रखकर अनेक जीवोंके आश्रयसे विशुद्धिसम्बन्धी उक्त अल्पबहुत्वको स्पष्ट करते हैं। समझो एक जीव है जो अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें विशुद्धिवश १ संख्याक परिणामको प्राप्त हुआ उसकी विशुद्धि सबसे जघन्य होगी। अब एक ऐसा दूसरा जीव है जो दूसरे समयमें ४० संख्याक जघन्य परिणामको प्राप्त हुआ। उसकी विशुद्धि पूर्वकी विशुद्धिसे अनन्तगुणी होगी। अब एक ऐसा तीसरा जीव है जो ८० संख्याक जघन्य परिणामको तीसरे समयमें प्राप्त हुआ।

१. ता०प्रतौ णिद्देसे इति पाठः।

उसकी विशुद्धि पूर्वकी विशुद्धिसे अनन्तगुणी होगी। अब एक ऐसा जीव है जो चौथे समयमें १२१ संख्याक जघन्य परिणामको प्राप्त हुआ। उसकी विशुद्धि पूर्वकी विशुद्धिसे अनन्तगुणी होगी। यहाँ सर्वत्र षट्स्थान पतित क्रमसे असंख्यात लोकप्रमाण परिणामोंके बाद तत्तत्स्थानसम्बन्धी यह जघन्य विशुद्धिस्थान प्राप्त होता है ऐसा समझना चाहिए। अब एक ऐसा जीव है जो अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें ही १६२ संख्याक उत्कृष्ट परिणामको प्राप्त हुआ। उसकी उत्कृष्ट विशुद्धि पूर्वकी जघन्य विशुद्धिसे अनन्तगुणी होगी। इस विशुद्धिको भी अनन्तगुणी पूर्वोक्त प्रकारसे जान लेना चाहिए। अब एक ऐसा जीव है जो द्वितीय निर्वर्गणाकाण्डकके प्रथम समयमें १६३ संख्याक जघन्य परिणामको प्राप्त हुआ। उसकी जघन्य विशुद्धि पूर्वकी उत्कृष्ट विशुद्धिसे अनन्तगुणी है। यहाँ पूर्वकी उत्कृष्ट विशुद्धि ऊर्वंकस्वरूप है और प्रकृत जघन्य विशुद्धि अष्टांकस्वरूप है, इसलिये उससे यह अनन्तगुणी है। अब एक ऐसा जीव है जो अधःप्रवृत्तकरणके द्वितीय समयमें २०५ संख्याक उत्कृष्ट परिणामको प्राप्त हुआ। उसकी उत्कृष्ट विशुद्धि पूर्वकी जघन्य विशुद्धिसे अनन्तगुणी है। अब एक ऐसा जीव है जो द्वितीय निर्वर्गणाकाण्डकके द्वितीय समयमें २०६ संख्याक जघन्य परिणामको प्राप्त हुआ। उसकी जघन्य विशुद्धि पूर्वकी उत्कृष्ट विशुद्धिसे अनन्तगुणी है। अब एक ऐसा जीव है जो अधःप्रवृत्तकरणके तीसरे समयमें २४९ संख्याक उत्कृष्ट परिणामको प्राप्त हुआ। उसकी उत्कृष्ट विशुद्धि पूर्वकी जघन्य विशुद्धिसे अनन्तगुणी है। यह एक क्रम है जिसे ध्यानमें लेकर परस्थानसम्बन्धी पूरे अल्पबहुत्वको समझ लेना चाहिए। अब यहाँ इसी विषयको स्पष्ट करनेके लिये कोष्ठक दे रहे हैं—

ज०	ज.	ज.	ज.	ज.	ज.	ज.	ज.	ज.	ज.
१	४०	८०	१२१	१६३	२०६	२५०	२९५	३४१	३८८
(१) १	२	३	४	(२) ५	६	७	८	(३) ९	१०

(१)	१	२	३	४	(२)	५	६	७							
	१६२	२०५	२४९	२९४		३४०	३८७	४३५							
	उ.	उ.	उ.	उ.		उ.	उ.	उ.							
	ज.	ज.	ज.	ज.	ज.	ज.									
	४३६	४८५	५३५	५८६	६३८	६९१									
	११	१२	(४) १३	१४	१५	१६									
७	८	(३)	९	१०	११	१२	(४)	१३	१४	१५	१६				
	४८४		५३४	५८५	६३७	६९०		७४४	७९९	८८५	९१२				
	उ.		उ.	उ.	उ	उ.		उ.	उ.	उ.	उ.				

§ १०६. एवमधापवत्तकरणविसोहीणमप्पाबहुअमुहेण परूवणं कादूण संपहि पयदत्थमुवसंहरेमाणो सुत्तमिदमाह—

*** एदमधापवत्तकरणस्स लक्खणं ।**

§ १०७. एदमणंतरपरूविदमणुकड्डिलक्खणमधापवत्तकरणस्स लक्खणं दट्ठव्वमिदि भणिदं होदि । एवमेदमुवसंहरिय संपहि अपुव्वकरणलक्खणपरूवणट्ठमिदमाह—

*** अपुव्वकरणस्स पढमसमए जहण्णिया विसोही थोवा ।**

§ १०८. एत्थ ताव अपुव्वकरणद्धमंतोमुहुत्तपमाणं समयभावेण ट्ठविय तत्थ परिणामाणमवट्ठाणक्कमं सुत्तसूचिदं वत्तइस्सामो । तं जहा—तत्थ तिण्णि अणिओगद्दाराणि—परूवणा पमाणमप्पाबहुअं च । तत्थ परूवणदाए अत्थि अपुव्वकरणपढमसमए परिणामट्ठाणाणि । एवं णेदव्वं जाव चरिमसमओ त्ति । परूवणा गया । पमाणं—एक्केक्कम्मि समए परिणामट्ठाणाणि असंखेज्जा लोगा । पमाणं गदं ।

§ १०९. अप्पाबहुअं दुविहं—विसोहीणं तिव्व-मंदप्पाबहुअं परिणामपंति-

---

१. यहाँ १ से लेकर १६ तककी संख्या अधःप्रवृत्तकरणके समयोंकी सूचक है ।

२. ब्रेकेटके भीतरकी संख्या निर्वर्गणाकाण्डकोंकी सूचक है । प्रत्येक निर्वर्गणाकाण्डक

मार्गदर्शक -आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज

३. १, ४० आदि संख्या उस उस समयके उस उस संख्याक परिणामकी सूचक है ।

४. यहाँ जघन्यसे जघन्य, जघन्यसे उत्कृष्ट, उत्कृष्टसे जघन्य और उत्कृष्टसे उत्कृष्ट प्रत्येक स्थान अनन्तगुणी विशुद्धिको लिये हुए है ।

§ १०६. इस प्रकार अधःप्रवृत्तकरणसम्बन्धी विशुद्धियोंके अल्पबहुत्वद्वारा कथन करके अब प्रकृत अर्थका उपसंहार करते हुए इस सूत्रको कहते हैं—

*** यह अधःप्रवृत्तकरणका लक्षण है ।**

§ १०७. यह अनन्तर पूर्व कहा गया अनुत्कृष्टिका लक्षण अधःप्रवृत्तकरणका लक्षण जानना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है । इस प्रकार इसका उपसंहार कर अब अपूर्वकरणके लक्षणका कथन करनेके लिए इस सूत्रको कहते हैं—

*** अपूर्वकरणके प्रथम समयमें जघन्य विशुद्धि सबसे स्तोक है ।**

§ १०८. यहाँ पर सर्वप्रथम अपूर्वकरणके अन्तर्मुहूर्तप्रमाण कालको समयरूपसे स्थापित कर वहाँ परिणामोंके सूत्र द्वारा सूचित हुए अवस्थानक्रमको बतलावेंगे । यथा—प्रकृतमें तीन अनुयोगद्वार हैं—प्ररूपणा, प्रमाण और अल्पबहुत्व । उनमेंसे सर्वप्रथम प्ररूपणा अनुयोगद्वारको बतलाते हैं—अपूर्वकरणके प्रथम समयमें परिणामस्थान हैं । इसी प्रकार अन्तिम समय तक कथन करते हुए ले जाना चाहिए । प्ररूपणा अनुयोगद्वार समाप्त हुआ । प्रमाण—एक-एक समयमें परिणामस्थान असंख्यात लोकप्रमाण हैं । प्रमाण अनुयोद्वार समाप्त हुआ ।

§ १०९. अल्पबहुत्व दो प्रकार हैं—विशुद्धियोंकी तीव्रता-मन्दतासम्बन्धी अल्पबहुत्व

दीहत्तप्पाबहुअं चेदि। तत्थ ताव पढमसमयपवट्ठि परिणामपंतीणमायामस्स थोव-बहुत्तविधिं वत्तइस्सामो। तं जहा—अपुव्वकरणपढमसमए परिणामपंतिआयामो थोवो। विदियसमए विसेसाहिओ। केत्तियमेत्तो विसेसो? असंखेज्जलोगपरिणामट्ठाणमेत्तो। होंतो वि पढमसमयपरिणामपंतिमंतोमुहुत्तमेत्तखंडाणि कादूण तत्थ एयखंडमेत्तो। एवमणंतरोवणिधाए विसेसाहियकमेण णेदव्वं जाव चरिमसमयपरिणामपंतिआयामो त्ति। णवरि समए समए अपुव्वाणि चेव परिणामट्ठाणाणि। संपहि विसोहीणं तिव्व-मंददाये अप्पाबहुअं सुत्ताणुसारेण कस्सामो। तं जहा—'अपुव्वकरणपढमसमए जहण्ण-विसोही थोवा' एवं भणिदे अपुव्वकरणपढमसमए असंखेज्जलोगमेत्तविसोहिट्ठाणाणं मज्झे जा जहण्णिया विसोही सा सव्वमंदाणुभागा त्ति वुत्तं होइ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** तत्थेव उक्कस्सिया विसोही अणंतगुणा।**

§ ११०. तत्थेवापुव्वकरणपढमसमए जा उक्कस्सिया विसोही असंखेज्जलोगमेत्त-छट्ठाणाणि समुल्लंघियूणावट्ठिदा सा पुव्विल्लजहण्णविसोहीदो अणंतगुणा त्ति वुत्तं होइ।

*** विदियसमए जहण्णिया विसोही अणंतगुणा।**

और परिणामसम्बन्धी पंक्तियोंकी दीर्घतासम्बन्धी अल्पबहुत्व। उनमेंसे सर्वप्रथम प्रथम समयसे लेकर परिणामोंकी पंक्तियोंके आयामकी अल्पबहुत्वविधिको बतलावेंगे। यथा—अपूर्वकरणके प्रथम समयमें परिणामोंकी पंक्तिका आयाम सबसे स्तोक है। उससे दूसरे समयमें विशेष अधिक है।

शंका—विशेषका प्रमाण कितना है?

समाधान—असंख्यात लोकप्रमाण जो परिणामस्थान हैं तत्प्रमाण है। इतना होता हुआ भी प्रथम समयकी परिणामोंकी पंक्तिके, अन्तर्मुहूर्तके जितने समय हों उतने खण्ड करने पर उनमें एक खण्डप्रमाण है।

इस प्रकार अनन्तरोपनिधाका आश्रयकर विशेषाधिक क्रमसे अन्तिम समयके परि-णामोंकी पंक्तिके आयामके प्राप्त होनेतक कथन करते हुए ले जाना चाहिए। इतनी विशेषता है कि प्रत्येक समयमें अपूर्व ही परिणामस्थान प्राप्त होते हैं। अब विशुद्धियोंकी तीव्रता-मन्दताके अल्पबहुत्वको सूत्रके अनुसार करेंगे। यथा—'अपूर्वकरणके प्रथम समयमें जघन्य विशुद्धि सबसे स्तोक है' ऐसा कहने पर अपूर्वकरणके प्रथम समयमें असंख्यात लोकप्रमाण विशुद्धिस्थानोंके मध्य जो जघन्य विशुद्धि है वह सबसे मन्द अनुभागवाली है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** वहीं पर उत्कृष्ट विशुद्धि अनन्तगुणी है।**

§ ११०. वहीं पर अर्थात् अपूर्वकरणके प्रथम समयमें जो उत्कृष्ट विशुद्धि है वह असंख्यात लोकप्रमाण षट्स्थानोंको उल्लंघन कर अवस्थित है। वह पूर्वकी जघन्य विशुद्धिसे अनन्तगुणी है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** उससे दूसरे समयमें जघन्य विशुद्धि अनन्तगुणी है।**

§ १११. किं कारणं ? असंखेज्जलोगमेत्ताणि छट्ठाणाणि अंतरिदूणेदिस्से मुनि श्री सुविधिसागर जी महाराज

* तत्थेव उक्कस्सिया विसोही अणंतगुणा ।

§ ११२. तत्थेवापुव्वकरणविदियसमए जा उक्कस्सिया विसोही सा अणंतरपरूविदजहण्णविसोहीदो अणंतगुणा त्ति भणिदं होइ । एत्थ वि कारणं पुव्वं व वत्तव्वं ।

* समये समये असंखेज्जा लोगा परिणामट्ठाणाणि ।

§ ११३. अपुव्वकरणद्धाए सव्वत्थ समयं पडि असंखेज्जलोगमेत्ताणि परिणामट्ठाणाणि एदेणप्पाबहुअविहिणा अवट्ठिदा त्ति भणिदं होइ ।

* एवं णिव्वग्गणा च ।

§ ११४. जत्तियमद्धाणमुवरि गंतूण णिरुद्धसमयपरिणामाणमणुकट्टी वोच्छिज्जदि तमेव णिव्वग्गणकंडयं णाम । एत्थ पुण समये समये चेव णिव्वग्गणकंडयं घेत्तव्वं, विवक्खियसमयपरिणामाणमुवरि एगम्मि वि समए संभवाणुवलंभादो त्ति एसो एदस्स सुत्तस्स भावत्थो ।

* एदं अपुव्वकरणस्स लक्खणं ।

§ ११५. एदमणंतरपरूविदं समए समए अणुकट्टिवोच्छेदलक्खणमपुव्वकरणलक्खणमवहारेयव्वमिदि वुत्तं होइ ।

---

§ १११. क्योंकि असंख्यात लोकप्रमाण षट्स्थानोंके अन्तरसे इसकी उत्पत्ति स्वीकार की गई है ।

* वहीं पर उत्कृष्ट विशुद्धि अनन्तगुणी है ।

§ ११२. वहीं पर अर्थात् अपूर्वकरणके दूसरे समयमें जो उत्कृष्ट विशुद्धि होती है वह अनन्तरपूर्व कही गई जघन्य विशुद्धिसे अनन्तगुणी है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । यहाँ पर भी कारणका कथन पहलेके समान करना चाहिए ।

* प्रत्येक समयमें असंख्यात लोकप्रमाण परिणामस्थान होते हैं ।

§ ११३. अपूर्वकरणके कालमें सर्वत्र प्रत्येक समयमें असंख्यात लोकप्रमाण परिणामस्थान होते हैं यह बात इस अल्पबहुत्वके द्वारा निश्चित होती है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

* और इसी प्रकार प्रत्येक समयमें निर्वर्गणा होती है ।

§ ११४. जितने स्थान ऊपर जाकर विवक्षित समयके परिणामोंकी अनुकृष्टिका विच्छेद होता है उसीका नाम निर्वर्गणाकाण्डक है । परन्तु यहाँ अपूर्वकरणके प्रत्येक समयमें निर्वर्गणाकाण्डकको ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि विवक्षित समयके परिणाम ऊपरके एक भी समयमें सम्भव नहीं हैं यह इस सूत्रका भावार्थ है ।

* यह अपूर्वकरणका लक्षण है ।

§ ११५ अनन्तर पूर्व कहा गया यह प्रत्येक समयमें अनुकृष्टिका विच्छेदस्वरूप अपूर्वकरणका लक्षण जानना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

विशेषार्थ—यहाँ अपूर्वकरणके स्वरूपका निर्देश करते हुए बतलाया है कि अपूर्वकरण का काल अन्तर्मुहूर्त है जो अधःप्रवृत्तकरणके कालके संख्यातवें भागप्रमाण है। इस कालमें कुल परिणामोंका प्रमाण असंख्यात लोकप्रमाण होकर भी प्रत्येक समयके परिणाम भी असंख्यात लोकप्रमाण हैं। जो प्रथम समयसे लेकर अन्तिम समय तक प्रत्येक समयमें सदृश वृद्धिको लिये हुए हैं। प्रथम समयके असंख्यात लोकप्रमाण परिणामोंमें अन्तर्मुहूर्तका भाग देने पर जो एक भाग लब्ध आवे उतना प्रत्येक समयमें वृद्धि या चयका प्रमाण है। यहाँ प्रत्येक समयमें असंख्यात लोकप्रमाण परिणाम हैं इसकी सिद्धि प्रत्येक समयमें प्राप्त होनेवाली विशुद्धिके अल्पबहुत्वको ध्यानमें रख कर की गई है, क्योंकि प्रथम समयकी जघन्य विशुद्धि सबसे स्तोक है। उससे उसी समयमें प्राप्त होनेवाली उत्कृष्ट विशुद्धि असंख्यात लोकप्रमाण षट्स्थानोंको उल्लंघन कर प्राप्त होती है, इसलिये अनन्तगुणी है। उससे दूसरे समयमें प्राप्त होनेवाली जघन्य विशुद्धि असंख्यात लोकप्रमाण षट्स्थानोंको उल्लंघन कर प्राप्त होती है, इसलिये अनन्तगुणी है। तथा उससे उसी समयमें प्राप्त होनेवाली उत्कृष्ट विशुद्धि असंख्यात लोकप्रमाण षट्स्थानोंको उल्लंघन कर प्राप्त होती है, इसलिये अनन्तगुणी है। इसी प्रकार आगे भी प्रत्येक समयमें जघन्य और उत्कृष्ट विशुद्धिका यह अल्पबहुत्व अपूर्वकरणके अन्तिम समय तक जानना चाहिए। यहाँ प्रत्येक समयकी जघन्य विशुद्धिसे उसी समयकी उत्कृष्ट विशुद्धिको और उस समयकी उत्कृष्ट विशुद्धिसे अगले समयकी जघन्य विशुद्धिको उक्त प्रकारसे अनन्तगुणी बतलाया है। इससे स्पष्ट है कि अपूर्वकरणके प्रत्येक समयमें असंख्यात-लोकप्रमाण परिणामस्थान होते हैं। वे सब परिणामस्थान प्रत्येक समयके अपूर्व-अपूर्व ही होते हैं, इसलिये यहाँ भिन्न समयवाले जीवोंको तद्भिन्न समयवाले जीवोंके साथ अनुकृष्टि तो बनती ही नहीं। किन्तु एक समयवाले जीवोंके परिणामोंमें सदृशता-विसदृशता बन जाती है। इसलिये अपूर्वकरणमें एक समयवाली ही निर्वर्गणा स्वीकार की गई है। खुलासा इस प्रकार है कि जो अनेक जीव एक साथ अपूर्वकरणमें प्रवेश करते हैं उनके परिणाम परस्परमें सदृश भी हो सकते हैं और विसदृश भी। किन्तु भिन्न समयवाले जीवोंके परिणाम विसदृश ही होते हैं। अब अपूर्वकरणके उक्त स्वरूपको स्पष्ट करनेके लिये यहाँ कल्पित अंक-संदृष्टि दी जाती है—

कुल परिणामोंकी संख्या—४०९६; अन्तर्मुहूर्तका प्रमाण ८; चयका प्रमाण १६; नियम यह है कि एक कम पदके आधेको पद और चयसे गुणित करनेपर उत्तरधन प्राप्त होता है। यथा—$८ - १ = ७ \div २ = \frac{७}{२} \times ८ \times १६ = ४४८$; इसे सर्वधन ४०९६ मेंसे कम करने पर ४०९६ – ४४८ = ३६४८ शेष रहे। इसमें ८ का भाग देने पर ३६४८ ÷ ८ = ४५६ लब्ध आये। यह अपूर्वकरणके प्रथम समयके कुल परिणाम हैं। इनमें उत्तरोत्तर एक-एक चय १६ जोड़ने पर दूसरे समयसे लेकर आठवें समय तक प्रत्येक समयका द्रव्य क्रमसे ४७२, ४८८, ५०४, ५२०, ५३६, ५५२, और ५६८ होता है। प्रत्येक समयमें होनेवाले ये परिणाम नाना जीवोंकी अपेक्षा कहे गये हैं, क्योंकि एक समयमें एक जीवका परिणाम एक ही होता है, दूसरे जीवका भी उसी समय यह परिणाम हो सकता है और उससे भिन्न परिणाम भी हो सकता है। इस प्रकार प्रत्येक समयमें नाना जीवोंके परिणाम परस्पर सदृश भी होते हैं और विसदृश भी होते हैं, इसलिये इसका अपूर्वकरण यह नाम सार्थक है। इसमें भिन्न-भिन्न समयवाले जीवोंके परिणामोंमें परस्पर अनुकृष्टि नहीं बनती यह हम पहले ही बतला आये हैं, इसलिये इस करणमें प्रत्येक समयमें पृथक्-पृथक् निर्वर्गणाकाण्डक स्वीकार किया गया है।

§ ११६. संपहि अणियट्टिकरणस्स लक्खणट्ठपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

*** अणियट्टिकरणे समए समए एक्केक्कपरिणामट्ठाणाणि अणंतगुणाणि च ।**

§ ११७. अणियट्टिकरणपढमसमयप्पहुडि जाव चरिमसमओ त्ति ताव एक्केक्कं चेव परिणामट्ठाणं होइ । तत्थेगसमयम्मि परिणामभेदाभावेहिं होंतं पि समयं पडि अणंतगुणकमेणेवावट्ठिदं[1] दट्ठव्वं, तत्थ पयारंतरासंभवादो । तम्हा अणियट्टिकरणम्मि अंतोमुहुत्तमेत्ताणि चेव परिणामट्ठाणाणि अणंतगुणसरूवेणावट्ठिदाणि होंति त्ति एसो एदस्स सुत्तस्स भावत्थो ।

*** एदमणियट्टिकरणस्स लक्खणं ।**

§ ११८. सुगममेदमुवसंहारवक्कं ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ११६. अब अनिवृत्तिकरणके लक्षणके अर्थका कथन करनेके लिये आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** अनिवृत्तिकरणके प्रत्येक समयमें एक-एक परिणामस्थान होता है तथा वे सब परिणामस्थान उत्तरोत्तर अनन्तगुणित होते हैं ।**

§ ११७. अनिवृत्तिकरणके प्रथम समयसे लेकर अन्तिम समय तक एक-एक परिणामस्थान ही होता है । वहाँ एक समयमें परिणाम भेद नहीं है, फिर भी प्रत्येक समयमें होनेवाला वह परिणाम उत्तरोत्तर अनन्तगुणित क्रमसे ही अवस्थित है ऐसा जानना चाहिए, क्योंकि वहाँ दूसरा प्रकार सम्भव नहीं है । इसलिये अनिवृत्तिकरणमें अन्तर्मुहूर्तप्रमाण ही परिणामस्थान अनन्तगुणितस्वरूपसे अवस्थित हैं यह इस सूत्रका भावार्थ है ।

*** यह अनिवृत्तिकरणका लक्षण है ।**

§ ११८. यह उपसंहारवाक्य सुगम है ।

विशेषार्थ—यहाँ अनिवृत्तिकरणके स्वरूपका निर्देश करते हुए बतलाया है कि इस करणका काल भी अन्तर्मुहूर्तप्रमाण है जो अपूर्वकरणके कालके संख्यातवें भागप्रमाण है । पहले अधःप्रवृत्तकरण और अपूर्वकरणमें अपने-अपने कालके भीतर होनेवाले सब परिणामोंका योग असंख्यात लोकप्रमाण बतला आये हैं और प्रत्येक समयमें होनेवाले परिणाम भी उत्तरोत्तर सदृश वृद्धिरूपसे अवस्थित असंख्यात लोकप्रमाण बतला आये हैं। किन्तु वह व्यवस्था अनिवृत्तिकरणमें नहीं है । किन्तु इस करणका जितना काल है उसमें होनेवाले परिणाम भी उतने ही हैं जो उत्तरोत्तर अनन्तगुणी विशुद्धिको लिये हुए हैं । तात्पर्य यह है कि यहाँ नाना जीवोंकी अपेक्षा भी विवक्षित समयमें वही परिणाम होता है जो दूसरे आदि जीवोंका उस समयमें पहले अतीत कालमें हुआ है, वर्तमान समयमें है या भविष्यमें होगा । इसमें न तो गतिभेद बाधक है, न लेश्याभेद बाधक है, न संस्थानभेद बाधक है और न वेदभेद ही बाधक है । एक समयमें स्थित नाना जीवोंका एक ही परिणाम होता है और भिन्न समयमें स्थित जीवोंका भिन्न ही परिणाम होता है । इस प्रकार यह सिद्ध हुआ कि इस

१. ता०प्रतौ –कमेण वावट्ठिदं इति पाठः ।

§ ११९. एवं तिण्हं करणाणं लक्खणं परूविय संपहि एदेहिं करणेहिं अणादिय-मिच्छादिट्ठिस्स दंसणमोहोवसामणाविहाणं परूवेमाणो तव्विसयमेव पइण्णावक्कमाह—

*** अणादियमिच्छाविट्ठिस्स उवसामगस्स परूवणं वत्तइस्सामो।**

§ १२०. दंसणमोहउवसामणाए पट्ठवगो अणादियमिच्छाइट्ठी वा होज्ज सादिय-मिच्छाइट्ठी वा वेदगपाओग्गभावं वोलिय अट्ठावीसं सत्तावीसं छव्वीसाणमण्णदरकम्मं-सिओ होदूण पुणो सम्मत्तग्गहणाहिमुहो होज्जं ति। तत्थ ताव अणादियमिच्छादिट्ठि-मस्सियूण परूवणं वत्तइस्सामो, सादियमिच्छादिट्ठिउवसामयपरूवणाए तप्परूवणादो चेव गयत्थत्तदंसणादो त्ति भणिदं होइ।

*** तं जहा।**

करणके कालके जितने समय हैं, परिणाम भी उतने ही हैं, न न्यून हैं और न अधिक हैं। ऐसा होते हुए भी ये परिणाम उत्तरोत्तर अनन्तगुणी वृद्धिरूपसे ही अवस्थित हैं। इसका आशय यह है कि जिस प्रकार अधःप्रवृत्तकरणमें और अपूर्वकरणके एक समयमें होनेवाले परि-णामों में उत्तरोत्तर अनन्तभागवृद्धि, असंख्यातभागवृद्धि आदि बन जाती है। उस प्रकारकी व्यवस्था यहाँ एक समयवर्ती परिणामभेद न होनेके कारण इन परिणामोंकी न होकर यहाँ प्रथम समयके परिणामसे दूसरे समयका परिणाम तथा द्वितीयादि समयोंके परिणामोंसे तृतीयादि समयोंके परिणाम उत्तरोत्तर अनन्तगुणी वृद्धिको लिये हुए ही हैं। इस प्रकार यह अनिवृत्तिकरणका स्वरूप है।

§ ११९. इस प्रकार तीनों करणोंके लक्षणोंका कथन कर अब इन करणोंके द्वारा अनादि मिथ्यादृष्टि जीवके दर्शनमोहनीयकर्मकी उपशामनाविधिका कथन करते हुए तद्विषयक ही प्रतिज्ञावाक्यको कहते हैं—

*** अब अनादि मिथ्यादृष्टि उपशामककी प्ररूपणा बतलाते हैं।**

§ १२०. दर्शनमोहकी उपशामनाका प्रस्थापक अनादि मिथ्यादृष्टि जीव भी होता है और वेदकसम्यक्त्वके योग्य भावको उल्लंघन कर अट्ठाईस, सत्ताईस तथा छब्बीस इनमेंसे अन्यतर प्रकृतियोंकी सत्तावाला होकर सादि मिथ्यादृष्टि भी सम्यक्त्व ग्रहणके अभिमुख होता है। उनमेंसे सर्व प्रथम अनादि मिथ्यादृष्टि जीवके आश्रयसे कथन करेंगे, क्योंकि सादि मिथ्यादृष्टि उपशामककी प्ररूपणाका ज्ञान अनादि मिथ्यादृष्टि उपशामककी प्ररूपणासे ही होता हुआ देखा जाता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

विशेषार्थ—सभी सादि मिथ्यादृष्टि जीव प्रथम सम्यक्त्वके ग्रहणके पात्र नहीं होते। किन्तु जिन्होंने कमसे कम वेदकसम्यक्त्वके ग्रहणके योग्य पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण कालको उल्लंघन कर लिया है ऐसे मोहनीयकर्मकी २८, २७ या २६ प्रकृतियोंकी सत्तावाले मिथ्यादृष्टि जीव ही दर्शनमोहनीयकी उपशामना करनेमें समर्थ होते हैं। यहाँ यद्यपि अनादि मिथ्यादृष्टि जीव दर्शनमोहनीयकी उपशामना किस प्रकार करते हैं यह प्रमुखतासे बतलाया जा रहा है, पर उससे सादि मिथ्यादृष्टि जीवोंके दर्शनमोहनीयकी उपशामना किस प्रकारसे होती है इसका भी ज्ञान हो जाता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** वह जैसे।**

§ १२१. सुगमं ।

*** अधापवत्तकरणे ट्ठिदिखंडयं वा अणुभागखंडयं वा गुणसेढी वा गुणसंकमो वा णत्थि, केवलमणंतगुणाए विसोहीए विसुज्झदि ।**

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ १२२. किं कारणमेत्थ ट्ठिदिखंडयघादादीणमभावो चे ? ण, अधापवत्तविसोहीणं तहाविहसत्तीए असंभवादो । तम्हा केवलमेसो पडिसमयमणंतगुणाए विसोहीए विसुज्झदि, ण पुण ट्ठिदिखंडयादिकज्जकरणक्खमो त्ति सिद्धं ।

*** अप्पसत्थकम्मंसे जे बंधइ ते दुट्ठाणिये अणंतगुणहीणे च, पसत्थकम्मंसे जे बंधइ ते च चउट्ठाणिए अणंतगुणे च समये समये ।**

§ १२३. जइ वि ऐसो ट्ठिदिखंडयघादादिकज्जविसेसं ण कुणइ तो वि ण एदस्स पडिसमयमणंतगुणविसोहिपरिणामो णिप्फलो, समयं पडि अप्पसत्थ-पसत्थपयडीण-

---

§ १२१. यह सूत्र सुगम है ।

* अधःप्रवृत्तकरणमें स्थितिकाण्डकघात, अनुभागकाण्डकघात, गुणश्रेणि और गुणसंक्रम नहीं होता । केवल वह प्रति समय अनन्तगुणी विशुद्धिसे विशुद्ध होता जाता है ।

§ १२२. **शंका**—इस करणमें स्थितिकाण्डकघात आदिका अभाव होनेका क्या कारण है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि अधःप्रवृत्तकरणमें प्राप्त होनेवाली विशुद्धियोंमें उसप्रकारकी शक्तिका अभाव है, इसलिये वह केवल प्रति समय अनन्तगुणी विशुद्धिसे विशुद्ध होता जाता है । परन्तु वह काण्डकघात आदि कार्य करनेमें समर्थ नहीं होता यह सिद्ध हुआ ।

विशेषार्थ—अधःप्रवृत्तकरणके प्रत्येक समयके परिणामोंमें नाना जीवोंकी अपेक्षा तो यथासम्भव षट्स्थान पतित वृद्धिस्वरूप विशुद्धि बन जाती है, परन्तु प्रथम समयके विवक्षित परिणामसे दूसरे समयका विवक्षित परिणाम नियमसे अनन्तगुणी विशुद्धिसे युक्त होता है यह सब पहले प्रथमादि समयोंमें प्राप्त होनेवाली विशुद्धियोंके अल्पबहुत्वके कथनके प्रसंगसे बतला ही आये हैं । फिर भी इन परिणामोंमें स्थितिकाण्डकघात आदिरूप कार्य करनेकी सामर्थ्य नहीं पाई जाती यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

*** यह जीव जिन अप्रशस्त कर्मांशोंको बाँधता है उन्हें समय समयमें द्विस्थानीय अनन्तगुणी हीन अनुभाग शक्तिसे युक्त बाँधता है । तथा जिन प्रशस्त कर्मांशोंको बाँधता है उन्हें समय समयमें चतुःस्थानीय अनन्तगुणी अनुभागशक्तिसे युक्त बाँधता है ।**

§ १२३. यद्यपि यह जीव स्थितिकाण्डकघात आदि कार्यविशेषको नहीं करता है तो भी इसका प्रति समय अनन्तगुणी विशुद्धिस्वरूप होनेवाला परिणाम निष्फल नहीं है, क्योंकि

मणुभागबंधोसरणतदुक्कस्सीकरणलक्खणफलविसेसोवलंभादो त्ति वुत्तं होइ ।

*** ट्ठिदिबंधे पुण्णे पुण्णे अण्णं ट्ठिदिबंधं पलिदोवमस्स संखेज्जदिभाग-हीणं बंधदि ।**

§ १२४. एतदुक्तं भवति—अधापवत्तकरणपढमसमए चेव तदणंतरहेट्ठिमसमयट्ठिदि-बंधादो तप्पाओग्गंतोकोडाकोडिपमाणादो पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागेण परिहीणमण्ण-ट्ठिदिबंधमाढवेइ । पुणो एदं ट्ठिदिबंधमंतोमुहुत्तकालमवट्ठिदसरूवेण बंधमाणो तब्बंधगद्धा परिच्छिज्जदे, तत्तो अण्णं ट्ठिदिबंधं पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागेण परिहीणमाढविय तं पि अंतोमुहुत्तकालमवट्ठिदसरूवेण बंधइ । एवमेदेण कमेण पुण्णे पुण्णे ट्ठिदिबंधे अण्णं ट्ठिदिबंधं पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागेण परिहीणं कादूण बंधमाणो सगद्धाए संखेज्ज-सहस्समेत्ताणि ट्ठिदिबंधोसरणाणि करेदि त्ति ।

मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

उससे अप्रशस्त प्रकृतियोंका अनुभागबन्धापसरण लक्षण और प्रशस्त प्रकृतियोंके अनुभाग-बन्धका उत्कृष्टीकरणलक्षण फलविशेष पाया जाता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

विशेषार्थ—इस जीवके पहले नरकादि किस गतिमें किन प्रकृतियोंका बन्ध होता है यह बतला आये हैं । यहाँ यह बतलाया है कि जिस गतिसम्बन्धी इस अवस्थामें जिन प्रकृतियोंका बन्ध होता है उनमेंसे अप्रशस्त प्रकृतियोंका अनुभागबन्ध द्विस्थानीय होकर भी प्रत्येक समयमें अनन्तगुणा हीन होता जाता है और प्रशस्त प्रकृतियोंका अनुभागबन्ध चतुः-स्थानीय होकर भी प्रत्येक समयमें अनन्तगुणी वृद्धिरूप होता जाता है ।

*** एक-एक स्थितिबन्धके पूर्ण पूर्ण होनेपर पल्योपमके संख्यातवें भागसे हीन अन्य-अन्य स्थितिबन्धको बाँधनेके लिये आरम्भ करता है ।**

§ १२४. उक्त कथनका यह तात्पर्य है कि अधःप्रवृत्तकरणके प्रथम समयमें ही उससे अनन्तर पूर्व अधस्तन समयमें होनेवाले तत्प्रायोग्य अन्तःकोड़ाकोड़ीप्रमाण स्थितिबन्धसे पल्योपमका संख्यातवाँ भाग हीन अन्य स्थितिबन्धको आरम्भ करता है । पुनः इस स्थिति-बन्धको अन्तर्मुहूर्त कालतक अवस्थितरूपसे बाँधनेवालेके उसका बन्धकाल क्षीण हो जाता है । पुनः उससे पल्योपमका संख्यातवाँ भागप्रमाण न्यून अन्य स्थितिबन्धका आरम्भकर उसे भी अन्तर्मुहूर्तकालतक अवस्थितरूपसे बाँधता है । इसप्रकार इस क्रमसे स्थितिबन्धके पुनः पुनः पूर्ण होनेपर पल्योपमका संख्यातवाँ भागप्रमाण हीन अन्य स्थितिबन्धको प्रारम्भकर बन्ध करता हुआ उक्त जीव अधःप्रवृत्तकरण कालके भीतर संख्यात हजार स्थितिबन्धापसरण करता है ।

विशेषार्थ—अधःप्रवृत्तकरणका जो अन्तर्मुहूर्त काल है उसके एक स्थितिबन्धापसरणके कालप्रमाण संख्यात हजार खण्ड करे । उनमेंसे प्रत्येक खंडका प्रमाण भी अन्तर्मुहूर्त होता है । इसप्रकार अधःप्रवृत्तकरणके कालके जितने खण्ड हुए उतने उस कालमें स्थितिबन्धापसरण होते हैं । इनमेंसे प्रत्येक स्थितिबन्धापसरणमें पूर्व-पूर्वके स्थितिबन्धके प्रमाणमेंसे पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण स्थिति कम हो-होकर बन्ध होता है यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है ।

६१२५. एवमधापवत्तकरणे वावारविसेसं परूविय संपहि तमल्लंघियूणापुव्वकरण-
मार्गदर्शक - आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज
विसोहीए परिणदस्स पढमसमयप्पहुडि वावारविसेसपदुप्पायणट्ठमुवरिमसुत्तपबंधमाह—

*** अपुव्वकरणपढमसमये ट्ठिदिखंडयं जहण्णगं पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागो, उक्कस्सगं सागरोवमपुधत्तं ।**

§ १२६. अणंतरपरूविदेण विधिणा अधापवत्तकरणद्धं वोलाविय पुणो अपुव्व-करणं पविट्ठस्स पढमसमए चेव ट्ठिदि-अणुभागखंडयघादा दो वि कादुमाढत्ता, अपुव्वकरण-विसोहिपरिणामस्स तदुभयघादणिबंधणत्तादो। तत्थ ताव पढमट्ठिदिखंडयमेत्तवियप्प-भाहो अत्थि जहण्णुक्कस्सवियप्पसंभवो त्ति एवंविहाए पुच्छाए णिरारेगीकरणट्ठमिदं सुत्तमोइण्णं। तं जहा—जहण्णेण ताव पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागायामं ट्ठिदिखंडय-मागाएदि, दंसणमोहोवसामगपाओग्गसव्वजहण्णंतोकोडाकोडिमेत्तट्ठिदिसंतकम्मेणा-गदम्मि तदुवलंभादो। उक्कस्सेण पुण सागरोवमपुधत्तमेत्तायामं पढमट्ठिदिखंडयमाढवेइ, पुव्विल्लजहण्णट्ठिदिसंतकम्मादो संखेज्जगुणट्ठिदिसंतकम्मेण सहागंतूण अपुव्वकरणं पविट्ठस्स पढमसमये तदुवलंभादो। किं पुण कारणं दोण्हं पि विसोहिपरिणामेसु समाणेसु संतेसु घादिदसेसाणं ट्ठिदिसंतकम्माणं एत्तं विसरिसभावो त्ति णासंकणिज्जं, संसार-

§ १२५. इसप्रकार अधःप्रवृत्तकरणमें व्यापारविशेषका कथनकर अब उसको उल्लंघन-कर अपूर्वकरणकी विशुद्धिरूपसे परिणत हुए जीवके प्रथम समयसे लेकर व्यापारविशेषका कथन करनेके लिये आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** अपूर्वकरणके प्रथम समयमें जघन्य स्थितिकाण्डक पल्योपमका संख्यातवाँ भागप्रमाण होता है और उत्कृष्ट स्थितिकाण्डक सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण होता है ।**

§ १२६. अनन्तर पूर्व कही गई विधिसे अधःप्रवृत्तकरणके कालको बिताकर अपूर्व-करणमें प्रविष्ट हुआ जीव प्रथम समयमें ही स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात इन दोनोंको करनेके लिये आरम्भ करता है, क्योंकि अपूर्वकरणके विशुद्धिसे युक्त परिणाममें इन दोनोंके घात करनेकी हेतुता है। वहाँ प्रथम स्थितिकाण्डक प्रमाण ही एक प्रकार है या इसमें जघन्य और उत्कृष्ट भेद भी सम्भव है ऐसी आशंका होनेपर निःशंक करनेके लिये यह सूत्र आया है। यथा—जघन्यरूपसे तो पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण आयामवाले स्थितिकाण्डकको ग्रहण करता है, क्योंकि दर्शनमोहनीयकी उपशामनाके योग्य सबसे जघन्य अन्तःकोड़ाकोड़ीप्रमाण स्थितिसत्कर्मके साथ आये हुए जीवमें स्थितिकाण्डकका आयाम उक्त प्रमाण पाया जाता है। परन्तु उत्कृष्टरूपसे सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण आयामवाले प्रथम स्थितिकाण्डकको आरम्भ करता है, क्योंकि पूर्वके जघन्य स्थितिसत्कर्मसे संख्यातगुणे स्थितिसत्कर्मके साथ आकर अपूर्वकरणमें प्रविष्ट हुए जीवके प्रथम समयमें उसकी उपलब्धि होती है।

शंका—दोनों जीवोंके ही विशुद्धिरूप परिणामोंके समान होनेपर घात करनेसे शेष रहे स्थितिसत्कर्मोंमें इस प्रकारकी विसदृशता होती है इसका क्या कारण है ?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि संसार अवस्थाके योग्य अध-

पाओग्गाणं हेट्ठिमविसोहीणं सव्वेसु समाणत्ते णियमाणुवलंभादो।

§ १२७. एवमपुव्वकरणपढमसमए पारद्धस्स ट्ठिदिखंडयस्स पमाणविणिण्णयं कादूण संपहि तत्थेव ट्ठिदिबंधपमाणावहारणट्ठमिदमाह—

*** ट्ठिदिबंधो अपुव्वो।**

§ १२८. अधापवत्तकरणचरिमसमयट्ठिदिबंधादो अपुव्वो अण्णो ट्ठिदिबंधो पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागेण हीणो एत्तिमाढत्तो त्ति भणिदं होइ। संपहि एत्थेवापुव्वकरणपढमसमए अणुभागखंडयं पि घादेदुमाढवेइ। तं पुण केसिं कम्माणं किं पमाणं वा होइ त्ति जाणावणट्ठमुत्तरं वत्थुमाह—

*** अणुभागखंडयमप्पसत्थकम्मंसाणमणंता भागा।**

§ १२९. अणुभागकंडयमप्पसत्थाणं चेव कम्माणं होइ पसत्थकम्माणं विसोहीए अणुभागवड्ढिं मोत्तूण तग्घादाणुववत्तीदो। तस्स पमाणं तक्कालभाविविट्ठाणाणुभागसंतकम्मस्साणंता भागा, अणुभागखंडयस्स करणपरिणामेहिं घादिज्जमाणस्स सेसवियप्पा-

---

स्तन विशुद्धियाँ सभी जीवोंमें समान होती हैं ऐसा कोई नियम नहीं है।

विशेषार्थ—यहाँपर अपूर्वकरणमें प्राप्त विशुद्धियोंसे पूर्वकी सभी विशुद्धियोंको संसार अवस्थाके योग्य कहा है। इसका यह अर्थ नहीं है कि सम्यक्त्वके सन्मुख हुए जीवके जो अधःप्रवृत्तकरणसम्बन्धी विशुद्धि होती है वह भी संसार अवस्थाके योग्य है। किन्तु इसका केवल इतना ही अर्थ है कि जातिकी अपेक्षा जिस लक्षणवाले परिणाम अधःप्रवृत्तकरणमें होते हैं उस लक्षणवाले परिणाम अन्य संसारी जीवोंके भी हो सकते हैं। इसलिए उनके तारतम्यसे कर्मकी स्थितियोंमें भी विभिन्नता बनी रहती है और इसी कारण अपूर्वकरणके प्रथम समयमें स्थितिकाण्डक अनेक प्रकारकी स्थितियोंवाले बन जाते हैं।

§ १२७. इस प्रकार अपूर्वकरणके प्रथम समयमें प्रारम्भ किये गये स्थितिकाण्डकके प्रमाणका निर्णयकर अब वहींपर स्थितिबन्धके प्रमाणका निश्चय करनेके लिये इस सूत्रको कहते हैं—

*** स्थितिबन्ध अपूर्व होता है।**

§ १२८. अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयके स्थितिबन्धसे पल्योपमका संख्यातवाँ भाग हीन अपूर्व अर्थात् अन्य स्थितिबन्धको यहाँ आरम्भ करता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। अब यहीं अपूर्वकरणके प्रथम समयमें अनुभागकाण्डकका भी घात करनेके लिये आरम्भ करता है। वह किन कर्मोंका होता है और उसका क्या प्रमाण है इस बातका ज्ञान करानेके लिये आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

*** अनुभागकाण्डक अप्रशस्त कर्मोंका अनन्त बहुभागप्रमाण होता है।**

§ १२९. अनुभागकाण्डक अप्रशस्त कर्मोंका ही होता है, क्योंकि विशुद्धि के कारण प्रशस्त कर्मोंकी अनुभागवृद्धिको छोड़कर उसका घात नहीं बन सकता। उस अनुभागकाण्डकका प्रमाण तत्कालभावी द्विस्थानीय अनुभागसत्कर्मके अनन्त बहुभागप्रमाण है, क्योंकि करण-

संभवादो । संपहि एदस्स अपुव्वकरणपढमाणुभागकंडयस्स माहप्पजाणावणट्ठमुत्तर-
मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज
पबंधमाह—

*** तस्स पदेसगुणहाणिट्ठाणंतरफद्दयाणि थोवाणि ।**

§ १३०. तस्से त्ति वुत्ते अहियारवसेण अणुभागस्स गहणं कायव्वं, तदो अणुभागविसयएगपदेसगुणहाणिट्ठाणंतरस्स अब्भंतरे जाणि फद्दयाणि ताणि अभवसिद्धिएहिंतो अणंतगुणाणि सिद्धाणमणंतभागमेत्ताणि होदूण उवरि वुच्चमाणपदावेक्खाए थोवाणि त्ति वुत्तं होइ ।

*** अइच्छावणाफद्दयाणि अणंतगुणाणि ।**

§ १३१. उवरिमअणुभागफद्दयाणि ओकड्डेमाणो जत्तियाणि अणुभागफद्दयाणि जहण्णेणाइच्छाविय हेट्ठिमफद्दयसरूवेणोकड्डइ ताणि जहण्णाइच्छावणाविसयाणि अणंतगुणाणि त्ति जइ वुत्तं होइ । किं कारणमेदेसिमणंतगुणत्तं जादमिदि चे ? ण, जहण्णाइच्छावणब्भंतरे अणंताणं पदेसगुणहाणिट्ठाणंतराणमत्थित्तोवएसादो ।

*** णिक्खेवफद्दयाणि अणंतगुणाणि ।**

§ १३२. एवं भणिदे कंडयस्स हेट्ठा जहण्णाइच्छावणमेत्तफद्दयाणि मोत्तूण सेसहेट्ठिमसव्वफद्दयाणं गहणं कायव्वं । एदाणि जहण्णाइच्छावणाफद्दएहिंतो अणंतगुणाणि त्ति भणिदं होइ ।

परिणामोंके द्वारा घाते जानेवाले अणुभागकाण्डकके शेष विकल्पोंका होना असम्भव है। अब इस अपूर्वकरणके प्रथम अनुभागकाण्डककी दीर्घताका ज्ञान करानेके लिये आगेके प्रबन्धको कहते हैं—

*** उसके एक प्रदेशगुणहानिस्थानान्तरके स्पर्धक सबसे स्तोक हैं ।**

§ १३०. सूत्रमें 'तस्स' ऐसा कहनेपर अधिकारवश अनुभागका ग्रहण करना चाहिए, अतः अनुभागविषयक एक प्रदेशगुणहानिस्थानान्तरके भीतर जो स्पर्धक हैं वे अभव्योंसे अनन्तगुणे और सिद्धोंके अनन्तवें भागप्रमाण होकर आगे कहे जानेवाले पदोंकी अपेक्षा स्तोक हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

*** उनसे अतिस्थापनारूप स्पर्धक अनन्तगुणे हैं ।**

§ १३१. उपरिम अनुभागसम्बन्धी स्पर्धकोंका अपकर्षण करते हुए जितने अनुभागस्पर्धकोंको जघन्यरूपसे अतिस्थापितकर उनसे नीचेके स्पर्धकरूपसे अपकर्षित करता है वे जघन्य अतिस्थापनाविषयक स्पर्धक एक प्रदेशगुणहानिस्थानान्तरके स्पर्धकोंसे अनन्तगुणे होते हैं यह पूर्वोक्त कथनका तात्पर्य है ।

शंका—ये अनन्तगुणे किस कारणसे हो जाते हैं ?

समाधान—नहीं, क्योंकि जघन्य अतिस्थापनाके भीतर अनन्त प्रदेशगुणहानिस्थानान्तरोंके अस्तित्वका उपदेश पाया जाता है ।

*** उनसे निक्षेपसम्बन्धी स्पर्धक अनन्तगुणे होते हैं ।**

§ १३२. ऐसा कहनेपर अनुभागकाण्डकके नीचे जघन्य अतिस्थापनाप्रमाण स्पर्धकोंको

*** आगाइदफद्दयाणि अणंतगुणाणि ।**

§ १३३. तस्सेव दंसणमोहोवसामगस्स अपुव्वकरणपढमाणुभागखंडए वट्टमाणस्स खंडयसरूवेणागाइदाणि जाणि फद्दयाणि ताणि पुव्वुत्तणिक्खेवफद्दएहिंतो अणंतगुणाणि। किं कारणं ? एत्थतणाणुभागसंतकम्मस्स विट्ठाणियस्साणंतिमभागं मोत्तूण सेसाणमणंताणं भागाणं कंडयसरूवेणागाइदत्तादो ।

§ १३४. एवमपुव्वकरणपढमसमए ट्ठिदि-अणुभागखंडयतब्बंधोसरणाणमक्कमेण

छोड़कर नीचेके शेष सब स्पर्धकोंका ग्रहण करना चाहिए। वे जघन्य अतिस्थापनासम्बन्धी स्पर्धकोंसे अनन्तगुणे होते हैं यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** उनसे काण्डकरूपसे ग्रहण किये गये स्पर्धक अनन्तगुण होते हैं ।**

§ १३३. अपूर्वकरणके प्रथम अनुभागकाण्डकमें विद्यमान दर्शनमोहका उपशम करनेवाले उसी जीवके काण्डकस्वरूपसे जो स्पर्धक ग्रहण किये गये वे पूर्वोक्त निक्षेपसम्बन्धी स्पर्धकोंसे अनन्तगुणे होते हैं क्योंकि अपूर्वकरणके प्रथम समयमें द्विस्थानीय अनुभागसत्कर्मके अनन्तवें भागको छोड़कर शेष अनन्त बहुभागको काण्डकरूपसे ग्रहण किया है।

विशेषार्थ—यहाँ अपूर्वकरणके प्रथम समयमें अनुभागकाण्डकका प्रमाण कितना है तथा किन कर्मोंका अनुभागकाण्डक घात होता है यह सब स्पष्ट किया गया है। यह तो अपूर्वकरणके लक्षणको स्पष्ट करते हुए ही बतला आये हैं कि इस करणमें नाना जीवोंकी अपेक्षा प्रत्येक समयमें असंख्यात लोकप्रमाण परिणाम होकर भी प्रत्येक समयके वे परिणाम अपूर्व-अपूर्व ही होते हैं और यह भी पहले बतला आये हैं कि करण परिणाम माड़नेके अन्तर्मुहूर्त पूर्व ही अप्रशस्त कर्मोंका अनुभाग द्विस्थानीय हो जाता है तथा उन परिणामोंको निमित्तकर प्रशस्त कर्मोंका अनुभाग चतुःस्थानीय हो जाता है। अब यहाँ यह बतलाया गया है कि अपूर्वकरणके प्रारम्भ होनेके पहले समयमें ही अप्रशस्त प्रकृतियोंके अनुभागका काण्डकघात होने लगता है। किन्तु प्रशस्त प्रकृतियोंमें ऐसा नहीं होता, किन्तु वहाँ प्राप्त हुई विशुद्धिके कारण उनके अनुभागमें उत्तरोत्तर वृद्धि होने लगती है। अब यह देखना है कि यहाँ एक अनुभागकाण्डकका क्या प्रमाण है ? इसी तथ्यको स्पष्ट करनेके लिये यहाँ अनुभागविषयक एक गुणहानि, अतिस्थापना, निक्षेप और अणुभागकाण्डक इन चारोंके आश्रयसे अल्पबहुत्वका निर्देश किया गया है। अनुभागविषयक एक गुणहानिमें अभव्योंसे अनन्तगुणे और सिद्धोंके अनन्तवें भागप्रमाण स्पर्धक होते हैं। उनसे अतिस्थापनासम्बन्धी स्पर्धक अनन्तगुणे होते हैं। ऊपरके जिन अनुभागस्पर्धकोंका अपकर्षण होता है उनसे नीचेके और निक्षेपसम्बन्धी स्पर्धकोंसे ऊपरके जिन बीचके स्पर्धकोंमें निक्षेप नहीं होता उनकी अतिस्थापना संज्ञा है। इन अतिस्थापना सम्बन्धी स्पर्धकोंसे नीचेके सब स्पर्धकोंकी निक्षेप संज्ञा है। ये अतिस्थापनासम्बन्धी स्पर्धकोंसे अनन्तगुणे होते हैं। तथा अतिस्थापनासे ऊपरके जिन स्पर्धकोंका अपकर्षण होता है वे काण्डकगत स्पर्धक कहलाते हैं। वे निक्षेपसम्बन्धी स्पर्धकोंसे भी अनन्तगुणे होते हैं। इस अल्पबहुत्वसे स्पष्ट है कि अपूर्वकरणके प्रथम समयमें अप्रशस्त कर्मोंका जो अनुभागकाण्डक उत्कीरणके लिये ग्रहण किया जाता है उसका प्रमाण अनन्त बहुभागस्वरूप होता है।

§ १३४. इस प्रकार अपूर्वकरणके प्रथम समयमें स्थितिकाण्डकघात अनुभागकाण्डकघात

पारंभं परूविय संपहि एत्थेवाउगवज्जाणं कम्माणं गुणसेढिणिक्खेवो वि आढत्तो त्ति जाणावणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

*** अपुव्वकरणस्स चेव पढमसमए आउगवज्जाणं कम्माणं गुणसेढिणिक्खेवो अणियट्टिअद्धादो अपुव्वकरणद्धादो च विसेसाहिओ ।**

§ १३५. तम्मि चेवापुव्वकरणस्स पढमसमए आउगवज्जाणं गुणसेढिणिक्खेवो वि आढत्तो त्ति भणिदं होइ । किमट्ठमाउगस्स गुणसेढिणिक्खेवो णत्थि त्ति चे ? ण, सहावदो चेव । तत्थ गुणसेढिणिक्खेवपवुत्तीए असंभवादो । सो पुण[1] गुणसेढिणिक्खेवो केत्तिओ होइ त्ति पुच्छाए अणियट्टिकरणद्धादो अपुव्वकरणद्धादो च विसेसाहियो त्ति णिद्दिट्ठं । एत्थतणअपुव्वाणियट्टिकरणद्धाणं समुदिदाणं पमाणमंतोमुहुत्तमेत्तं होइ । तत्तो विसेसाहिओ एदस्स गुणसेढिणिक्खेवस्सायामो त्ति वुत्तं होइ । केत्तियमेत्तो विसेसो ? अणियट्टिअद्धाए संखेज्जदिभागमेत्तो ? कुदो एदं परिच्छिज्जदे ? उवरि भण्णमाणअप्पाबहुअसुत्तादो ।

स्थितिबन्धापसरण और अनुभागबन्धापसरणका युगपत् प्रारम्भकर अब यहींपर आयुकर्मके अतिरिक्त कर्मोंका गुणश्रेणिनिक्षेप भी प्रारम्भ करता है इस बातका ज्ञान करानेके लिये आगेका सूत्र अवतीर्ण हुआ है—

*** अपूर्वकरणके प्रथम समयमें ही आयुकर्मके अतिरिक्त शेष कर्मोंका गुणश्रेणिनिक्षेप होता है जो अनिवृत्तिकरणके कालसे और अपूर्वकरणके कालसे विशेष अधिक होता है ।**

§ १३५. वह जीव अपूर्वकरणके उसी प्रथम समयमें आयुकर्मके अतिरिक्त शेष कर्मोंका गुणश्रेणिनिक्षेप भी प्रारम्भ कर देता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

शंका—आयुकर्मका गुणश्रेणिनिक्षेप किसलिये नहीं करता है ?

समाधान—नहीं, इसका गुणश्रेणिनिक्षेप स्वभावसे ही नहीं करता है, क्योंकि आयुकर्ममें गुणश्रेणिनिक्षेपकी प्रवृत्ति असम्भव है ।

परन्तु उस गुणश्रेणिनिक्षेपका प्रमाण कितना है ऐसी पृच्छा होनेपर वह अनिवृत्तिकरणके कालसे और अपूर्वकरणके कालसे विशेष अधिक है ऐसा निर्देश किया है । यहाँ अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणके समुदित कालका प्रमाण अन्तर्मुहूर्त है । उससे विशेष अधिक इस गुणश्रेणिनिक्षेपका आयाम है यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

शंका—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—अनिवृत्तिकरणके कालके संख्यातवें भागप्रमाण है ।

शंका—यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान—ऊपर कहे जानेवाले अल्पबहुत्वविषयक सूत्रसे जाना जाता है ।

---

१. ता० प्रतौ– च इति पाठः ।

§ १३६. संपहि एत्थ गुणसेढिविण्णासक्कमो वुच्चदे । तं जहा—अपुव्वकरणपढमसमए दिवड्ढगुणहाणिमेत्तसमयपबद्धे ओकड्डुक्कड्डणभागहारेण खंडेयूण तत्थेयखंडमेत्तदव्वमोकड्डिय तत्थासंखेज्जलोगपडिभागियं दव्वमुदयावलियब्भंतरे गोवुच्छायारेण णिसिंचिय पुणो सेसबहुभागदव्वमुदयावलियबाहिरे णिक्खिवमाणो उदयावलियबाहिराणंतरट्ठिदीए असंखेज्जसमयपबद्धमेत्तदव्वं णिसिंचदे । तत्तो उवरिमट्ठिदीए असंखेज्जगुणं देदि । एवमसंखेज्जगुणाए सेढीए णिसिंचदि जाव अपुव्वाणियट्टिकरणद्धाहिंतो विसेसाहियगुणसेढिसीसयं ति । पुणो उवरिमाणंतरट्ठिदीए असंखेज्जगुणहीणं देदि । तत्तो परं विसेसहीणं णिक्खिवदि जाव चरिमट्ठिदिमधिच्छावणावलियमेत्तेण अपत्तो त्ति । एवमपुव्वकरण विदियादिसमएसु वि गुणसेढिणिक्खेवक्कमो परूवेयव्वो। णवरि गलिदसेसायामेण णिसिंचदि त्ति वत्तव्वं ।

---

§ १३६. अब यहाँपर गुणश्रेणिकी रचनाके क्रमको बतलाते हैं । यथा—अपूर्वकरणके प्रथम समयमें डेढ़ गुणहानिप्रमाण समयप्रबद्धोंको अपकर्षण-उत्कर्षण भागहारसे भाजितकर वहाँ लब्धरूपसे प्राप्त एक खण्डप्रमाण द्रव्यका अपकर्षणकर उसमें असंख्यात लोकका भाग देनेपर जो एक भाग द्रव्य प्राप्त हो उसे उदयावलिके भीतर गोपुच्छाकाररूपसे निक्षिप्तकर पुनः शेष बहुभागप्रमाण द्रव्यको उदयावलिके बाहर निक्षिप्त करता हुआ उदयावलिके बाहर अनन्तर स्थितिमें असंख्यात समयप्रबद्धप्रमाण द्रव्यको निक्षिप्त करता है । तथा उससे उपरिम स्थितिमें असंख्यातगुणे द्रव्यको देता है । इसप्रकार अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणके कालसे विशेष अधिक गुणश्रेणिशीर्षके प्राप्त होनेतक उत्तरोत्तर असंख्यातगुणित श्रेणिरूपसे निक्षिप्त करता है । पुनः गुणश्रेणिशीर्षकी उपरिम अनन्तर स्थितिमें असंख्यातगुणा हीन द्रव्य देता है । उसके बाद अतिस्थापनावलिको प्राप्त न होता हुआ उससे पूर्वकी अन्तिम स्थितितक क्रमसे विशेष हीन द्रव्यका निक्षेप करता है । इसीप्रकार अपूर्वकरणके द्वितीयादि समयोंमें भी गुणश्रेणिके निक्षेपका कथन करना चाहिए । इतनी विशेषता है कि गलित होनेसे जो काल शेष रहे उसके आयामके अनुसार निक्षिप्त करता है ।

विशेषार्थ—गुणश्रेणिका स्वरूप निर्देश हम पहले कर आये हैं । यहाँ गुणश्रेणिप्रमाण निषेकोंमें अपकर्षित द्रव्यका निक्षेप किस प्रकार होता है इसका क्रम बतलाया गया है । यहाँ आयुकर्मको छोड़कर शेष कर्मोंकी जिन प्रकृतियोंका वर्तमानमें उदय होता है उनकी उदय समयसे लेकर गुणश्रेणि रचना होती है और जिन कर्मप्रकृतियोंका उदय नहीं होता है उनकी उदयावलिके उपरिम समयसे लेकर गुणश्रेणि रचना होती है । ऐसा होते हुए भी गुणश्रेणि रचनाका प्रमाण अवस्थित होनेसे उसमें प्रत्येक समयमें एक-एक समयकी हानि होती जाती है, क्योंकि अपूर्वकरणके प्रथम समयसे गुणश्रेणिरचनाके प्रारम्भ होनेपर जैसे-जैसे एक-एक समय अतीत होता जाता है वैसे-वैसे गुणश्रेणिका आयाम भी घटता जाता है, ऊपर गुणश्रेणि शीर्षमें वृद्धि नहीं होती । इसलिये इसकी अवस्थित गुणश्रेणि संज्ञा है । गुणश्रेणिरचनाके कालमें अपकर्षित द्रव्यका निक्षेप किस क्रमसे होता है इसका विचार मूलमें किया ही है । यहाँ इतना विशेष समझना चाहिए कि उदयावलिसे ऊपर प्रथम स्थितिसे लेकर अन्तिम स्थितितक प्रत्येक स्थितिमेंसे द्रव्यका अपकर्षण होकर गुणश्रेणिमें निक्षेप होता है । क्रम यह है कि उदयावलिसे उपरिम प्रथम स्थितिमेंसे अपकर्षित द्रव्यका एक समय कम आवलिके एक समय अधिक

§ १३७. संपहि अपुव्वकरणपढमसमए जुगवमाढत्ताणं ठिदि-अणुभागखंडय-ट्ठिदिबंधाणं परिसमत्ती किमक्कमेण होइ, आहो कमेण त्ति आसंकाए णिण्णयविहाणट्ठमिदमाह—

*** तम्हि ट्ठिदिखंडयद्धा ठिदिबंधगद्धा च तुल्ला ।**

§ १३८. अपुव्वकरणे पढमट्ठिदिखंडयद्धा पढमट्ठिदिबंधगद्धा च अंतोमुहुत्तमेत्ती होदूण अण्णोण्णेण तुल्ला भवदि । एवं विदियादि ट्ठिदिखंडय-ट्ठिदिबंधगद्धाणमण्णोण्णं समाणत्तं वत्तव्वं । णवरि पढमट्ठिदिखंडयतब्बंधगद्धादितो विदियादीणं जहाकमं विसेसहीणत्तमवगंतव्वं । सुत्तेणाणुवइट्ठं कथमेदमवगम्मदि त्ति णासंकणिज्जं, उवरिमअप्पाबहुअसुत्तबलेण तण्णिण्णयादो । तदो ट्ठिदिखंडय-ट्ठिदिबंधाणं पारंभो पज्जवसाणं च जुगवं होदि त्ति सुत्तस्स भावत्थो । संपहि ठिदिखंडयद्धाए संखेज्जदिभागमेत्ती चेव अणुभागखंडय-

---

त्रिभागमें उदय समयसे लेकर निक्षेप होता है तथा एक समयकम उदयावलिका दो त्रिभाग अतिस्थापनारूप रहता है। इससे उपरिम द्वितीय स्थितिके कर्मपुंजका अपकर्षण होनेपर निक्षेपका प्रमाण वही रहता है, मात्र अतिस्थापनामें एक समयकी वृद्धि हो जाती है। पुनः इससे उपरिम तृतीय स्थितिके कर्मपुंजका अपकर्षण होनेपर निक्षेप तो वही रहता है, मात्र अतिस्थापनामें एक समयकी और वृद्धि हो जाती है। इसप्रकार उत्तरोत्तर अतिस्थापनाके एक आवलिप्रमाण होनेतक उसमें वृद्धि होती जाती है, निक्षेपका प्रमाण वही रहता है। पुनः इससे ऊपर सर्वत्र अतिस्थापना एक आवलिप्रमाण ही रहती है, मात्र निक्षेपमें प्रति समय वृद्धि होती जाती है। यहाँ जघन्य निक्षेपका प्रमाण एक समय कम एक आवलिका एक समय अधिक त्रिभागप्रमाण है और उत्कृष्ट निक्षेपका प्रमाण एक समय अधिक दो आवलि कम यहाँ गुणश्रेणि रचनाके कालके प्रत्येक समयमें प्राप्त कर्मस्थितिप्रमाण है।

§ १३७. अब अपूर्वकरणके प्रथम समयमें युगपत् प्राप्त हुए स्थितिकाण्डक, अनुभागकाण्डक और स्थितिबन्धकी परिसमाप्ति अक्रमसे अर्थात् युगपत् होती है या क्रमसे होती है ऐसी आशंका होनेपर निर्णयका विधान करनेके लिये इस सूत्रको कहते हैं—

*** वहाँ स्थितिकाण्डकका काल और स्थितिबन्धका काल तुल्य है ।**

§ १३८. अपूर्वकरणमें प्रथम स्थितिकाण्डकका उत्कीरण काल और प्रथम स्थितिबन्धका काल अन्तर्मुहूर्त होकर परस्पर तुल्य होता है। इसीप्रकार द्वितीयादि स्थितिकाण्डक और स्थितिबन्धका काल परस्पर समान है ऐसा कहना चाहिए। इतनी विशेषता है कि प्रथम स्थितिकाण्डकके उत्कीरणकालसे और प्रथम स्थितिबन्धके कालसे द्वितीयादिको यथाक्रम विशेष हीन विशेष हीन जानना चाहिए।

शंका—सूत्रमें इस विशेषताका उपदेश नहीं दिया है, फिर यह किस प्रमाणसे जाना जाता है?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि आगे कहे जानेवाले अल्पबहुत्वके प्रतिपादक सूत्रोंके बलसे इस विशेषताका निर्णय होता है।

इसलिए स्थितिकाण्डक और स्थितिबन्धका प्रारम्भ और समाप्ति एकसाथ होती है यह इस सूत्रका भावार्थ है। अब स्थितिकाण्डकघातके कालके संख्यातवें भागप्रमाण ही अनु-

उक्कीरणद्धा होदि त्ति जाणावणट्ठमुत्तरसुत्तावयारो—

*** एक्कम्हि ट्ठिदिखंडए अणुभागखंडयसहस्साणि घादेदि ।**

§ १२९. किं कारणं ? ट्ठिदिखंडयउक्कीरणद्धादो अणुभागखंडयउक्कीरणद्धाए संखेज्जगुणहीणत्तादो । संपहि एदस्सेवत्थस्स परिप्फुडीकरणट्ठमिमं परूवणं वत्तइस्सामो । तं जहा—एगाणुभागकंडयउक्कीरणकालेण एगट्ठिदिखंडयउक्कीरणकालम्मि भागे हिदे संखेज्जसहस्समेत्ताणि रूवाणि आगच्छंति । पुणो एदाणि विरलिय पढमट्ठिदिखंडयउक्कीरणद्धं समखंडं कादूण दिण्णे तत्थ एक्कक्कस्स रूवस्स अणुभागखंडयउक्कीरणकालपमाणं पावेइ । पुणो एत्थ एगरूवधरिदं विरलिय पुध ट्ठवेयव्वं । संपहि एवंविहपुधविरलणाए पढमसमयम्मि पलिदोवमस्स संखेज्जदिभागायामपढमट्ठिदिखंडयस्स पढमफालिमागाएदूण णासेइ । अणुभागखंडयस्स वि जहण्णफद्दयप्पहुडि जाव उक्कस्सफद्दये त्ति ताव विरचिद-फद्दयाणमणंताभागमेत्तपढमफालिं घेत्तूण तत्थेव णासेइ । तिस्से चेव पुधट्ठविदविरलणाए विदियसमयम्मि तेणेव विधिणा ट्ठिदिखंडयविदियफालिमणुभागखंडयविदियफालिं च समयं घेत्तूण घादेदि । एवं पुणो पुणो गेण्हमाणेण पुव्वुत्तेगरूवधरिदसमयमेत्तफालीसु घादिदासु पढमाणुभागखंडयं समप्पइ । णवरि पढमट्ठिदिखंडयमज्ज वि ण समप्पइ, तदुक्कीरणद्धाए संखेज्जदिभागस्सेव गयत्तादो । पुणो एदेणेव विधिणा सेसविरलिदसंखेज्ज-

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

भागकाण्डकका उत्कीरणकाल होता है इस बातका ज्ञान करानेके लिये आगेके सूत्रका अवतार हुआ है—

*** एक स्थितिकाण्डकमें हजारों अनुभागकाण्डकोंका घात करता है ।**

§ १२९. क्योंकि स्थितिकाण्डकके उत्कीरणकालसे अनुभागकाण्डकका उत्कीरणकाल संख्यातगुणा हीन होता है । अब इसी अर्थको सुस्पष्ट करनेके लिये इस प्ररूपणाको बतलाते हैं। यथा—एक अनुभागकाण्डककालके उत्कीरणकालका एक स्थितिकाण्डकके उत्कीरणकालमें भाग देनेपर संख्यात हजारप्रमाण संख्या प्राप्त होती है । पुनः इनका विरलनकर प्रथम स्थिति-काण्डकके उत्कीरणकालके समान खंड करके प्रत्येक विरलन अंकके प्रति देयरूपसे देनेपर वहाँ एक-एक अंकके प्रति अनुभागकाण्डकके उत्कीरणकालका प्रमाण प्राप्त होता है । पुनः यहाँपर एक अंकके प्रति जो प्राप्त हुआ उसका विरलनकर पृथक् स्थापित करना चाहिए । अब इस-प्रकारका जो पृथक् विरलन स्थापित किया उसके प्रथम समयमें पल्योपमके संख्यातवें भाग-प्रमाण आयामवाले प्रथम स्थितिकाण्डककी प्रथम फालिको ग्रहणकर उसका नाश करता है । अनुभागकाण्डककी भी जघन्य स्पर्धकसे लेकर उत्कृष्ट स्पर्धकतक विरचित स्पर्धकोंकी अनन्त बहुभागप्रमाण प्रथम फालिको ग्रहणकर उसका वहींपर नाश करता है । पृथक् स्थापित हुए उसी विरलनके दूसरे समयमें उसी विधिसे स्थितिकाण्डककी दूसरी फालिको तथा अनुभाग-काण्डककी दूसरी फालिको उसी समय ग्रहणकर उनका घात करता है । इसप्रकार पुनः पुनः उन दोनोंको ग्रहण करनेसे पूर्वोक्त विरलनके एक अंकके प्रति समयका जितना प्रमाण प्राप्त हुआ था तत्प्रमाण फालियोंका घात करनेपर प्रथम अनुभागकाण्डक समाप्त होता है । इतनी विशेषता है कि प्रथम स्थितिकाण्डक अभी भी समाप्त नहीं हुआ है, क्योंकि उसके उत्कीरणकालका

सहस्सरूयमेत्ताणुभागखंडएसु घादिदेसु तदो अपुव्वकरणपढमट्ठिदिबंधो पढमट्ठिदिखंडयं संखेज्जसहस्समेत्ताणमेत्थतणाणुभागखंडयाणं परिमाणखंडयं[1] च एदाणि तिण्णि वि जुगवं परिसमप्पंति। एवं होदि त्ति कट्टु एक्कम्हि ट्ठिदिखंडए अणुभागसहस्साणि घादेदि त्ति सिद्धं। संपहि एदस्सेवत्थस्स उवसंहारमुहेण परिप्फुडीकरणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

*** ठिदिखंडगे समत्ते अणुभागखंडयं च ट्ठिदिबंधगद्धा च समत्ताणि भवंति।**

§ १४०. सुगमं चेदं, अणंतरादीदपबंधेणेव गयत्थत्तादो। संपहि एवंविहेसु ट्ठिदिखंडयसहस्सेसु पादेक्कमणुभागखंडयसहस्साविणाभावीसु गदेसु तदो अपुव्वकरणद्धा समप्पदि त्ति पदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

*** एवं ठिदिखंडयसहस्सेहिं बहुएहिं गदेहिं अपुव्वकरणद्धा समत्ता भवदि।**

§ १४१. गयत्थमिदं सुत्तं। णवरि पढमट्ठिदिखंडयादो विदियट्ठिदिखंडयं विसेसहीणं संखेज्जदिभागेण। एवमणंतराणंतरादो विसेसहीणं णेदव्वं जाव चरिमट्ठिदिखंडये त्ति।

पूर्वदर्शक—आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

संख्यातवाँ भाग ही व्यतीत हुआ है। पुनः इसी विधिसे शेष बिरलनोंके प्रति प्राप्त संख्यात हजार संख्याप्रमाण अनुभागकाण्डकोंका घात करनेपर उस समय अपूर्वकरणसम्बन्धी प्रथम स्थितिबन्ध, प्रथम स्थितिकाण्डक और यहाँ सम्बन्धी संख्यात हजार अनुभागकाण्डकोंके परिमाणसे युक्त अनुभागकाण्डक ये तीनों ही एकसाथ समाप्त होते हैं। इसप्रकार होता है ऐसा करके एक स्थितिकाण्डकके भीतर हजारों अनुभागकाण्डकोंका घात करता है यह सिद्ध हुआ। अब इसी उपसंहारद्वारा अर्थको सुस्पष्ट करनेके लिये आगेका सूत्र आया है—

*** स्थितिकाण्डकके समाप्त होनेपर अनुभागकाण्डक और स्थितिबन्धकाल समाप्त होते हैं।**

